बैशाख शुक्ल पक्ष एकादशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 18 मई 2024
वर्ष 34, अंक 111, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

सामान्य से अधिक पानी बरसाएगा लानीना 16

रॉकस्टार का सीक्वल बनाना चाहते हैं इम्तियाज 15

एक नजर

पांचवां चरण : 14 सीटों के लिए आज थम जाएगा प्रचार

लखनऊ। प्रदेश में पांचवें चरण की 14 सीटों व लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट के लिए शनिवार 18 मई को शाम छह बजे चुनाव प्रचार थम जाएगा। मतदान 20 मई को होगा। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इस चरण में 144 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। लखनऊ पूर्व विधानसभा उप निर्वाचन के लिए 4 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

राहुल गांधी पर लगाया 1000 रुपये का जुर्माना

रांची। झारखंड हाई कोर्ट में मानहानि मामले में चाईबासा स्थित एमपी / एमएलए कोर्ट में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को समन जारी करने के आदेश को निरस्त करने को दायर याचिका की शुक्रवार को सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने राहुल गांधी की ओर से समय मांगे जाने पर उन पर 1000 रुपये का जुर्माना लगाया है। यह मामला वर्ष 2018 का है।

मणिपुर में पांच उग्रवादी गिरफ्तार, हथियार मिले

इंफाल। मणिपुर में दो अलग-अलग घटनाओं में गुरुवार को पांच उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि थौबाल जिले में राज्य पुलिस और असम राइफल्स के संयुक्त दल ने प्रतिबंधित संगठन कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (पीपल वॉर ग्रुप) के चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया। उनके पास से पांच मोबाइल फोन, नौ एमएम की दो पिस्तौल, कारतूस जब्त किए गए। गुरुवार को ही इंफाल पश्चिम जिले से कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी के एक सक्रिय सदस्य को भी गिरफ्तार किया है।

इलेक्ट्रो होम्योपैथ प्रैक्टिस को मंजूरी

विधि संवाददाता, लखनऊ

- हाईकोर्ट की शर्त, प्रैक्टिशनर नहीं करेगा डॉक्टर शब्द का इस्तेमाल

अमृत विचार : हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने महत्वपूर्ण निर्णय पारित करते हुए, प्रदेश में इलेक्ट्रो होम्योपैथी की प्रैक्टिस को मंजूरी दे दी है। न्यायालय ने कहा कि चूंकि प्रदेश में इलेक्ट्रो होम्योपैथी की प्रैक्टिस को किसी सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रतिबंधित नहीं किया गया है लिहाजा याचियों को इस विधा में प्रैक्टिस करने में हस्तक्षेप न किया जाए, जब तक कि इस संबंध में नियम न बना लिए जाएं। हालांकि न्यायालय ने यह शर्त लगाया है कि प्रैक्टिशनर अपने नाम के आगे 'डॉक्टर' शब्द नहीं लगाएंगे।

यह निर्णय न्यायमूर्ति विवेक चौधरी व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने राजेश कुमार व अन्य की ओर से वर्ष 2009 में दाखिल याचिका पर पारित किया गया है। याचिका में 25 नवंबर 2003 के केंद्र सरकार के व 1 जून 2004 के राज्य सरकार के शासनादेशों को चुनौती दी गई थी। याचियों की ओर से 5 मई 2010 का स्वास्थ्य मंत्रालय, भारत सरकार का एक आदेश पेश किया गया जिसमें यह स्पष्ट किया गया था कि केंद्र सरकार का 25 नवंबर 2003 का शासनादेश इलेक्ट्रो होम्योपैथी के रिसर्च को प्रतिबंधित नहीं करता और न ही इसके प्रैक्टिस रोकने का कोई प्रस्ताव है। याचियों ने काउंट मैती एसोसिएशन से इलेक्ट्रो होम्योपैथ की प्रैक्टिस का सर्टिफिकेट प्राप्त किया है, उक्त सर्टिफिकेट के साथ याची पंजाब, दिल्ली, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल व केरल आदि प्रदेशों में प्रैक्टिस कर सकते हैं। वहीं राज्य सरकार की ओर से दलील दी गई कि इस विधा के तहत प्रैक्टिस के लिए नियम बनाने का अधिकार सिर्फ केंद्र सरकार को है, यदि केंद्र नियम बनाता है तो राज्य सरकार उसका अनुपालन करेगी। सभी पक्षों की बहस सुनने के उपरांत न्यायालय ने याचिका को निस्तारित करते हुए डॉक्टर शब्द का अपने नाम के साथ प्रयोग न करने की शर्त पर इलेक्ट्रो होम्योपैथ के प्रैक्टिस की मंजूरी दे दी।

आप लोगों को अपना बेटा सौंप रही हूं : सोनिया

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार : रायबरेली से कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी के लिए उनकी मां और वरिष्ठ कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने शुक्रवार को जनसभा की। राहुल और प्रियंका गांधी अपनी मां सोनिया गांधी के बगल ही खड़े रहे। सोनिया गांधी ने काफी भावुक भाषण दिया और राहुल के लिए वोट मांगा।

सोनिया गांधी ने शुक्रवार को आईटीआई मैदान से रायबरेली से रिश्तों की डोर को मजबूत करते हुए कहा कि आपके प्रेम में मुझे कभी अकेले नहीं पड़ने दिया। मेरा सब कुछ आपका दिया हुआ है। मैं आपको अपना बेटा सौंप रही हूं। जैसे आपने मुझे अपना माना, वैसे ही राहुल को अपना मानकर रखना है।

आईटीआई मैदान में जनसभा के दौरान मंच पर एकता का परिचय देते गठबंधन के नेता।

राहुल आपको निराश नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि आज काफी समय के बाद आपके बीच आने का मौका मिला है। मैं हृदय से आपकी आभारी हूं। आपके सामने मेरा सिर श्रद्धा से झुका हुआ है। 30 साल तक एक सांसद के रूप में आपने मुझे सेवा करने का अवसर दिया। यह मेरे जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। रायबरेली मेरा परिवार है। वैसे अमेठी भी मेरा घर है। इंदिरा जी के दिल में रायबरेली के लिए एक अलग जगह थी। मैंने राहुल और प्रियंका को वही शिक्षा दी, जो इंदिरा जी और रायबरेली की जनता ने मुझे दी। सबका आदर करो। कमजोर की रक्षा करो। अन्याय के खिलाफ जनता के अधिकार के लिए जिससे भी लड़ना पड़े लड़ जाओ। इस मौके पर सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल, प्रमोद तिवारी, सपा से हरचंदपुर विधायक राहुल लोधी, अविनाश पांडेय, कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी, नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर, सपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र यादव रहे।

जनसभा

- रायबरेली में राहुल के समर्थन में सोनिया गांधी का भावुक संबोधन

स्वाति मालीवाल मामले की जांच तेज केजरीवाल के आवास पहुंची पुलिस

सीएम आवास से जुटाए साक्ष्य, बिभव ने भी मालीवाल के खिलाफ दर्ज कराई शिकायत

- सीन रीक्रिएट करने आप सांसद को सीएम आवास ले गई पुलिस कोर्ट में भी दर्ज कराया बयान

नई दिल्ली, एजेंसी

आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल पर हमले के मामले में प्राथमिकी दर्ज करने के बाद दिल्ली पुलिस ने अपनी जांच तेज कर दी है।

दिल्ली पुलिस की एक टीम फॉरेंसिक विशेषज्ञों के साथ शुक्रवार शाम मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर पहुंची। शाम करीब 4.45 पहुंची टीम में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (उत्तर) अंजिता चेप्याला के नेतृत्व में तीन पुलिस अधिकारी और पांच फॉरेंसिक विशेषज्ञ मुख्यमंत्री के आवास से सबूत जुटाए। पुलिस मुख्यमंत्री केजरीवाल के निजी सहायक व आरोपी बिभव के घर भी गई लेकिन वह मौजूद नहीं थे। घटना के नाटकीय रूपांतरण के लिए पुलिस आप सांसद को स्वाति मालीवाल को भी मुख्यमंत्री के आवास पर लेकर गई। इससे पहले दिन में, तीस हजारी कोर्ट में मजिस्ट्रेट के सामने मालीवाल का बयान दर्ज किया गया।

दूसरी ओर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार ने शुक्रवार को आम आदमी पार्टी (आप) सांसद स्वाति मालीवाल के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई और आरोप लगाया कि मालीवाल ने 13 मई को मुख्यमंत्री आवास की सुरक्षा में सेंध लगाकर अनधिकृत प्रवेश किया और वहां हंगामा किया। जब कुमार ने मालीवाल को रोकने की कोशिश की तो 'आप' सांसद ने उन्हें गालियां दीं। आम आदमी पार्टी की ओर से कहा गया कि बिभव कुमार ने सिविल लाइंस पुलिस थाने के एसएचओ को एक ई-मेल के माध्यम से शिकायत भेजी है।

पुलिस के साथ सीएम आवास पर जातीं स्वाति मालीवाल।

भाजपा का मोहरा बनीं स्वाति : आप

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने पार्टी की सांसद स्वाति मालीवाल की ओर से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव बिभव कुमार के खिलाफ लगाए आरोपों को झूठा करार देते हुए शुक्रवार को कहा कि भाजपा ने मालीवाल को साज़िश का मोहरा बनाया है। दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी ने शुक्रवार को कहा कि जब से अरविंद केजरीवाल को जमानत मिली है तब से भाजपा बौखलाई हुई है और इसी के कारण उसने साजिश रची। मालीवाल को 13 मई को सुबह भेजा गया।

खुद को बचाने की कोशिश कर रहा 'पॉलिटिकल हिटमैन'

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास का कथित सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद स्वाति मालीवाल ने शुक्रवार को कहा कि 'पॉलिटिकल हिटमैन' ने स्वयं को बचाने की कोशिशें शुरू कर दी हैं। मालीवाल 52 सेकंड के वीडियो में मुख्यमंत्री के आवास में सुरक्षाकर्मियों से बहस करती नजर आ रही हैं। केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार ने मुख्यमंत्री के आवास पर सोमवार को मालीवाल पर हमला किया था।

प्रधानमंत्री ने बाराबंकी, फतेहपुर, हमीरपुर में की जनसभा

सपा-कांग्रेस की सरकार बनी तो राममंदिर पर बुलडोजर चलवा देंगे

- बोले-बुलडोजर कहां चलाना कहां नहीं, योगी से लें ट्यूशन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में 14 सीट के लिए सोमवार को होने जा रहे मतदान से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रचार के लिए उत्तर प्रदेश पर भी ध्यान केन्द्रित किया। शुक्रवार को उन्होंने कांग्रेस और इंडिया गठबंधन पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा है कि अगर कांग्रेस आई तो राममंदिर पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला बदल देगी। मोदी ने कहा कि कांग्रेस राममंदिर पर बुलडोजर चलवा देगी। प्रधानमंत्री ने इंडिया गठबंधन को नसीहत भी दी कि उन्हें योगी जी से ट्यूशन लेना चाहिए कि कहां बुलडोजर चलाना है और कहां नहीं।

बाराबंकी के जैदपुर मार्ग के समीप एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और सपा वालों ने पहले रामलला को टेंट में पहुंचाया, फिर वोटबैंक को खुश करने के लिए कहा कि वहां मंदिर की जगह धर्मशाला, स्कूल या अस्पताल बना दो। कांग्रेस तो राममंदिर पर कोर्ट का निर्णय पलटना चाहती है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि नई सरकार में मुझे गरीबों, युवाओं, महिलाओं और किसानों के लिए बहुत सारे बड़े फैसले लेने हैं। इसलिए मैं बाराबंकी और मोहनलालगंज के लोगों से आशीर्वाद मांगने आया हूं। हमीरपुर में एक जनसभा में प्रधानमंत्री ने कहा, सपा-कांग्रेस आपका वोट तो ले लेते हैं, लेकिन सरकार में आने के बाद ये सौगात उनको बांटते हैं, जो उनके लिए वोट जिहाद करता है। फतेहपुर की जनसभा में कहा कि आज एक तरफ देशहित के लिए समर्पित भाजपा-एनडीए गठबंधन है और दूसरी तरफ देश में अस्थिरता पैदा करने के लिए इंडिया गठबंधन है।

बाराबंकी में जनसभा के दौरान त्रिशूल उठाकर आमजन का अभिवादन करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

केवल आंख से आंसू नहीं निकले, अरमां बह गए

मोदी ने यह कहते हुए भी विपक्षी गठबंधन की चुटकी ली कि, इनके सपनों की इंतहा देखिए, कांग्रेस के नेता ने कह दिया कि रायबरेली के लोग प्रधानमंत्री चुनेंगे। ये सुनते ही समाजवादी शहजादे का दिल टूट गया, बस आंसू नहीं निकले, मगर दिल के सारे अरमां बह गए।

सॉल्वर बैठाकर परीक्षा पास की सत्यापन में दो पकड़े गए, एक फरार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ।

- उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने आयोजित की थी ग्राम्य विकास अधिकारी की परीक्षा

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित ग्राम्य विकास अधिकारी भर्ती परीक्षा में सॉल्वर बैठाकर पास करने वाले तीन अभ्यर्थियों पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। वहीं, शुक्रवार को दो को गिरफ्तार कर लिया है। इस फर्जीवाड़े का खुलासा पिकअप भवन स्थित आयोग कार्यालय में शैक्षिक दस्तावेज सत्यापन के दौरान हुआ। मौके पर ही दोनों अभ्यर्थी पकड़ लिए गए। जबकि एक भाग निकला।

पुलिस के मुताबिक जून 2023 में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने ग्राम विकास अधिकारी भर्ती के लिए लिखित परीक्षा आयोजित की। इसका परिणाम हाल ही में आया। इसके बाद सभी पास हुए अभ्यर्थियों के शैक्षिक दस्तावेजों के सत्यापन के लिए आयोग के कार्यालय बुलाया गया था। शुक्रवार को सत्यापन के लिए पहुंचे आजमगढ़ के गोविंदपुर का रहने वाला सुदर्शन यादव और प्रयागराज के खुल्दाबाद चकिया का आशीष कुमार के फोटो प्रवेश पत्र से मिलाया गया। दोनो भिन्न मिले। वहीं बायोमेट्रिक सत्यापन के लिए रेटिना मिलान किया तो वह भी मैच नहीं हुआ। जिसके बाद विभूतिखंड थाने की पुलिस बुलाई गई। पुलिस दोनों अभ्यर्थियों को हिरासत में ले लिया। एडीसीपी पूर्वी अमित कुमावत के मुताबिक आयोग के कर्मचारी ऋषभ कुमार की तहरीर पर विभूतिखंड थाने में तीन अभ्यर्थियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। पकड़े गये आरोपी अभ्यार्थियों में आजमगढ़ के गोविंदपुर का रहने वाला सुदर्शन यादव और प्रयागराज के खुल्दाबाद चकिया का आशीष कुमार शामिल है। वहीं, तीसना आरोपी फिरोजाबाद का अनूप कुमार फरार हो गया है। पकड़े गए अभ्यर्थियों से पूछताछ की जा रही है।

एक वित्त वर्ष में 60 टैक्स ऑडिट ही कर सकेंगे सीए

नई दिल्ली, एजेंसी

- आईसीएआई के नियमों पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई मुहर
- आईसीएआई ऑडिट की संख्या बढ़ाने के लिए स्वतंत्र : कोर्ट

उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को चार्टर्ड अकाउंटेंटों (सीए) के एक वित्त वर्ष के दौरान निर्दिष्ट संख्या (वर्तमान में अधिकतम 60) में टैक्स ऑडिट असाइनमेंट से अधिक स्वीकार करने से रोक लगाने वाले इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) के नियम को बरकरार रखने का फैसला सुनाया। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने आईसीएआई की ओर से जारी नियमों को बरकरार रखने के साथ ही यह भी माना कि आईसीएआई एक सीए द्वारा किए जाने वाले ऑडिट की संख्या बढ़ाने के लिए स्वतंत्र होगा। पीठ ने कहा उसने कानूनी अनिश्चितता के सिद्धांत के आधार पर याचिकाकर्ताओं के खिलाफ शुरू की गई अनुशासनात्मक कार्यवाही को रद कर दिया है। शीर्ष अदालत ने माना कि नियम पेशे की प्रैक्टिस करने संबंधी मौलिक अधिकार का उल्लंघन नहीं है। पीठ ने यह भी माना कि यह खंड (क्लाज) एक अप्रैल, 2024 से प्रभावी होगा।

तेरह साल की लड़की ने दो सौतेली बहनों को गला घोंटकर मार डाला

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

- आरोपी बोली-सारा काम मुझे करना पड़ता है, इसलिए मारा

अमृत विचार : नूरपुर थाना क्षेत्र के गांव गोहावर जैत में गुरुवार रात 12 बजे 10वीं की छात्रा ने दुपट्टे से गला घोंटकर दो सौतेली बहनों पवित्रा (5) व श्रुति उर्फ रिया (7) की हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया है। पूछताछ में उसने बताया कि घर का सारा काम मुझे करना पड़ता है, इसलिए दोनों को मार डाला।

पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन के अनुसार, गोहावर जैत में सहदेव का परिवार रहता है। 12 साल पहले सविता ने पहले पति पुखराज को छोड़ने के बाद सहदेव से दूसरी शादी कर ली थी। दोनों पतियों से सविता के पास एक बेटा और पांच बेटियां हैं। सहदेव अस्करीपुर में ईंट भट्ठे पर मजदूरी करता है।

गुरुवार रात सभी एक कमरे में सोए थे। तभी किसी समय सविता के पहले पति की 13 वर्षीय पुत्री ने सहदेव की बेटियों पवित्रा और श्रुति उर्फ रिया का गला घोंट दिया। मृतक बच्चियों के चचेरे भाई प्रमोद ने बताया कि बड़ी बहन ने उसके पास आकर कहा, चलिए बहनों को कुछ हो गया है। हम लोग वहां पहुंचे तो देखा कि दोनों बच्चियों की मौत हो चुकी थी। उसने पहले परिजनों को जगाया था। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। ये सब किसने किया, हमें नहीं पता। बड़ी बहन कक्षा आठ में पढ़ती है। श्रुति कक्षा दो में पढ़ती थी। पवित्रा आंगनबाड़ी में पढ़ती थी। उधर, पुलिस की पूछताछ में किशोरी ने बताया कि हमारा बड़ा परिवार है। पिता परेशान रहते थे। घर का सारा काम मुझे ही करना पड़ता था। इस कारण मैंने दोनों छोटी बहनों को मार दिया। सुबह घटना की सूचना पर पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन, एसपी सिटी संजीव वाजपेई, सीओ चांदपुर, नूरपुर कोतवाल और फील्ड यूनिट मौके पर पहुंची। इस दौरान दोनों बच्चियों के शव कमरे में बिस्तर पर पड़े थे।

पतंजलि की दवाओं के लाइसेंस निलंबित करने पर अंतरिम रोक

देहरादून, एजेंसी। पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड और दिव्य फार्मेसी की एक दर्जन से अधिक दवाइयों के विनिर्माण लाइसेंस निलंबित किए जाने संबंधी हाल के एक आदेश के क्रियान्वयन पर शुक्रवार को अंतरिम रोक लगा दी गई। मामले की जांच कर रही एक उच्च स्तरीय समिति ने अपनी प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में कहा कि दवाइयों के विनिर्माण का लाइसेंस निलंबित किए जाने का आदेश अवैध है। प्रदेश के आयुष सचिव पंकज कुमार पांडेय ने अपने आदेश में कहा कि समिति की प्रारंभिक रिपोर्ट के आधार पर कंपनियों के दवा बनाने के लाइसेंस निलंबित करने के आदेश के क्रियान्वयन पर तत्काल प्रभाव से अंतरिम रोक लगाई जा रही है।

आबकारी नीति मामला : केजरीवाल के खिलाफ ईडी ने दाखिल की चार्जशीट

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में शुक्रवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया।

इसमें आम आदमी पार्टी (आप) को भी आरोपी बनाया गया है। यह पहली बार है जब पदस्थ मुख्यमंत्री और सत्तारूढ़ पार्टी को धनशोधन के मामले में नामजद किया गया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि यहां एक विशेष अदालत के समक्ष एक विस्तृत अभियोजन शिकायत दाखिल की गई। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा आने वाले दिनों में अनुलग्नक के अलावा 200 पृष्ठों के आरोप पत्र पर संज्ञान ले सकती हैं। सूत्रों ने बताया कि यहां कि एजेंसी ने विशेष अदालत में अभियोजन शिकायत (आरोप पत्र) दाखिल किया और आरोपी के खिलाफ धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत आरोप तय करने का अनुरोध किया। संघीय एजेंसी ने केजरीवाल को 21 मार्च को उनके आवास से गिरफ्तार किया था।

- केंद्रीय एजेंसी ने आम आदमी पार्टी को भी बनाया मामले में आरोपी

केजरीवाल की याचिका पर फैसला सुरक्षित

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने आबकारी घोटाले से जुड़े धन शोधन के एक मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की प्रर्वतन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर शुक्रवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया, लेकिन उन्हें नियमित जमानत के लिए निचली अदालत का रुख करने की छूट दे दी।

स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण 29,347 गांवों में कवायद शुरू, 31 दिसंबर तक होंगे संतृप्त

43,256 गांव बनेंगे मॉडल, देंगे स्वच्छता का संदेश

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

अमृत विचार : स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत प्रदेश के 43,256 गांव इस वर्ष के 31 दिसंबर तक मॉडल बनेंगे। गांवों को साफ-सफाई, कूड़ा, तरल व ठोस प्रबंधन जैसे प्रमुख कार्य से समस्या का निस्तारण कर चमकाया जाएगा।

जहां साफ-सफाई अलग से दिखेगी। अभियान में पंचायती राज विभाग ने इस वित्तीय वर्ष में गांवों का चयन कर 29,347 गांव में कवायद शुरू कर दी है। सभी गांव मॉडल बनने के बाद अन्य को संदेश देंगे। बाहरी राज्यों के प्रधान व अधिकारियों का दल भी भ्रमण पर आएगा और यहां से बारीकियां सीखकर अपने यहां कार्य कराएंगे। निदेशक राज कुमार ने बताया कि इस कार्य के लिए निदेशालय पर सभी जिलों के सहायक विकास अधिकारी पंचायत को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 में प्रदेश के कुल 96,098 गांवों को संतृप्त करना है। इसमें मुख्य व्यक्तिगत शौचालय का निर्माण हैं, जो ओडीएफ और दूसरे चरण में ओडीएफ-प्लस के तहत प्रदेश में 2.86 करोड़ बनाकर संतृप्त किया गया है। ठोस व तरल अपशिष्ट यानी घरों से निकलने वाला सूखा व गीला कूड़ा निस्तारण की गांवों में बड़ी समस्या है जिसका प्रबंधन अभियान में शामिल है।



- गांवों में दिखेगी सफाई, एडीओ पंचायत किए गए प्रशिक्षित

कुल ग्राम पंचायत - 57,754	कुल गांव - 96,098
2022-23 में मॉडल बने : 7075	2023-24 का लक्ष्य : 43,256

अपशिष्ट प्रबंधन से हो रही पंचायत की आमदनी

गोशाला का गोबर व घरों से निकलने वाली सब्जी व अन्य खाद्य पदार्थों के अपशिष्ट एकत्र कर वर्मी कंपोस्ट यानी खाद बनाकर बेची जाएगी। इससे जो रुपये प्राप्त होंगे वह ग्राम पंचायत की आय होगी। इसी तरह प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट में प्लास्टिक अपशिष्ट का निस्तारण कर उसके दाने बनाकर कंपनियों को सीमेंट व सड़क निर्माण के लिए बिक्री किए जाएंगे। पिछले वर्ष श्रावस्ती के थाना इकौना की ग्राम पंचायत टंडवा महंत ने 16 लाख रुपये की वर्मी कंपोस्ट खाद बनाकर बेची है। वहीं, वाराणसी और सोनभद्र की सीमेंट फैक्ट्रियां प्लास्टिक अपशिष्ट के दाने खरीदने लगी हैं। सड़क, भवन व अन्य निर्माण के लिए टिकाऊ है।

एक नजर

गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों के खिलाफ अभियान की तैयारी

अमृत विचार, लखनऊ : गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों के खिलाफ अभियान आचार संहिता खत्म होने के बाद शुरू होगा। इस संबंध में बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से सभी जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं। खंड शिक्षा अधिकारियों को भी चेतावनी दी गई है कि यदि उनके ब्लॉक में बिना मान्यता के स्कूल चलता पाया गया तो कार्रवाई की जायेगी। वहीं दूसरी ओर निजी स्कूलों की मान्यता के लिए आवेदन जारी हैं। सभी आवेदनों का भौतिक सत्यापन किए जाने के निर्देश भी जारी किए गये हैं।

फतेहपुर को जल्द मिलेंगे दो नए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र

अमृत विचार : फतेहपुर में निर्माणाधीन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हसवा और सीएचसी दपसौरा के लिए स्वीकृत बजट की किस्त राज्य सरकार द्वारा जारी कर दी गई है। विशेष सचिव शिव सहाय अवस्थी द्वारा शुक्रवार को स्वास्थ्य महानिदेशक को करीब आठ करोड़ का बजट भेजा गया है। स्वास्थ्य महानिदेशक बृजेश राठौर ने बताया कि चार करोड़ 87 लाख के स्वीकृत बजट में सीएचसी हसवा के लिए तीन करोड़ 87 लाख जारी किया गया है। इसके अलावा दपसौरा सीएचसी के लिए छह करोड़ 52 लाख में चार करोड़ आठ लाख जारी किये गये हैं।

मोदी को बहुमत से जीत दिलाएं : गोपाल राय

अमृत विचार, लखनऊ : राष्ट्रीय क्रांतिकारी समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं 54 रजिस्टर्ड दलों द्वारा विकसित भारत संकल्प महासंघ के संयोजक गोपाल राय ने मोदी को 400 से पार बहुमत से जीत दिलाने के लिए मतदाताओं से अपील की है। शुक्रवार को उन्होंने कहा कि जैसे मुख्यमंत्री योगी ने प्रदेश को भूमाफिया से मुक्त कराया है, उसी प्रकार मोदी ने देश को मजबूत किया है। लालकुआं स्थित पार्टी कार्यालय में शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेस में उन्होंने कहा कि यूपी में बाहुबलियों और भूमाफियाओं का कभी दबदबा और बड़ा नेटवर्क हुआ करता था। ऐसे 68 माफिया पर प्रदेश सरकार द्वारा शिकंजा कसने इनका नेटवर्क लगभग ध्वस्त हुआ है।

कांग्रेस से एक सीट भी वापस ले लेगी जनता : रोहित

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश की जनता ने 2019 में कांग्रेस को एक सीट दी थी, इस चुनाव में वह भी वापस ले लेगी। कांग्रेस का राज्य में पूरी तरह से सफाया तय है, क्योंकि पूरे पांच साल राहुल गांधी अमेठी में दिखे नहीं। यह बात शुक्रवार को रालोद के व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने कही। कार्यकर्ताओं की बैठक में उन्होंने कहा कि कांग्रेस की चालाकी जनता अच्छे से समझ चुकी है। वायनॉड में वोटिंग के बाद रायबरेली से चुनाव लड़ने की घोषणा राहुल गांधी ने की है। इसके अलावा अमेठी में अपने पीएस को टिकट देकर कार्यकर्ताओं का अपमान किया है। कार्यकर्ता मेहनत करते हैं, मगर कांग्रेस में मानक भिन्न है।

पोस्टल बैलेट पर मुहर लगाकर किया वायरल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज

अमृत विचार : सरकारी कर्मचारी ने पोस्टल बैलेट पर मुहर लगाने के बाद फेसबुक पर वायरल कर दिया। जानकारी होने पर वायरल करने वाले कर्मचारी के खिलाफ प्रभारी अधिकारी फैसिलीटेशन ने हुसैनगंज थाने में तहरीर दी। पुलिस एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

प्रभारी निरीक्षक हुसैनगंज राम कुमार गुप्ता ने बताया कि मानस इन्क्लेव निवासी आशुतोष कुमार श्रीवास्तव, 176 मोहनलालगंज विधानसभा के प्रभारी फैसिलीटेशन अधिकारी हैं। लोकसभा चुनाव में सरकारी कर्मचारियों की मतदान में ड्यूटी लगी है। इसके कारण उनको बैलेट पेपर से मतदान करने का अधिकार चुनाव आयोग ने दिया है। मोहनलालगंज लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए कुशलीखेड़ा निवासी संदीप कुमार यादव को 14 मई को पोस्टल बैलेट क्रमांक 100976 जारी किया गया था। जिस पर मुहर मारने के बाद संदीप कुमार यादव ने अपनी फेसबुक आईडी पर अपलोड कर दिया। कुछ देर में यह पोस्टल बैलेट सोशल मीडिया में वायरल हो गई।

खाद्यान्न घोटाला करने वाले कर रहे आटा व डाटा फ्री देने की बात

मुख्यमंत्री योगी ने बाराबंकी, बहराइच और अयोध्या में चुनावी जनसभा को किया संबोधित

राज्य ब्यूरो, बाराबंकी/बहराइच/अयोध्या

▸▸ बोले, सपा और कांग्रेस का नया संस्करण खून चुसवा

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को तीन जिलों में चुनाव प्रचार अभियान में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने बाराबंकी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ चुनावी जनसभा का मंच साझा किया। वहीं बहराइच में गोंडा लोकसभा सीट के लिए उन्होंने चुनावी जनसभा को संबोधित किया और अयोध्या में फैजाबाद लोकसभा सीट के लिए पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में रैली की।

इस दौरान मुख्यमंत्री के निशाने पर मुख्य रूप से सपा और कांग्रेस रही। उन्होंने सपा और कांग्रेस के नये संस्करण को खून चुसवा बताया। योगी ने कहा कि जब भी ये मिलते हैं, कोई न कोई अपशकुन जरूर होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रामभक्तों पर गोलियां चलवाने वालों को देश कभी भी माफ नहीं करेगा। उन्होंने सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि गोंडा में खाद्यान्न घोटाला करने वाले आज आटा और डाटा फ्री देने की बात कर रहे हैं।

बाराबंकी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में जनसभा को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश में अब तक चार चरणों के चुनाव संपन्न हो चुके हैं, जबकि तीन चरण बाकी हैं। इसके बावजूद पूरे देश की जनता 4 जून के परिणाम को लेकर पहले से ही आश्वस्त है। वह जानते हैं कि इस बार भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ही जीत होगी। योगी बाराबंकी के जैदपुर मार्ग के समीप जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने बाराबंकी की लोस प्रत्याशी राजरानी रावत और मोहनलालगंज के लोकसभा प्रत्याशी व केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर के पक्ष में वोट देने की अपील की।

रामलला पर पहला अधिकार बलरामपुर के निवासियों का

बलरामपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए योगी ने कहा कि अयोध्या में राममंदिर के निर्माण की रणनीति वर्ष 1949 में बलरामपुर में बनी थी, इसलिए रामलला पर पहला अधिकार आप सबका है। प्रधानमंत्री ने अयोध्या में 500 वर्षों के बाद रामलला का मंदिर बनवाकर बलरामपुरवासियों का इंतजार खत्म किया है। यह सब लोकतंत्र में आपके वोट की ताकत से हुआ है। योगी ने कहा कि गोंडा में सपा के समय में खाद्यान्न घोटाला हुआ था, जिसे भुलाया नहीं जा सकता है। आज यह आटा और डाटा फ्री में देने की बात कहते हैं, जबकि गरीब के राशन में डकैती डालते थे।

कांग्रेस-सपा मिलते हैं तो अपशकुन तय

योगी आदित्यनाथ उतरौला में गोंडा लोकसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने गोंडा के लोकसभा प्रत्याशी कुंवर कीर्तिवर्धन सिंह के पक्ष में वोट की अपील की। अयोध्या के मिल्कीपुर में फैजाबाद लोकसभा सीट के लिए रैली को संबोधित करते हुए योगी ने कहा कि कांग्रेस और सपा का वर्तमान संस्करण बहुत खतरनाक हैं। जब भी ये दोनों मिलते हैं मानकर चलिए कि कोई अपशकुन होने वाला है। मुख्यमंत्री ने यहां सांसद व भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह के लिए अधिक से अधिक संख्या में मतदान की अपील की।

तानाशाही करने वाली कांग्रेस आज दे रही लोकतंत्र की दुहाई : राजनाथ

इंदिरानगर में आयोजित चुनावी जनसभा में रक्षामंत्री ने इंडी गठबंधन पर साधा निशाना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : चुनाव में हार मिलने के बाद पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल की घोषणा कर दी थी। लाखों लोगों को जेल में डाल दिया था। तानाशाह करने वाली कांग्रेस आज कह रही है कि भाजपा जीत गई और नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बन गए तो लोकतंत्र संकट में पड़ जाएगा।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को उक्त बात मुंशी पुलिया इंदिरानगर में आयोजित जनसभा में कही। उन्होंने कहा कि आपातकाल के दौरान मुझे 18 महीने जेल में रखा गया था। मां का देहांत हो गया था और संस्कार क्रिया में भाग लेने के लिए सरकार ने पैरोल नहीं दी थी। सत्ता में आने के लिए केंद्र सरकार को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। कहा जा रहा है कि हमारी सरकार आएगी तो आरक्षण समाप्त कर देगी। प्रधानमंत्री मोदी की सरकार ने ही आरक्षण व्यवस्था को प्रभावी बनाया है। ओबीसी आयोग को संवैधानिक अधिकार देने का काम प्रधानमंत्री मोदी की सरकार में हुआ। रक्षामंत्री ने कहा कि जेल से छूटकर आए दिल्ली के मुख्यमंत्री के पार्टी के सांसद के साथ कितना दुर्व्यवहार हुआ है। ऐसे लोग देश चलाने का दावा करते हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री ने तो अन्ना हजारे को भी धोखा दिया। उन्होंने कहा कि भारत ने दुनिया के किसी भी देश को कभी आंख नहीं दिखाई है लेकिन भारत को यदि कोई देश आंख दिखाने की कोशिश करेगा तो उसको मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि कांग्रेस और इमरजेंसी दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। कांग्रेस के डीएनए में इमरजेंसी है। उन्होंने कहा कि इन दोनों का जब भी गठबंधन में होता है तो देश के लिए खतरे की घंटी बज जाती है। केंद्र में जब कांग्रेस और प्रदेश में सपा थी तो यूपी के विभिन्न शहरों, कचहरियों और सीआरपीएफ कैंप पर आतंकी हमले हुए थे। इनके कार्यकाल में गरीब भूख से मरता था, मगर आज फ्री राशन मिल रहा है। ये लोग न तो गांव, गरीब, नौजवान, किसान और महिलाओं के लिए कुछ कर सके, न देश की विरासत के सम्मान के लिए कुछ करने की नीयत थी। योगी ने कहा कि कांग्रेस और सपा का इंडी गठबंधन खतरनाक मंसूबों के साथ चुनाव में आया है। इनका घोषणापत्र देश के खिलाफ षड्यंत्र है।

सभा में राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, एमएलसी मुकेश शर्मा मेयर सुषमा खर्कवाल, एमएलसी डॉ. महेंद्र सिंह, मोहसिन रजा, अशोक बाजपेई सहित पूर्व विधानसभा के प्रत्याशी ओपी श्रीवास्तव, विधानसभा संयोजक त्रिलोक अधिकारी आदि मौजूद रहे।

मुंशी पुलिया पर आयोजित जनसभा के दौरान उपस्थित रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी व अन्य पार्टी नेता। अमृत विचार

रक्षा मंत्री ने यहियागंज गुरुद्वारा में माथा टेका, सुनी गुरुवाणी

अमृत विचार : रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने यहियागंज गुरुद्वारे में माथा टेका और गुरुवाणी सुनी। उन्होंने कहा कि देश के लिए सिख समाज के गुरुओं का त्याग, बलिदान और योगदान हमेशा याद रहेगा। गुरुद्वारा समिति अध्यक्ष डॉ. गुरमीत सिंह ने राजनाथ सिंह को गुरु घर का सरोपा और कृपाण भेंट की। इस दौरान सतवीर सिंह आनंद, मनजीत तलवार, सतनाम सिंह सेठी, डॉ. अमरजोत सिंह, हरपाल गुलाटी, हरपाल जग्गी आदि मौजूद रहे।

राजधानी में होने जा रहे दो नए काम

अमृत विचार : मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में हर तरफ विकास दिख रहा है। उन्होंने बताया कि लखनऊ में दो नए काम होने जा रहे हैं। इनमें पहला है श्यामा प्रसाद मुखर्जी, अटल बिहारी वाजपेयी और पं. दीन दयाल उपाध्याय की सबसे बड़ी प्रतिमा का निर्माण। यह दो माह में बनकर तैयार हो जाएगी। दूसरा कुकरैल में नाइट सफारी। लखनऊ आने वाले दिनों में दुनिया की सबसे सुंदर नगर बनेगा।

अग्निवीर व्यवस्था को समाप्त करेगी गठबंधन सरकार : डिंपल

संवाददाता, मोहनलालगंज

▸▸ मोहनलालगंज में चुनावी जनसभा को किया संबोधित

अमृत विचार : शुक्रवार को सपा सांसद डिम्पल यादव ने मोहनलालगंज के काशीश्वर इंटर कॉलेज के मैदान पर इंडिया गठबंधन की आयोजित जनसभा में उमड़े जनसैलाब को संबोधित किया।

सांसद ने कहा कि भाजपा वाले जा रहे हैं, गठबंधन की सरकार आ रही है, केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर अग्निवीर व्यवस्था को सबसे पहले समाप्त किया जायेगा। जिसका सभा में मौजूद बड़ी संख्या में युवाओं ने तालियों से स्वागत किया। इसी के साथ उन्होंने कहा कि सरकार हर परीक्षा के पेपर लीक कर कर नौकरियां निरस्त कर रही है, जिससे आरक्षण न देना पड़े। इस तरह सरकार द्वारा आरक्षण समाप्त किया जा रहा है। किसानों को एमएसपी देने की बात कही और और उन्होंने मंच पर से ही सरकार द्वारा दिए जा रहे राशन में चोरी करने की बात करते हुए सामने बैठी बड़ी संख्या में महिलाओं से पूछा कि राशन कम मिल रहा है कि नहीं तो भीड़ से आवाज आई राशन कम मिल रहा है।

इसके साथ ही डिंपल यादव ने जनसभा में मौजूद सभी लोगों से तीन बार हाथ उठाकर संकल्प दिलाया कि वे समाजवादी पार्टी प्रत्याशी को 20 मई को मतदान कर भारी मतों से विजयी बनाएं।

कौशल किशोर ने गिनाईं सरकार की उपलब्धियां

अमृत विचार, निगोहां : लोकसभा की मोहनलालगंज सीट से भाजपा प्रत्याशी व केन्द्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर ने क्षेत्र के मदापुर मंदिर चौराहे पर शुक्रवार को देर रात जनसभा कर वोट मांगे। भाजपा प्रत्याशी कौशल किशोर ने जनसभा में मौजूद लोगों से गरीब कल्याण, विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए भाजपा को वोट देने की अपील की। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार लगातार हर वर्ग, हर समाज के उत्थान के लिए, महिलाओं के सम्मान के लिए, सभी के सुख सुविधाओं के लिए कार्य कर रही है। कौशल किशोर ने आगे कहा कि मोदी जी देश को विकसित भारत बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं और उसमें सभी को साथ देना है और हर बूथ पर कमल खिलाकर मोदी जी को और दुनिया को दिखाना है कि राष्ट्र निर्माण में देश की जनता मोदी जी के साथ है। जनसभा का आयोजन भाजयुमो के पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संदीप श्रीवास्तव ने किया।

शक्तिवर्धक दवा के लिए की जा रही कछुओं की तस्करी

बड़ी मात्रा में कछुए बरामद, तस्करी करते दो आरोपी गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ गोरखपुर में इस महीने पकड़ा गया तस्करी का दूसरा मामला

अमृत विचार : प्रदेश में कछुओं की तस्करी रुक नहीं पा रही है। शुक्रवार को वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो एवं एसटीएफ ने संयुक्त रूप से गोरखपुर से तस्करी कर पश्चिम बंगाल ले जाए जा रहे कछुओं की बड़ी खेप पकड़ी। इस महीने गोरखपुर से ही दूसरी बार बड़ी मात्रा में कछुए पकड़े गए हैं। हालांकि तस्करों को गिरफ्तार कर कछुओं को पुनः नदी में डाल दिया गया। लेकिन प्रश्न यह है कि उप्र. से बड़े पैमाने पर कछुओं की तस्करी हो क्यों रही है? यह कछुए तस्करी कर जाते कहां है? इससे तस्करी करने वालों क्या फायदा मिलता है?

अधिकारियों का कहना है कि कछुओं (इंडियन रूफ टर्टल) के अंगों से शक्तिवर्धक दवाएं बनती हैं, जोकि महंगी कीमतों में बिकती हैं। यह दवाएं चीन, हांगकांग और मलेशिया में बनती हैं। इन दवाओं को वहां के लोग खाते हैं। लेकिन भारत में तस्करी करने वालों को इसकी सामान्य कीमत मिलती है। एक कछुए का 500 से एक हजार रुपये तक मिल जाता है। यह कछुए पश्चिमी बंगाल ले जाए जाते हैं, फिर बांग्लादेश, म्यांमार के रास्ते चीन, हांगकांग और मलेशिया पहुंचाये जाते हैं। पश्चिमी बंगाल में बैठे तस्कर इन कछुओं को बेचकर मोटी कमाई करते हैं। इसके अलावा लुप्तप्राय श्रेणी में रखे गए इंडियन सॉफ्टशेल या गंगेज सॉफ्टशेल कछुए पड़ोसी देश नेपाल और चीन में प्रचलित अंधविश्वास का शिकार बन रहे हैं। दोनों देशों में जादू-टोने में इनका इस्तेमाल किया जाता है।

दोनों तस्कर बिहार के निवासी

नीरज दीक्षित

मुराद अली

अमृत विचार : एसटीएफ के डीएसपी दीपक सिंह ने बताया कि गोरखपुर में पकड़े गये दोनों तस्कर नीरज दीक्षित एवं मुरादअली बिहार के गोपालगंज के निवासी हैं। पूछताछ में तस्करों ने बताया कि वह पश्चिम बंगाल तक इन कछुओं को पहुंचाते हैं। वहीं से एक अन्य तस्कर इन कछुओं को बांग्लादेश और म्यांमार के रास्ते चीन, हांगकांग और मलेशिया भेजता है।

अखिलेश के रोड शो में उमड़ा लोगों का हुजूम

पुष्पवर्षा के बीच 1.5 किमी का फासला डेढ़ घंटे में हुआ खत्म

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ रविदास मेहरोत्रा के समर्थन में सपा प्रमुख ने किया रोड शो

अमृत विचार : स्थान केडी सिंह बाबू स्टेडियम, शाम 7:30 बजे का समय। सपाई झण्डों से पटा रथ तैयार था। सपा प्रमुख अखिलेश यादव का आगमन होता है। उत्साही युवा नारेबाजी शुरू कर देते हैं। कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाते हुए सपा मुखिया रथ की ओर बढ़ते हैं। सपा प्रत्याशी रविदास मेहरोत्रा भी रथ पर आ जाते हैं। मौजूद भीड़ से पुष्पवर्षा होती है। रथ धीरे-धीरे आगे बढ़ता है।

केडी सिंह बाबू स्टेडियम से रथ कुछ ही दूर चला, चंद कदम पर मेट्रो स्टेशन पहुंचा तो कार्यकर्ताओं ने फिर रोक लिया। जमकर नारेबाजी हुई। हर कोई सपा सुप्रीमो को करीब से देखना चाहता था। डेढ़ किमी के फासले में 17 मंचों से फूल-मालाओं के अलावा चांदी का मुकुट, गदा, फरसा, बैट, धनुष-बाण भेंट किया गया। उमड़े हुजूम में अधिक संख्या युवाओं की रही। रथ पर अखिलेश यादव के साथ लखनऊ लोकसभा के गठबंधन प्रत्याशी रविदास मेहरोत्रा, एमएलसी जासमीर अंसारी सहित अन्य सवार थे। डेढ़ घंटे के बाद काफिला अटल चौक पर समाप्त हुआ। यहां पूर्व मुख्यमंत्री ने आंबेडकर प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया।

स्वागत करने वालों में सपा और कांग्रेसियों के अलावा आप कार्यकर्ता भी शामिल रहे। इन लोगों ने ढोल-नगाड़ों के अलावा स्वागत मंचों पर देशभक्ति के तराने भी गाए।

वाहनों की लगी लंबी कतारें : रोड शो के दौरान पहले से ही पुलिस ने हजरतगंज चौराहे से लेकर केडी सिंह बाबू स्टेडियम तक एकल मार्ग कर रखा था, लेकिन बढ़ती हुई भीड़ के बीच दूसरा मार्ग भी अवरुद्ध हो गया। ऐसे में वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गईं। रोड शो समाप्त होने के बाद आवागमन को सामान्य करने में पुलिस को मशक्कत का सामना करना पड़ा।

राजधानी में सपा प्रत्याशी रविदास मेहरोत्रा के समर्थन में रोड शो करते सपा प्रमुख अखिलेश यादव। अमृत विचार

अधिवक्ता वर्ग बोला, अदब से हराएंगे

सड़क के एक छोर पर अधिवक्ता वर्ग से जुड़ा मंच भी था। इसी के पास सपा की यूथ ब्रिगेड मौजूद के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे। लाउडस्पीकर के माध्यम से सभी एकराय होकर बोलते दिखे कि अदब से हराएंगे। पवन मनोचा, ममता सिंह, शकील नदवी, अरमान खान, अनीस राजा, नावेद अहमद सहित अन्य अलग-अलग मंचों पर दावे करते दिखे।

युवाओं में दिखा उत्साह

युवाओं में खासा उत्साह था। कई युवाओं ने अपने हाथों पर अखिलेश का टैटू बना रखा था। कुछ ऐसे थे, जो साइकिलों के सहारे सपा सरकार की योजनाओं के बारे में भी बताते हुए दिखे। काफी संख्या में सपा कार्यकर्ता सड़कों पर झंडा लहराकर ढोल बजाते रहे।

संत समाज भी रहा उपस्थित

17 मंचों के बीच एक मंच संत समाज का भी था। मंचासीन संत एक राय होकर बदलाव की बात कह रहे थे। कुछ युवा संत श्लोकों का उच्चारण करते हुए दिखाई दिये।

एसजीपीजीआई में 1592 पदों पर होगी नियुक्ति

अमृत विचार, लखनऊ : रायबरेली रोड स्थित संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) में जल्द ही नर्सिंग ऑफिसर समेत विभिन्न पदों पर पैरामेडिकल स्टाफ की नियुक्ति होगी। इसके लिए संस्थान ने कुल 1592 पदों का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। लोकसभा चुनाव बाद प्रक्रिया शुरू होगी।

संस्थान के रिक्त पदों पर होने वाली नियुक्तियों में सबसे ज्यादा ग्रेड-सी में 1426 पद नर्सिंग ऑफिसर के हैं। इसके अलावा एक पद जूनियर इंजीनियर (टेलीकॉम), सीनियर एडमिनिस्ट्रेटिव असिस्टेंट के 40 पद, स्टोर कीपर के 22, स्टेनोग्राफर के 84, रिसेप्शनिस्ट के 19 पद विज्ञापित हुए हैं। इन सभी पदों पर आरक्षण की प्रक्रिया उप्र. सरकार के अधीन होगी। पदों को बढ़ाया या घटाया जा सकता है।

इंडी गठबंधन के प्रत्याशी ने रोड शो कर दिखाई ताकत

लखनऊ पूर्वी विस उपचुनाव : मुकेश सिंह चौहान ने लोगों से की वोट देने की अपील

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ रोड शो के दौरान जगह-जगह हुआ फूलों से स्वागत

अमृत विचार : लखनऊ पूर्वी विधानसभा उपचुनाव में इंडी गठबंधन के प्रत्याशी मुकेश सिंह चौहान ने शुक्रवार शाम को रोड शो निकालकर अपनी ताकत का अहसास कराया। इंदिरानगर डी ब्लॉक से निकलकर शिवाजी पार्क, मयूर रेजिडेंसी और मयूर उद्यान तक गए। इस दौरान लोगों से मिलकर पक्ष में वोट डालने की अपील की।

मीडिया प्रभारी डॉ. आशीष दीक्षित ने बताया कि गठबंधन प्रत्याशी मुकेश सिंह चौहान ने अपने चुनाव कार्यालय से एक विशाल मोटरसाइकिल जुलूस निकाला। रोडशो के दौरान स्थानीय लोगों व पूर्व पार्षदों ने कई जगह स्वागत किया। जगह-जगह लोगों ने गुलाब की पंखुड़ी बरसाकर स्वागत किया गया। जुलूस में कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे। जुलूस में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष शरद मिश्रा, पूर्व विधायक पं. श्याम किशोर शुक्ला, सिद्धार्थ प्रिय श्रीवास्तव, लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व अध्यक्ष मनोज तिवारी, महानगर अध्यक्ष डॉ. शहजाद आलम ने लोगों को संबोधित किया।

इंडी गठबंधन के प्रत्याशी मुकेश सिंह चौहान समर्थकों के साथ प्रचार करते हुए।

सफाई वाहन अब पढ़ाएंगे यातायात नियमों का पाठ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ परिवहन आयुक्त ने सभी नगर आयुक्तों को भेजा पत्र

अमृत विचार : नगर निगम के सफाई वाहन अब सिर्फ स्वच्छता ही नहीं यातायात नियमों का भी पाठ पढ़ाएंगे और लोगों को जागरूक करेंगे। बढ़ती दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए परिवहन आयुक्त चंद्रभूषण सिंह ने प्रदेश के सभी नगर आयुक्तों को इस आशय के दिशा-निर्देश जारी किये हैं। इसमें कहा गया है कि नगर निगमों द्वारा संचालित स्वच्छता अभियान के वाहनों में लगे स्पीकर के माध्यम से ऑडियो क्लिप चलाई जाए, जिससे लोग जागरूक हों।

चूंकि नगर निगम के स्वच्छता वाहन सुबह क्षेत्रीय स्तर पर घूमते हैं। इनमें स्पीकर लगे होते हैं। इनमें चल रहे स्वच्छता के निर्देशों को गौर से सुनते हैं। ऐसे में प्रचार-प्रसार के लिए यह वाहन अपनी महती भूमिका अदा कर सकते हैं और इनसे सफाई के निर्देशों के साथ-साथ सड़क सुरक्षा की ऑडियो क्लिप चलने से अधिक से अधिक लोग इस अभियान से जुड़ेंगे। लोग इन्हें सुनें और यातायात नियमों के पालन के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझें।

नन्द विहार का है सपना आपका घर हो अपना

आपका घर प्रमुख स्थानों से दूरी
- देवा रोड – 900 मीटर
- कुर्सी रोड – 3कि0मी0
- बाराबंकी रेलवे स्टेशन – 7 कि0मी0
- मटियारी चौराहा – 14 कि0मी0
- मुंशी पुलिया चौराहा – 20 कि0मी0
- बादशाह नगर रेलवे स्टेशन – 23 कि0मी0

BOOKING AMOUNT : 50,000/-
Rate 750 Rs./ Sqft. 20% Discount 600 Rs./Sqft. on Cash Rate Rs./Sqft.

Facilities:
- Security Tower • Park • Solar Light • Road
- A-Block Gate are placed at 30ft. wide road
- B-Block Gate are placed at 45ft. wide road

All Installment
Rs 600 per Sqft. Installment Rs. 100000 - 6 month
Rs 600 per Sqft. Installment Rs. 50000 - 12 month
Rs 600 per Sqft. Installment Rs. 25000 - 24 month
Rs 600 per Sqft. Installment Rs. 10000 - 60 month
(Per month 1 Lucky draw)

NVC Infraland Developers Pvt. Ltd.
Office:- D-4/60 2nd Floor, Vikalp Khand, Malhaur Road, Near CNG Petrol Pump, Gomti Nagar, Lucknow
Contact No: 05223131559, 9455936417, 9451006502

शहर में आज

- हजरतगंज में कामेडी कलाकार चन्दन प्रभाकर, सुनील सावरा, अनिरुद्ध मधेशिया तथा गायिका स्वाती शर्मा द्वारा मतदाता जागरूकता कार्निवाल– 5:00 बजे।
- अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में वाटर एड और लोक यात्री के संयुक्त तत्वावधान में नाटक रहिमन पानी राखिये का मंचन– 6:30 बजे।
- संगीत नाटक आकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में विजय बेला थियेटर ग्रुप और सफर फाउंडेशन की ओर से नाटक अरण्य रुदन का मंचन – 7:15 बजे।

एक नजर

21 से फिर बनेंगे लाइसेंस

अमृत विचार, लखनऊ : तकनीकी कमियों के चलते लर्निंग और स्थाई लाइसेंस के ऑनलाइन व्यवस्था ठप हो गई है। आरटीओ कार्यालय से इस बात की जानकारी दी गई कि 18 तक लाइसेंस प्रक्रिया ठप रहेगी। अब 21 से ही ऑनलाइन व्यवस्था शुरू होने के बाद ही लाइसेंस संबंधी कार्य किए जा सकेंगे। जिन लोगों ने पूर्व में 17 या 18 को ऑनलाइन आवेदन कर टाइम स्लॉट लिया है, वे अपने कार्यों के लिए 21 मई को आरटीओ कार्यालय पहुंच कर लाइसेंस संबंधी प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं।

अवध बस अड्डे पर लगाया वाटर कूलर

अमृत विचार, लखनऊ : आलमबाग बस अड्डे पर यात्रियों को अब पेयजल की समस्या से नहीं जूझना होगा। यात्रियों को अब यहां पर हर समय 24 घंटे पानी की सुविधा मिलेगी। शुक्रवार को आलमबाग बस अड्डे पर दो नए वाटर कूलर लगाए गए, जिनसे यात्रियों को ठंडा पानी मिलना शुरू हो गया है। अवध बस स्टेशन पर भी वाटर कूलर की संख्या बढ़ाई गई है। क्षेत्रीय प्रबंधक आरके त्रिपाठी ने बताया कि लखनऊ के सभी बस अड्डों पर यात्रियों के लिए वाटर कूलर लगाए गए हैं। सभी जगहों पर 24 घंटे पानी की व्यवस्था है।

छह माह के लिए जिला बदर

अमृत विचार, निगोहां : निगोहां पुलिस की रिपोर्ट पर एक आरोपी पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई कर जिला बदर किया गया है। इंस्पेक्टर अनुज कुमार तिवारी ने बताया जेसीपी कानून एवं व्यवस्था के न्यायालय से बुधवार को मीरखनगर निवासी अनित उर्फ विक्की को छह माह के लिये जिला बदर किया था। शुक्रवार को आरोपी के घर पर नोटिस चस्पा की। अनित पर डैकेती, छेड़छाड़ व मारपीट आदि की धाराओं में तीन मामले दर्ज हैं।

दुष्कर्म के दो आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

अमृत विचार, बीकेटी : बीकेटी पुलिस ने शुक्रवार को दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस के मुताबिक, क्षेत्र निवासी जीतू उर्फ जितेंद्र रावत के खिलाफ पीड़िता ने नशीला पदार्थ सुंघाकर दुष्कर्म का आरोप लगाया था। आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज कर तलाश की जा रही थी। उधर, गोमतीनगर पुलिस ने शुक्रवार को दुष्कर्म आरोपी उजरियाव निवासी अफजाल सिद्दीकी को गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर दीपक कुमार पांडेय ने बताया कि आरोपी ने शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म किया था। इसके बाद धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया। विरोध करने पर पीड़िता की पिटाई की थी। पीड़िता ने आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

पार्क रोड पर तेज धूप से बचाने के लिए बच्चे के सिर पर दुपट्टा डालकर ले जाती महिला।

पारा 43 डिग्री सेल्सियस के पार, आज से लू का वार

जरूरी काम होने पर ही घर से बाहर निकलें, बच्चों का विशेष ध्यान दें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : धुंध भरी हल्की बदली छाने के बावजूद शुक्रवार को अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया। मौसम विभाग ने शनिवार से लू चलने की संभावना जताई है। लोगों को जरूरी काम होने पर ही घर से निकलने और बच्चों को लू व गर्मी से बचाने के सुझाव भी दिया गया है।

मौसम अनुसंधान विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक एम दानिश ने बताया कि शनिवार से लखनऊ और आसपास के क्षेत्रों में लू चलने की संभावना बढ़ गई है। इन्हीं कारणों से तापमान में बढ़ोतरी हुई है। दिन भर धुंध भरे बादल छाए रहे। शुक्रवार को लखनऊ का तापमान 43 डिग्री सेल्सियस से कुछ अधिक रहा। लू चलने से इसमें और वृद्धि हो सकती है। न्यूनतम तापमान 26 डिग्री के करीब रिकार्ड किया गया।

वैज्ञानिक का दावा है कि शनिवार से हवाओं की रफ्तार बढ़ेगी। हवाएं 30-35 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलेंगी। ये हवाएं स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक रहेंगी।

सूती कपड़े पहनें, लगाएं टोपी और चश्मा

मौसम विभाग से जारी एडवाइजरी में बताया गया है कि बहुत जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलें। बाहर निकलना हो तो पूरी बांह के सूती और ढीले कपड़े पहनें। सिर पर गमछा या टोपी लगाएं और धूप से बचाव का चश्मा भी लगाएं। छाते का उपयोग करें। चप्पल की बजाय जूते पहनें। कुछ अंतराल पर पानी का सेवन करते रहें। प्यास न भी लगी हो तो पानी पीना बचाव का सही तरीका रहेगा।

नींबू पानी, आम का पना व लस्सी का करें सेवन

विभाग की तरफ से जारी एडवाइजरी में कहा गया है कि ओआरएस का घोल लू से बचाएगा। नींबू पानी, आम का पना, लस्सी जैसे पेय भी लू से बचने में मदद करेंगे। धूप से वापस आने के बाद तत्काल फ्रिज का ठंडा पानी न पीएं। सामान्य ठंडे पानी का प्रयोग करें। खीरा, ककड़ी, तरबूज जैसे पानी के स्रोत वाले फलों का ज्यादा से ज्यादा सेवन करें।

गर्मी से बचने के लिए पार्क में भरे पानी में नहाते कौवे। अमृत विचार

खुली रखें रसोई की खिड़कियां

मौसम विभाग की ओर से कहा गया है कि दोपहर 12 से 3 बजे तक तेज गर्म हवाएं चलेंगी। इस दौरान लू लगने की संभावना रहेगी। रसोई की खिड़कियां खुली रखें और बिजली के उपकरण चालू रखें। बच्चों को लेकर अधिक सावधानी बरतने की जरूरत है। उन्हें घर से बाहर बिल्कुल न जाने दें। गाड़ी में भी बच्चों को बहुत देर तक न बैठाए रखें। एक साल तक के बच्चों का शरीर गीले कपड़े से पोछते रहें। बच्चों को ग्लूकोज और ओआरएस का घोल भी देते रहें।

सभी विभागों को किया गया अलर्ट

मौसम वैज्ञानिक एके सिंह के मुताबिक, गर्मी और लू को लेकर सभी विभागों को एडवाइजरी जारी कर दी गई है। इससे बचने के उपाय के साथ जरूरी सुझाव भी दिए गए हैं।

जीआईएस सर्वे में पहले से जमा गृहकर जोड़ा, मकान किया सील

विशेष शिविर में नहीं हो सका आलम नगर के राजेश गुप्ता की समस्या का समाधान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : कनक सिटी सरीपुरा आलम नगर के भवन स्वामी को जीआईएस सर्वे की गड़बड़ी ने 1,31,847 लाख रुपये गृहकर का बकायेदार बना दिया। सर्वे में पहले के वर्षों में जमा गृहकर को भी ब्याज समेत जोड़कर नोटिस जारी कर दिया और पूरा पैसा जमा न करने पर भवन भी सील कर दिया। प्रार्थनापत्र और रसीदें देने पर सील तो खोल दी, लेकिन गलत गृहकर का निस्तारण शुक्रवार के समाधान शिविर में भी नहीं किया गया। सरपोटगंज के बुजुर्ग कर गृहकर 84 हजार रुपये करके कुर्की नोटिस भी जारी कर दिया गया। ऐसे कई मामले समाधान दिवस में आए। इसमें ज्यादातर का निस्तारण कर दिया गया लेकिन शिकायतकर्ता संतुष्ट नहीं दिखे।

नगर निगम के त्रिलोकी हॉल में नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह अध्यक्षता में गृहकर समाधान शिविर लगाया गया। इसमें कनक सिटी सरीपुरा आलम नगर में निवासी राजेश गुप्ता अपनी समस्या लेकर पहुंचे। उन्होंने बताया कि वर्ष 2012 में आलम नगर में एक हजार वर्ग फीट में आवास और एक दुकान बनाई थी। गृहकर 3250 रुपये वार्षिक आ रहा था, किसी कारण से जमा नहीं कर पाए। वर्ष 2018-19 तक ब्याज समेत गृहकर बढ़कर करीब 22 हजार रुपये हो गया। वर्ष 2018-19 में नगर निगम ने गृहकर में छूट की स्कीम निकाली। इसमें बकाया गृहकर की पूरी धनराशि जमा कर दी। वर्ष 2023-24 में तीन दुकान और बनाईं। इससे भवन का कामर्शियल क्षेत्र 400 वर्ग फीट हो गया। इस बीच गृहकर का मूल्यांकन जीआईएस सर्वे से किया गया। इसमें वर्ष 2014 से 2023 तक का गृहकर निकाला गया। कई गुना बढ़ा कर ब्याज समेत 1,31,847 रुपये बकाया का नोटिस भेजा गया।

नगर निगम में लगाए गए शिविर में अधिकारियों को गृहकर संबंधी समस्याएं बताते लोग। अमृत विचार

390 में 388 आपत्तियां निस्तारित

जोनवार 390 आपत्तियां आईं। जोनल अधिकारी ने कर अधीक्षक एवं राजस्व निरीक्षकों के साथ शिकायतें सुनी और आवेदन प्राप्त कर गणना व जांच कर 388 आपत्तियों का निस्तारण किया। नगर आयुक्त ने बताया कि एक प्रकरण व्यवसायिक होने के कारण स्थलीय निरीक्षण कर निस्तारित किया जाएगा। दूसरे में जांच चल रही है।

344 से किया 84 हजार गृहकर, कुर्की नोटिस भी जारी

सामाधान दिवस से सरपोटगंज से आए बुजुर्ग रुद्रपाल की शिकायत का भी निस्तारण नहीं हो पाया। उन्होंने बताया कि पत्नी मुन्नी देवी के नाम से मकान है। जिसका गृहकर 344 रुपये वार्षिक आ रहा था। कर समय पर जमा करते आ रहे हैं। जीआईएस सर्वे में गलत तरीके से भवन का मूल्यांकन कर गृहकर 83,858 रुपये कर दिया गया। जमा नहीं करने पर कुर्की का नोटिस जारी कर दिया। समाधान दिवस में प्रार्थनापत्र देने पर गृहकर 34,652 रुपये कर दिया गया। रुद्रपाल के अनुसार 34,652 रुपये गृहकर भी गलत है। ऐसी ही शिकायत कृष्णा पल्ली निवासी कमल किशोर गुप्ता की रही। उन्होंने बताया कि भवन का गृहकर 5625 रुपये वार्षिक था। जीआईएस सर्वे में 29,700 लगा दिया गया है।

समस्या बताता बुजुर्ग।

प्रार्थना पत्र लिए रुद्रपाल।

राजेश का कहना है कि वर्ष 2019 से 23 तक कुल 20,227 रुपये गृहकर बनता है, ये धनराशि उन्होंने जमा कर दी है। 89,817 रुपये ब्याज गलत जोड़ा गया। ब्याज की रकम जमा न करने पर 13 मार्च को नगर निगम ने नोटिस चस्पा कर भवन सील कर दिया था। जमा की गई धनराशि की रसीदें और प्रार्थना पत्र देने पर नगर निगम ने मकान की सील खोल दी। किंतु जमा गृहकर दोबारा ब्याज समेत जारी करने के मामले का निस्तारण नहीं किया गया है।

इनका बढ़ा गृहकर किया गया कम

- **जोन-1 :** बाबी परवीन, पीर जलील, गोलागंज वार्षिक मूल्य 25,560 से 6,336 और मिथिलेश श्रीवास्तव, मशकगंज, वजीरगंज वार्षिक मूल्य 11,664 से 9,850 किया गया।
- **जोन-2 :** मंजू देवी, मोतीझील कॉलोनी वार्षिक मूल्य 3,240 से 1,152 किया गया।
- **जोन-3 :** मोहनलाल, फैजुल्लागंज-1 वार्षिक मूल्य 8,100 से 2,760 व मुश्तकुन निशा, अलीगंज सेक्टर-एन वार्षिक मूल्य 11,664 से 3,645 किया गया।
- **जोन-5 :** अमित सिंह, अर्जुन नगर वार्षिक मूल्य 13,608 से 12,096 व चित्रगुप्त नगर वार्षिक मूल्य 12,600 से 12,150 किया गया।
- **जोन-6 :** शिव गोपाल निगम, पुराना हैदरगंज वार्षिक मूल्य 12,960 से 9,000 और हसीन जहां, वजीरबाग वार्षिक मूल्य 11,520 सक 7,200 किया गया।
- **जोन-7 :** राम कुमार बलोधी, शंकरपुरवा-3 वार्षिक मूल्य 27,216 से 18,000 और जगदेवी, विकास नगर वार्षिक मूल्य 1,04,760 से 58,968 किया गया।
- **जोन-8 :** मुन्नी देवी सरपोटगंज, वार्षिक मूल्य 18,240 से 11,520 व राजदेव प्रसाद, कृष्ण विहार, इब्राहिमपुर, वार्षिक मूल्य 10,800 से 9,000 किया गया।

आज शाम मड़ियांव ओवरब्रिज की ओर जाने से बचें

अमृत विचार, लखनऊ : चुनावी जन सभा के मद्देनजर शनिवार दोपहर तीन बजे से कार्यक्रम के समापन तक मड़ियांव ओवरब्रिज के आसपास जाने से बचें। इस एरिया में डायवर्जन लागू रहेगा। यातायात व्यवस्था सुचारू रखने के लिये डीसीपी ट्रैफिक ने वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किये हैं। मडियांव ओवर ब्रिज ढाल सीतापुर की तरफ से आने वाले वाहन केशवनगर की ओर नहीं जा सकेंगे। इनके लिये वैकल्पिक मार्ग इन्जीनियरिंग कॉलेज होकर निर्धारित किया गया है। पुरनिया की ओर से मडियांव थाना की तरफ वाहनों का आवागमन बंद रहेगा। वैकल्पिक मार्ग केशवनगर ढाल से केशवनगर होकर तय किया गया है। डालीगंज और राम-राम बैंक की ओर से आने वाले भारी वाहन पक्का पुल से पुरनिया ओवरब्रिज की ओर नहीं जा सकेंगे। वैकल्पिक मार्ग बन्धा रोड से फैजुल्लागंज होकर तय किया गया है।

बिना अनुमति के होर्डिंग लगाने वाली कोचिंग पर एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ नगर निगम के कर निरीक्षक की तहरीर पर हजरतगंज पुलिस ने की कार्रवाई

अमृत विचार : नगर निगम से बिना अनुमति लिए जानलेवा होर्डिंग लगाने वाली जीमान कैमेस्ट्री कोचिंग पर एफआईआर दर्ज की गई है। नगर निगम के कर निरीक्षक की शिकायत पर हजरतगंज पुलिस ने यह कार्रवाई की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

प्रभारी निरीक्षक हरजतगंज विक्रम सिंह के मुताबिक नगर निगम के कर निरीक्षक कृष्ण मगन सिंह ने शिकायती पत्र दिया है। इसमें बताया कि वह क्षेत्र में 14 मई को भ्रमण कर रहे थे। इस दौरान जीमान कैमस्ट्री कोचिंग ने हजरतगंज क्षेत्र में सरकारी भवन पर जानलेवा होर्डिंग लगा रखी थी।

इसके लिए कोचिंग संस्थान व होर्डिंग लगाने वाली एजेंसी ने नगर निगम से अनुमति नहीं ली है। यह पूरी तरह से अवैध रूप से प्रचार प्रसार की श्रेणी में आता है। होर्डिंग लगाने वाली संस्था और एजेंसी ने सरकारी संपत्ति को नुकसान करने का प्रयास किया है।

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि प्रार्थना पत्र के आधार पर एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

मतदान केंद्र के पास है मकान तो न बुलाएं दोस्त व मेहमान

करीब 1000 मकान मालिकों को पुलिस ने भेजा नोटिस

कार्यालय संवाददात, लखनऊ

अमृत विचार : राजधानी में मतदान केंद्रों के पास बने करीब 1000 मकानों के मालिकों को पुलिस ने नोटिस भेजा है। यह नोटिस सीआरपीसी की धारा 149 के तहत भेजी गई है। मकान मालिकों को सख्त निर्देश दिये गए हैं कि मतदान के दिन घर के पास भीड़ न जुटने दें। बाहरी लोगों को मतदान के दिन घर पर न ठहराएं।

पुलिस की ओर से जारी नोटिस में कहा गया कि अगर उनके घर के बाहर खड़े लोगों की वजह से मतदान में व्यवधान हुआ तो कार्रवाई की जाएगी। पुलिस की ओर से एक अन्य नोटिस मतदान केंद्र के पास रहने वाले अजराकतत्वों को भी दी जा रही है। नोटिस के माध्यम से उन्हें निर्देश दिए गए हैं कि अगर माहौल बिगाड़ने की कोशिश की तो खैर नहीं है। मतदान के समय अगर कोई केंद्र के आसपास किसी प्रकार का अपराध करता है तो उसका साथ कोई न दे।

अन्यथा संबंधित व्यक्ति के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा पुलिस मतदान के दौरान अशांति फैलाने की आशंका वाले व्यक्तियों को भी नोटिस दे रही है। पांच जोन में एक हजार से अधिक लोगों को नोटिस दी जा चुकी है। एडीसीपी चुनाव सेल जया शांडिल्य ने बताया कि शांतिपूर्वक लोकसभा चुनाव कराने के लिए नोटिस दी जा रही है। चुनाव के समय अगर किसी ने माहौल बिगाड़ने की कोशिश की तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

वेबसाइट से मिलेगी मतदान केंद्र की पूरी जानकारी

अमृत विचार, लखनऊ : मतदान प्रक्रिया की जानकारी अब वेबसाइट पर मिल सकेगी। इसके लिए जिला स्तर पर वेबसाइट Boothlocation.in तैयार की गई है। वेबसाइट पर मतदान केंद्र की भौगोलिक स्थिति, मतदाता सूची, मतदाता पर्ची, बूथ पर कतारबद्ध मतदाताओं की जानकारी आदि उपलब्ध रहेगी। 20 मई को मतदाता बूथ पर संभावित प्रतीक्षा अवधि की जानकारी ले सकते हैं।

आज से बंद रहेंगी शराब और बियर की दुकानें

अमृत विचार, लखनऊ : लोकसभा चुनाव के चलते लखनऊ के आसपास शराब, बियर और भांग की दुकानें शनिवार से सोमवार शाम तक बंद रहेंगी। जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। लखनऊ में 20 मई को मतदान होना है। इसलिए 18 तारीख की शाम छह बजे से 20 मई को मतदान खत्म होने तक शराब, बियर और भांग की दुकानें बंद रहेंगी। जबकि मतगणना वाले दिन चार जून को भी शराब के ठेके बंद रहेंगे। उन्होंने कहा कि इसका उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

कार्यशाला | केजीएमयू में चिकित्सा विशेषज्ञों ने ट्रांस जेंडरों के स्वास्थ्य को लेकर की चर्चा

भेदभाव के कारण ट्रांस जेंडरों में आत्महत्या की प्रवृत्ति 40 गुना अधिक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : शारीरिक, मानसिक प्रताड़ना और भेदभाव के कारण सामान्य लोगों की तुलना में ट्रांस जेंडरों में आत्महत्या की प्रवृत्ति 40 गुना अधिक होती है। अस्पतालों में इलाज की अलग व्यवस्था न होने के कारण उन्हें दिक्कत का सामना भी करना पड़ता है। ये बात शुक्रवार को ट्रांस जेंडरों के स्वास्थ्य को लेकर केजीएमयू में आयोजित कार्यशाला में चिकित्सा विशेषज्ञों ने कही।

केजीएमयू की कुलपति डॉ.सोनिया नित्यानंद ने बताया कि कुछ दिनों पहले सरकार के एक मंत्री से ट्रांसजेंडरों के लिए अलग वार्ड बनाने की बात कही। हम उसे जरूर बनाएंगे, पर सवाल ये है कि आखिर ट्रांसजेंडरों के अलग से वार्ड क्यों, इस पर भी विचार करने की जरूरत है। राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.अमर पाल सिंह भी मौजूद रहे।

बाल दुर्व्यवहार के शिकार हो जाते हैं : मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. पवन कुमार गुप्ता ने बताया कि ट्रांसजेंडर को बचपन से तमाम तरह की समस्याएं होती हैं। यह बाल दुर्व्यवहार के शिकार होते हैं। आम तौर पर किसी के लिए परिवार का जो सपोर्ट सिस्टम होता है, ट्रांसजेंडर के लिए वही परिवार टॉर्चर सिस्टम की तरह होता है। कुछ मामलों में उन्हें कॉरेक्टिवे रेप जैसे जघन्य अपराध का सामना भी करना पड़ता है।

तीन फीसदी ट्रांसजेंडर ही घरवालों के साथ रहते हैं

पहली ट्रांसजेंडर डॉ. अक्सा शेख ने बताया कि इस समुदाय की समस्या यह है कि सिर्फ तीन फीसदी ही परिवार के साथ रहते हैं। 97 फीसदी बाहर रहते हैं। बीमार होने पर इनकी देखभाल करने वाला कोई नहीं होता है। ट्रांसजेंडर को माहवारी व अन्य स्वास्थ्य समस्या होने पर अस्पताल जाने पर इलाज में तमाम तरह की अड़चने आती हैं। उनके साथ भेदभाव किया जाता है। उनमें बेहद गंभीर एसटीआई, एचआई और मंकी पॉक्स बीमारी का खतरा ज्यादा रहता है। केजीएमयू की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सुजाता देव ने बताया कि क्वीन मेरी के एडोलसेंट क्लीनिक में कई अभिभावक बच्चों को लेकर आते हैं। कई अभिभावकों की परेशानी होती है कि उनकी बेटी का व्यवहार लड़के जैसा है। ऐसी बेटियों की काउंसलिंग की जाती है। इससे औसतन 80 फीसदी मामलों में स्थिति सामान्य हो जाती है। उन्होंने कहा कि केवल जागरूक रहने की जरूरत है, क्योंकि ऐसे केस में स्पेशल या अलग ट्रीटमेंट की जरूरत नहीं होती, बस सामान्य तरीके से बर्ताव करना है। वो भी उसी समाज के अंग हैं, जैसे बाकी लोग।

पल्मोनरी पैलेटिव केयर सुविधा देने वाला प्रदेश का पहला सेंटर बना केजीएमयू

अमृत विचार, लखनऊ : किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग में प्रदेश का पहला पल्मोनरी पैलेटिव केयर सेंटर बनाया गया है। यह जानकारी शुक्रवार को विभाग में आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला में विभागाध्यक्ष प्रो. सूर्यकांत ने दी। संस्थान की कुलपति प्रो.सोनिया नित्यानंद भी मौजूद रहीं। डॉ. सूर्यकांत ने बताया कि श्वसन के गंभीर एवं पुराने रोगियों के लिए पल्मोनरी पैलेटिव केयर एक वरदान है। जब कोई ऐसा रोगी आता है, तो पहला उद्देश्य उसका इलाज और दूसरा उद्देश्य रोग के लक्षणों पर नियंत्रण करना होता है। तीसरा मरीज को रोग से राहत दिलाना, चौथा उसके रोग की तीव्रता पर काबू पाना। रोग को रोक पाने में असमर्थता होने पर शुरू होती है पल्मोनरी पैलेटिव केयर। डॉ. सूर्यकांत ने कहा कि पल्मोनरी पैलेटिव केयर बहुआयामी चिकित्सा पद्धति है। इसमें सूक्ष्म व्यायाम, योग, प्राणायाम, दर्द का उपचार, काउंसलिंग, आहार, मानवीय संवेदना, ऑक्सीजन नेबुलाइजेशन और अन्य सहायक चिकित्सा पद्धति समावेशित है। कार्डिफ यूनिवर्सिटी यूनाइटेड किंगडम की प्रो. डॉ. श्रीदेवी वारियर ने कहा कि रोगी के इलाज के साथ परिवार की तकलीफ का निदान भी होना चाहिए। रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग के असिस्टेंट प्रो. डॉ. अंकित कुमार ने पल्मोनरी पैलेटिव केयर की जटिलताओं के बारे में समझाया। मैक्स सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के डॉ. रजनीश श्रीवास्तव, डॉ. शिवम श्रीवास्तव, डॉ. मीरा, डॉ. आरएएस कुशवाहा ने भी जानकारी साझा की।

बिजली कंपनियों से मांगी गई सुधार कार्य की रिपोर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ आपूर्ति सुधार योजना में सीएजी ने शुरू की परफार्मेंस आडिट

अमृत विचार: मध्यांचल विद्युत वितरण निगम में स्मार्ट प्रीपेड मीटर में चाइनीज कंपोनेंट का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ, इसी बीच प्रधान महालेखाकार कार्यालय (सीएजी) ने बिजली आपूर्ति सुधार के लिए चल रही आरडीएसएस व स्मार्ट प्रीपेड मीटर योजना की परफॉर्मेंस ऑडिट शुरू कर दी है। इस सिलसिले में निगम से रिपोर्ट मांगी गई है।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद की ओर लंबे समय से आरडीएसएस व स्मार्ट प्रीपेड मीटर योजना की सीबीआई व सीएजी से जांच कराने की मांग की जा रही थी।

सूत्रों के अनुसार सीएजी ने आरडीएसएस स्कीम की परफॉर्मेंस ऑडिट शुरू कर दी गई और मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक से क्लस्टर 1 और क्लस्टर 7 की डीपीआर टेंडर फाइल, एग्रीमेंट फाइल, कॉन्टैक्टर पेमेंट प्रोग्रेस रिपोर्ट, बिल और पेमेंट वाउचर सहित स्मार्ट प्रीपेड मीटर वर्क की डीपीआर टेंडर फाइल, एग्रीमेंट फाइल, कॉरेस्पोंडेंस फाइल, कॉन्टैक्टर पेमेंट व प्रोग्रेस रिपोर्ट मांगी है।

एक नजर

गर्मी की छुट्टियों के बाद मिलेगा यूनिफॉर्म का बजट

अमृत विचार, लखनऊ : प्राइमरी स्कूलों में अभी तक बच्चों के यूनीफार्म का पैसा अभिभावकों के खाते में नहीं आया है। स्थिति ये है कि 40 फीसदी बच्चों के पास यूनीफार्म नहीं है। अन्य बच्चे पुरानी ड्रेस, जूता-मोजा और बैग लेकर आ रहे हैं। शिक्षकों ने बच्चों का ब्योरा अपलोड कर दिया है। शनिवार से प्राइमरी स्कूलों में गर्मियों की छुट्टियां शुरू हो रही हैं। अब 18 जुलाई को स्कूल खुलेंगे। ऐसे में अब बच्चे नई यूनीफार्म के साथ जुलाई में स्कूल आएंगे। जिले में 1,619 प्राइमरी स्कूल संचालित हो रहे हैं। इनमें करीब डेढ़ लाख छात्र-छात्राएं पढ़ रहे हैं। विभाग की ओर से बराबर डीबीटी पर बच्चों का ब्योरा मांगा जा रहा है। स्कूलों ने अपलोड भी कर दिया है। उसके बाद भी ये बजट नहीं जारी हो सका है।

मेरी तरफ से कोई गड़बड़ी नहीं, दूसरे जानें...

मामला : लविवि में उर्दू के चौथे सेमेस्टर की परीक्षा में पूछा गया था छठे सेमेस्टर का प्रश्न

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय के परीक्षा पत्र में हुई गड़बड़ी का मामला गहराता जा रहा है। शिया पीजी कॉलेज के उर्दू विभागाध्यक्ष ने मिली नोटिस के जवाब में कहा है कि उन्होंने पेपर बनाते समय कोई गड़बड़ी नहीं की, इस बात का उनके पास साक्ष्य भी मौजूद है। आगे कैसे गड़बड़ी होकर परीक्षा पत्र छप गया, इसके लिए दूसरे लोग जाने। उधर, लविवि प्रशासन गड़बड़ी खोजने में जुटा हुआ है।

गुरुवार को लखनऊ विश्वविद्यालय ने विवि और उससे संबद्ध महाविद्यालयों में उर्दू के चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा आयोजित की थी। प्रथम प्रश्न पत्र में पूछे गए सवालों में छठे सेमेस्टर के प्रश्न प्रकाशित मिले तो छात्रों ने विरोध किया। हंगामे के बीच विवि प्रशासन की ओर से परीक्षा निरस्त करते हुए तिथियां आगे बढ़ाई गईं।

विभागाध्यक्ष ने कहा, मैंने पेपर सही दिया था, छपकर गलत कैसे हो गया, मुझे नहीं मालूम

उधर, कुल प्रकरण को लेकर प्रश्न पत्र निर्माता और मॉडरेटर को नोटिस भी जारी की गई। शुक्रवार सुबह से ही शिया पीजी कॉलेज के उर्दू विभागाध्यक्ष डॉ. नाजिम हुसैन खान से सवाल-जवाब शुरू हो गए। ऐसे में उन्होंने नोटिस का जवाब तैयार किया। डॉ. खान का दावा है कि प्रश्न पत्र बनाने में कोई गड़बड़ी नहीं की गई थी। इसके साक्ष्य भी उनके पास मौजूद हैं। सेमेस्टर के प्रश्न पत्र को नियमतः तैयार कर लविवि कार्यालय भेजा गया।

पेपर को अंतिम रूप देने से लेकर प्रकाशित होने की प्रक्रिया तक कहां गड़बड़ी हुई, उन्हें इस बात की जानकारी नहीं है। इसका जवाब दूसरे लोग ही बता सकते हैं। अब ये दूसरे लोग कौन हैं, इनकी ओर से गड़बड़ी किये जाने के पीछे उद्देश्य क्या था। इन्हीं सवालों को खोजने में विवि प्रशासन जुटा हुआ है। विवि प्रशासन का कहना है कि जांच अभी जारी है। प्रश्न पत्र निर्माता के अलावा मॉडरेटर से भी जवाब मांगा गया है।

लगातार चर्चाओं में है प्रिंटिंग प्रेस

लखनऊ विश्वविद्यालय से लेकर छत्रपति साहूजी महाराज विश्वविद्यालय तक आयोजित हो रही परीक्षाओं में एक प्रिंटिंग प्रेस चर्चा में है। बीते सप्ताह लखनऊ विश्वविद्यालय के केकेसी सहित कुछ अन्य महाविद्यालयों में ओएमआर शीट बांटे जाने के दौरान भी इसी का नाम सामने आया था। क्योंकि लविवि की परीक्षाओं में कानपुर विवि की ओएमआर शीट बंट गई थी। हालांकि उन ओएमआर शीट को लेकर सीएसजेएम विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति प्रो. विनय पाठक ने साफ कह दिया था कि ओएमआर शीट का उनके विवि से कोई भी लेना- देना नहीं है।

राष्ट्रगौरव और पर्यावरण अध्ययन 11 को

परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया है कि लखनऊ विश्वविद्यालय और संबद्ध महाविद्यालयों में राष्ट्र गौरव और पर्यावरण अध्ययन की परीक्षा 11 जून को आयोजित की जाएगीं। प्रथम पाली में आयोजित परीक्षा प्रात : 9 :00 बजे से शुरू होकर 10 :30 बजे समाप्त होगी।

स्मार्ट कक्षाओं के लिए शिक्षकों का होगा प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : समग्र शिक्षा के अन्तर्गत विद्यालयों में स्थापित कराये जा रहे स्मार्ट कक्षाओं के लिए शिक्षकों का प्रशिक्षण कराया जायेगा। इस संबंध में डायट पर एक दिवसीय प्रशिक्षण निर्धारित किया गया है।

प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, कम्पोजिट एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में मौजूदा समय में स्मार्ट कक्षाओं की स्थापना की जा रही है। नये शैक्षिक सत्र में अधिक से अधिक स्कूलों में स्मार्ट कक्षा संचालित हो सके इसके लिए प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में प्रदेश के सभी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को एक दिवसीय प्रशिक्षण कराये जाने के निर्देश जारी किए गये हैं। इसके साथ ही समय सारिणी के अनुसार जिलों के मास्टर ट्रेनर्स व खंड शिक्षा अधिकारियों को प्रशिक्षण में प्रतिभाग करने के लिए निर्देशित किया गया है।

आउट ऑफ स्कूल बच्चों के लिए आयोजित होगा विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम

अमृत विचार, लखनऊ : समग्र शिक्षा की वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट 2024-25 में प्रस्तावित कार्ययोजना के अनुरूप प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्तर के आउट ऑफ स्कूल बच्चों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित होगा। इसके लिए मास्टर ट्रेनर्स तैयार किए जायेंगे। मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण राज्य शिक्षा संस्थान, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज की ओर से किया जायेगा। राज्य शिक्षा संस्थान में आयोजित होने वाले प्राथमिक स्तरीय विशेष प्रशिक्षण के मास्टर ट्रेनर्स का तीन दिवसीय प्रशिक्षण तीन फेरों में आयोजित किया जायेगा। उच्च प्राथमिक स्तरीय विशेष प्रशिक्षण के मास्टर ट्रेनर्स का तीन दिवसीय प्रशिक्षण 1 जून से 20 जून तक पांच फेरों में आयोजित किया जायेगा।

दुर्व्यवहार और उत्पीड़न के लिए करें शिकायत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग की ओर से ब्राइट वे पब्लिक स्कूल बाबूगंज में कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में पॉक्सो अधिनियम और बच्चों के साथ बढ़ रहे अपराध की रोकथाम को लेकर छात्रों को कानून संबंधी जानकारी दी गई।

लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रों ने दीं जानकारियां

कार्यक्रम का आयोजन क्रिमिनल जस्टिस एडमिनिस्ट्रेशन के सहायक आचार्य डॉ. ओमेंद्र कुमार यादव के संयोजन में किया गया। छात्र अनुपम गुप्ता ने बताया कि 18 वर्ष की आयु से कम उम्र वाला इस अधिनियम के अन्तर्गत अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है।

इस दौरान छात्रों को जागरूक किया गया कि वे किसी भी दुर्व्यवहार और उत्पीड़न के लिए शांत न बैठकर अपने माता-पिता या शिक्षकों को इसके बारे में बताए। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक भी मौजूद रहे।

मतदान करने को लेकर जागरूकता रैली निकालते सेंट जोसफ स्कूल के बच्चे। अमृत विचार

एमबीए, एमसीए का परीक्षा परिणाम घोषित

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के विषम सेमेस्टर परीक्षा के एमबीए इंटीग्रेटेड और एमसीए इंटीग्रेटेड पाठ्यक्रम के तीसरे, 5वें, 7वें और 9वें सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम हो गए हैं। छात्र अपना परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर देख सकते हैं। जिन छात्रों की एबीसी आईडी नहीं बनी हैं, उनका परिणाम रोक दिया गया है।

दो हजार सरकारी विद्यालयों में स्थापित होंगी एआई व रोबोटिक्स लैब

सीएसआर फंड से सभी सरकारी स्कूलों में लैब की स्थापना के लिए प्रस्ताव जारी

रविशंकर गुप्ता, लखनऊ

अमृत विचार : बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित 2000 प्राइमरी और जूनियर विद्यालयों में एआई व रोबोटिक्स लैब स्थापित की जायेगी। ये लैब कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों को ध्यान में रखते हुए पूरी तरह से डिजाइन की गई है। इससे बच्चों की बौद्धिक क्षमता भी विकसित होगी। अधिकारियों का मानना है कि आज की तकनीकी और इंटरनेट के दौर में बच्चों के लिए ये काफी कारगर साबित होगी।

इस लैब को प्रमुख सचिव बेसिक डॉ. एमके. शनमुगा सुंदरम ने शुक्रवार को करीब से देखा और उसे समझा है। राजधानी के द मिलेनियम स्कूल में बनी इस लैब को आईआईटी कानपुर के पूर्व छात्रों की ओर से स्थापित स्टेमपीडिया ने तैयार किया है।

रोबोटिक्स लैब के बारे में जानकारी लेते प्रमुख सचिव बेसिक डॉ. एमके शनमुगा सुंदरम।

लैब में कोडिंग, एआई, रोबोटिक्स, एसटीईएम और टिंकरिंग जैसी 21वीं सदी की तकनीकी के बारे में सीखने का अवसर मिलेगा। प्रमुख सचिव के साथ बीएसए राम प्रवेश, जिला समन्वयक अखिलेश अवस्थी, प्रिंसिपल डॉ. मंजुला गोस्वामी स्वप्निल कुमार (पार्टनरशिप प्रमुख, स्टेमपीडिया), हेडमिस्ट्रेस पूजा, उप प्रिंसिपल दीपक, मास्टर ट्रेनर सुमन कुमारी, स्कूल समन्वयक सुहानी, रोबोटिक्स प्रशिक्षक शिवम पाल और अमित उपस्थित थे।

कई राज्यों में भी हुई है लैब की स्थापना

आईआईटी कानपुर के पूर्व छात्रों ने अभी तक इस तरह की लैब हरियाणा, गुजरात, मध्य प्रदेश, गोवा, दिल्ली, असम, मेघालय और अरुणाचल प्रदेश सहित अलग-अलग राज्यों में स्थापित की हैं। इस तरह की 1700 से अधिक लैब से निजी विद्यालयों के बच्चों को लाभ पहुंच रहा हैं।

आईआईटी के पूर्व छात्रों के प्रयासों की सराहना

प्रमुख सचिव ने आईआईटी के पूर्व छात्रों के प्रयासों की सराहना की है और सीएसआर फंड के माध्यम से पूरे उत्तर प्रदेश के सरकारी स्कूलों में ऐसी लैब स्थापित करने का प्रस्ताव भी मांगा है।

स्मार्ट क्लास की तरह बच्चों को आकर्षित करेगी लैब

सरकारी स्कूलों में स्मार्ट क्लास के लिए प्रदेश सरकार ने खास पहल की है। इसके लिए हाई स्पीड इंटरनेट सेवा और स्मार्ट टीवी डिस्पले बोर्ड लगने शुरू हो गए हैं। शैक्षिक सत्र 2024-25 में काफी संख्या में ये सुविधा प्रदान की गई है जिससे नामांकन संख्या भी बढ़ रही है।

मतदान के लिए स्कूली बच्चों ने किया जागरूक

अमृत विचार, लखनऊ : लोकतंत्र के इस पावन पर्व पर हाथों में छोटे छोटे तिरंगे और मतदान शपथ पत्र के सलोगन लिखी हुई तखतियां लिए हुए सीतापुर रोड स्थित सेंट जोसेफ के हजारों छात्र छात्राओं ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए भव्य रैली निकाली। विद्यालय के प्रबंध निदेशक अनिल अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना करते हुए कहा की स्वस्थ लोकतंत्र का भार इन्ही बच्चों के कंधो पर है और ये ही भविष्य के लोकतंत्र के भाग्य विधाता हैं। हमें सारे काम छोड कर सबसे पहले मतदान करना है। बच्चों ने लोगो से चुनाव के दिन घर से निकल कर शत प्रतिशत वोट डालने की अपील की।

शिक्षकों और कार्यकर्ताओं ने लिया मताधिकार का संकल्प

अमृत विचार, लखनऊ : सिटी मोन्टेसरी स्कूल के 30 हजार से अधिक शिक्षकों व कार्यकर्ताओं ने सीएमएस गोमती नगर द्वितीय कैम्पस ऑडिटोरियम में आयोजित एक विशेष समारोह में लोकसभा चुनावों में अपने मताधिकार का उपयोग करने का संकल्प लिया। इस समारोह के माध्यम से सीएमएस शिक्षकों व कार्यकर्ताओं ने विद्यालय के 62,000 से अधिक छात्रों के अभिभावकों व अन्य जनमानस को लोकतंत्र के महापर्व में अधिकाधिक भागीदारी के लिए प्रेरित किया। यह जानकारी सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरिओम शर्मा ने दी है। उन्होंने बताया कि आगामी 20 मई को लखनऊ में लोकसभा के चुनाव होने है, ऐसे में सीएमएस अधिक से अधिक जनमानस को इस लोकतान्त्रिक प्रक्रिया में सहभागिता के लिए प्रेरित करने के साथ ही छात्रों व युवा पीढ़ी को मतदान के महत्व से अवगत करा रहा है। इसी कड़ी में सीएमएस के 62,000 छात्रों के अभिभावकों को वाट्सएप, फेसबुक व अन्य सोशल मीडिया माध्यमों से मतदान के महत्व से अवगत कराया।

सस्ती किताबों वाले प्रकाशकों की सूची नहीं हो सकी जारी

अमृत विचार, लखनऊ : माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से संचालित हाईस्कूल और इंटरमीडिएट कॉलेजों में पढ़ने वाले बच्चों को सस्ती किताबों के लिए प्रकाशकों की सूची अभी तक नहीं जारी हो सकी है। जबकि नया शैक्षिक सत्र के 45 दिन बीत चुके हैं। ये सूची माध्यमिक शिक्षा परिषद सचिव की ओर से जारी की जानी थी लेकिन इस बार नहीं जारी हुई है। ऐसे में अभिभावकों को मंहगी किताबें खरीदनी पड़ रही हैं। इसका फायदा निजी विद्यालय भी उठा रहे हैं। इस बारे में अधिकारियों ने भी चुप्पी साध रखी है वह भी अपना जवाब देने से बच रहे हैं।

सीयूईटी: समय की बाधा ने बढ़ाईं छात्रों की परेशानियां

अमृत विचार, लखनऊ : कंबाइन यूनिवर्सिटी एंट्रेस टेस्ट (सीयूईटी) का आयोजन शुक्रवार को भी हुआ। चार पालियों में आयोजित परीक्षा में आए प्रश्नों को लेकर परीक्षार्थी समस्याओं को गिनाते नजर आए। 37 केन्द्रों पर आयोजित परीक्षा लखनऊ और उसके बाहरी क्षेत्रों में आयोजित हुई। बीकेटी स्थित एसडीएसएन डिग्री कॉलेज से परीक्षा देकर निकले परीक्षार्थी सुमित और गौरव का कहना था कि अकाउण्ट और बिजनेस स्टडी में पेपर एक घण्टे और 45 मिनट का था। ऐसे में कठिन पेपर को हल करने में समय अधिक लग गया और परेशानियों का सामना करना पड़ा। कुछ परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षार्थियों ने परीक्षा कक्ष में अव्यवस्थाओं की बात भी कही।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

सूचना

सूचित हो कि मैने अपना नाम PAUL RAJU से बदलकर P.P. RAJU रख लिया। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-J.R. PONNAIYAN, 25, S.T THERESA SCHOOL SECTOR, 1 JAL VAYU VIHAR FIRANGI KHERA LUCKNOW (U.P)-226002

सूचना

सूचित हो कि राजरानी पत्नी राज कुमार, निवासी- ग्राम- कमुवा, थाना- रामपुर कला परगना व तहसील बिसवां जिला- सीतापुर मेरे पति राजकुमार जुआ, शराब व आवारा किस्म की औरतों के चक्कर में कही भटक रहा है तथा अपने पिता की सम्पूर्ण भूमि को विक्रय कर दिया है मेरे पास स्व0 आर्जित सम्पत्ति है जिससे मेरे पति राजकुमार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं है अपने कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मै अपने पति को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूँ।

सूचना

सूचित हो कि मैंनें अपने पुत्र हरिओम सिंह के गलत आचरणों से दुःखी होकर उससे सभी प्रकार से संबंध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल संपत्तियों से भी बेदखल कर दिया है अब वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा। उससे मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा। - विश्राम सिंह पुत्र डल्ला सिंह, निवासी- मोहल्ला- आनन्दीदास थाना व जिला - कन्नौज

Notice

I, Safia Firdous wife of Firdous Alam, resident of Plot No. 76, Road No. 5, Emerald Gulistan, Jajmau, Kanpur Nagar-208010.My name in my passport number is J2876385. J.T.Chhachhand is written. However, I am keeping my name as Safia Firdous which is Aadhar card number 8823 3709 so in my passport my name should be recorded as Safia Firdous instead of Safia Tarannum. Safia Tarannum and Safia Firdaus are the names of the same person.

प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग

(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)

शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग

(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.

(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.

(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

मो. 9412151327, 7521001992

पता

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल

NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

क्या ऑपरेशन ही एक मात्र समाधान है ?

SINCE 2006

जोड़ों का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस में!

कहीं आप इन जटिल रोगों से परेशान तो नहीं? जोड़ो का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस, रूमेटॉइड अर्थ राइटिस, स्लिपडिस्क, कमर दर्द, कंधे का दर्द/फ्रोजेन शोल्डर, स्याटिका, मांसपेशियों का दर्द, एड़ी का दर्द, वातरक्त (GOUT) इत्यादि।

दर्द की दवाइयाँ खाकर अपने शरीर को नुकसान न पहुंचाये - आयुर्वेद अपनायें

वाचक आयुर्वेद®

आइए इसी संबंध में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा जी से हुई बातचीत के कुछ अंश

प्रश्न 1: गठिया रोग की पहचान कैसे करें ?

उत्तर : गठिया रोग का सबसे प्रमुख लक्षण है जोड़ों में दर्द होना जब जोड़ों में दर्द व सूजन कुछ दिन या हफ्तों में ठीक ना हो और चलते फिरते या उठते बैठते दर्द होने लगे तो हमें चाहि, कि किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लें

प्रश्न 2: डा0 कहते हैं कि आपके घुटनों का गिरीश सूख गया है तो यह गिरीश क्या होता है?

उत्तर : यहां एक गाढ़ा तरल पदार्थ है जिसे सायनोवियल फ्लुएड कहते हैं जो आपके जोड़ों को हिलने डुलने में मदद करता है और आपस में रगड़ खाने से रोकता है

प्रश्न 3: रूमेटोइड अर्थराइटिस क्या है?

उत्तर : यह एक ऑटोइम्यून डिजीज है जिसमें शरीर की इम्युनिटी स्वस्थ कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाना शुरू कर देती हैं जो जोड़ों में दर्द सूजन और जकड़न का कारण बनती है इसे आयुर्वेद में आमवात के नाम से जाना जाता है

प्रश्न 4: क्या बिना ऑपरेशन के गठिया में आराम हो सकता है?

उत्तर : आयुर्वेद शास्त्र के अनुसार गठिया एक जटिल बीमारी है तथा इसमें ऑपरेशन नहीं बताया गया है यह वातव्याधि के अंतर्गत आता है जिसमें वात नाशक व रसायन औषधियों का प्रयोग किया जाता है जिससे जोड़ो में चिकनाहट बनना शुरू हो जाता है और जोड़ों का दर्द व सूजन कम हो जाने से मरीज को चलने फिरने में आराम हो जाता है

प्रश्न 5: क्या अत्यधिक पेन किलर खाना नुकसानदायक है?

उत्तर : हां अत्यधिक पेन किलर खाने से हमारे शरीर को नुकसान हो सकता है विशेषतया हमारे पेट व गुर्दे को नुकसान पहुंच सकता है

प्रश्न 6: डॉक्टर साहब बिना दर्द की दवा के मरीज को आराम कैसे मिलेगा?

उत्तर : जोड़ों में दर्द का मुख्य कारण जोड़ों के अंदर उपस्थित गिरीश का कम हो जाना जिससे हड्डियां आपस में रगड़ खाती है जिससे दर्द व सूजन की स्थिति पैदा होती है आयुर्वेदिक औषधियों में एंटीऑक्सीडेंट मल्टीविटामिन Antiinflammatory व रसायन गुण होते हैं जिससे जोड़ों में चिकनाहट उत्पन्न होती है इस कारण हड्डियां आपस में रगड़ कम खाती हैं जिससे दर्द व सूजन में आराम हो जाता है

प्रश्न 7: सवाल घुटनों के दर्द व गठिया में क्या क्या नहीं खाना चाहिए?

उत्तर : आयुर्वेद के अनुसार जोड़ों का दर्द व गठिया वात व्याधि के अंतर्गत आती है अतः वाद वर्धक आहार-विहार जैसे उड़द की दाल कटहल घुईया बैगन भिंडी राजमा मटर कद्दू वा देर रात तक जागना हानिकारक होता है

प्रश्न 8: गठिया रोग में क्या क्या खाना फायदेमंद होता है?

उत्तर : गठिया रोग में सूप सलाद हरी सब्जियां दूध मट्ठा पनीर अंजीर अखरोट पपीता अनार इत्यादि खाना फायदेमंद होता है

प्रश्न 9: डॉक्टर साहब गठिया से पीड़ित मरीजों को क्या सलाह देना चाहते हैं?

उत्तर : गठिया से पीड़ित मरीजों को नियमित रूप से तेल की मालिश सिकाई व एक्सरसाइज करना चाहिए तथा सीढ़ी ज्यादा ना चढ़े व नीचे ना बैठे तथा जल्द से जल्दआयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह लें जिससे आप की बीमारी आगे ना बढ़े

प्रश्न 10: अच्छा डॉक्टर साहब यदि कोई मरीज ऑपरेशन कराने के बाद भी उसे दर्द या तकलीफ रह जाती है तो क्या ऐसे मरीजों में भी आयुर्वेदिक दवाइयां लाभकारी होंगी?

उत्तर : हां बिल्कुल ऑपरेशन के बाद भी यदि मरीज को दर्द या तकलीफ रह जाती है तो आयुर्वेदिक दवाइयों से इलाज किया जा सकता है

डॉ. ओम प्रकाश वर्मा
MD (आयुर्वेद) आयुर्वेद स्पेशलिस्ट

पुरस्कार एवं सम्मान

- सन 2015 में प्रसिद्ध मीडिया हाउस के द्वारा इन्हें बेस्ट आयुर्वेदिक चिकित्सक के सम्मान से सम्मानित किया गया
- सन 2017 में माननीय यूपी कैबिनेट मिनिस्टर श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी जी ने मार्वल हेल्थ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया
- सन 2017 में ही माननीय महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नाईक जी द्वारा पर्सनालिटी ऑफ इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया गया
- श्री बी एस डी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा टी.बी. दिवस पर एक कार्यक्रम में डॉक्टर साहब को उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया
- चैनल न्यूज 18 यूपी/उत्तराखंड ने कार्यक्रम लाइफ लाइन में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा को यूपी के हेल्थ मिनिस्टर माननीय श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह जी द्वारा सम्मानित किया गया
- संस्कृत संस्थान द्वारा मानव सेवा के कार्य में निशुल्क योगदान के लिए सम्मानित किया गया
- संस्था एक पहल द्वारा माननीय मेयर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया द्वारा यूपी आई कॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया

Web : www.vachak.in

अपॉइन्टमेंट के लिए सम्पर्क करें -

7080239313

7570060266

आलमबाग

पता: शॉप नं0 206, तालकटोरा रोड, निकट आलमबाग चौराहा, लखनऊ नियर बृजवासी बेकरी

परामर्श समय- सुबह 10:00 से 02:00 तक

मुंशीपुलिया

पता: 638/010 फरीदीनगर पिकनिक स्पॉट रोड, मुंशीपुलिया, लखनऊ नियर साहू पैलेस

परामर्श समय- सांय 06:00 से 09:00 तक

रविवार सांय अवकाश

वेलनेस सेंटरों पर लटका ताला, मायूस लौट रहे मरीज

उच्चाधिकारियों को सूचना दिए बगैर गायब रहते हैं डॉक्टर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लोगों को घर के पास एमबीबीएस डॉक्टर से बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 75 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (आयुष्मान आरोग्य मंदिर) खोले गए हैं। अभी कई और केंद्र खोले जाने हैं। प्रति महीने एक सेंटर पर करीब डेढ़ लाख रुपये खर्च हो रहे हैं। सेंटर खुलने का समय सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक है, लेकिन केंद्रों पर तैनात डॉक्टरों की मनमानी के कारण मरीजों को इलाज नहीं मिल पा रहा है।

ज्यादातर सेंटर बंद रहते हैं। सीएमओ की टीम की जांच में भी इसका खुलासा हो चुका है। कार्रवाई के नाम पर डॉक्टरों को नोटिस देकर खानापूर्ति ही की जाती है। शुक्रवार को अमृत विचार की टीम ने चार सेंटरों का दौरा किया। इसमें तीन सेंटरों पर ताला लटकता मिला, एक सेंटर पर डॉक्टर मौजूद नहीं थे। इस सबंध में सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल ने कहा कि निर्धारित समय से पहले सेंटर बंद होना गलत है। सभी सेंटर के डॉक्टरों को नोटिस देकर स्पष्टीकरण मांगा जाएगा।

गाजीपुर बलराम का बंद वेलनेस सेंटर।

समय 2 : 51 बजे
सेंटर : गाजीपुर बलराम, फैजुल्लागंज
यहां भी सेंटर पर बाहर से ताला लटक रहा था। आसपास के लोगों ने बताया कि सेंटर खुलने का समय निर्धारित नहीं है। डॉक्टर अपनी मर्जी से सुविधानुसार आते हैं। यहां आने वाले मरीजों को बिना इलाज के ही लौटना पड़ता है। एक स्थानीय व्यक्ति ने बताया कि आज सेंटर थोड़ी देर के लिए खुला था।

सत्यलोक कॉलोनी का बंद वेलनेस सेंटर।

समय 3 :21 बजे
सेंटर : सत्यलोक कॉलोनी, ताड़ीखाना
यहां भी सेंटर बंद मिला। आसपास के लोगों ने बताया कि सेंटर के खुलने और बंद होने का कोई निर्धारित समय नहीं है। यहां महिला डॉक्टर की तैनाती है, वह भी अक्सर नदारत रहती हैं। सेंटर पर दवाओं की भी कमी है। गर्मी की वजह से मरीजों की संख्या बढ़ी है। मरीजों को बगैर इलाज के लौटना पड़ता है।

त्रिवेणीनगर स्थित बंद वेलनेस सेंटर।

समय 2 :38 बजे, सेंटर : त्रिवेणीनगर
त्रिवेणी नगर मारुति पार्क स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का संचालन स्वास्थ्य विभाग की महिला डॉक्टर के पिता के घर पर हो रहा है। आरोप है यहां पर तय समय से पहले डॉक्टर व स्टाफ केंद्र पर ताला लगाकर चला जात है। शुक्रवार दोपहर 2 :38 बजे यह सेंटर बंद था। स्थानीय निवासी दुर्गेश अपनी बच्ची को लेकर केंद्र पर पहुंचे थे। केंद्र बंद होने से उन्हें बच्ची को लेकर निजी अस्पताल जाना पड़ा। बुजुर्ग मिथलेश दीक्षित भी दवा लेने आए थे, उन्हें भी बिना इलाज के लौटना पड़ा।

हनुमंत पुरम का वेलनेस सेंटर।

समय 2 :59 बजे, सेंटर : हनुमंत पुरम, फैजुल्लागंज
फैजुल्लागंज के हनुमंत पुरम में स्थित दो मंजिला भवन में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर खोला गया है। यहां दोपहर 2 :59 बजे टीम पहुंची। अंदर जाने पर कुल तीन की संख्या में स्टाफ मिला। डॉक्टर नदारत थे। पूछने पर बताया गया कि आज डॉक्टर नहीं आए हैं। न आने की वजह की किसी को जानकारी नहीं थी। लाइट न आने के कारण कमरों में अंधेरा था। उल्टी की शिकायत लेकर एक मरीज पहुंचा। जिसे नर्स ने मोबाइल की टॉर्च की रोशनी में दवा दे दी। दवा देने को लेकर किसी डॉक्टर की सलाह भी नहीं ली गई।

बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज कराने की शुरू हो कवायद तो रुके मनमानी : स्वास्थ्य विभाग के अफसरों के कहना है कि यदि बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज कराने की कवायद शुरू हो तो स्टाफ मनमानी नहीं कर सका है। सीएमओ का कहना है कि इस प्रक्रिया पर कवायद चल रही है। जल्द ही सभी केंद्रों पर बायोमेट्रिक लगाए जाएंगे।

20 को अस्पतालों की इमरजेंसी में आरक्षित रहेंगे 10-10 बेड

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मतदान वाले दिन अलर्ट रहेगा स्वास्थ्य विभाग
- डॉक्टरों व स्वास्थ्य कर्मियों की अतिरिक्त ड्यूटी लगाई गई

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को लेकर स्वास्थ्य विभाग भी अलर्ट हो गया है। अस्पतालों में 10-10 बेड आरक्षित कर दवाओं समेत अन्य जरूरी इंतजाम कर लिए गए हैं। डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों के ड्यूटी का रोस्टर जारी कर दिया है। पीजीआई, केजीएमयू और लोहिया संस्थान की इमरजेंसी में भी बेड आरक्षित किए हैं। 20 मई को मतदान वाले दिन चिकित्सा संस्थानों समेत सरकारी अस्पतालों की ओपीडी बंद रहेगी लेकिन इमरजेंसी सेवाएं पहले की तरह चलेंगी।

लोक बंधु अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय शंकर त्रिपाठी और बलरामपुर अस्पताल के सीएमएस डॉ. एनबी सिंह ने बताया कि उनके यहां इमरजेंसी में 10-10 बेड आरक्षित किए गए हैं। डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों की अतिरिक्त ड्यूटी लगाई गई है। सिविल अस्पताल के सीएमएस डॉ. राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि इमरजेंसी में 10 बेड आरक्षित कर डॉक्टरों व स्वास्थ्यकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। ओआरएस समेत जरूरी दवाएं भी उपलब्ध करा दी गई हैं।

मतदान केंद्रों पर भी मिलेगी इलाज की सुविधा

सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल ने बताया कि मतदान केंद्रों पर आशा कार्यकत्री एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। गर्मी के चलते ओआरएस और अन्य जरूरी दवाएं मुहैया कराई गई हैं। केंद्रों के पास एम्बुलेंस भी रहेंगी। जिले स्तर पर 14 डॉक्टरों की टीम बनाई गई है। किसी मतदान केंद्र पर चुनाव ड्यूटी में लगे अधिकारी, कर्मचारी, सुरक्षाकर्मी और मतदान कर्मियों को स्वास्थ्य संबंधी दिक्कत होने पर तुरंत उपचार मुहैया कराया जाएगा। सीएचसी और पीएचसी प्रभारियों को इलाके वार मतदान केंद्रों की जिम्मेदारी दी गई।

महिला के पेट से निकला आठ किलो का ट्यूमर

अमृत विचार : हजरतगंज स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) अस्पताल के सर्जन डॉक्टर आनंद मिश्रा और उनकी टीम ने 45 वर्षीय महिला के पेट से आठ किलो का ट्यूमर निकाल कर उसे नया जीवन दिया है। ऑपरेशन के बाद महिला पूरी तरह से स्वस्थ है। जल्द ही उसे छुट्टी दे दी जाएगी।

डॉ. आनंद मिश्रा ने बताया कि लखनऊ के ग्रामीण क्षेत्र की रहने वाली उषा देवी पेट के दर्द से परेशान थी। उसका पेट काफी फूल गया था। परिजनों ने उन्हें कई अस्पतालों में दिखाया। वहां बताया गया पैसा खर्च करने में परिजन असमर्थ थे। करीब दो सप्ताह पहले परिजन महिला सिविल अस्पताल लाए। जांच करने पर पता चला कि ट्यूमर इतना बड़ा है कि आंतें और पेशाब की थैली को दबा दिया है। आंतें दबने के कारण मरीज को भूख नहीं लग रही थी। हीमोग्लोबिन की मात्रा भी महज तीन बची थी। महिला को भर्ती कर पहले खून चढ़ाया गया। हीमोग्लोबिन साढ़े नौ होने पर शुक्रवार को सर्जरी की गई। करीब डेढ़ घंटे तक चली सर्जरी के बाद करीब आठ किलो का ट्यूमर निकाला गया। सर्जरी सरकारी खर्चे पर की गई है। सर्जरी करने में डॉ. समीम, डॉ. सचिन, ओटी असिस्टेंट किरन और एनेस्थीसिया के डॉक्टर एसके सिंह और उनकी टीम का विशेष सहयोग रहा।

अब थमेगा शोर, जा सकेंगे डोर-टू-डोर

वाहनों की अनुमति भी शाम 6 बजे के बाद स्वतः होगी समाप्त

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लोकसभा की दोनों सीटों और पूर्वी विधानसभा उपचुनाव के लिए चुनावी प्रचार का शोर आज शाम छह बजे से थम जाएगा। शाम छह बजे के बाद रैली, रोड शो और सभा की अनुमति नहीं होगी। प्रत्याशी केवल घर-घर जाकर जनसंपर्क कर सकेंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने कहा कि शनिवार शाम 6 बजे से 20 मई की शाम 6 बजे तक लाउडस्पीकर पर पूर्णतया रोक रहेगी। प्रत्याशियों के वाहनों की अनुमति भी शाम छह बजे के बाद स्वतः समाप्त हो जाएगी। प्रत्याशियों, उनके एजेंट और कार्यकर्ताओं के लिए 20 मई के लिए अलग से लाल रंग का वाहन पास जारी किया जाएगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जो लोग जिले के निवासी या मतदाता नहीं हैं वह 18 मई को 6 बजे के बाद से 48 घंटे के लिए जिले से बाहर चले जाएं। जिले के सभी होटलों, लॉज, गेस्ट हाउस की सघन तलाशी कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि 50 हजार से अधिक की नगदी बिना प्रमाण के ले जाते कोई मिला तो कार्रवाई होगी। साथ ही अवैध शराब या बिना लाइसेंस के शस्त्र ले जाने पर भी कार्रवाई होगी। 48 घंटे के भीतर अधिक एसएमएस और कॉल नहीं की जाएगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी गंगवार ने कहा कि मतदेय स्थल पूर्णतया तंबाकू मुक्त परिसर होंगे। परिसर में सिगरेट, गुटखा, तंबाकू का सेवन वर्जित रहेगा। घूंघट और पर्दानशीन महिलाओं को अपनी पहचान मतदान पार्टी में शामिल महिला कर्मी को बताने में सहयोग करना होगा। पहचान सत्यापित न कराने वाली महिला को संदिग्ध मानते हुए कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि अगर किसी मतदाता को वोटर पर्ची नहीं मिली है तो वह 1950 पर फोन करके शिकायत दर्ज कर सकता है। साथ ही आदर्श आचार संहिता से संबंधित शिकायत/निर्वाचन संबंधित जानकारी के लिए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम के हेल्पलाइन नंबर 0522-2611117, 26111118, 26111119 पर फोन कर सकता है।

मॉकपोल के बाद कंट्रोल यूनिट को करना होगा क्लियर

अमृत विचार, लखनऊ : लोकसभा और पूर्वी विधानसभा उपचुनाव के लिए माइक्रो आब्जर्वरों को मॉक पोल कराना होगा। वास्तविक मतदान होने से पूर्व कंट्रोल यूनिट में पड़े मतों को क्लियर करना होगा। साथ ही पीठासीन अधिकारी से मॉक पोल के प्रमाण पत्र पर और मतदान अभिकर्ता के हस्ताक्षर कराए जाएंगे।

जानकारी देते सूर्यपाल गंगवार।

जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने शुक्रवार को माइक्रो आब्जर्वरों को प्रशिक्षण दिया। उन्होंने कहा कि माइक्रो ऑब्जर्वर मतदान के दिन मतदान प्रारंभ होने से डेढ़ घंटे पहले मतदान केंद्र पर पहुंचेंगे और मतदेय स्थल पर निर्वाचन कार्य की प्रक्रिया का आकलन करेंगे। माइक्रो आब्जर्वर मतदान पार्टी के साथ काशीराम स्मृति उपवन से 19 मई को रवाना होंगे। माइक्रो आब्जर्वरों को मतदान दिवस के दिन प्रत्येक मतदान केंद्र के गतिविधियों की सूचना प्रेक्षकों को देनी होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि माइक्रो आब्जर्वरों को मतदान एजेंटों की उपस्थिति में अमिट स्याही लगवाने की व्यवस्था करनी होगी। इस दौरान प्रेक्षक ओम प्रकाश कसेरा, एडीएम भूअ द्वितीय, नगर मजिस्ट्रेट सिद्धार्थ, एसीएम चतुर्थ सचिन वर्मा आदि मौजूद रहे।

राजधानी के 1090 चौराहे से निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली में शामिल शिक्षिकाएं। अमृत विचार

लखनऊ का हर मतदाता है भारत का भाग्य विधाता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पिंक स्कूटी रैली निकाल कर शिक्षक- शिक्षिकाओं ने किया मतदाताओं को जागरूक

अमृत विचार: राजधानी में 20 मई को होने वाले मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए बेसिक और माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने पिंक स्कूटी व बाइक रैली निकाली। 1090 चौराहे पर रैली को मंडलायुक्त रोशन जैकब ने हरी झंडी दिखाई। 5 कालिदास मार्ग, गवर्नर हाउस, हजरतगंज मुख्य चौराहा से होते हुए रैली का समापन के.डी. सिंह बाबू स्टेडियम पर हुआ।

गुलाबी गुब्बारों से सजे दोपहिया वाहनों के साथ निकली रैली में पोस्टर, बैनर, स्टीकर पर लिखे स्लोगन मतदाताओं को जागरूक होने का संदेश दे रहे थे। रैली में अजी मुस्कुराइए, वोट के लिए जाइए, लखनऊ का हर मतदाता, है भारत का भाग्य विधाता", वोट डालने जाना है, अपना फर्ज निभाना है, जैसे नारे 1090 चौराहा से . डी. सिंह बाबू स्टेडियम तक गूंजते रहे।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी, अजय जैन ने कहा कि 20 मई 2024 को चुनाव है। इस बार 100% मतदान कराना है। डीआईओएस राकेश कुमार ने कहा कि शिक्षिकाओं की इतनी बड़ी रैली को देखकर यह उम्मीद की जा सकती है कि अबकी मतदान में लखनऊ एक बड़ा रिकॉर्ड बनाएगा। इस दौरान मतदान करने के लिए शपथ भी दिलाई गई। स्वीप नोडल अधिकारी अजय जैन, सह जिला विद्यालय निरीक्षक जय शंकर श्रीवास्तव, सह निरीक्षक आंग्ल भारतीय विद्यालय उत्तर प्रदेश, मनीषा द्विवेदी, स्वीप कोर टीम के सदस्य केएल शर्मा, कृष्ण कुमार शुक्ल, आयुष्मान, बेसिक शिक्षा विभाग अधिकारी भी शामिल रहे।

मतदाता जागरूकता रैली निकालते देश भारती पब्लिक इंटर कॉलेज के छात्र व शिक्षिकाएं।

देश भारती कॉलेज ने निकाली जागरूकता रैली

अमृत विचार, लखनऊ : देश भारती पब्लिक इंटर कॉलेज की ओर से शुक्रवार को राजाजीपुरम में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। इस रैली में स्थानीय नागरिक, शिक्षक और विद्यार्थी शामिल रहे। कालेज के प्रबंधक वेद व्रत वाजपेयी ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को मतदान करना चाहिए, मतदान हमारा मौलिक अधिकार है। रैली में भारत का निर्माण करो मिल जुलकर मतदान करो, आंधी आये या तूफान करना है सबको मतदान नारे लगाकर लोगों से मतदान करने की अपील की गई। रैली में मनु व्रत वाजपेयी, जयव्रत वाजपेयी, पारुल मिश्रा, सागर चतुर्वेदी, सुशीला परिहार ने भागीदारी की।

मतदाता जागरूकता रैली निकालते सेन्ट जोजफ कालेज के विद्यार्थी।

वोट डालने जाएं, मिलेंगी बस व ऑटो

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 20 को ऑटो संचालन के लिए जिलाधिकारी ने जारी किए विशेष पास
- सभी रूट पर चलाई जाएंगी इलेक्ट्रिक और सीएनजी बसें

अमृत विचार: मतदाताओं को वोट डालने के लिए मतदान केंद्रों तक पहुंचने में कोई दिक्कत नहीं होगी। उन्हें मतदान केंद्र तक पहुंचाने के लिए ऑटो रिक्शा चलेंगे। मतदान वाले दिन ऑटो संचालन के लिए जिलाधिकारी ने विशेष पास जारी किए हैं। इन ऑटो में यात्रा करने पर मतदाताओं को किराया देना होगा।

जिलाधिकारी ने शुक्रवार को ऑटो संचालकों को विशेष पास जारी किए। यह पास चस्पा कर 20 मई को मतदान वाले दिन ऑटो चलाए जा सकेंगे। थ्री व्हीलर ऑटो रिक्शा संघ के यूनियन कार्यालय में अध्यक्ष पंकज दीक्षित के नेतृत्व में ऑटो रिक्शा संचालन के लिए पास वितरण शुरू कर दिया गया है।

इसके अलावा लखनऊ सिटी ट्रांसपोर्ट इलेक्ट्रिक और सीएनजी बसें भी हर रूट पर चलाएगा। सिटी बस प्रबंधन के एमडी आरके त्रिपाठी के अनुसार 14 रूटों पर सिटी बसें संचालित की जाएंगी।

इससे मतदाता अपने पोलिंग बूथ के नजदीक तक आसानी से पहुंच सकेंगे। दुबग्गा और गोमतीनगर सिटी बस डिपो में दो शिफ्टों में चालकों और परिचालकों की ड्यूटी लगाई गई है। जिससे चालक-परिचालक भी मतदान कर सकें।

चालकों-परिचालकों की छुट्टियां निरस्त

लोकसभा चुनाव के चलते परिवहन निगम ने चालकों-परिचालकों की छुट्टियां निरस्त कर दी हैं। इस संबंध में परिवहन निगम के एमडी मासूम अली सरवर के अनुसार रोडवेज के अधिकारियों और कर्मचारियों की छुट्टियां निरस्त कर दी गई है। चार जून तक सभी कर्मचारी और अधिकारी ड्यूटी पर रहेंगे। पूर्व में शासन की ओर से दिशा निर्देश जारी किए गए थे।

कला, साहित्य व खेल की तरह मतदान में बढ़ाएंगे हिस्सेदारी

- एलडीए की मतदाता जागरूकता गोष्ठी में दिलाई गई मतदान करने की शपथ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ की भागीदारी जिस तरह खेल, कला, साहित्य, विज्ञान आदि के क्षेत्र में है, उसी तरह बढ़-चढ़कर मतदान में भी हिस्सेदारी बढ़ायेंगे। यह बात शुक्रवार को लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) की तरफ से इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मर्करी ऑडिटोरियम में आयोजित मतदाता जागरूकता गोष्ठी में मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने कही।

मंडलायुक्त ने वरिष्ठ नागरिकों से कहा कि आपका अनुभव और विचार हम सबके लिए विशिष्ट हैं। युवा मतदाताओं को 20 मई के दिन मतदान की जिम्मेदारी निभाने की प्रेरणा देने में आपकी भूमिका अहम रहेगी। नागरिक का कर्तव्य निभाते हुए पहले मतदान करना है, उसके बाद कोई काम करना है। कार्यक्रम में पेंशनर्स, आर्किटेक्ट, इंजीनियर्स, चार्टर्ड अकाउन्टेंट, सिविल डिफेंस, मानवाधिकार, क्लब व कर्मचारी संघ के पदाधिकारी भी शामिल हुए। जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने कहा कि मतदान के दिन कोई वोट डालने से वंचित न रहे। अपने ड्राइवर, मेड व अन्य कर्मचारियों को छुट्टी देने के साथ मतदान के लिए प्रेरित करें। उपाध्यक्ष डॉ इंद्रमणि त्रिपाठी ने कहा कि लोकतंत्र के इस पर्व में लखनऊ की सहभागिता बढ़ाने की आपकी जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में सभी को मतदान की शपथ दिलाई गई। एलडीए के अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा, मुख्य अभियंता अजय कुमार सिंह, वित्त नियंत्रक दीपक सिंह, मुख्य नगर नियोजक केके गौतम व विशेष कार्याधिकारी देवांश त्रिवेदी एवं रवि नंदन सिंह आदि रहे।

ये संघ हुए शामिल : उप्र विकास प्राधिकरण डिप्लोमा इंजीनियर्स (सेनि) संघ, उप्र सचिवालय पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन, विद्युत पेंशनर्स परिषद, सेन्ट्रल बैंक रिटायर्ड कर्मचारी एसोसिएशन, सिविल डिफेंस लखनऊ, हयूमन राइट्स एसोसिएशन, जवाहर भवन इंदिरा भवन कर्मचारी संघ, जागरूक सेवानिवृत बैंक कर्मचारी कल्याण समिति, एसबीआई पेंशनर्स एसोसिएशन, विश्व कायस्थ संस्थान, बैंक ऑफ बड़ौदा पेंशनर्स एसोसिएशन, नगर विकास कर्मचारी संघ, प्रादेशिक वन सेवा संघ के प्रतिनिधि शामिल हुए।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में मतदाता जागरूकता गोष्ठी में शामिल लोग। अमृत विचार

सीसीटीवी से 24 घंटे की जाए स्ट्रांग रूम की निगरानी

अमृत विचार, लखनऊ : रमाबाई में बनाए गए स्ट्रांग रूम की सीसीटीवी से चौबीस घंटे निगरानी की जाए। साथ ही फायर सेफ्टी का भी पूरा ध्यान रखा जाए। मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने रमाबाई मैदान पहुंचकर स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिया कि संबंधित एरिया में फागिंग, स्प्रे का छिड़काव, झाड़ियों और शौचालय की नियमित सफाई नियमित रूप से कराई जाए। मंडलायुक्त ने बेसिक विद्यालय औरंगाबाद जोन-1 नगर क्षेत्र, मैरी गार्डिनेर्स एकेडमी और महाराजा बिजली पासी राजकीय महाविद्यालय के मतदेय स्थल के बूथों का निरीक्षण किया। मतदान केंद्रों के निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदेय स्थलों पर सामान्य सूचनाओं के अंकन, बिजली कनेक्शन, उचित क्षमता की लाइट-पंखे, प्रसाधन, पेयजल, हैंडपंप की क्रियाशीलता, रैंप, साफ-सफाई, नेटवर्क की उपलब्धता, मतदान केंद्रों पर सामान्य सूचनाओं एवं टोल फ्री नंबर 1950 का अंकन कराने के निर्देश दिए। साथ ही मतदान वाले दिन वृद्धजनों के बैठने के लिए कुर्सी की व्यवस्था कराने को कहा। उन्होंने स्मृति उपवन में कहा कि पोलिंग पार्टियों को समय से रवाना किया जाए। इस दौरान सीडीओ अजय जैन, एडीएम प्रशासन डॉ. शुभी सिंह, एडीएम वित्त एवं राजस्व राकेश सिंह, नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह, एसडीएम फाल्गुनी सिंह आदि मौजूद रहे।

मतदान केंद्र का निरीक्षण करतीं मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब।

चुनाव ड्यूटी लग रही भारी, शिक्षकों को हो रही बीमारी

मतदान कार्य से ड्यूटी कटवाने के लिए ज्यादातर शिक्षक लगा रहे बीमार होने का प्रार्थनापत्र

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के 5वें चरण में 20 मई को लखनऊ में भी मतदान होना है। जिले में बड़ी संख्या में शिक्षक चुनाव से अपने ड्यूटी कटाने की जुगत में लगे हैं।

ज्यादातर शिक्षकों ने बीमारियों का बहाना बनाया है। कई शिक्षकों ने ड्यूटी कटवाने लिए सर्दी-जुकाम की दवा का पर्चा लगाकर प्रार्थना पत्र दिया, लेकिन उसे मेडिकल बोर्ड ने फेल हो गया। जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार ने कहा कि लोकसभा चुनाव एक राष्ट्रीय पर्व है। इसमें जिसकी ड्यूटी लगी उसको अनिवार्य रूप से करना है।

एडेड इंटर कॉलेजों के 1500 शिक्षक लगे : राजधानी में पहली बार सहायता प्राप्त माध्यमिक कॉलेजों के शिक्षकों की ड्यूटी भी चुनाव में लगाई गई है। 1500 से अधिक शिक्षकों की ड्यूटी लगी है। इन शिक्षकों का कहना है कि उनको चुनाव ड्यूटी का अनुभव नहीं है। इसके लिए जिला निर्वाचन अधिकारी की ओर से प्रशिक्षण जा रहा है। इसमें भी कई शिक्षक अनुपस्थित चल रहे हैं।

तीन दिन लगातार गायब

शिक्षकों पर एफआईआर के आदेश : चुनाव ड्यूटी के लिए जयनारायण (केकेसी) पीजी कॉलेज में प्रशिक्षण चल रहा है। प्रशिक्षण से कई शिक्षक लगातार अनुपस्थित हैं।

11 मई को 17, 12 को 16 शिक्षक और 13 को 12 शिक्षक अनुपस्थित रहे। गैर हाजिर शिक्षकों में इंटर कॉलेजों और बेसिक शिक्षा विभाग के सहायक अध्यापकों शामिल हैं। इन शिक्षकों पर जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने एफआईआर कराने के आदेश दिए हैं। सहायक अध्यापकों के खिलाफ एफआईआर कराने की जिम्मेदारी खंड शिक्षा अधिकारियों को सौंपी गई है।

प्रशिक्षण लेना सभी कार्मिकों के लिए अनिवार्य

अमृत विचार, लखनऊ : मतदान कराने के लिए केकेसी में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मंगलवार को जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने बताया प्रथम पाली में सुबह 9 :00 बजे से सभी कार्मिक उपस्थित रहे। दूसरी पाली का प्रशिक्षण दोपहर 1 :30 बजे शुरू हुआ। इसमें भी कार्मिकों ने समय पहुंच कर उपस्थिति दर्ज कराई। पीठासीन अधिकारी की उपस्थिति 99 .12 प्रतिशत और मतदान अधिकारी की उपस्थिति 97 .45 प्रतिशत रही। अनुपस्थित कार्मिकों के विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के अन्तर्गत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण लेना सभी कार्मिकों के लिए अनिवार्य है।

एक नजर

अज्ञात वाहन चालक पर रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार, लखनऊ : आशियाना क्षेत्र के औरंगाबाद के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बिजनौर निवासी मनोज कुमार की मौत हो गई थी। भाई सोनू वर्मा ने अज्ञात चालक पर लापरवाही से वाहन चलाते हुए टक्कर मारने की रिपोर्ट दर्ज की है। इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह ने बताया कि सीसीटीवी कैमरों फुटेज खंगाल कर वाहन की तलाश की जा रही है। बाराबंकी के रामनगर निवासी विष्णु ने बाइक चालक पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

ससुर की हत्या करने वाला आरोपी गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : गुडम्बा पुलिस ने ससुर की हत्या के आरोपी दामाद फरीदुद्दीन सिद्दीकी को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। इंस्पेक्टर नितीश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपी अपनी पत्नी की पिटाई कर रहा था। उसी दौरान बीच-बचाव करने ससुर अहमद जमान सिद्दीकी पहुंचे। इस दौरान आरोपी दामाद ने ससुर को धक्का दे दिया था। जमीन पर गिरने से सिर में गंभीर चोट आ गई थी, जिससे ससुर की मौत हो गई थी। पत्नी के प्रार्थना-पत्र पर आरोपी पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी।

बाइक की टक्कर से होमगार्ड घायल

अमृत विचार, लखनऊ : सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में गुरुवार को

ट्रैफिक ड्यूटी कर रहे होमगार्ड को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद आरोपी बाइक मौके पर छोड़कर भाग निकला। निगोहां के बरवलिया निवासी होमगार्ड मुकेश कुमार यादव की ड्यूटी गुरुवार को जलसा रिसार्ट के पास ट्रैफिक बैरियर प्वाइंट पर लगी थी। दोपहर 3 :30 पर तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी। होमगार्ड के सिर से खून निकलता देख आरोपी बाइक छोड़कर भाग निकला। इसके बाद साथी पुलिसककर्मी उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज किया जा रहा है। इंस्पेक्टर अंजनी कुमार मिश्रा के मुताबिक अभी तक तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

साइबर ठगों ने टेलीकॉम कंपनियों और बैंकों में लगाई सेंध

कारगुजारी : कर्मचारियों को लालच देकर हासिल करते हैं खातों और पंजीकृत फोन नंबर की जानकारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : साइबर जालसाजों ने सुनियोजित तरीके से टेलीकॉम कंपनियों और बैंकों में सेंध लगा दी है। बिना खाताधारक की जानकारी के खातों से रकम निकालने के कुछ मामलों में एसटीएफ निजी बैंक और टेलीकॉम कंपनियों के कर्मचारी और एजेंटों को गिरफ्तार भी कर चुकी है।

साइबर क्राइम थाने के प्रभारी निरीक्षक बृजेश यादव के मुताबिक इसमें जालसाजों का नेटवर्क काम करता है। गिरोह के सदस्य बैंक कर्मचारियों से संपर्क करते हैं। उनको मोटी रकम का लालच देकर एक बार में सैकड़ों खातों की जानकारी हासिल कर लेते हैं। वहीं, कुछ सदस्य टेलीकॉम कंपनियों के कर्मचारियों के संपर्क में रहते हैं। जो आसानी से मोबाइल नंबर उपलब्ध कराते हैं। साथ ही कुछ एजेंट और कर्मचारी प्री एक्टिवेटेड सिम भी मुहैया कराते हैं।

50 हजार से एक लाख रुपये होती है जानकारी की कीमत : जालसाज बैंक खातों की जानकारी हासिल करने के लिए मोटी रकम खर्च करते है। 50 लाख रुपये से अधिक के खातों की जानकारी देने वाले कर्मचारी 25 से 50 हजार रुपये दिए जाते है। जो कर्मचारी करोड़ों बैंक बैलेंस वाले खातों की जानकारी देता है। उसे प्रति खाते एक लाख रुपये दिए जाते हैं। इसके लिए पहले ही रकम तय की जाती है।

चीन के एप का इस्तेमाल कर करते हैं डाटा हैक

साइबर ठगों के कुछ गिरोह आम लोगों को जिस तरह चीन के एप के जरिये ठगते है, उसी तरह के एप का प्रयोग कर बैंक व टेलीकॉम कंपनियों के कर्मचारियों के मोबाइल व डेस्कटॉप हैक कर लेते हैं। ऐसा मिलीभगत के चलते किया जाता है। इसके बाद डाटा हैक होने की जानकारी कर्मचारी अपने अधिकारियों को देता है ताकि एफआईआर दर्ज कराई जा सके। इससे कर्मचारी पर कोई संदेह नहीं करता। इसके बदले में साइबर ठगों के एजेंट उसे तय रकम भी पहुंचाते हैं।

इन एप का होता है प्रयोग

हेलो, वी चैट, वीबो, शेयरइट, क्यूक्यू मेल, लिवयू, एपीयूएस, एएमओआर, वीगो, मीटू, वीवा, एमआई, मेल मास्टर और वीमैट का प्रयोग करते है। इसके अलावा कुछ अन्य एप जैसे टीम व्हीवर, एनी डेस्क, इनसाइडर, इंस्टॉल बैक ट्रैक ऑन एंड्रायड, फिंग नेटवर्क, डब्ल्यूपीएस और जांटी

ये सावधानी बरतें

बैंक में खाता खुलवाने के दौरान कई दस्तावेज जमा कराए जाते हैं। बैंकों की कार्यशैली ऑनलाइन होने के कारण ज्यादातर दस्तावेज को स्कैन करने के बाद रद्दी में फेंक दिए जाते हैं। ग्राहकों को चाहिए के वे अपने स्कैन दस्तावेज ही बैंक को उपलब्ध कराएं साथ ही इस बात की पुष्टि कर लें की वे आपके खाते की फाइल में लगाए गए हैं या नहीं।

दर्जनों बैंककर्मी गिरफ्तार

साइबर ठगी के मामले में दर्जनों बैंक कर्मचारी गिरफ्तार हो चुके है। हाल ही में एक महीने पहले वाराणसी पुलिस ने रिटायर्ड शिक्षिका से साढ़े तीन करोड़ की ठगी करने के मामले में छह आरोपियों को गिरफ्तार किया। इसमें आईसीआईसीआई बैंक लखनऊ में रीजनल हेड अयोध्या के पुरानी सब्जी मंडी निवासी सरफराज आलम और लखनऊ एचडीएफसी बैंक का कैशियर नुरूलहुदा शामिल है। इसके अलावा एसटीएफ ने दो साल पहले नोएडा से 10 जालसाजों को गिरफ्तार किया। उनमें एचडीएफसी और आईसीआईसीआई बैंक की दो महिला कर्मचारी सहित चार लोग शामिल थे जो साइबर ठगों को खातों की डिटेल उपलब्ध कराते थे।

बीमा कंपनी के विकास अधिकारी पर छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार, लखनऊ : मानकनगर कोतवाली में बीमा एजेंसी के विकास अधिकारी के खिलाफ महिला एजेंट ने छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, क्षेत्र निवासी युवती यूनाइटेड इण्डिया इश्योरेंस कंपनी में बीमा एजेंट है। उसने प्रार्थना-पत्र देकर बताया कि उसकी ब्रांच में तैनात विकास अधिकारी राजेंद्र मल्होत्रा कई बार छेड़छाड़ कर चुके हैं। युवती ने विरोध किया तो नाराज होकर अधिकारी ने उसकी आईडी निरस्त करा दी। गलत तरीके से आईडी बंद किए जाने पर पीड़िता ने ब्रांच पहुंच शिकायत की थी। जहां आरोपी ने दोबारा छेड़छाड़ कर धमकी दी। इंस्पेक्टर अजीत कुमार ने बताया कि आरोपी राजेंद्र के खिलाफ छेड़छाड़ धमकी देने और एससी-एसटी एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज किया है। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

30 घंटे बाद संविदाकर्मी का हुआ अंतिम संस्कार

गांव और उपकेंद्र बना पुलिस छावनी, एसडीओ, जेई और एसएसओ पर एफआईआर

संवाददाता, बख्शी का तालाब

अमृत विचार : कठवारा विद्युत उपकेंद्र के संविदा कर्मचारी गुलाब (35) के शव का 30 घंटे बाद शुक्रवार शाम को अंतिम संस्कार किया गया। वहीं, ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए गांव व उपकेंद्र को छावनी में तब्दील कर दिया गया था। उधर, पत्नी की तहरीर पर एसडीओ, जेई और एसएसओ समेत कई पर एफआईआर दर्ज कर लिया गया है।

कठवारा निवासी गुलाब उपकेंद्र में संविदा कर्मचारी था। उसका उपकेंद्र पर तैनात जेई अजय से काफी दिनों से विवाद चल रहा था। हाल में ही उसका स्थानांतरण अहिबरनपुर उपकेंद्र पर कर दिया। जिसे वह रुकवाने के लिए लगा था। इसी बीच साजिशन एसडीओ राजकुमार यादव, जेई अजय कुमार, एसएसओ राहुल गौतम अचानक बुधवार को उसके घर पहुंचे। 300 रुपये बिजली का बिल बकाया होने की बात कही और मीटर उखाड़ ले गए। गुलाब की पत्नी बिट्टो इसका विरोध करते हुए बिल जमा करने के लिए समय मांगा। इसकी जानकारी शाम को गुलाब को हुई। उसने अधिकारियों के पास गया। उनके द्वारा की गई कार्रवाई का विरोध दर्ज कराया। तो उसे बिजली चोरी के मामले में फंसाने की धमकी दी गई। गुरुवार सुबह वह घर से निकला और दस बजे बख्शी का तालाब स्थित इंटेश्वर हनुमान मंदिर के पास से गुजर रही ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने पत्नी की तहरीर के आधार एसडीओ, जेई व एसएसओ सहित कुछ अज्ञात कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया है।

आर्थिक सहायता के आश्वासन पर हुआ अंतिम संस्कार : गुलाब ही एक मात्र कमाई का जरिया था। उसी के दम पर पूरा परिवार पल रहा था। परिवार में पत्नी के अलावा तीन बच्चे हैं। गुलाब के मौत की सूचना मिलने के बाद सभी सदमे हैं। परिजन आर्थिक सहायता की मांग की। इस मांग को लेकर 30 घंटे तक शव को घर पर ही रखा था। विधायक योगेश शुक्ला के आश्वासन के बाद अंतिम संस्कार करने को राजी हुए। विधायक ने बताया कि एक प्रधानमंत्री आवास और दुर्घटना बीमा से 5 लाख रुपये की सहायता दिलाई जाएगी।

कठवारा विद्युत उपकेंद्र के संविदा कर्मचारी की मौत के बाद रोते-बिलखते परिजन।

कठवारा गांव में तैनात पुलिस कर्मी। अमृत विचार

- संविदा बिजलीकर्मी के ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या करने का मामला

कार्यालय में भी हुई थी मारपीट

ऑफिस के एक कर्मचारी ने नाम उजागर न करने की शर्त पर कहा कि- बिजली विभाग के कार्यालय में भी उसके साथ कई बार मारपीट हुई थी। वह जब ऑफिस आता उसे बात-बात में बेइज्जत किया जाता। कई बार उससे ओवर टाइम काम कराया जाता।

दो सदस्यों की कमेटी करेगी जांच

बीकेटी मंडल बिजली विभाग के सीनियर अधिकारी ए.के राय का कहना है कि परिवार ने जो आरोप लगाए हैं, उसकी जांच की जा रही है। इसके लिए एक कमेटी भी बनाई गई है। कमेटी में एक्सईएन टेस्ट सुबोध कुमार झा और एक्सईएन रहीमनगर अक्षय सिंह को शामिल किया गया है। दोनों सदस्य 3 दिन में जांच रिपोर्ट सौंपेंगे। रिपोर्ट के आधार पर दोषी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

गांव व विद्युत उपकेंद्र में तैनात रहा सुरक्षा बल

संविदाकर्मी की मौत की खबर मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया। ग्रामीण विद्युत विभाग के कर्मचारियों के रवैये से आक्रोशित हो गए। जिसके बाद सैकड़ों ग्रामीण विद्युत उपकेंद्र कठवारा में पहुंच और बाहर पड़ी कुर्सियां तोड़ दी थी। जिसको लेकर स्थानीय पुलिस ने विद्युत उपकेंद्र समेत गाव मे भारी संख्या में सुरक्षा बल और पुलिस कर्मी तैनात कर दिए थे ताकि किसी प्रकार की शांति व्यवस्था भंग न हो।

अकेले उठाता था परिवार का खर्च

गुलाब कई सालों से बिजली विभाग में संविदा पर लाइनमैन का काम करता था। उसकी सैलरी 12 हजार महीना थी। पूरा परिवार उसी पर आश्रित था। उसके तीन छोटे बच्चे हैं। 10 साल की लड़की, 7 और 5 साल के दो लड़के। अभी बच्चों को ये भी नहीं पता है कि उनके पिता अब कभी वापस नहीं आएंगे। वो घर में पसरे मातम को देखकर गुमशुम हैं। अब उसके न रहने के बाद सबसे बड़ा सवाल परिवार के भरण पोषण का है।

अवध बस डिपो के वाटर कूलर में उतरे करंट से युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पिता ने परिवहन विभाग पर लगाया लापरवाही का आरोप

अमृत विचार : कैसरबाग क्षेत्र में अवध बस डिपो पर गुरुवार रात पानी पीते समय वाटर कूलर में उतरे करंट की चपेट में आये युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। पीड़ित परिजन ने परिवहन विभाग की लापरवाही से बेटे की मौत का आरोप लगा कार्रवाई की मांग की है।

मूलतः सीतापुर के तंबौर निवासी लिटिल (18) कैसरबाग के वजीरगंज थाना क्षेत्र में संचालित एक होटल पर काम करता था। पिता पप्पू के मुताबिक, लिटिल गुरुवार रात 11 बजे खाना खाने के बाद पास में स्थित अवध बस डिपो परिसर में लगे वाटर कूलर से पानी पीने गया था। जहां पर वाटर कूलर छूते ही लिटिल करंट की चपेट में आने से झुलस गया। हादसे की सूचना पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने आनन-फानन उसे ट्रामा सेंटर भेजा। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पिता ने विभाग की लापरवाही से बेटे की मौत होने का आरोप लगाया है। उन्होंने घटना की जांच करा कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। लिटिल के परिवार में पिता पप्पू, मां लल्ली और भाई बब्लू हैं। इंस्पेक्टर वजीरगंज के मुताबिक प्रार्थना-पत्र नहीं मिला है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी। घटना की सूचना पर पहुंची मां बेटे का शव देख बेसुध हो गई। पिता पप्पू ने बताया कि बेटा लिटिल छह महीने पहले लखनऊ मजदूरी करने आया था।

दो बाइकों की भिड़ंत में एक की मौत, दो गंभीर

अमृत विचार, मलिहाबाद : माल थाना क्षेत्र में गुरुवार देर शाम दो बाइकों की भिड़ंत में चाचा की मौत हो गई जबकि भतीजा और दूसरी बाइक का चालक गंभीर रूप से घायल हो गये। उन्हें ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक, मूलतः रहीमाबाद निवासी रामसहाय (35) वर्तमान समय में भेलमपुर स्थित ससुराल में रहकर खेती व सब्जी बेचने का कारोबार करते थे। गुरुवार को भतीजे अजय (27) के साथ बाइक से अतरौली बाजार सब्जी बेचने गये थे। जहां से देर शाम भतीजे की बाइक पर बैठकर घर लौट रहे थे। बरगदिया चौराहे के पास सामने से आई तेज रफ्तार बुलेट से भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों बाइकों पर सवार चाचा-भतीजा समेत तीनों घायल हो गये। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से हालत गंभीर देख डॉक्टर ने तीनों का ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। गुरुवार देर रात रामसहाय ने दम तोड़ दिया। जब कि अतरौली थाना क्षेत्र के पीपर गांव नेवादा निवासी बुलेट चालक अशोक कुमार (30) का इलाज अभी चल रहा है। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया रामसहाय के परिजनों के प्रार्थना-पत्र पर बुलेट चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। बुलेट चालक नशे में धुत था।

बंधक बनाकर मकान के कागजात पर कराए हस्ताक्षर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- दोनों पुत्रों को दी जान से मारने की धमकी, विरोध पर की पिटाई, इंदिरानगर का मामला

अमृत विचार: इंदिरानगर निवासी पिता को कार सवार युवकों ने राम-राम चौराहे से असलहे के दम पर स्कार्पियो में बंधक बना लिया। सुनसान जगह ले जाकर मकान के कागज पर हस्ताक्षर करने को कहा। मना करने पर आरोपी ने पीड़ित के दोनों बेटों की हत्या की धमकी देकर जमकर पीटा। जाति-सूचक शब्द बोले। आरोपियों ने दस्तखत कराने के बाद पीड़ित को बंधन मुक्त किया।

पुलिस के मुताबिक, कोतवाली अंतर्गत पानी गांव निवासी सोहनलाल ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया 3 मई को उन्हें ईशान खान ने फोन पर राम-राम चौराहे पर मिलने बुलाया। वहां पहुंचा तो ईशान के साथ आजमगढ़ के छितारा निवासी मो. उस्मान, अशरफ जमाल, गोसाईंगंज निवासी शमशुद्दीन, उजैर हुसैन और शारिक जफर भी मौजूद थे। बात करने के बहाने आरोपियों ने उन्हें कार में बैठा लिया। इसके बाद असलहा सटाकर मकान का बैनामा अशरफ, उस्मान और शमशुद्दीन के पक्ष में करने के लिए कहा। मना करने पर आरोपियों ने सोहनलाल से कहा कि उनके घर के बाहर लोग मौजूद हैं। हस्ताक्षर नहीं किया तो बेटे आकाश और दीपक की हत्या कर दी जाएगी। यह बात सुन कर सोहनलाल डर गए। इसके कारण सोहनलाल ने आरोपितों के कहने पर कागज पर हस्ताक्षर कर दिए। साथ ही छह लाख रुपये देकर आरोपियों ने भगा दिया। वहां से निकलने के बाद सोहनलाल घर पहुंचे और आपबीती सुनाई। इंस्पेक्टर इंदिरानगर सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

दुष्कर्म करने के बाद युवती का कराया गर्भपात, गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर बना रहा था धर्म परिवर्तन का दबाव
- पीड़िता ने गोमतीनगर थाने में दर्ज कराई थी एफआईआर

अमृत विचार : जनेश्वर मिश्र पार्क में मॉर्निंग वॉक के दौरान दोस्ती हुई। दोस्त बने युवक ने बातों में फंसाकर शादी का झांसा दिया। इसके बाद दुष्कर्म किया। इस दौरान चोरी से अश्लील वीडियो बनाई। उसे वायरल करने की धमकी देकर धर्म बदलने का दबाव बनाया। युवती के गर्भवती होने की जानकारी होने पर आरोपी ने भाभी की मदद से गर्भपात करा दिया। पीड़िता ने परेशान होकर गोमतीनगर थाने में एफआईआर दर्ज कराई। जानकारी होते ही आरोपी दुबई भाग गया। वापस आने की जानकारी मिलते ही पुलिस ने शुक्रवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

गोमतीनगर निवासी युवती जनेश्वर मिश्र पार्क में रोज सुबह मॉर्निंग वॉक के लिए जाती थी। वहीं, पर उजरियांव निवासी अफजाल सिद्दीकी से पहचान हुई।

दोनों के बीच फोन पर बात शुरू होने पर अफजाल ने शादी का प्रस्ताव रखा। हामी भरने के बाद आरोपी ने युवती का यौन शोषण किया। शादी के लिए कहने पर वह टाल-मटोल करता रहा। इस बीच अफजाल पीड़िता को उजरियांव स्थित घर ले गया था। जहां परिवार के सदस्यों से मुलाकात कराई। जिन्होंने भी जल्द शादी कराने की बात कही थी।

वीडियो वायरल करने की धमकी देकर धर्म परिवर्तन का बनाया दबाव : पुलिस के मुताबिक पीड़िता ने आरोप लगाया है कि अफजाल ने उसकी वीडियो भी बना ली थी। जिसे वायरल करने की धमकी देते हुए धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया। इस बीच पीड़िता के गर्भवती होने पर आरोपी ने भाभी की मदद से गर्भपात कराया था। यह आरोप लगाते हुए पीड़िता ने अफजाल और उसके परिवार के आठ सदस्यों के खिलाफ 10 अक्टूबर को एफआईआर दर्ज कराई थी।

भाग गया था दुबई

गोमतीनगर कोतवाली में एफआईआर दर्ज होने की भनक लगते ही आरोपी दुबई भाग गया था। करीब आठ महीने से पुलिस गिरफ्तारी के प्रयास कर रही थी। सर्विलांस के जरिए अफजाल के वापस आने पर का पता। जिसके आधार पर शुक्रवार को एडिशनल इंस्पेक्टर विनोद सिंह ने हुसेड़िया चौराहे के पास से गिरफ्तार किया गया।

स्कूटी और कार सवार एक-दूसरे से भिड़े

अमृत विचार, मलिहाबाद : माल क्षेत्र में साइड देने को लेकर स्कूटी और कार सवार में विवाद के बाद मारपीट हो गई। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर गंभीर आरोप लगाये हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मूलतः बदैया गांव निवासी दम्पत्ति रोहित सिंह वर्तमान में जानकीपुरम विस्तार सेक्टर 2 भिठौली में रहते हैं। पुलिस को दिये प्रार्थना-पत्र में बताया शुक्रवार को पत्नी निशा सिंह व साथियों शहजादे और सुहेल के साथ बदैया स्थित अपने बाग से आम तोड़कर स्कूटी से लौट रहे थे। सैदापुर के पास कार से साइड लेने के लिये हार्न बजाया तो चालक गालियां देने लगा। विवाद बढ़ने पर कार चालक ने आधा दर्जन साथियों के साथ मारपीट की। उधर, फूलचन्द्र खेड़ा निवासी कार चालक जगदीश का आरोप है कि स्कूटी सवार दंपति के साइड मांगने पर दे दिया था। इसके बाद भी महिला ने गाली गलौज किया। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया दोनों पक्षों के प्रार्थना-पत्र पर रिपोर्ट दर्ज की है।

सार-संक्षेप

20 लाख उधारी वापस मांगने पर बेटी-दामाद ने बुजुर्ग को दी धमकी, मामला दर्ज

अमृत विचार, लखनऊ : इंदिरानगर क्षेत्र में बुजुर्ग ने बेटी और दामाद पर 20 लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। रुपये वापस मांगने पर आरोपियों ने बुजुर्ग को धमकी दी। इंस्पेक्टर इंदिरानगर सुनील कुमार तिवारी के मुताबिक मानस हाईट अपार्टमेंट निवासी निरंजनलाल अग्रवाल ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया उनका पुत्र अतुल अवसाद ग्रस्त है। घर का खर्च पेंशन से किसी तरह चलता है। पुत्री शिल्पा श्रीवास्तव और दामाद शिखर श्रीवास्तव ने आर्थिक समस्या बताकर 2018 में 20 लाख रुपये उधारी के रूप में लिये थे। जो जल्द ही वापस करने का आश्वासन दिया था। तय समय सीमा में उधारी का रुपये बेटी दामाद से मांगे तो टाल मटोल करने लगे। दबाव बनाने पर दामाद ने व्हाटसअप से बैंक डिटेल मांगे थे, इसके बाद भी आज तक रुपये नहीं लौटाये। दबाव बनाने पर धमकी दे रहा है। पीड़ित ने बेटी और दामाद पर धोखाधड़ी कर रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। इंस्पेक्टर ने बताया रिपोर्ट दर्ज की है। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

मोबाइल लूटने वाला आरोपी गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : आलमबाग पुलिस ने राहगीरों से मोबाइल फोन लूटने वाले एक बदमाश को गिरफ्तार कर लिया और दूसरा चकमा देकर भाग निकला। आरोपी ने लूट करने के लिये रिश्तेदार की बाइक लेने का जुर्म कुबूल किया है। पुलिस के मुताबिक, चारबाग रेलवे स्टेशन कैबवे के पास से सआदतगंज निवासी मो. अनीश को पकड़ा गया। बाइक पर अनीश के साथ हाता नूरबेग निवासी फरीद था। जो पुलिस को देख कर भाग निकला। अनीश के पास से तमंचा और लूट के दो मोबाइल फोन बरामद किये गये। आरोपी ने बताया कि 22 अप्रैल की रात ई-रिक्शे से घर लौट रहे बाजारखाला निवासी आकाश कुमार से मोबाइल लूटा था। जिसे कम दाम में बेच दिया था। अनीश ने लूट में उपयोग की गई बाइक काम के बहाने रिश्तेदार से मांग कर लाने की बात कही है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

इलाज कराने गया था परिवार, घर में हो गई चोरी

अमृत विचार, लखनऊ : चिनहट क्षेत्र में चोरों ने घर का ताला तोड़कर नकदी, गहने समेत लाखों का सामान पार कर दिया। पीड़ित युवक परिवार के साथ पिता का इलाज कराने पटना गया था। वहां से लौटने पर घर में चोरी होने की जानकारी हुई। प्रार्थना-पत्र पर पुलिस चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है। इंस्पेक्टर अश्वनी कुमार चतुर्वेदी के मुताबिक, क्षेत्र के शाहपुर निवासी ऐश्वर्य जयपुरियार 3 मई को बीमार पिता का इलाज कराने पटना गये थे। इस दौरान घर में ताला डाल कर पूरा परिवार उनके साथ गया था। 15 मई को दोपहर करीब 1 बजे वह परिवार के साथ लौटे तो गेट के ताले, खिड़की और अलमारी टूटी मिली। चोर 38 हजार रुपये नकद, बाली 1.50 तोला की, सोने का हार सवा तीन तोला का, दो कंगन दो तोला के, पायल 250 ग्राम के अलावा दो लैपटाप, मिक्सर मशीन समेत जरूरी कागजात व अन्य कीमती सामान चोरी हो चुका था। इंस्पेक्टर ने बताया घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों से आरोपियों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

दो आरोपियों को चोरी के सामान समेत पकड़ा

अमृत विचार, निगोहां : नगराम पुलिस ने गुमटी से सामान पार करने वाले दो आरोपियों को शुक्रवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इंस्पेक्टर विवेक कुमार चौधरी के मुताबिक, गुरुवार देर रात नगराम रोड पर स्थित अब्दुल रहमान निवासी गढी नगराम के किराने की गुमटी का ताला तोड़ चोर सामान समेट ले गये थे। पीड़ित के प्रार्थना-पत्र पर रिपोर्ट दर्ज की थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी तुलसी निवासी देवती और संदीप निवासी दक्षिण टोला कस्बा को गिरफ्तार कर चोरी का सामान बरामद किया है।

मकान की दूसरी मंजिल पर बने गोदाम में लगी आग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मड़ियांव के बेरी होटल चौराहे पर हुआ हादसा, लाखों का नुकसान
- संकरा रास्ता होने के कारण अग्निशमन की गाड़ियों को हुई दिक्कत
- पहली मंजिल पर फंसा परिवार सुरक्षित निकाला गया

अमृत विचार : मड़ियांव के बेरी होटल चौराहे के पास शुक्रवार दोपहर कैटर्स के मकान की दूसरी मंजिल पर बने गोदाम में आग लग गई। गोदाम में भारी मात्रा में दोना, पत्तल और अन्य खाद्य सामग्री रखा था। आग की चपेट में आने से सारा जलकर राख हो गया। वहीं, पहली मंजिल पर कैटर्स का परिवार फंसा था। किसी तरह सभी लोग सुरक्षित बाहर निकले। अग्निशमन विभाग की तीन गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया। संकरा रास्ता होने के कारण अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों को दिक्कत का सामना करना पड़ा।

मड़ियांव में बेरी होटल चौराहे के पास मोनू साहू का मकान है। मोनू शादी समारोहों में खाना बनाने का काम करते है। शुक्रवार दोपहर करीब ढाई



बजे अचानक मोनू के मकान के दूसरी मंजिल से तेज लपटें और धुआं निकलने लगा। जिसे देख लोगों ने शोर मचाया। देखते-देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। पानी फेंककर पहले मोहल्ले वालों की मदद से आग पर काबू पाने का घरवालों ने प्रयास किया। आग बेकाबू होते देख दमकल को सूचना दी। इंदिरानगर फायर स्टेशन से कर्मचारी पहुंचे। इस बीच पहले तल पर रह रहे लोग सुरक्षित बाहर आ गए। दोना और पत्तल में आग होने के कारण कुछ ही देर में और भयावह हो गई।

बाल्टी और पाइप के सहारे बुझाई गई आग

एफएसओ इंदिरानगर के मुताबिक मकान संकरे रास्ते पर था। जहां तक दमकल की गाड़ियां नहीं पहुंच पा रही थीं। स्थानीय लोगों की मदद से बाल्टी और पाइप के सहारे पानी पहुंचाकर आग पर काबू पाया गया। एफएसओ ने बताया कि आग की चपेट में आने से गोदाम में रखा माल जल गया। आग संभवत : शार्ट सर्किट से लगी थी। समय रहते काबू पा लिया गया था। कोई हताहत नहीं हुआ है।

20 वर्षों पहले बिकी जमीन का दोबारा करा दिया बैनामा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- संयुक्त पुलिस आयुक्त के आदेश पर चिनहट थाने में रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार: संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था उपेंद्र कुमार अग्रवाल के आदेश पर चिनहट थाने में दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी कर जमीन का बैनामा कराने और कब्जे के प्रयास का मामला दर्ज किया गया है। इंस्पेक्टर ने बताया जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

इंस्पेक्टर अश्वनी कुमार चतुर्वेदी के मुताबिक इंदिरानगर निवासी वैभव ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया चिनहट क्षेत्र के ग्राम गनेशपुर रहमानपुर में उसकी पैतृक जमीन है। परिवार के अन्य हिस्सेदारों ने 24 जून 2005 को अपने हिस्से की जमीन बेच दी थी। उसका टुकड़ा बचा था। उक्त जमीन सरस भारती सहकारी आवास समिति ने खरीदी थी। जिसमें खरीदारों ने निर्माण भी करा लिया था। पीड़ित का कहना है कि अपनी जमीन का कुछ हिस्सा बेच दिया था, बाकी जमीन के आसपास बाउंड्री बनवा दी थी। 15 अगस्त 2023 को शेर सिंह विष्ट और कृष्ण कुमार करीब 35 से 40 लोगों के साथ काले कपड़े पहनकर आए और हमला कर जमीन पर कब्जा का प्रयास किया। इसके अलावा 2005 में बिक चुकी जमीन जाली कागजात बनवा कर बेच दी। आरोपी पूरी जमीन पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। पीड़ित ने स्थानीय पुलिस के सुनवाई नहीं करने पर जेसीपी से गुहार लगाई थी।

एक नजर

सकलेन ने दिलाई सेंट्रल क्लब को जीत

अमृत विचार, लखनऊ : मैन ऑफ द मैच मो. सकलेन के शानदार गेंदबाजी की बदौलत सेंट्रल क्रिकेट क्लब ने एसएमआर कप अंडर-16 क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मैच में ट्रम्फ स्टारलेट्स क्रिकेट क्लब को 69 रनों से हरा दिया। एसएमआर क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए सेंट्रल क्ल्ब ने 24.5 ओवर में सभी विकेट खोकर 148 रन बनाए। जवाब में ट्रम्फ स्टारलेट्स की टीम 13.4 ओवर में 79 रन ही जोड़ सकी।

गोमती की महाआरती 23 को

अमृत विचार, लखनऊ : सनातन महासभा की ओर से प्रत्येक पूर्णिमा पर होने वाली आदि गंगा गोमती की महाआरती का आयोजन हरिद्वार की तर्ज पर गोमती तट स्थित झूलेलाल घाट पर आगामी 23 मई को शाम 6.30 बजे किया जायेगा। सनातन महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रवीण व महासचिव देवेंद्र शुक्ल ने बताया कि बैशाख पूर्णिमा व बुद्ध जयंती पर 125वें सनातन समागम में सांस्कृतिक संध्या के साथ हाइस्कूल / इंटर के मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान और नशा व अपराध मुक्त उत्तर प्रदेश विषयक स्लोगन, पेंटिंग व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। इस मौके पर पांच विभूतियों को सनातन शिरोमणि सम्मान दिया जायेगा। इस मौके पर पूर्व न्यायमूर्ति एसएस उपाध्याय, न्यायाधीश मीनाक्षी समेत अन्य को आमंत्रित किया गया है।

महिका-लक्ष्मीसिरी की जोड़ी बनी चैंपियन

आईटीएफ जूनियर टेनिस चैंपियनशिप

बालकों में ओजस-अधिराज ने दर्ज की जीत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए उत्तर प्रदेश की खिलाड़ी महिका खन्ना ने अपनी जोड़ीदार के साथ युगल वर्ग में धमाकेदार प्रदर्शन कर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया।

भारतीय जोड़ी महिका और लक्ष्मीसिरी की जोड़ी ने खिताबी मुकाबले में हमवतन अकृति सोनकुसारे और ऐश्वर्या जाधव की जोड़ी को सीधे सेटों में 6-2,7-5 से हराया। पहले सेट में जीत के लिए महिला और लक्ष्मीसिरी को अधिक मेहनत नहीं करनी पड़ी। दूसरे सेट में काटे की टक्कर देखने को मिली। एक-एक प्वाइंट के लिए चले संघर्ष में महिका-लक्ष्मीसिरी ने जीत दर्ज की।

बालक वर्ग में युगल का खिताब भारत के ओजस मेहलावत और अधिराज ठाकुर की जोड़ी ने जीता। विजयंतखंड मिनी स्टेडियम में खेले जा रहे मुकाबले में इस जोड़ी ने बड़ा उलटफेर कर शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी को शिकस्त दी। ओजस और अधिराज ने हमवतन शीर्ष वरीय आदित्य मोर और प्रनील शर्मा की जोड़ी को सीधे सेटों में 7-5, 6-2 से हराकर खिताबी जीत दर्ज की। विजेताओं को प्रसार भारती के चेयरपर्सन और उत्तर प्रदेश टेनिस एसोसिएशन के उपाध्यक्ष नवनीत सहगल ने पुरस्कार वितरित किए।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि खेलों को बढ़ावा देने के लिए यूपीटीए लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में यूपीटीए के कैंप आयोजित किए जाएंगे, जिसमें यूपी के खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के कोच ट्रेनिंग देंगे। इस मौके पर यूपीटीए के सचिव पुनीत अग्रवाल, कोषाध्यक्ष बीसी तिवारी, कोच विजय पाठक और टेक्निकल हेड समित केसरी मौजूद रहे।

बालिका वर्ग में चैंपियन महिका और लक्ष्मीसिरी को पुरस्कृत करते प्रसार भारती के चेयरपर्सन डॉ. नवनीत सहगल, वहीं बालक वर्ग में ओजस मेहलावत और अधिराज ठाकुर को किया गया पुरस्कृत। अमृत विचार

लक्ष्मीसिरी-ऐश्वर्या में ताज के लिए मुकाबला आज

अमृत विचार : गोमती नगर स्थित विजयंत खंड मिनी स्टेडियम में फाइनल से पूर्व शुक्रवार को एकल वर्ग के मुकाबले में खेले गए। बालिका एकल वर्ग में यूपी की महिका को आज एकल के सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा। सेमीफाइनल में महिका को उनकी डबल्स की पार्टनर लक्ष्मीसिरी डोंडू ने शिकस्त दी। डोंडू ने महिका को सीधे सेटों में 6-3, 6-4 से हराया और फाइनल में जगह बना ली। बालिका वर्ग के फाइनल में लक्ष्मीसिरी का मुकाबला शनिवार को भारतीय खिलाड़ी ऐश्वर्या जाधव से होगा। दूसरे सेमीफाइनल में ऐश्वर्या ने जया कपूर को कड़े मुकाबले में 7-6 (3), 6-3 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। बालक वर्ग का खिताबी मुकाबले में भारतीय खिलाड़ी के .महालिंगम अखिलेंदेश्वर और शंकर हेस्नाम आमने-सामने होंगे। आज सेमीफाइनल मुकाबलों में शीर्ष वरीयता प्राप्त महालिंगम ने तीसरी वरीयता प्राप्त प्रनील शर्मा को 6-1, 6-2 से सीधे सेटों में हराकर फाइनल में धमाकेदार एंट्री की। दूसरे सेमीफाइनल में शंकर हेस्नाम ने अपना मुकाबला आसानी से जीता। लिया। हेस्नाम ने हमवतन प्रद्युम्न सिंह तोमर को 6-1,6-0 से हराकार फाइनल का टिकट कटाया।

सेमीफाइनल में परफार्मस को चुनौती देंगे ड्रीमर्स

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : हिल्टन कप के लिए खेले जा रहे महिला टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मुकाबलों की तस्वीर शुक्रवार को साफ हो गई। शनिवार को दोनों सेमीफाइनल केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर खेले जाएंगे।

पहले सेमीफाइनल में परफार्मर्स एकादश के सामने ड्रीमर्स एकादश की चुनौती होगी तो दूसरे में बीमर्स एकादश का मुकाबला स्पाइकर्स एकादश से होगा। फाइनल मुकाबला 19 मई को खेला जाएगा। विजेता टीम को क्रिकेट एसोसिएशन लखनऊ के अध्यक्ष डॉ. नवनीत सहगल सम्मानित करेंगे। इस अवसर पर खेल निदेशक डॉ. आरपी सिंह, होटल हिल्टन के चेयरमैन राकेश लडानी, बीबीडी ग्रुप के चेयरमैन विराज सागर गेस्ट ऑफ ऑनर होंगे।

शुक्रवार को टूनामेंट का अंतिम लीग मैच खेला गया। इस मैच में प्लेयर ऑफ द मैच हनी जाफरी की शानदार गेंदबाजी की बदौलत स्पाइकर्स एकादश ने मरकरी एकादश को 9 विकेट से रौंद दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए मरकरी एकादश ने 16.2 ओवर में सभी विकेट खोकर 69 रन बनाए। 8-4 ओवर में टीम ने पांच विकेट खो दिए थे, उस समय स्कोर 30 रन था। अना जाफरी ने 26 रन बनाए। कोई अन्य बल्लेबाज दहाई के अंक तक नहीं पहुंच सका।

स्पाइकर्स की ओर से हनी जाफरी ने 4 और नोयल ने 2 विकेट चटकाए। जवाब में स्पाइकर्स ने 14 ओवर में एक विकेट खोकर 70 रन बनाए और जीत दर्ज की। धुन ने 41 रनों की पारी खेली।

ट्रॉफी के साथ हनी जाफरी।

▸▸ हिल्टन कप महिला टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट

अवैध वेंडर्स के खिलाफ चला चेकिंग अभियान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के डीआरएम आदित्य कुमार के निर्देश के अनुसार वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आशुतोष गुप्ता के नेतृत्व में रेलवे स्टेशनों पर अवैध वेंडरों के खिलाफ अभियान चलाया गया।

इस दौरान लखनऊ जं., गोरखपुर जं., गोंडा जं. एवं बस्ती और अन्य प्रमुख गाड़ियों में अवैध वेंडिंग के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अभी तक 28 अवैध वेंडर्स को पकड़ा गया। इनसे 906 बोतल अद्योमानक ब्रांड का पानी बरामद हुआ। पकड़े गये सभी वैंडर्स पर दण्डात्मक कार्रवाई करते हुए जुर्माना लगाया गया है। स्टेशनों पर मानकों के अनुसार खाद्य एवं पेय पदार्थों की बिक्री सुनिश्चित करने को यह अभियान चला।यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

बिसवां से सीतापुर को जाने वाला सड़क मार्ग रहेगा बाधित

अमृत विचार : पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल प्रशासन की देखरेख में बिसवां-रमईपुर रेलखंड के मध्य बिसवां स्थित समपार संख्या 58 स्पेशल पर रेलवे ट्रैक की ओवर हॉलिंग एवं पैकिंग कार्य किया जाना है। यह कार्य 18 मई रात 20:00 बजे से 19 मई रात 20:00 बजे तक किया जाएगा। ऐसे में बिसवां से सीतापुर को जाने वाला मुख्य सड़क मार्ग बाधित रहेगा।

शिया वक्फ बोर्ड ने शहीद-ए-सालिस की मजार के मुतवल्ली को पद से हटाया

मौलाना आगा रूही और पुत्रों पर धांधली के आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : उप्र. शिया सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड ने आगरा स्थित नूरुल्लाह शूस्त्री उर्फ़ शहीद-ए-सालिस की मजार के मुतवल्ली मौलाना आगा रूही और उनके बेटों को उनके पद से हटा दिया है। बोर्ड ने मौलाना और उनके बेटों पर मजार पर आने वाले जायरीन के ठहरने वाले कमरों का किराया बढ़ाने और दान पात्र व बैंक एकाउंट में जमा रकम में घपले का आरोप लगाया है।

बोर्ड का कहना है कि मौलाना और उनके बेटों (मुर्तजा नासिर और अब्बास नासिर) ने मजार की आमदनी को तो हासिल किया लेकिन वहां काम करने वालों को वेतन देना भी बंद कर दिया। बोर्ड ने इस सम्बन्ध में मौलाना से कई बार सम्पर्क किया लेकिन उन्होंने किसी की भी बात मानने से इनकार कर दिया।

बोर्ड ने हालात से निबटने के लिए शहीद-ए-सालिस की मजार की देखरेख के लिए वहां प्रशासक नियुक्त कर दिया और वहां की देखरेख के लिए अपना प्रशिक्षित स्टाफ भी भेजा लेकिन मौलाना ने बोर्ड की टीम को चार्ज भी नहीं लेने दिया। मौलाना ने बोर्ड के खिलाफ शासन में शिकायत की और हाईकोर्ट में मुकदमा भी किया लेकिन न तो शासन से और न हाईकोर्ट से उन्हें राहत मिली। मौलाना ने वक्फ ट्रिब्यूनल का दरवाजा खटखटाया। ट्रिब्यूनल ने बोर्ड के ऑर्डर पर स्टे दे दिया।

शिया वक्फ बोर्ड ने वक्फ ट्रिब्यूनल के खिलाफ हाईकोर्ट में अपना पक्ष रखा। हाईकोर्ट ने वक्फ ट्रिब्यूनल के आदेश पर रोक लगा दी।

बोर्ड के आरोप गलत, हमने आमदनी को बढ़ाया : मुर्तजा नासिर

शहीद-ए-सालिस की मजार के मुतवल्ली व सचिव रहे मुर्तजा नासिर ने बताया कि हमने आमदनी और खर्च का आडिट कराकर बोर्ड को हिसाब दिया है। उनका आरोप है कि बोर्ड मजार की जमीन पर बने पेट्रोल पम्प की मियाद को बढ़ाने का दबाव बना रहा था जबकि हम 11 महीने की किरायेदारी तय करने से ज्यादा पर तैयार नहीं थे। उन्होंने बताया कि हमने अपने कार्यकाल में इस वक्फ की आमदनी को बढ़ाया है। वक्फ ट्रिब्यूनल के सामने हमने अपना पक्ष रखा था, जिस पर हमारे पक्ष में फैसला हुआ लेकिन इलाहाबाद हाईकोर्ट में बोर्ड गया तो हमें समय से जानकारी ही नहीं हो पाई तो हम वहां अपना पक्ष कैसे रखते। मुर्तजा नासिर ने कहा कि हम बहुत जल्दी हाईकोर्ट में अपना पक्ष रखेंगे।

7वें चरण में कुल 144 प्रत्याशी चुनाव मैदान में

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश में सातवें चरण में कुल 144 लोकसभा प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। शुक्रवार को छह प्रत्याशियों ने अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली, जबकि सोनभद्र की दुद्धी (अजजा) विधानसभा उप निर्वाचन के लिए कुल छह प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। इन सीटों के लिए मतदान एक जून को होगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि कुशीनगर, घोसी, गाजीपुर व वाराणसी में एक-एक प्रत्याशी और राबर्ट्सगंज (अजा) सीट में दो प्रत्याशियों ने नाम वापस लिया। उन्होंने बताया कि अब महराजगंज में आठ, गोरखपुर में 13, कुशीनगर में नौ, देवरिया में सात, बांसगांव (अजा) में आठ, घोसी में 28, सलेमपुर में नौ, बलिया में 13, गाजीपुर में 10, चन्दौली में 10, वाराणसी में सात, मिर्जापुर में 10 और राबर्ट्सगंज (अजा) में 12 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

शाकिब के गोल से स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ बना चैंपियन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : शाकिब अहमद के शानदार खेल की बदौलत गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ ने 63वें राज्य स्तरीय सुब्रतो फुटबॉल कप अंडर-17 में चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया।

कुर्सी रोड स्थित गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज के मैदान में खेले गए फाइनल में स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ ने बनारस मंडल को रोमांचक मैच में 2-0 से हरा दिया। विजेता टीम को स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ के प्रधानाचार्य अजय कुमार सेठी ने पुरस्कृत किया। इस मौके पर पूर्व ओलंपियन सैयद अली मौजूद रहे।

फाइनल मुकाबले में दोनों टीमों ने मैच की शुरुआत से आक्रामक रुख अख्तियार कर लिया। पहले मध्यांतर में पहली सफलता स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ को मिली।

फारवर्ड लाइन में खेल रहे शाकिब अहमद ने 10वें मिनट में बनारस मंडल की रक्षापंक्ति को भेद कर गोल किया और टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। इसके बाद दोनों टीमों ने एक-दूसरे पर कई आक्रमण किए लेकिन सफलता नहीं मिली।

दूसरे मध्यांतर में बनारस ने रणनीति बदली लेकिन लखनऊ टीम ने उन्हें रक्षापंक्ति नहीं पार करने दी। 50वें मिनट में शाकिब अहमद एक बार फिर से बनारस की रक्षापंक्ति को भेद कर शानदार गोल किया और टीम को 2-0 की बढ़त दिलाई। मैच के अंत तक यही बढ़त कायम रही। इसके पहले तीसरे स्थान के लिए हुए मुकाबले में गोरखपुर मंडल ने बरेली मंडल को 1-0 से हरा कर जीत दर्ज की।

ट्रॉफी के साथ स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ की टीम। अमृत विचार

▸▸ फाइनल में वाराणसी मंडल को 2-0 से हराया

▸▸ गोरखपुर मंडल को मिला तीसरा स्थान

अब एनडीए को बिना शर्त समर्थन देगा महान दल

अमृत विचार, लखनऊ : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी के समक्ष शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में महान दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष केशव देव मौर्य ने बिना शर्त अपनी पार्टी का समर्थन एनडीए को देने की घोषणा की। इससे पहले गुरुवार को केशव देव मौर्य ने बाबू सिंह कुशवाहा को जौनपुर से टिकट देने पर सपा से अपना समर्थन वापस लेने की घोषणा की थी। भूपेन्द्र चौधरी ने महान दल के नेता केशव देव मौर्य सहित उनके पदाधिकारियों का एनडीए में स्वागत करते हुए कहा कि हम सभी मिलकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प को पूरा करने का काम करेंगे।

गांधी प्रतिमा के समक्ष मतदाता अभियान में प्रतिभाग करते विभिन्न सांस्कृतिक समाजिक संगठन के पदाधिकारी। अमृत विचार

नौकरी मांगने के बजाए देने की सोच बनाएं युवा : डॉ. पूनम

संवाददाता, सरोजनीनगर

अमृत विचार : भारत सरकार के उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय विकास संस्थान (निसबड) की निदेशक डॉ. पूनम सिन्हा ने कहा कि युवा वर्ग को स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने के लिए सैकड़ों योजनाएं संचालित की जा रही है। युवाओं को नौकरी मांगने की जगह अपनी सोच नौकरी देने वाले की बनानी होगी।

डॉ. सिन्हा शुक्रवार को विश्व बैंक महिला आईटीआई के लिए स्ट्राइव योजना के तहत आयोजित उद्यमित विकास कार्यक्रम प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रतिभागियों को सम्बोधित कर रही थी।

इस मौके पर निसबड की निदेशक डॉ. सिन्हा ने कहा कि युवा नवाचार को लाभदायक बनाकर एक सफल उद्यमी बन सकें, इसके लिए निसबड द्वारा बेरोजगार युवाओं, परामर्श, प्रशिक्षण एवं व्यावसायिक सलाह, क्षमता निर्माण, मार्गदर्शन एवं वित्तीय पोषण का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

कोई भी स्वरोजगार शुरु करने से पहले कुछ बातों का ध्यान रखें। बैंक में आप जो रिपोर्ट सबमिट करते हैं। इसके लिए सबसे पहले मार्केट का सर्वे कराएं। इससे आपको पता चलेगा कि मार्केट में किस तरह के प्रोडक्ट चल रहे हैं और उपभोक्ता किस तरह के प्रोडक्ट चाहता है। ऐसा करके ही आप उपभोक्ता के अनुसार बेहतर प्रोडक्ट मार्केट में ला सकते हैं।

▸▸ स्ट्राइव योजना के तहत उद्यमित विकास प्रशिक्षण आयोजित

अध्यापकों के विनियमितीकरण पर नए सिरे से नियमानुसार करें विचार

विधि संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने प्रदेश में वर्ष 1993 से 1996 के बीच विभिन्न प्रबंधकीय कॉलेजों में नियुक्त किये गए अध्यापकों का विनियमितीकरण करने से इंकार करने के क्षेत्र स्तरीय कमेटी के विभिन्न आदेशों को खारिज कर दिया है।

न्यायालय ने कहा है कि सम्बंधित जिला विद्यालय निरीक्षकों या कॉलेजों के सम्बंधित मैनेजमेंट से याची अध्यापकों के रिकॉर्ड मंगाकर, उन्हें सुनवाई का पूरा मौका देते हुए, नियमानुसार विनियमितीकरण पर निर्णय लिया जाए। न्यायालय ने तीन माह में यह कार्यवाही पूर्ण करने का आदेश दिया है।

यह आदेश न्यायमूर्ति श्री प्रकाश सिंह की एकल पीठ ने तीरथराज समेत लगभग तीन दर्जन से अधिक अध्यापकों की याचिकाओं को मंजूर करते हुए पारित किया। न्यायालय ने कहा कि सरकार से एक कल्याणकारी सरकार की तरह न्यायोचित और पारदर्शी तरीके से काम करने की अपेक्षा है।

न्यायालय ने कहा कि याचीगण पिछले दो दशक से अधिक समय से काम कर रहे हैं। उनकी नियुक्ति प्रदेश के दूरदराज इलाकों में उस समय की गई थी जब शिक्षकों की काफी कमी थी। याचियों ने क्षेत्र स्तरीय कमेटी के आदेशों को चुनौती दी थी जिनमें यह कहकर याचियों का विनियमितीकरण करने से इंकार कर दिया गया था कि जिला विद्यालय निरीक्षक या प्रबंध तंत्र ने उनका आवश्यक दस्तावेज नहीं प्रेषित किया।

इस पर न्यायालय ने कहा कि जिला विद्यालय निरीक्षक स्वयं क्षेत्र स्तरीय कमेटी का सदस्य होता है ऐसे में जिस तर्क के आधार याचियों के खिलाफ आदेश पारित हुआ है वह समझ से परे है। न्यायालय ने कहा कि याचियों को सुनवाई का भी मौका नहीं दिया गया है। इन टिप्पणियों के साथ न्यायालय ने सभी याचिकाओं को मंजूर कर लिया और याचियों के विनियमितीकरण के बारे में नए सिरे से निर्णय लेने का आदेश जारी किया है ।

▸▸ 1993 से 1996 के बीच मैनेजमेंट कॉलेजों में नियुक्त अध्यापकों के विनियमितीकरण विवाद पर हाईकोर्ट का आदेश

बसपा सांसद अतुल राय को जमानत से इनकार

विधि संवाददाता, लखनऊ : हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने कथित रेप पीड़िता व उसके साथी द्वारा सुप्रीम कोर्ट के समक्ष आत्मदाह के मामले में बसपा सांसद अतुल कुमार सिंह उर्फ अतुल राय को जमानत देने से इंकार कर दिया है। इसके पूर्व 29 जनवरी 2024 को उन्हें स्वास्थ्य कारणों से अंतरिम जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया गया था।

यह आदेश न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह की एकल पीठ ने अतुल राय के अंतरिम जमानत प्रार्थना पत्र पर पारित किया। उल्लेखनीय है कि इस मामले में अतुल राय व पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर पर कथित रेप पीड़िता व उसके साथी को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप है। पीड़िता ने अतुल राय के खिलाफ दुराचार की एफआईआर लिखाई थी। हालांकि, दुराचार के मामले में वह बरी हो चुका है।

मुनाल ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : पहाड़ की संस्कृति को जीवंत करने वाली सांस्कृतिक संस्था मुनाल ने मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम के तहत जीपीओ स्थित गांधी प्रतिमा पर विभिन्न सांस्कृतिक व सामाजिक संगठनों ने भाग लिया।

मुनाल के निदेशक विक्रम बिष्ट के संयोजन में राष्ट्रीय पर्वतीय महासभा के संयोजक मोहन सिंह बिष्ट, राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुपम भंडारी, कलाकार बंधु के अध्यक्ष राजू चंचल आदि ने मतदान में सभी की हिस्सेदारी के लिए जागरूक किया।

विक्रम बिष्ट ने कहा कि हम सब कलाकार अपने क्षेत्र, कॉलोनी व घर के आसपास के सभी लोगों को साथ में ले जाकर मतदान के लिए प्रेरित करें। मोहन बिष्ट ने कहा कि हम राष्ट्र के लिए एक अच्छे व्यक्ति का चुनाव करेंगे। सभी ने एक स्वर में कहा कि पहले मतदान फिर जलपान, मतदान महादान, न चलेगा कोई बहाना मतदान करने जरूर आना जैसे नारों से मतदाताओं को जगाने का काम किया।

अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस पर छात्रों ने की लाइव स्केचिंग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : राज्य संग्रहालय, लोक कला संग्रहालय और संस्कृति विभाग के संयुक्त तत्वाधान में अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

संग्रहालय भ्रमण, संग्रहालय के प्रति जागरूकता अभियान, विभिन्न विद्यालयों में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, राज्य संग्रहालय में ऑन द स्पॉट लाइव स्केचिंग व पेंटिंग प्रतियोगिता के अलावा गोमतीनगर स्थित 1090 चौराहे पर राज्य संग्रहालय लखनऊ में संग्रहित कलाकृतियां पर आधारित विशिष्ट प्रदर्शनी एवं कठपुतली प्रदर्शन का आयोजन किया गया।

पेंटिंग प्रतियोगिता में कई कॉलेजों के छात्र-छात्राओं ने भागीदारी की। प्रतिभागियों द्वारा बनाई गई कलाकृतियां 18 मई को दर्शकों के लिए प्रदर्शित की जाएंगी। चयनित प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

राज्य संग्रहालय की निदेशक डॉ. सृष्टि धवन, सहायक निदेशक मीनाक्षी खेमका, एपीजे अब्दुल कलाम विश्वविद्यालय के सहायक आचार्य भूपेंद्र कुमार अस्थाना, रतनप्रिया, शुभा त्रिपाठी, धीरज कुमार, वास्तुकला के छात्र अभिनन्दिता गुप्ता, आदित्य श्रीवास्तव, आदित्य टण्डन, आदित्य कुमार सिंह, मयंक चौधरी, निशा राजपूत समेत अन्य की मौजूदगी रही।

अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस पर आयोजित चित्र कला प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते विभिन्न कॉलेजों के छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

जातीय जनगणना नहीं कराना चाह रही भाजपा

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश कांग्रेस ने कहा कि भाजपा देश में जातीय जनगणना नहीं कराना चाह रही है। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे, प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन पूर्व मंत्री डॉ सीपी राय, नेशनल मीडिया कोऑर्डिनेटर गरिमा मेहरा दसौनी, चित्रा बाथम व प्रदेश प्रवक्ता शुचि विश्वास ने साझा तौर पर कहा कि कांग्रेस भाजपा जनित समस्याओं से निजात दिलाएगी। कांग्रेस नेता शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। नेताओं ने कहा कि 2011 की जनगणना के मुताबिक देश की आबादी 121 करोड़ थी। इस दौरान 81.35 करोड़ लोगों को खाद्य सुरक्षा कानून के दायरे में लाया गया था। इसके बाद मोदी सरकार ने देश की जनगणना जानबूझ कर नहीं कराई। उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा कानून के प्रावधान में संशोधन कर लाभार्थियों की संख्या बढ़ाई जा सकती है, पर सरकार इस ओर भी ध्यान नहीं दे रही है।

स्वयं से स्वयं का वार्तालाप है नाटक संलाप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : यायावर रंगमंडल के संस्थापक निदेशक जितेन्द्र मित्तल की स्मृति में संगीत नाटक आकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में वरिष्ठ रंगकर्मी ललित सिंह पोखरिया के काव्य संग्रह संलाप का लोकार्पण और कविताओं का नाट्य मंचन किया गया। नाटक में अभिनय और निर्देशन दोनों ही ललित सिंह पोखरिया का था।

काव्य संग्रह संलाप में शामिल हर कविता स्वयं से स्वयं का वार्तालाप है। स्वयं का प्रकृति से वार्तालाप, स्वयं का अपने समाज और मानव जाति से वार्तालाप। ये सारे वार्तालाप एकाकी हैं। इन कविताओं में संवेदना, वेदना, व्याकुलता और प्रकृति के प्रति आलौकिक प्रेम देखने को मिलता ही।

इस नाटक में चुनी गई कविताओं की खास बात यह रही कि कवि के दिमाग में चल रही तमाम उथल-पुथल के बावजूद कोई भी मन में घुमड़ने वाले सवालों का जवाब देने वाला नहीं है। नाटक में 15 कविताएं शामिल की गईं। कविताएं लिखने वाले पोखरिया ने इसमें अभिनय भी किया और निर्देशन भी।

नाटक संलाप का मंचन करते वरिष्ठ रंगकर्मी ललित सिंह पोखरिया। अमृत विचार

एक नजर

मतदान करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी : अंजनी

अमृत विचार, बख्शी का तालाब : ...पूरी धरा भी साथ दे तो और बात है...पर तू ज़रा भी साथ दे तो और बात है।...चलने को एक पांव से भी चल रहे हैं लोग...पर दूसरा भी साथ दे तो और बात है। प्रख्यात कवि कुंवर बेचैन की पंक्तियों को पढ़ते हुए बख्शी का तालाब स्थित कमलाबाद बढ़ौली के रहने वाले ओज कवि योगेश सिंह चौहान ने कस्बा स्थित बड़ी बाजार में संयुक्त उद्योग व्यापार मण्डल बीकेटी इकाई के अध्यक्ष वेद रत्न सिंह चौहान द्वारा आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित व्यापारियों को सुनाते हुए अपनी बात को प्रारंभ किया।

बाराबंकी में आज राहुल करेंगे चुनावी सभा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : कांग्रेस नेता राहुल गांधी 18 मई को बाराबंकी में चुनावी सभा करेंगे। वह पार्टी प्रत्याशी तनुज पुनिया को जिताने की अपील करेंगे। प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ. सीपी राय ने बताया कि राहुल गांधी बाराबंकी के मदारपुर तिराहा व कोशानेश्वर मोड़ निकट कोठी विधानसभा क्षेत्र हैदरगढ़ में लोकसभा क्षेत्र बाराबंकी के इंडिया गठबंधन प्रत्याशी तनुज पुनिया के पक्ष में आयोजित जनसभा में सम्बोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि 19 मई को राहुल गांधी व सपा प्रमुख अखिलेश यादव प्रयागराज में लोकसभा क्षेत्र फूलपुर के इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अमरनाथ मौर्या के पक्ष में आयोजित जनसभा को संयुक्त रूप से संबोधित करेंगे।

पति को छोड़ बैंक अफसर पत्नी रिश्तेदार के साथ यूएसए गई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- आरोपी छत्तीसगढ़ की एसआईजी कंपनी में सीनियर अधिकारी है
- पीड़ित पति ने गोमतीनगर थाने में आरोपियों पर दर्ज कराई रिपोर्ट

अमृत विचार: गोमतीनगर क्षेत्र में रहने वाली बैंक अधिकारी महिला अपने पति की बहन के पति के साथ यूएसए चली गई। महिला शादी के बाद से ही पति पर अपने माता-पिता से अलग रहने व विदेश चलने का दबाव बना रही थी। पति राजी नहीं हुआ तो अलग रहने लगी थी। इस बीच चुपके से विदेश चली गई। दो वर्ष बाद भी उसका सुराग नहीं लगा। पीड़ित के मुताबिक उसकी पत्नी को ले जाने वाला आरोपी छत्तीसगढ़ की एचआईजी कंपनी में सीनियर आफिसर है।

थाना क्षेत्र निवासी पीड़ित पति ने पुलिस को प्रार्थना-पत्र दिया। बताया उनकी शादी 30 अप्रैल 2017 को एक बैंक अफसर महिला से हुई थी। शादी के 5 माह बाद पत्नी का तबादला गुरुग्राम हो गया। जहां वह भी पत्नी के साथ रहने लगे। मार्च 2018 से पत्नी बिना बात के झगड़ा करने लगी और मेरे माता-पिता से अलग होकर विदेश में रहने का दबाव बनाने लगी। बात नहीं मानने पर 23 नवंबर 2019 से पत्नी गहने समेत अन्य कीमती सामान लेकर अलग रहने लगी। इस बीच पति को पता चला कि पत्नी की नजदीकी भार्गवेन्द्र त्रिपाठी जो की एचआईजी कंपनी छत्तीसगढ़ में सीनियर अफसर हैं, के साथ है। सितंबर 2021 में पता चला की पत्नी आरोपी भागवेंद्र त्रिपाठी के साथ यूएसए भाग गई है। पीड़ित ने बताया कि पत्नी को भगा कर ले जाने वाला आरोपी उसकी बहन का पति है। बहन ने आरोपी के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया था। जो अदालत में चल रहा है। पीड़ित का कहना है कि पत्नी दो वर्ष से लापता है। उसने बैंक में भी इस संबंध में कोई सूचना नहीं दी है। बैंक की तरफ से उसके खिलाफ कार्रवाई की गई है। पत्नी को झांसे में लेकर भगाने में भागवेंद्र व उसके परिवार के सदस्यों की भूमिका है। आरोपी जानमाल की धमकी दे रहे हैं। उसने पत्नी के नाम से फर्जी पासपोर्ट बनवाने का भी आरोप लगाया है। इंस्पेक्टर दीपक कुमार पांडेय ने बताया मामले में भागवेंद्र त्रिपाठी, रामबहादुर त्रिपाठी, उनकी मां, बहनोई अनूप मिश्र समेत अन्य के नाम रिपोर्ट दर्ज की है। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

मतदान स्थल जाने में है दिक्कत तो पहुंचाएगी व्यापारियों की गाड़ी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- इकाई अध्यक्ष को करें फोन मिलेगा वाहन

अमृत विचार: संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल बख्शी का तालाब इकाई द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इसमें बड़ी संख्या में व्यापारी और स्थानीय लोग जुटे। इस मौके पर संगठन के मुखिया राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजनी कुमार पांडे ने कहा कि गर्मी का समय है। ऐसे में पहले मतदान करें और फिर जलपान ग्रहण करें। स्थानीय व्यापारियों एवं क्षेत्रवासियों को लोकसभा के चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई। यदि कोई व्यक्ति मतदान केंद्र तक जाने में असमर्थ है तो उसके लिए गाड़ी की व्यवस्था संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल करेगा। सिर्फ आपको अपने क्षेत्र के इकाई अध्यक्ष को फोन करना है। कार्यक्रम में बलवीर सिंह, योगेश सिंह चौहान, बख्शी तालाब अध्यक्ष वेद रतन सिंह, लक्ष्मी प्रकाश दीक्षित, शिवकुमार पाल, राम तिवारी, बब्बू पांडे, दिनेश वर्मा, लल्लन सिंह, राहुल सिंह, प्रदीप सिंह, अनूप यादव, अभिषेक सिंह, दिलीप मिश्रा, हरिओम अवस्थी, शिवम सिंह आदि मौजूद रहे।

विकसित भारत की उज्जवल आधारशिला के लिए करें मतदान: सीएम दुबे : दवा विक्रेता समिति की ओर से शुक्रवार को कई इलाकों में भ्रमण कर मतदान की अपील की गई।

परिवार के साथ वोट करें व्यापारी ऐतिहासिक जीत के साथ भेजें संसद

होटल समेत अलग-अलग ट्रेडों के व्यवसायियों ने लिया शत-प्रतिशत वोट करने का संकल्प

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : होटल इंडस्ट्री के सभी ट्रेड से जुड़े व्यापारी शुक्रवार को गोमती नगर स्थित एक होटल में जुटे। व्यापारियों ने राजनाथ सिंह के समर्थन में मतदान की अपील की और अधिक से अधिक मतदान करने का संकल्प लिया।

इसमें कपड़ा कारोबारी और होटल उद्योग से जुडे. लोगों ने कहा कि आगामी 20 मई को रिकार्ड मतदान करें और सांसद को पांच लाख वोटों से जिताकर ऐतिहासिक विजय के साथ संसद भेजें। सभी ट्रेडर्स अपने परिवार और कर्मचारियों संग ग्रुप बनाकर बाहर निकलें और मतदान करें।

इस मौके पर होटल उद्योग के श्याम कृश्नानी, अशोक मोतियानी, अनिल बजाज ने संयुक्त रूप से बताया कि सभी ट्रेड के व्यापारियों ने मतदान का संकल्प लिया। होटल उद्योग के श्याम कृश्नानी ने कहा कि राजनाथ सिंह ने राजधानी के लिए ठोस काम किए हैं। प्रदेश का व्यापारी योगी राज में सुरक्षित है। कपड़ा कारोबारी मोतियानी, अनिल बजाज, प्रभू जालान ने कहा कि शहर में मार्गों का जाल राजनाथ सिंह की देन है। तमाम ओवरब्रिजों ने लोगों की राह आसान की है। इस दौरान सुनील कालरा, सुरेश जायसवाल, रवि खन्ना, नवीन चरण, सुरेश तेजवानी, संजय जसवानी, अशोक चांदवानी, राजेंद्र गुलाटी, संजय चावला, अमित तलवार, गोविंद अमरनानी, रोमी सिंह, सुशील गुरनानी, केएल आहूजा, राजेंद्र सिंह सहित बड़ी तादात में व्यापारी मौजूद रहे। व्यापारियों ने मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए भाजपा नेता नीरज सिंह का स्वागत किया।

राजनाथ को रिकार्ड मतों से जिताने के लिए व्यापारियों के साथ घूमीं टोलियां

अमृत विचार, लखनऊ : राजधानी के सांसद एवं रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को रिकार्ड मतों से जिताने की अपील के साथ शुक्रवार को भाजपा की अलग-अलग टोलियां क्षेत्रों में निकलीं। महापौर सुषमा खरकवाल, नम्रता पाठक ने छावनी स्थित एमबी. क्लब सर्वेंट क्वार्टर जाकर लोगों से राजनाथ के पक्ष में वोट करने की अपील की और उनके द्वारा कराए गए कार्यों की जानकारी दी। ऐतिहासिक जीत के लिए वोट मांगा। उनके साथ सदर लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष सतवीर सिंह राजू की ओर से आयोजित कराई गई नुक्कड़ सभा को संबोधित किया। महापौर ने पिछले 10 वर्षों में कराए गए कार्यों की याद दिलाई। इसमें शहर में बनाई गईं सड़कें और जाम से निजात के लिए बनाए गए ओवरब्रिज की जानकारी दी। लखनऊ व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष राजू ने सभी से अपील की कि 20 मई को अपने घरों से निकलकर वोट अवश्य करें।

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु **ई-निविदा** प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **07.06.2024** को **15.00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेगें, यदि कोई मैनुवल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

1	**निविदा सूचना संख्या :** 04202024 दिनांक 16.05.2024
2	**निविदा संख्या :** 03/ Sr.DEN-I/LKO/2024-25
3	**कार्य का नाम : (1)** सहायक मण्डल इंजीनियर/मुख्यालय/लखनऊ के अधीन 3बीएन/आरपीएसएफ/लखनऊ पर पुराने प्रशासनिक भवन के स्थान पर नए प्रशासनिक भवन का निर्माण।
4	**अनुमानित लागत : (1)** रु. 1,24,27,079.30
5	**धरोहर राशि : (1)** रु. 2,12,100.00
6	**कार्य की समापन अवधि : (क्र. सं. 1 के लिये) :** स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छः माह।
7	**निविदा डालने का प्रारंभ :** 24.05.2024
8	**निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 07.06.2024, 15:00 बजे
9	**बेबसाईट : www.ireps.gov.in**

नोट:- निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त बेबसाईट पर उपलब्ध है। **1500/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु **ई-निविदा** प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **10.06.2024** को **15.00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेगें, यदि कोई मैनुवल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

1	**निविदा सूचना संख्या :** 04402024 दिनांक 17.05.2024
2	**निविदा संख्या :** 07Sr.DEN-IV-LKO-2024-2025
3	**कार्य का नाम :** वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर–चतुर्थ/लखनऊ के कार्यक्षेत्र में सहायक मण्डल इंजीनियर उत्तर रेलवे प्रथम और द्वितीय/सुल्तानपुर के अधीन लेवेल क्रॉसिंग जफराबाद–सुलतानपुर–उतरेटिया अनुभाग में लेवेल क्रॉसिंग नंबर 18/सी, 20/सी, 22/सी, 25/सी, 28/सी, 37/सी, 38/सी, 40/सी, 43/सी, 44/सी, सी/ पर निर्मित एलएचएस की डीवाटरिंग, 45, 49/सी, 53/सी, 56/सी, 57/सी, 60 सी, 61/सी, 62/सी, 63/सी, 87/सी, 91/सी, 110/सी, 111/सी, 112/सी, 113/सी, 114/सी, 122/सी, 126/सी, 130/सी, 132/सी, 134/सी, 155/सी, 160/सी, 164/सी, 169/ए और 177/सी और अयोध्या कैंट–सुलतानपुर अनुभाग में L-Xing नंबर 2/C, 5/C, 7/C (कुल संख्या 39) पर निर्मित एल.एच.एस से पानी निकालने का कार्य।
4	**अनुमानित लागत :** रु. 79,17,831.41
5	**धरोहर राशि :** रु. 1,58,400.00
6	**कार्य की समापन अवधि :** स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 04 माह।
7	**निविदा डालने का प्रारंभ :** 27.05.2024
8	**निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 10.06.2024 at 15:00 hrs.
9	**बेबसाईट : www.ireps.gov.in**

नोट:- निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त बेबसाईट पर उपलब्ध है। **1508/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

36 जिलों के भूजल स्तर में हुआ सुधार

जल जीवन मिशन के तहत 82.90 प्रतिशत घरों तक पहुंचा नल कनेक्शन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 34 विकासखंड संकटग्रस्त श्रेणी से उबरे
- मुख्य सचिव ने जल जीवन मिशन एवं भूगर्भ जल विभाग के कार्यों की समीक्षा की

अमृत विचार : वर्ष 2017 की तुलना में वर्तमान में प्रदेश के 36 जिलों के औसत भूजल स्तर में सुधार हुआ है और 34 विकासखंड संकटग्रस्त श्रेणी से बाहर आये हैं। वर्ष 2023-24 में लगभग 50,000 वर्ग मीटर छत के क्षेत्रफल को शामिल कर आच्छादित करते हुए शासकीय एवं अर्द्धशासकीय भवनों में रूफटॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना के कार्य को पूरा किया गया है।

मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र द्वारा जल जीवन मिशन एवं भूगर्भ जल विभाग के कार्यों की शुक्रवार को लोकभवन में समीक्षा के दौरान यह जानकारी सामने आयी। अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने जल जीवन मिशन के तहत 82.90 प्रतिशत घरों तक नल कनेक्शन पहुंच जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि बाकी बचे घरों को जल्द से जल्द योजना से आच्छादित किया जाये।

इसके साथ मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि भीषण गर्मी में कहीं भी पानी की किल्लत नहीं होनी चाहिये।

कनेक्शन देने में प्रदेश पहले स्थान पर

समीक्षा के दौरान बताया गया कि जल जीवन मिशन से 2 करोड़ 65 लाख 59 हजार 189 घरों के सापेक्ष 2 करोड़ 20 लाख 17 हजार 328 घरों को नल कनेक्शन से संतृप्त किया जा चुका है।

बसपा के कई पदाधिकारियों ने ली सपा की सदस्यता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : समाजवादी पार्टी की नीतियों पर आस्था जताते हुए शुक्रवार को लखनऊ जिले के कई बसपा पदाधिकारियों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी की उपस्थिति में यूथ ब्रिगेड के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद एबाद के साथ सपा में शामिल पूर्व बसपा पदाधिकारियों ने अखिलेश यादव से मुलाकात की और लोकसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशी रविदास मेहरोत्रा को जिताने का भरोसा दिलाया। बसपा छोड़कर सपा में शामिल होने वाले प्रमुख नेताओं में हनुमान प्रसाद गौतम पूर्व मण्डल अध्यक्ष, कैलाश गौतम पूर्व सेक्टर अध्यक्ष, किशोर बहेलिया पूर्व सेक्टर अध्यक्ष मदेयगंज, संजू गौतम पूर्व सेक्टर अध्यक्ष हुसैनाबाद, सुरेन्द्र कुमार गौतम पूर्व सेक्टर प्रभारी हुसैनाबाद, गोपाल पूर्व महासचिव, सरवन राजपूत महासचिव मदेयगंज शामिल हैं।

कार्यालय नगर पंचायत डलमऊ-रायबरेली

पत्रांक– मेमो/2024–25 दिनांक : 17.05.2024

स्वच्छ भारत — एक कदम स्वच्छता की ओर

पहले मतदान फिर जलपान

मतदाता है भाग्य विधाता मतदान कर राष्ट्र निर्माण के भाग्य विधाता बने

"ना रहे गन्दगी न खुले में शौच स्वच्छ होगा भारत स्वस्थ होंगे सब लोग"

जापानी इन्सेफलाईटिस / डेंगू आदि मच्छर जनित रोगों से बचाव हेतु नागरिकों से अपील

क्र0सं0	क्या करें ✓	क्या न करें ✗
1	मच्छरों आदि से बचाव हेतु मच्छरदानी का प्रयोग अति आवश्यक है।	अपने घरों के अगल–बगल कूड़ा आदि न जमा होनें दें
2	पूरे बदन को ढकने वाले कपड़े का प्रयोग करें।	नंगे शरीर न रहें न ही सोये।
3	कूड़ा करकट नियत स्थान पर ही डाले।	कूड़ा करकट इधर–उधर न फेंकें।
4	ढके हुयें / ताजे पानी का प्रयोग करें।	खुले बर्तन में रखे पानी का प्रयोग न करें।
5	बुखार होने पर तत्काल डॉक्टर से सम्पर्क कर जांच करायें	बुखार को सामान्य न समझें मेडिकल स्टोर से लक्षण बताकर दवा न लें

(समस्त सभासद)

श्री शिवबक्श सोनकर, श्रीमती राजवती,
श्री ऋषभ मिश्रा, श्री विनोद निषाद,
श्रीमती देवनन्दनी यादव, श्री विनीत जायसवाल श्रीमती रेशमा बानो,
श्री मो0 शकील अहमद श्रीमती सोनम यादव, श्रीमती सुनीता जायसवाल

(आरती श्रीवास्तव)
अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत डलमऊ

(पं0 बृजेश दत्त गौड़)
अध्यक्ष
नगर पंचायत डलमऊ

गठबंधन वाले आएंगे तो राम मंदिर पर फिर से बाबरी वाला ताला लगाएंगे : शाह

गृहमंत्री ने की रायबरेली और अमेठी से भाजपा प्रत्याशी को जीत दिलाने की अपील

जनसभा में गृहमंत्री अमित शाह, दिनेश प्रताप सिंह, स्मृति ईरानी व मनोज पांडेय।

जनसभा में मंच साझा करते राहुल व अखिलेश। अमृत विचार

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। जैसे-जैसे 5वें चरण का मतदान नजदीक आ रहा है। राजनीतिक दलों का घमासान और तेज होता जा रहा है। यूपी की अमेठी और रायबरेली लोकसभा सीटों पर भी 20 मई को मतदान है। लिहाजा यहां कांग्रेस-बीजेपी के बीच जमकर वार-पलटवार देखा जा रहा है।

जगतपुर के दौलतपुर स्थित मैदान में गृहमंत्री अमित शाह ने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि 70 साल के इंतजार के बाद अयोध्या में मोदी ने राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा किया है। उस पर भी कांग्रेस वाले कहते हैं कि राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा ढंग से नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि इंडिया एलाइंस वाले आएंगे तो राम मंदिर पर फिर से बाबरी वाला ताला लगाएंगे। गृहमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के नेता लालू जी अपने बेटे को मुख्यमंत्री, ममता जी अपने भतीजे को मुख्यमंत्री और सोनिया जी अपने बेटे को प्रधानमंत्री बनाना चाहते हैं। रायबरेली और अमेठी गरीब युवाओं की सीट है। उन्होंने कहा कि आज तक मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री पर चार आने का भी आरोप नहीं है। और दूसरी ओर कांग्रेस के राहुल बाबा के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन से जिसे 12 लाख करोड़ के घोटाले, भ्रष्टाचार और उनके नेताओं के घर से करोड़ों रुपये मिले। क्या पूरी सभा में किसी ने साढे 300 करोड रुपये एक साथ देखा है? जनसभा में राजेंद्र शुक्ला, दया शंकर, अदिति सिंह, अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।

अमेठी में राहुल बोले- कूड़ेदान में फेंक देंगे अग्निवीर योजना

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार। लोकसभा क्षेत्र के प्रसिद्ध धाम बाबा नन्द महर में गठबंधन प्रत्याशी को जिताने के लिए राहुल गांधी व अखिलेश यादव ने जनसभा को संबोधित किया।

राहुल गांधी ने कहा कि संविधान के बिना देश में 20 से 25 लोगों के पास ही हक बचेंगे। मजदूर, गरीब, युवाओं के साथ देश के सभी लोगों के हक छीन लिए जाएंगे। मीडिया वाले हमारे नहीं हैं। यह अडानी-अंबानी और नरेंद्र मोदी के हैं। अमेठी के गरीब लोगों से कह रहा हूं कि 4 जून को अमेठी और उत्तर प्रदेश के गरीब लोगों की लिस्ट बनेगी। अमेठी के हर गरीब परिवार में से एक महिला का नाम चुना जाएगा। उसके बैंक अकाउंट में साल का एक लाख रुपये भेजा जाएगा। नरेंद्र मोदी ने अमेठी के गरीब किसानों का कर्ज माफ नहीं किया। सरकार बनते ही अमेठी के सभी गरीब किसानों का कर्ज माफ करके दिखाएंगे। अग्निवीर अडानी की मदद करने के लिए नरेंद्र मोदी ने सेना पर थोपा है। राहुल गांधी ने लोगों से वादा किया कि सरकार बनते ही अग्नि वीर योजना को उठाकर कूड़ेदान में फेंक देंगे।

पीएम ने निषादों को गले लगाया : संजय

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : प्रभु राम के बाल सखा थे निषाद राज। रामजी व निषाद राज ने एक ही गुरुकुल में रहकर शिक्षा प्राप्त की। निषाद समाज आज भी इनकी पूजा करता है। जैसे राम ने निषादों को गले लगाया वैसे ही पीएम मोदी और सीएम योगी ने निषादों को गले लगाया। अब फिर रामराज्य की शुरुआत हो गई है।

यह बातें निषाद पार्टी के अध्यक्ष व मंत्री संजय निषाद ने शुक्रवार को तारुन की लालगंज स्थित गोदवा बाग में आयोजित भाजपा की जनसभा में कहीं। उन्होंने प्रत्याशी सांसद रितेश पाण्डेय के समर्थन में मतदान की अपील की।

जनसभा को संबोधित करते प्रदेश सरकार के मंत्री संजय निषाद।

मायावती ने मुफ्त राशन को लेकर भाजपा को घेरा

संवाददाता, प्रतापगढ़, अमृत विचार : बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती शुक्रवार को प्रतापगढ़ संसदीय क्षेत्र पहुंची। विश्वनाथगंज रेलवे स्टेशन मोड़ कोहला में चुनावी जनसभा को सम्बोधित करते हुए पार्टी प्रत्याशियों के लिए समर्थन मांगते हुए वोट की अपील की। इसके पूर्व प्रतापगढ़ से बसपा प्रत्याशी चांदी का हांथी भेंट कर बसपा प्रमुख का अभिनन्दन किया। मायावती ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि जनता जुमलेबाजी को समझ गई है। वोटरों को सचेत किया कि भाजपा, सपा, कांग्रेस वाले प्रलोभन दे रहे हैं, इनकी बहकावे में नहीं आना है। संयुक्त चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा कहती है कि उसकी सरकार गरीबों को फ्री राशन दे रही है। क्या यह भाजपा वालों की जेब से आ रहा है। यह संघ और भाजपा के जेब से खर्च नहीं होता है। यह तो हमारे आपके टैक्स के पैसों का है। कांग्रेस इसे दोगुना करने का झांसा दे रही है।

कार्यालय-नगर पालिका परिषद, रायबरेली
पत्रांक– 72/न0पा0परि0रा0/सा0प्र0(ईओ)/2024–25
दिनांक : 17.05.2024
चुनाव का पर्व DESH KA GARV LOK SABHA ELECTION 2024
SWEEP
निर्भय हो मतदान करेंगे।
देश का हम सम्मान करेंगे ॥
मतदान है जरूरी
अपील
रायबरेली जनपद के समस्त मतदाताओं से अपील है कि दुनिया के सबसे विशाल लोकतंत्र को मजबूत करने हेतु हम सभी जनपद वासियों की नैतिक जिम्मेदारी है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 चुनावी पर्व को सामाजिक त्योहारों की भाँति मनायें और दिनांक 20 मई 2024 को मतदान अवश्य करें।
उम्र अट्ठारह वर्ष पूरी है
मत देना बहुत जरूरी है
अपील कर्ता जिलाधिकारी / जिला निर्वाचन रायबरेली
रायबरेली का अभियान शत् प्रतिशत मतदान
नगर पालिका परिषद- रायबरेली

हरिद्वार-देहरादून और जंघई-फाफामऊ रेलखंड पर प्रभावित रहेगा रेल यातायात

संवाददाता, नई दिल्ली

अमृत विचार: मुरादाबाद और लखनऊ मंडल पर हरिद्वार-देहरादून और जंघई-फाफामऊ खंड पर यातायात ब्लॉक के कारण कई ट्रेनों का आवागमन प्रभावित रहेगा। इनमें कुछ का मार्ग परिवर्तन किया गया है तो कुछ ट्रेनों की दूरी कम की गई है।

04374 देहरादून-सहारनपुर स्पेशल जेसीओ 20 मई को, 04373 सहारनपुर-देहरादून स्पेशल जेसीओ 20 मई को, 04362 ऋषिकेश-हरिद्वार स्पेशल जेसीओ 20 मई को, 04363 हरिद्वार-ऋषिकेश स्पेशल जेसीओ 20 मई को। ट्रेनों का अल्प समापन 14632 अमृतसर-देहरादून एक्सप्रेस जेसीओ 19 मई को हरिद्वार में समाप्त किया जाएगा। 14606 जम्मूतवी-योगनगरी ऋषिकेश एक्सप्रेस 19 मई को हरिद्वार में समाप्त किया जाएगा।

14888 बाडमेर-ऋषिकेश एक्सप्रेस जेसीओ 19 मई को को हरिद्वार में समाप्त किया जाएगा। ट्रेनों की संक्षिप्त शुरुआत 14631 देहरादून-अमृतसर एक्सप्रेस जेसीओ 20 मई को हरिद्वार से शुरू होगी। 14605 योगनगरी ऋषिकेश-जम्मूतवी जेसीओ 20 मई को हरिद्वार से प्रारंभ होगी।

लॉयन सफारी में शेरनी रूपा ने चार मृत शावकों को दिया जन्म

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। इटावा सफारी पार्क की लॉयन सफारी में शेरनी रूपा ने बीती रात चार मृत शावकों को जन्म दिया। प्रीमेच्योर डिलीवरी होने के कारण सभी शावक मृत पैदा हुए, जिससे सफारी प्रशासन में हड़कंप मच गया।

सफारी प्रशासन का कहना है की रूपा के प्रसव की तारीख 5 - 6 जून अनुमानित थी, जिसे लेकर सफारी प्रशासन ने अपनी ओर से तैयारियां कर रखी थीं लेकिन निर्धारित समय से 20 दिन पहले ही रूपा ने बीती रात एक-एक करके चार मृत शावकों को जन्म दिया। इससे सफारी प्रशासन में हड़कंप मच गया। सफारी प्रशासन ने बताया कि रूपा की मीटिंग शेर कान्हा से फरवरी के महीने में कराई गई थी। डॉक्टरों की रिपोर्ट के मुताबिक उसे 5, 6 जून को शावकों को जन्म देना था लेकिन निर्धारित समय से 20 दिन पहले ही रूपा ने चार मृत शावकों को जन्म दिया। सफारी के डायरेक्टर डॉ. अनिल पटेल ने बताया कि शेरनी रूपा को गर्भवती होने के बाद विशेष इंतजामों के बीच रखा गया था।

हम पहुंच गए 500 वर्ष पूर्व के कालखंड में

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद शुक्रवार को वंदे भारत ट्रेन से अयोध्या पहुंचे। उनके साथ पारिवारिक सदस्यों के अलावा 80 लोग आए हैं। उन्होंने हनुमानगढ़ी में दर्शन पूजन किया। सरयू आरती में शामिल हुए। बोले ऐसा लगता है कि हम पांच सौ पूर्व के कालखंड में पहुंच गए। पूर्व राष्ट्रपति की यात्रा के दौरान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम रहे।

पूर्व राष्ट्रपति दिल्ली से ट्रेन से अयोध्या कैंट स्टेशन पहुंचे। यहां उनका भव्य स्वागत किया गया। वह रामपथ के रास्ते सीधे अयोध्या धाम स्थित ऋषभदेव जैन मंदिर पहुंचे, जहां पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया गया। जैन मंदिर के गेस्ट में लगभग दो घंटे आराम करने के बाद पूरे परिवार के साथ वह मां सरयू के तट पर पहुंचे। मां सरयू की आरती उतारी। हनुमानगढ़ी पहुंच दर्शन-पूजन किया। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा कि सरयू आरती में भाग लेना अपने आप में एक दिव्य अनुभूति है। ऐसा लगता है कि हम 500 वर्ष पूर्व के कालखंड में आ पहुंचे हैं।

सरयू मां की आरती करते पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद व उनकी पत्नी।

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री ने किया रामलला का दर्शन

अयोध्या, अमृत विचार : मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव शुक्रवार को अयोध्या पहुंचे। राम मंदिर में दर्शन पूजन किया। इस दौरान एमपी के भाजपा सांसद व संगठन के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। लोकसभा चुनाव को लेकर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री श्रावस्ती में चुनावी जनसभा को संबोधित करने के बाद अयोध्या एयरपोर्ट पहुंचे। सबसे पहले रामायणम आश्रम में जाकर युग तुलसी स्वर्गीय रामकिंकर उपाध्याय की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि राम किंकर जी महाराज के आश्रम में आना हुआ। मंदाकिनी रामकिंकर 23 वर्षों से भोपाल में कथा कह रही हैं। अयोध्या को प्रणाम करने आया हूं।

यूपी सरकार ने अयोध्या में किया अद्भुत कार्य : विनय सक्सेना

सरयू आरती करते दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना।

अयोध्या, अमृत विचार : दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना शुक्रवार को अपने परिवार के साथ अयोध्या पहुंचे। हनुमानगढ़ी, कनक भवन और राम मंदिर में रामलला का दर्शन पूजन किया। देर शाम सरयू तट पर आरती में भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि आज अयोध्या में सरयू नदी के घाट पर हूं। आरती देखी। अद्भुत दृश्य था। हर व्यक्ति आरती के माहौल में डूबा था। उत्तर प्रदेश सरकार ने यहां जो कार्य किए हैं वे अद्भुत हैं। आने वाले समय में अयोध्या और सुंदर होगी।

अब मैं छुट्टा सांड़ : बृजभूषण

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार: कैसरगंज से भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह एक चुनावी मंच पर खुद की तुलना छुट्टा सांड़ से कर डाली है। सांसद ने जनसभा में कहा कि मैं न रिटायर हुआ हूँ, न बूढा हुआ हूँ। अब मैं छुट्टा सांड़ हूँ। अब जनता के लिए किसी से भी भिड़ सकता हूं। सांसद के इस बयान को लेकर लोग चर्चा कर रहे हैं। कैसरगंज बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह लोकसभा प्रत्याशी व अपने बेटे करन भूषण के समर्थन में एक चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। भरे मंच से सांसद ने स्थानीय भाषा में कहा कि का करिहये हमार, का करिहये, लड़े जितिहैं न, और हमसे ज्यादा मनइयों कोही के पास नाही हैं।

कार्यालय नगर पंचायत नसीराबाद, रायबरेली
पत्रांक– 361/न.पं0नसी0/वि0प्र0/2024–25
दिनांक : 09.05.2024
स्वच्छ भारत एक कदम स्वच्छता की ओर
पहले मतदान फिर जलपान
मतदाता है भाग्य विधाता मतदान कर राष्ट्र निर्माण के भाग्य विधाता बने
"न रहे गन्दगी न खुले में शौच
स्वच्छ होगा भारत स्वस्थ होंगे सब लोग"
जापानी इन्सेफलाईटिस / डेंगू आदि मच्छर जनित रोगों से बचाव हेतु नागरिकों से अपील

क्र0सं0	क्या करें ✓	क्या न करें ✗
1	मच्छरों आदि से बचाव हेतु मच्छरदानी का प्रयोग अति आवश्यक है।	अपने घरों के अगल–बगल कूड़ा आदि न जमा होनें दें
2	पूरे बदन को ढकने वाले कपड़े का प्रयोग करें।	नंगे शरीर न रहें न ही सोये।
3	कूड़ा करकट नियत स्थान पर ही डाले।	कूड़ा करकट इधर–उधर न फेंकें।
4	ढके हुयें / ताजे पानी का प्रयोग करें।	खुले बर्तन में रखे पानी का प्रयोग न करें।
5	बुखार होने पर तत्काल डॉक्टर से सम्पर्क कर जांच करायें	बुखार को सामान्य न समझें मेडिकल स्टोर से लक्षण बताकर दवा न लें

(राकेश कुमार सरोज)
अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत नसीराबाद
रायबरेली

(समस्त सभासद)
साहीन बानों, आशा, रीता देवी, मंजू, एजाज अहमद, मो0 सुहैल, इस्लाम, मो0 गुफरान, तसलीम अहमद, जन्नत फिरदौस, शाहिद, नजमा बानों, इस्माइल, अरविन्द कुमार, कम्बर अस्करी

(मो0 अली)
अध्यक्ष
नगर पंचायत नसीराबाद
रायबरेली

अमृत विचार
www.amritvichar.com

यादृशै : सन्निविशते यादृशांश्चोपसेवते।
यादृगिच्छेच्च भवितुं तादृग् भवति पूरुष : ॥

व्यक्ति जैसे लोगों के साथ उठता-बैठता है, जैसे लोगों की संगति करता है, उसी के अनुरूप स्वयं को ढाल लेता है।

संपादकीय

आर्थिक प्रगति की रफ्तार

संयुक्त राष्ट्र ने विश्व अर्थव्यवस्था के 2024 में 2.7 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान लगाया है, जो कि जनवरी 2024 के आंकड़े की तुलना में 0.3 प्रतिशत अधिक है। 2025 में आर्थिक प्रगति की रफ्तार 2.8 प्रतिशत तक पहुंच सकती है। यह अमेरिका और ब्राजील, भारत तथा रूस सहित कई उभरती अर्थव्यवस्थाओं में बेहतर प्रदर्शन की ओर भी इशारा करता है। भारत की अर्थव्यवस्था के वर्ष 2024 में 6.9 प्रतिशत और अगले वर्ष 6.6 प्रतिशत की रफ्तार से बढ़ने का अनुमान है। गुरुवार को संयुक्त राष्ट्र के एक विशेषज्ञ ने कहा कि भारत का आर्थिक विकास प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा है और यह कई पश्चिमी कंपनी के लिए निवेश करने का एक वैकल्पिक गंतव्य बन गया है क्योंकि चीन में विदेशी निवेश कम होता जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2024 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि को संशोधित किए जाने के मौके पर विशेषज्ञ ने यह बात कही। कई प्रमुख फैक्टर भारत के मौजूदा आर्थिक परिदृश्य को चिन्हित करते हैं। भारत की अर्थव्यवस्था के लिए महंगाई लगातार एक चिंता बनी रही है। परंतु हाल की वित्तीय और मौद्रिक नीतियों में महंगाई को काबू में रखने की कोशिशें साफ तौर पर दिखी हैं। हालांकि अनेक विकासशील अर्थव्यवस्थाएं अब भी महंगाई से जूझ रही हैं। अनेक देशों को उधार लेने की ऊंची क़ीमतों, राजनैतिक अस्थिरता और विनमिय दर के दबावों का सामना करना पड़ रहा है। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक वैश्विक आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है। फिर भी भूराजनैतिक तनावों व टकरावों के गहन रूप धारण करने की आशंका से अनेक अर्थव्यवस्थाओं के लिए निकट भविष्य में आर्थिक हालात पर असर पड़ सकता है। इसलिए फिलहाल आर्थिक मोर्चे पर सतर्कता बनाए रखने की जरूरत है। रिपोर्ट में बेहतर हो रहे आर्थिक हालात के साथ-साथ ऊंची ब्याज़ दरों, कर्ज सततता संबंधी चुनौतियों और चरम मौसम घटनाओं के प्रति सचेत किया गया है।

गौरतलब है कि गत वर्ष भारत ने चीन को पीछे छोड़कर दुनिया में सबसे ज्यादा आबादी वाले देश का दर्जा हासिल कर लिया। दुनिया में एक प्रमुख देश के तौर पर खुद को स्थापित करने के लिए अपने व्यापक मानव संसाधन, विशेष रूप से अपनी युवा जनसंख्या के इस्तेमाल की भारत की क्षमता की तरफ दुनिया का ध्यान आकर्षित किया है। शिक्षा, कौशल विकास और नई नौकरियों के ज़रिए भारत के इस जनसांख्यिकीय लाभांश का फायदा उठाने से आर्थिक विकास में बढ़ोतरी हो सकती है, लेकिन इसके लिए बढ़ते कार्य बल के मुताबिक प्रभावी संसाधन प्रबंधन और अवसर के प्रावधान की भी आवश्यकता है।

राष्ट्रीय सुरक्षा के समक्ष सबसे बड़ा खतरा आतंकवाद

डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी
अंबेडकरनगर

एक राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति या नीति, देश के नागरिकों की मूलभूत आवश्यकताओं और सुरक्षा चिंताओं को पूरा करने और देश के लिए बाहरी और आंतरिक खतरों को दूर करने के लिए देश के लिए एक महत्वपूर्ण ढांचा है।

राष्ट्रीय सुरक्षा से बड़ा कोई मुद्दा हो ही नहीं सकता। इस मुद्दे के सामने बाकी सारे मुद्दे गौण हो जाते हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे अति गंभीर, महत्वपूर्ण और संवेदनशील मुद्दे पर जब कोई भी बेतुकी बयानबाजी की जाती है तो देशवासियों को अंदर तक चोट पहुंचती है। ऐसे तमाम प्रकरण हैं जब अपनी राजनीति चमकाने और सरकार पर हमला करने की नीयत से विपक्ष राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे करोड़ों लोगों के जीवन से जुड़े प्रश्न पर बेतुकी बयानबाजी करता है।

जम्मू-कश्मीर के पुंछ इलाके में बीती 4 मई को आतंकियों ने वायुसेना के काफिले पर हमला किया था जिसमें एक जवान ने शहादत दी और चार घायल अब भी उपचाराधीन हैं। इस हमले को पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने भाजपा की 'चुनावी स्टंटबाजी' करार दिया। यह राष्ट्रीय सुरक्षा और सेनाओं के सम्मान की अनिवार्यता का भी उल्लंघन है कि एक सरहदी राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री ने ऐसा बयान दिया है। पुंछ के घने, गहरे, जंगलात इलाकों में सेना और सुरक्षा बलों का ऑपरेशन अब भी जारी है, आतंकियों के दो स्केच जारी कर 20 लाख रुपए का इनाम भी घोषित किया गया है और आश्चर्य है कि इस कवायद को 'स्टंटबाजी' करार दिया गया है।

कांग्रेस नेताओं को सर्जिकल स्ट्राइक और बालाकोट हवाई आक्रमण भी फर्जी और स्टंट लगे थे। वे लगातार सरकार से सवाल पूछते रहे और व्याख्याएं करते रहे कि आतंकी अड्डे नेस्तनाबूद नहीं हुए, बल्कि हमलों की चपेट में कुछ पक्षी आ गए थे। राष्ट्रीय सुरक्षा पर इतना खोखलापन और सियासी विरोध वाकई चिंतित करता है, क्योंकि ऐसी टिप्पणियां करना हमारे सैनिकों के शौर्य और शहादतों का भी अपमान है। जम्मू-कश्मीर के संदर्भ में ही दूसरा बयान फारूक अब्दुल्ला का है। वह कई सालों तक राज्य के मुख्यमंत्री रहे। बीती 17 वीं लोकसभा में भी सांसद थे। भारत सरकार में केंद्रीय मंत्री भी रहे। इसके बावजूद फारूक का पाक परस्त और चीन समर्थक रवैया कोई नई बात नहीं है। राष्ट्रीय सुरक्षा से आशय किसी राष्ट्र-राज्य की सरकार की अपने नागरिकों, अर्थव्यवस्था और अन्य संस्थानों की सुरक्षा करने की क्षमता से है। इक्कीसवीं सदी में राष्ट्रीय सुरक्षा सिर्फ सैन्य हमलों के खिलाफ स्पष्ट सुरक्षा तक ही सीमित नहीं है, बल्कि आज तो राष्ट्रीय सुरक्षा में कई गैर-सैन्य मिशन भी शामिल हैं। यदि राष्ट्रीय सुरक्षा के इन गैर-सैन्य मिशनों की बात की जाए तो इसके अंतर्गत आर्थिक सुरक्षा, राजनीतिक सुरक्षा, ऊर्जा सुरक्षा, मातृभूमि सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, मानव सुरक्षा और पर्यावरण सुरक्षा जैसे विषय शामिल हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा की सुनिश्चितता हेतु सरकारें कूटनीति के साथ-साथ राजनीतिक, आर्थिक और सैन्य शक्ति आदि रणनीतियों पर अमल करती हैं।

> वर्तमान समय में भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के समक्ष सबसे बड़ा खतरा आतंकवाद है। आतंकवाद ऐसे कार्यों का समूह होता है जिसमें हिंसा का उपयोग किसी प्रकार का भय व क्षति उत्पन्न करने के लिए किया जाता है। यदि भारत में हुई बड़ी आतंकी घटनाओं की बात की जाए तो वर्ष 2008 का मुंबई बम धमाका, वर्ष 2016 के पुलवामा हमले ने भारत को गहरे जख्म दिए हैं। आतंकवाद के अतिरिक्त संगठित अपराध भी आज राष्ट्रीय सुरक्षा के सम्मुख बड़ा खतरा है। राजनीतिक दलों और नेताओं को राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में हल्की बयानबाजी से बाज आना चाहिए। असल में जब बात राष्ट्रीय सुरक्षा की हो तो दुनिया में हमारी एकता का संदेश जाना चाहिए।

एक राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति या नीति, देश के नागरिकों की मूलभूत आवश्यकताओं और सुरक्षा चिंताओं को पूरा करने और देश के लिए बाहरी और आंतरिक खतरों को दूर करने के लिए देश के लिए एक महत्वपूर्ण ढांचा है। भारतीय राज्य के पास एक व्यापक राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति का अभाव है, जो देश की सुरक्षा के लिए चुनौतियों का व्यापक आकलन करती हो और उनसे प्रभावी ढंग से निपटने के लिए नीतियां बनाती हो। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार की अध्यक्षता में एक शीर्ष स्तरीय रक्षा योजना समिति की स्थापना वर्ष 2018 में की गई थी, जिसे राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति और राष्ट्रीय सुरक्षा नीति तैयार करनी थी, लेकिन अब तक इस पर कोई प्रगति नहीं हो पाई है। देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) के संदर्भ में बयान दिया था, जिस पर फारूक अब्दुल्ला ने प्रतिक्रिया दी कि उन्होंने भी चूड़ियां नहीं पहन रखीं। उनके पास भी एटम बम है और वह बम हम पर ही गिरेगा। फारूक ने भारत की सामरिक ताकत को खौफजदा करने की कोशिश की है। एक बार फिर उन्होंने पाकिस्तान की भाषा बोली है। हालांकि वह सीमापार आतंकवाद के अंजामों को बखूबी जानते हैं। उन्हें 1999 का 'कारगिल युद्ध' याद होगा। चलो, 1965 और 1971 के युद्धों को 'लंबा अतीत' मान लेते हैं, लेकिन पाकिस्तान को सब कुछ याद है। दुनिया ने यह भी देखा है कि युद्ध के नाम पर वहां की 'नेशनल असेंबली' (संसद) में नेताओं के हाथ-पांव किस तरह कांपने लगते हैं?

बहरहाल कश्मीर में अब्दुल्ला परिवार की हुकूमत के तीन दशकों के दौरान आतंकवाद और अलगाववाद कितना फला-फूला था, यह देश अच्छी तरह जानता है। उनकी स्मृतियां भी शेष हैं। कश्मीरी पंडितों के साथ अत्याचार किए गए थे, हत्याएं की गई थीं, अंततः वे कश्मीर छोड़ने को विवश हुए। उसकी बुनियाद भी फारूक सरकार के दौरान रख दी गई थी। राज्य में उस दौर में 70,000 से अधिक आतंकी घटनाएं हुईं और 35,000 से अधिक कश्मीरी जवान मार दिए गए। ऐसा राजनेता आज पाकिस्तान की चूड़ियों और एटम बम की परोक्ष धमकी हमें दे रहा है। आज हमें 'नया कश्मीर' दिखाई दे रहा है। कश्मीर में रात 11 बजे भी 'लाल चौक' के पास घूम सकते हैं। अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के बाद 2 करोड़ से अधिक पर्यटक 'पृथ्वी की जन्नत' देखने आए हैं। आतंकवाद के छाया पैरोकार रहे नेता बार-बार हमारे शहीदों और सैनिकों को अपमानित क्यों करते हैं? ऐसी ही हरकत मुंबई में कांग्रेस के नेता विजय वडेट्टीवार ने की है। उन्होंने एक किताब के हवाले से बयान दिया है कि 26/11 आतंकी हमले के दौरान पुलिस के जाबांज अफसर हेमंत करकरे को आतंकवादी कसाब की गोली नहीं लगी थी, बल्कि वह आरएसएस समर्थक पुलिस अधिकारी की बंदूक से निकली गोली से शहीद हुए थे।

इस निरर्थक बयान पर शशि थरूर जैसे बौद्धिक सांसद ने जांच की मांग की। शहादतों पर इस तरह संदेह करने और अनाप-शनाप बयान देने से कितने वोट हासिल होंगे? देश की जनता का विवेक बखूबी यह जानता है। देश की सुरक्षा का मुद्दा राजनीति का मुद्दा नहीं है। न ही शहादतों पर थोथी बयानबाजी होनी चाहिए। चन्नी, फारूक व शशि थरूर तीनों ने सीमाएं लांघ कर बयान दिए हैं। ऐसे बयानों से बचना चाहिए। यदि भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के समक्ष चुनौतियों पर गौर करें तो भारत की भू-राजनीतिक स्थिति, इसके पड़ोसी कारक, विस्तृत एवं जोखिम भरी स्थलीय, वायु और समुद्री सीमा के साथ इस देश के ऐतिहासिक अनुभव इसे सुरक्षा की दृष्टि से अतिसंवेदनशील बनाते हैं।

वर्तमान समय में भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के समक्ष सबसे बड़ा खतरा आतंकवाद है। आतंकवाद ऐसे कार्यों का समूह होता है जिसमें हिंसा का उपयोग किसी प्रकार का भय व क्षति उत्पन्न करने के लिए किया जाता है। यदि भारत में हुई बड़ी आतंकी घटनाओं की बात की जाए तो वर्ष 2008 का मुंबई बम धमाका, वर्ष 2016 के पुलवामा हमले ने भारत को गहरे जख्म दिए हैं। आतंकवाद के अतिरिक्त संगठित अपराध भी आज राष्ट्रीय सुरक्षा के सम्मुख बड़ा खतरा है। राजनीतिक दलों और नेताओं को राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में हल्की बयानबाजी से बाज आना चाहिए। असल में जब बात राष्ट्रीय सुरक्षा की हो तो दुनिया में हमारी एकता का संदेश जाना चाहिए।

प्रसंगवश

खुफिया जानकारी एकत्र करने वाला नेटवर्क न बने मीडिया

मामला सिर्फ अंग्रेजी पत्रकारिता से नाम कमाना ही नहीं, बल्कि अस्तित्व की रक्षा से भी जुड़ा है। हिंदी भाषा के एक बड़े अखबार के संपादक अंग्रेजी भाषा की अपनी ही एक सिस्टर पब्लिकेशन में सामयिक विषयों और अधिकांश तौर से पॉलिटिक्स पर अंग्रेजी में कमेन्ट्रीज लिखने का लोभसंवरण नहीं कर पाते हैं। अंग्रेजी भाषा में शानदार नैरेटिव लिखते हैं। इन्हें लगता है कुछ ऊंची बात ऊंचे लोगों तक पहुंचानी है और इन पर पकड़ बनानी है तो अंग्रेजी भाषा में लिखना ही पड़ेगा। क्या अंग्रेजी सचमुच ही हिंदी पर भारी पड़ती है? जी बिल्कुल। सच यही है, बेशक भारत सरकार का राजभाषा विभाग हर साल देश में सरकारी तौर से हिंदीकरण पर या हिंदी को लोकप्रिय बनाने पर करोड़ों रुपया खर्च करता है।

रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार

आम आदमी को इससे क्या फर्क पड़ता है! देश के बड़े लोगों या नीति निर्धारकों और 'डेस्टिनी मेकर्स' के दिमाग पर अंग्रेजी भाषा का मीडिया छाया रहता है। वे इसमें से वक्तव्यों और जानकारी को 'सेक्रेड स्क्रिपचर्स' की तरह कोट अथवा उद्धृत करते हैं। दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में हर बड़े बिजनेस हाउस, लगभग हरेक स्तर के बड़े और मध्यम मीडिया-अंग्रेजी, हिंदी और वर्नाक्युलर के दफ्तर और ब्यूरो हैं। कुछ बड़े अखबार और पत्रिकाएं दिल्ली से प्रकाशित होती हैं। दो बड़े अखबारों ने पिछले दसेक साल से गुरुग्राम से दिल्ली संस्करण को प्रिंट करना शुरू किया है।

दिल्ली से राष्ट्रीय राजनीति और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की कूटनीति तय होती है। दिल्ली में सभी देशों के दूतावास और हाई कमीशन हैं। दिल्ली हर प्रकार से ग्लोबली लिंक्ड है और राष्ट्रीय स्तर की सभी पॉलिटिकल पार्टियों के यहां दफ्तर भी हैं। भारत सरकार के मंत्रालय यहीं हैं और भारत सरकार भी। पॉलिटिकल, सिक्यूरिटी एंड डिफेंस, स्ट्रेटेजिक, साइंटिफिक, टेक्नोलॉजीकल, इकॉनोमिकल, सोशल, एंथ्रोपोलॉजिकल, लिंग्विस्टिक्स और न जाने क्या-क्या किस्म की इंफार्मेशन गैदरिंग और इंटेलिजेंस यहां से जुटाई जाती हैं। एंबेसियों का कुछ काम इंटेलिजेंस गैदरिंग भी है। यहां तक कि मौसम और ट्रैफिक संबंधी डाटा, फ्यूल और एनर्जी संबधी डाटा भी चुराया जाता है। ऐसे में अगर आप भाषाई जर्नलिज्म करते रहे तो यहां आपको कौन पूछता है? इसलिए अंग्रेजी में लिखिए और ध्यानाकर्षण करें। अंग्रेजी मीडिया के लिए जो लोग लिखते हैं और खास तौर से फॉरेन मीडिया के लिए वे बहुत पैसा जर्नलिज्म से ही कमाते हैं। मीडिया में विदेशी इंटेलिजेंस एजेंसीज के 'मोल्स' भी बहुत हैं। बड़े अखबारों के बड़े पत्रकार भारत सरकार और बिजनेस हाउसेस के बड़े एग्जीक्यूटिव्स और उद्योगपतियों से करीबी होते हैं। इन्हें अंदर की बातें मालूम रहती हैं और फिर पूरी तरह से एन्क्रिप्टेड वाट्सएप तो है ही। विदेश में वाट्सएप इंटरनेट के जरिए आप फ्री में बात भी कर सकते हैं, बशर्ते 'ईव्स ड्रापिंग' न हो।

भारतीय मीडिया में हुई एनालिसिस अर्थात् इंटेलेक्चुअल चीर-फाड़ को विदेश के 'इंटेलिजेंस गैदरर्स' फिर से एनालायज करते हैं और अपनी सरकारों को सूचना देते हैं। 'केबल' और 'वायर' का ज़माना अब गया। अब जासूसी संदेश एन्क्रिप्टेड और कॉम्प्रेस किए जाते हैं और सेटेलाइट के द्वारा प्राइवेट फ्रीक्वेंसीज पर चंद सेकंड्स में ही ट्रांसमिट कर दिए जाते हैं। इस मामले में भारत भी पीछे नहीं है। अन्य देशों में हम भी यही काम करते हैं। एक दशक से कुछ अधिक समय हुआ जब पांच महत्वपूर्ण देशों में हमारे साइंस अटेची दूतावासों में तैनात थे। इनका काम बहुत ही निम्न स्तर का होने के कारण इन पदों को समाप्त कर दिया गया। अनेक देश भारत में पूंजी का बड़ा निवेश कर चुके हैं। इन्हें अपने लोगों और इनके परवारों, आर्थित हित और एसेट्स की सुरक्षा की हमेशा चिंता रहती है। मसला एक नहीं, बहुआयामी है। सूचना और मूवमेंट ही आज का सबसे ताकतवर हथियार है न कि आपके पास कितना असलहा है।

यह ताज्जुब की बात है कि देश के बड़े अखबारों में से किसी ने भी अभी तक ऐसा कोई लेख प्रकाशित नहीं किया जिससे हमें यह मालूम हो कि भारत में सन् 2024 के लोकसभा चुनाव के बारे में विदेशी अखबार अथवा मीडिया कैसी कवरेज दे रहा है और वे क्या सोचते हैं? हमारा रिसर्च एंड एनालिसिस विंग ही इस मामले में मुझे जागरूक लगता है।

सोशल मीडिया से चुनाव पर पड़ता प्रभाव

समय व्यतीत होने के साथ-साथ तकनीकी ने सभी क्षेत्रों में व्यापक परिवर्तन किया है। समाचार का क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं रहा। समाचार क्षेत्र में कारपोरेट के दबदबे ने सभी को यह एहसास दिलाया है कि तीन दशक पूर्व आधे घंटे का समाचार व्यक्ति को वो सभी जानकारी दे देता था जिसकी उन्हें आवश्यकता होती थी, जबकि समाचार की इस भीड़ में 24 घंटे सभी को वो परोसा जा रहा है जिसे कुछ लोग बैठकर निर्धारित करते हैं और इन सबके पीछे का उद्देश्य आपको मानसिक रूप से नियंत्रित करना है। यह अब हम सभी ने आसान भी कर दिया है, क्योंकि हम अब तर्क करना भूल गए हैं। हमें जो परोसा जाता है उसे ही हम सही मान लेते है।

डॉ. अजय कुमार मिश्रा
लखनऊ

ऐसे में सोशल मीडिया ने एक नई भूमिका अदा की है। सही बात जब कही नहीं सुनी जाती तो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही उस पर त्वरित कार्यवाही करने को सरकार भी बाध्य हो रही है। यही नवचार और शक्ति है, जो यह सोचने और समझने पर विवश कर रही है कि क्या सोशल मीडिया लोकसभा चुनाव पर प्रभाव डालेगा? कुछ युवाओं से व्यक्तिगत वार्तालाप करने पर उनका कहना था कि यदि कांग्रेस सत्ता में वापसी करती है तो इसका सीधा श्रेय यूटूबर ध्रुव राठी व अन्य को जाएगा, क्योंकि इधर कुछ दिनों में ध्रुव राठी के वीडियो न केवल लोगों में प्रसिद्ध हो रहे हैं, बल्कि समाचार के मुख्य स्रोतों या यूं कहें मीडिया घरानों द्वारा उद्देश्य पूरक समाचार न देने की कलई भी खोल दे रहे हैं। इसके अतिरिक्त व्हाट्सएप, यूट्यूब, फेसबुक, एक्स पर अनेक ऐसे व्यक्तित्व हैं जिनके द्वारा ऐसी सच्चाई सामने लगातार लाई जा रही है, जो मुख्य मीडिया की प्रभावशाली धारा में दबकर खत्म हो जा रही थी। वर्तमान में चल रहे लोकसभा चुनाव के कुल सात चरणों में से चार चरण का चुनाव पूरा हो गया है और पाचवें चरण का चुनाव 20 मई को है। अभी तक किए गए प्रचार-प्रसार को आप देखें तो राजनेताओं ने न केवल सभी हद पार कर दी, बल्कि यह सभी को एहसास करा दिया है कि कुर्सी के लिए वो कितने गिर सकते है। समाचार पत्र और चैनल्स स्वयं पार्टियों का प्रचार-प्रसार आम आदमी के हितों की अनदेखी करके कर रहे है।

> ऐसे में सोशल मीडिया ने एक नई भूमिका अदा की है। सही बात जब कही नहीं सुनी जाती तो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही उस पर त्वरित कार्यवाही करने को सरकार भी बाध्य हो रही है।

आम जनता की जमीनी समस्याएं जस की तस कराह रही है, जबकि सभी के अपने-अपने दावे है। रोजगार की मांग को सीधे अनसुना किया जाना। शिक्षा और स्वास्थ्य की लागत आम आदमी की पहुंच से दूर हो जाना, बढ़ती महंगाई और अमीरी-गरीबी की खाई समेत अनेक बातें हैं जिसका संज्ञान चुनावी पार्टियों ने नहीं लिया है, जिन्होंने लिया भी है उनका उद्देश्य सिर्फ वोट पाने तक सीमित है। ऐसे में सोशल मीडिया की भूमिका अब अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। कई दिग्गजों के एक्स पोस्ट पर आपको सीधे कटाक्ष करने वाले पोस्ट देखने को मिलेंगे। यानी लोगों को बात रखने का एक अनूठा माध्यम सोशल मीडिया ने दिया है और अब वह दिन प्रतिदिन प्रभावशाली भी हो रहा है। इस लोकसभा चुनाव में यह सीधे तौर पर कहा जा सकता है कि सोशल मीडिया प्रभाव डालेगा पर उसका प्रतिशत क्या होगा यह अभी अनिश्चित है। बढ़ती हिस्सेदारी, स्वतंत्रता, सोशल मीडिया को अधिक मजबूत बना रही है, जो अब समाचार पाने और देने का विश्वसनीय स्रोत बन गया है। परंपरागत समाचार प्रदाता अब अपनी साख खोने लगे हैं। जनता अब सीधे सवाल करने में यकीन करने वाली हो गई है। विभिन्न बातों और वास्तविकताओं को समझने और मूल्यांकित करने के पश्चात यह आसानी से कहा जा सकता है कि वर्तमान लोकसभा चुनाव पर सोशल मीडिया प्रभाव डालने जा रहा है और भविष्य में होने वाले चुनावों में और गहराई से प्रभावशाली प्रभाव डालने वाला होगा। क्योंकि समय के साथ-साथ इनके उपयोगकर्ताओं में वृद्धि होगी और सभी के द्वारा पोस्ट किए जा रहे आंकड़ों और विवरणों के प्रति उनकी स्वयं की जिम्मेदारी भी। हालांकि केंद्र सरकार ने एक निति के तहत सभी तरह के सोशल प्लेटफार्म पर कुछ भी लिखने को लेकर एक नया नियम बनाया है। दिलचस्प होगा की आम जन के लिए आजादी का यह प्लेटफार्म कब तक स्वयं आजाद रह पाता है और चुनावों में अपनी भूमिका कितनी प्रतिबद्धता के साथ निभा पाता है, पर इस बात से कोई इंकार नहीं कर सकता कि चल रहे लोकसभा चुनाव में सोशल मीडिया व्यापक रूप से प्रभाव डाल रहा है। यदि सरकार बदल जाती है या ऐसा परिणाम आता है जिसकी कल्पना किसी ने नहीं की हो तो उसकी देन सोशल मीडिया ही माना जाएगा।

सोशल फोरम

आर्थिक स्वार्थों की लड़ाई

लड़ाई तो आर्थिक स्वार्थों की है, लेकिन उसे "सभ्यताओं के संघर्ष" नाम देकर धार्मिक आधार पर चलाने में सफलता इसलिए मिलती है कि अनेक ऐतिहासिक कारणों से इस्लामी संसार बर्बरता से निकल नहीं सका है। जिस तरह कभी ईसाइयों के आततायीपन से दुनिया दहल रही थी, उसी तरह उसके बाद इस्लाम के अनुयायियों के आततायीपन से दुनिया त्रस्त है।

अजय तिवारी
वरिष्ठ लेखक, नई दिल्ली

यूरोप के देशों ने शरणार्थी बन गए जिस मुसलमानों को अपने यहां आने और रहने दिया, वे अब इस्लामी कट्टरपन और आतंकवाद से परेशान हैं। अब भी ज्यादातर यूरोपीय देश अपनी शरणार्थी नीति में बदलाव नहीं कर रहे हैं, लेकिन फ्रांस या स्वीडन में आतंकी कार्रवाइयों जैसी कुछ और घटनाएं होने पर यह नीति जारी रह सकेगी, इसमें संदेह है। रूस ने इस समस्या को एक तरह सुलझाया था, चीन दूसरी तरह सुलझा रहा है। सबसे उदार भरतीय समाज, उसमें भी हिंदू समुदाय में भी इस्लामी आतंकवाद और कट्टरपन की प्रतिक्रिया में नफरत के बीज बोए जा सके हैं। यह बात हमारे देखते-देखते घटित हुई है कि 1985 से पहले जो भारतीय हिंदू सहज उदार था, वह सहसा उत्तेजित और फिर उग्र होने लगा।

खालिस्तानी आतंकवाद और इंदिरा गांधी की हत्या के बाद सिख विरोधी हिंसा राजनीतिज्ञों ने आयोजित की जिसमें हिंदुओं का चेहरा कुछ विकृत हुआ। राम मंदिर-बाबरी मस्जिद आंदोलन ने विभाजन की स्मृतियों को कुरेदकर सांप्रदायिकता के कोढ़ को उकसाय। इस प्रक्रिया में अधिकांश सेकुलर और स्वस्थ मन मुसलमान धीरे-धीरे अपने समुदाय के कट्टरपंथियों के हवाले कर दिए गए। आज जब हमारा देश एक तरफ गंभीर चुनौतियों से गुजर रहा है और दूसरी तरफ अपार संभावनाओं से भरपूर है, तब समाज में जो आंतरिक संगठन चाहिए, वह सत्तालोलुप पूंजीवादी राजनीतिज्ञों के भरोसे कायम नहीं हो सकता। वह प्रगतिशील राजनीति, जनवादी संस्कृतिकर्मी और उदार धर्मानुयायियों के सहयोग से होगा। नागरिकों की जिम्मेदारी है कि समाज को जाति-धर्म से ऊपर संगठित करें। मनुष्य की एकता जनता के हित की शर्त है।

-फेसबुक वॉल से

परिवारवाद और व्यक्तिवाद के बीच चयन

लोकसभा चुनाव मतदान के चरण लगातार बढ़ते जा रहे हैं। मतदाता में अपेक्षित उत्साह नहीं है और न कोई लहर है। इसकी पृष्ठभूमि में कहीं न कहीं वह नैराश्य है जिसके कारण 'हम भारत के लोग' अपनी आकांक्षाओं की पूर्ति कहीं होते नहीं देख रहे हैं। चल रहे चुनाव में एक ओर भारतीय जनता पार्टी अपने कुछ सहयोगियों के साथ है और दूसरी ओर आईएनडीआईए गठबंधन है जिसमें कांग्रेस सबसे बड़ा दल है। बसपा अलग से अपने लिए नहीं, भाजपा की मददगार बी टीम के रूप में मैदान में है। मतदाता को परिवारवाद और व्यक्तिवाद के बीच ही चयन करने की मजबूरी है। कांग्रेस में कहने को कोई अध्यक्ष रहा हो, कोई पीएम रहा हो, वर्चस्व नेहरू-गांधी परिवार का ही सदा रहा और इस समय भी है। समाजवादी पार्टी की धुरी स्व.मुलायमसिंह यादव परिवार है, संप्रति जिसके मुखिया उनके बेटे अखिलेश यादव हैं। इसमें उनके परिवार की ही तूती बोलती है। शरद पवार अपनी बेटी सुप्रिया सुले और उद्धव ठाकरे अपने बेटे आदित्य को उत्तराधिकारी बनाए हैं। लालू यादव के बेटे तेजस्वी यादव उनकी राजनीतिक विरासत संभाल चुके हैं। ममता और मायावती अविवाहिता हैं तो अपने भतीजों पर ही भरोसा कर रही हैं। अरविंद केजरीवाल के जेल काल में यह स्पष्ट हो गया कि उनकी उत्तराधिकारिणी भी उनकी पत्नी ही हैं।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत पीसीएस

> इस चुनाव में ही नहीं 2029 के चुनाव के लिए भी शाह साहब मोदी का ही नाम पीएम पद हेतु प्रोजेक्ट कर रहे हैं। यह है व्यक्तिवाद का हाल! स्थिति "इंदिरा इज इंडिया' वाली ही यहां भी हो गई है। अतिशय व्यक्तिवाद ही तानाशाही का रूप ले लेता है, जो भी हो जनता को इस समय परिवारवाद और व्यक्तिवाद के बीच ही चुनाव करना होगा।

भाजपा कैडर/कार्यकर्ता आधारित पार्टी थी, सामूहिक नेतृत्व था और आंतरिक लोकतंत्र भी, किंतु नरेंद्र मोदी का कालखंड आने पर धीरे-धीरे व्यक्तिवाद बढ़ता गया, जो अब चरम पर है। केवल मोदी ही सारे निर्णय लेते हैं जिनके छाया सहायक उनके ही गृह राज्य के अमित शाह हैं। बस बाकी सब आभूषणात्मक हैं। समय-समय पर जब जिसे चाहा, मोदी ने किनारे कर दिया। यह फेहरिस्त लंबी है, फिर भी आडवाणी, जोशी, शिवराज सिंह, वसुंधरा राजे सिंधिया, रविशंकर प्रसाद, स्व.सुशील मोदी, सुमित्रा महाजन, डॉ.रमन सिंह, डॉ. दिनेश शर्मा, वरुण गांधी आदि कुछ नाम उल्लेखनीय हैं। अपने दूसरे कार्यकाल के आरंभ में राजनाथ सिंह को दूसरे नंबर से तीसरे पर और नितिन गडकरी को तीसरे से पांचवें पर लाकर कद कम किया गया। योगी आदित्यनाथ को भी क्षीण प्रभाव करने के लिए मऊ (यूपी) निवासी गुजरात कैडर के एक आईएएस अफसर उत्तर प्रदेश की राजनीति में लाए गए थे, किंतु योगी के प्रखर व्यक्तित्व के सामने अभी ऐसा कुछ हो नहीं पाया है। वैसे उन पर केन्द्रीय पहरे हैं और वे संसदीय बोर्ड से बाहर किए गए हैं। व्यक्तिवाद इतना बढ़ गया है कि प्रदेश और देश के चुनावों में कहा जाता है कि सब जगह मोदी को खड़ा समझो और तो और लोकसभा चुनाव घोषणा/संकल्प पत्र को 'मोदी की गारंटी' से जोड़ा गया है।

इस चुनाव में ही नहीं 2029 के चुनाव के लिए भी शाह साहब मोदी का ही नाम पीएम पद हेतु प्रोजेक्ट कर रहे हैं। यह है व्यक्तिवाद का हाल! स्थिति "इंदिरा इज इंडिया' वाली ही यहां भी हो गई है। अतिशय व्यक्तिवाद ही तानाशाही का रूप ले लेता है, जो भी हो जनता को इस समय परिवारवाद और व्यक्तिवाद के बीच ही चुनाव करना होगा।

मानवीय क्षेत्रों में तेंदुए के संदेश

बढ़ती जनसंख्या और तेजी से बढ़ते शहरीकरण के अतिरिक्त और भी कई कारण हैं जिनके कारण पूरे देश में ही मानवीय क्षेत्रों में तेंदुओं की आवाजाही बढ़ गई है और वे मनुष्यों और मवेशियों पर हमले भी कर रहे हैं। वन्यजीव विशेषज्ञों का मानना है कि रियल एस्टेट परियोजनाओं ने तेंदुओं के प्राकृतिक आवासों को सिकोड़ कर रख दिया है जिसके कारण उनके भटककर रिहायशी इलाकों में आने की घटनाएं बढ़ गई हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि अब तेंदुओं के प्राकृतिक आवासों के क्षेत्रों में उन्हें बहुत कम शिकार मिल पा रहा है।

दिनेश चंद्र शर्मा
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

खेद की बात है कि हम इस स्थिति का विश्लेषण कभी नहीं करते कि पूरी तरह जंगल में रहने वाला यह वन्यजीव आखिर मानवीय क्षेत्रों में आ क्यों रहा है? वास्तविकता यह है कि यदि जंगलों में आवश्यकता पूरी होती रहेगी तो कोई भी वन्य जीव मानवीय क्षेत्रों में आना पसंद ही नहीं करेगा। सच्चाई तो यह है कि मानव के बढ़ते हस्तक्षेप ने जंगल की उन सारी व्यवस्थाओं को छिन्न-भिन्न कर दिया है जिनसे वन्य जीवों की आवश्यकताएं पूरी होती हैं। उन्हें न तो वहां पर्याप्त आहार मिल पा रहा है और न ही सुरक्षित आवास। जंगल के जलस्रोत भी सूखते जा रहे हैं और वर्ष में कई महीने वहां पानी मिलने में भी कठिनाई होती है। भूखे-प्यासे वन्यजीव जब अपनी जरूरी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए मानवीय क्षेत्रो का रुख करते हैं तो उन्हें मानव का कोपभाजन बनना पड़ता है। कम से कम हम वन्य जीवों के ऊपर दोषारोपण से पहले जंगलों को उनके के ल

एयर इंडिया की फ्लाइट में आग से खलबली

नई दिल्ली, एजेंसी

- बेंगलुरु जा रही उड़ान दिल्ली लौटी, इमरजेंसी लैंडिंग

बेंगलुरु जा रहे एयर इंडिया के विमान को वातानुकूलन इकाई में आग लगने के संदेह के बाद शुक्रवार शाम को वापस दिल्ली हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतार लिया गया।

सूत्रों ने बताया कि विमान उड़ान संख्या एआई 807 को दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतारा गया है। उसमें 175 यात्री सवार थे।

सूत्रों ने बताया कि विमान के वातानुकूलन इकाई में संदिग्ध आग के चलते इमरजेंसी घोषित की गई थी। विमान ने शाम 6:40 बजे सुरक्षित लैंडिंग की। एयरलाइन के एक अधिकारी ने कहा कि यात्रियों के लिए बेंगलुरु जाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की गई है।

पुणे हवाई अड्डे पर ट्रैक्टर ट्रॉली से टकराया विमान

पुणे। दिल्ली जा रहे एयर इंडिया का एक विमान पुणे हवाई अड्डे पर सामान ले जाने वाले ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गया जिसके बाद उड़ान रद कर दी गई। एयरलाइन सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि घटना गुरुवार शाम करीब 4 बजे हुई। विमान में करीब 200 यात्री सवार थे और घटना के बाद वे करीब छह घंटे तक हवाई अड्डे पर फंसे रहे। एयर इंडिया ने कहा कि यात्रियों को किराया वापस कर दिया गया।

दिव्यांग लवली को मिला अदाणी फाउंडेशन का सहारा

- इलाज-पढ़ाई का लिया जिम्मा, जानकारी पर बुजुर्ग बाबा और दादी बेहद खुश

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: आठ साल की दिव्यांग लवली को अदाणी फाउंडेशन का सहारा मिल गया है। अब फाउंडेशन न सिर्फ लवली का समुचित इलाज कराएगा, बल्कि उसकी पढ़ाई की जिम्मेदार भी ले ली है। इससे लवली बेहद खुश है और वह कहती है कि अब वह ठीक होकर अन्य बच्चों की तरह गेंद खेलने लगेगी।

गोला गोकर्णनाथ तहसील के दूरदराज के गांव कंधरापुर की मासूम लवली की कहानी बेहद दर्द भरी है। वह महज सात महीने की थी, तभी उसकी मां किस्मती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पिता धर्मवीर कुछ महीने बाद ही दूसरी शादी कर घर से अलग रहने लगा। लवली को उसके 65 वर्षीय बाबा ओमप्रकाश सिंह और दादी उर्मिला ने पाला पोसा, लेकिन वह कभी अपने पैरों पर ठीक से नहीं खड़ी हो पाई। वजह है कि लवली का जन्म से ही बायां हाथ और पैर टेढ़ा है, जिसके चलते उसे चलने-फिरने में परेशानी होती है। लवली के बाबा-दादी ने उसका काफी इलाज कराया, लेकिन वह ठीक नहीं हो सकी। लवली तीन साल की हुई तो गांव के सरकारी स्कूल में दाखिला भी करा दिया। अब वह पांचवी कक्षा की छात्रा है और पढ़ाई में खूब मन लगाती है। बाबा ओमप्रकाश सिंह कहते हैं उनकी मंशा पोती को पढ़ा लिखाकर बड़ा अफसर बनाने की है। इधर, फेसबुक पर लवली की दिव्यांगता का एक वीडियो और उसकी मार्मिक कहानी वायरल हुई, जिसे उद्योग जगत की शख्सियत गौतम अदाणी ने देखा और वह द्रवित हो गए। उन्होंने लवली के इलाज और पढ़ाई का जिम्मा लेने की ठान ली। इस अदाणी फाउंडेशन ने गांव आकर उसके बाबा-दादी से मिला और उन्हें पूरी जानकारी दी। लवली के बाबा-दादी यह जानकार बहुत खुश हैं।

बाबा और दादी के साथ दिव्यांग लवली। अमृत विचार

भगवान ने सुन ली दिल की आवाज, सब अच्छा होगा

लवली के बुजुर्ग बाबा ओमप्रकाश सिंह कहते हैं कि वह पोती को देख देखकर रोते थे। क्योंकि चाहकर भी उसे ठीक नहीं करा पा रहे थे। वह बच्चों के साथ स्कूल जाती तो उनके जैसा नहीं चल पाती थी। भगवान से यही प्रार्थना करता था कि मेरी लवली ठीक हो जाए। अब दिल की आवाज भगवान ने सुन ली है। उसकी मदद के लिए फरिश्ता आ गया है। अब लवली भी अन्य बच्चों के साथ दौड़-भाग कर सकेगी। खेलेगी और कूदेगी। वह एक दिन अफसर बनकर आएगी। लवली की दादी भी बहुत खुश हैं।

गौतम अदाणी ने ट्विट कर कहा- बेटी का बचपन यूं छिन जाना दुखद

गौतम अदाणी ने एक्स पर कहा, "एक बेटी का बचपन यूं छिन जाना दुखद है! छोटी-सी उम्र में लवली और उसके दादा-दादी का संघर्ष बताता है कि एक आम भारतीय परिवार कभी हार नहीं मानता। अदाणी फाउंडेशन यह सुनिश्चित करेगा की लवली को बेहतर इलाज मिले और वो भी बाकी बच्चों के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ सके। हम सब लवली के साथ हैं।"

■ **जांच और चेकअप के लिए लखनऊ रवाना :** अदाणी फाउंडेशन की टीम ने कंधरापुर पहुंचकर अपने साथ लवली और उसके बाबा-दारी को शुक्रवार को लखनऊ लेकर रवाना हो गई है। बाबा ओमप्रकाश सिंह ने मोबाइल पर अमृत विचार को बताया कि वह लखनऊ जा रहे हैं, जहां लवली की जांच और चेकअप के साथ ही इलाज शुरू हो जाएगा।

नागरिकों की स्वतंत्रता के मामलों में हर दिन मायने रखता है सुप्रीम कोर्ट

दिल्ली आबकारी नीति से संबंधित भ्रष्टाचार मामले में उच्चतम न्यायालय ने दिए निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली उच्च न्यायालय को दिल्ली आबकारी नीति से संबंधित कथित भ्रष्टाचार के एक मामले में एक व्यवसायी की नियमित जमानत याचिका पर फैसला करने का निर्देश देते हुए शुक्रवार को कहा कि नागरिकों की स्वतंत्रता से संबंधित मामलों में हर एक दिन मायने रखता है।

दिल्ली आबकारी नीति अब रद की जा चुकी है। व्यवसायी अमनदीप सिंह ढल की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ को बताया कि याचिकाकर्ता की नियमित जमानत याचिका पर उच्च न्यायालय ने 40 बार सुनवाई की है और अब मामले को आठ जुलाई तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। उन्होंने कहा, ऐसा नहीं हो सकता कि 40 बार सुनवाई के बाद भी आप नियमित जमानत याचिका पर फैसला नहीं करें।

पीठ ने कहा कि उसे सूचित किया गया है कि याचिकाकर्ता ने नियमित जमानत याचिका पिछले साल जुलाई में दायर की थी। उसने कहा, नागरिकों की स्वतंत्रता के मामले में हर एक दिन मायने रखता है। नियमित जमानत के मामले को लगभग 11 महीने तक लंबित रखना याचिकाकर्ता को उसकी स्वतंत्रता से वंचित करता है। पीठ ने कहा, हम उच्च न्यायालय से ग्रीष्मकालीन अवकाश शुरू होने से पहले जमानत याचिका पर फैसला करने का अनुरोध करते हैं। उच्च न्यायालय में ग्रीष्मकालीन अवकाश तीन जून से शुरू होगा और 31 मई अंतिम कार्य दिवस होगा।

- जमानत याचिका पर 40 बार हो चुकी सुनवाई

पुलिस चौकी में आत्महत्या के मामले में दो महिलाओं पर रिपोर्ट

नोएडा। जनपद गौतमबुद्ध नगर में बिसरख थानाक्षेत्र की चिपियाना बुजुर्ग पुलिस चौकी में गुरुवार सुबह एक युवक के कथित तौर पर फांसी लगाकर आत्महत्या करने के मामले में उसके परिजनों ने दो महिलाओं के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज कराया है।

पुलिस ने बताया कि बलात्कार के आरोप में पूछताछ के लिए पुलिस चौकी लाए गए योगेश नामक युवक ने कथित तौर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। इस मामले में परिजनों द्वारा गंभीर आरोप लगाए जाने के बाद पुलिस आयुक्त ने पुलिस चौकी में तैनात सभी पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया था।

ग्राउंड जीरो पर व्यवस्था जांचने पहुंचे धामी

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : चारधाम यात्रा को लेकर उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़ और उन्हें हो रही दिक्कतों के मद्देनजर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व्यवस्था देखने शुक्रवार को ग्राउंड जीरो पर पहुंच गए। उत्तरकाशी जिले के बड़कोट में व्यवस्था का जायजा लिया और तीर्थयात्रियों के जत्थों से बात कर फीडबैक जाना।

मुख्यमंत्री धामी चारधाम यात्रा की व्यवस्था को परखने के लिए शुक्रवार को अचानक उत्तरकाशी के बड़कोट पहुंच गए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने तीर्थयात्रियों एवं स्थानीय लोगों से मुलाकात कर चारधाम यात्रा के बारे में फीड बैक लिया। मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर देश के विभिन्न हिस्सों से आए तीर्थयात्री बेहद खुश हुए। तीर्थयात्रियों द्वारा चारधाम यात्रा को सुगम व सुरक्षित बनाने के लिए शासन-प्रशासन के प्रयासों को सराहना की। मुख्यमंत्री ने बड़कोट के निकट दोबाटा में यात्री पंजीकरण एवं जांच केंद्र तथा होल्डिंग प्वाइंट पर जाकर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। यमुनोत्री व गंगोत्री धाम की यात्रा संचालन को लेकर किए गए इंतजाम पर मुख्यमंत्री ने संतोष व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिना पंजीकरण व पंजीकृत शेड्यूल से इतर यात्रा करने की कतई अनुमति न दी जाए, लेकिन जो लोग यात्रा रूट पर काफी आगे बढ चुके हैं उन्हें धामों का दर्शन करने की सुविधा देने का रास्ता तलाशा जाए। बीच रास्ते से श्रद्धालुओं को वापस भेजा जाना ठीक नहीं होगा। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि ऋषिकेश या हरिद्वार से बिना पंजीकरण के कोई भी यात्रा में न आ सके।

पालीगाड में मुख्यमंत्री ने यात्रियों से भेंट कर यात्रा के बारे में उनके अनुभवों का सुना। मुख्यमंत्री ने यहां पर हेल्डिंग प्वाइंट में कुछ समय के लिए रोके गए यात्री वाहनों के अंदर जाकर भी यात्रियों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने यमुनोत्री धाम सहित खरसाली व जानकीचट्टी क्षेत्र का हवाई निरीक्षण भी किया।

तीर्थयात्रियों से मिले मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। : अमृत विचार

गुंडा एक्ट के दुरुपयोग पर लगाया जुर्माना

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने फिरोजाबाद जिले के जिला मजिस्ट्रेट द्वारा याचियों के खिलाफ गुंडा एक्ट की धारा 3 के तहत जारी नोटिस को रद करते हुए कानून के दुरुपयोग को लेकर राज्य पर 30 हजार का जुर्माना लगाया है।

यह आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ और सुरेंद्र सिंह (प्रथम) की खंडपीठ ने राकेश वर्मा और दो अन्य की याचिका को स्वीकार करते हुए पारित किया। दरअसल याचियों के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि याचियों के खिलाफ केवल दो ही मामले दर्ज हैं,जिनमें से एक चचेरे भाई द्वारा संपत्ति विवाद को लेकर प्रतिशोधात्मक कार्रवाई के रूप में दर्ज करवाया गया है और एक अन्य मामला व्यावसायिक लेनदेन से संबंधित है। दोनों मामलों का सार्वजनिक शांति, कानून और व्यवस्था से कोई संबंध नहीं है। कहा कि केवल एक या दो मामलों में आरोपी होने से अभियुक्त को आदतन अपराधी मानकर उसके खिलाफ उक्त अधिनियम की धारा के तहत मुकदमा नहीं चलाया जा सकता है। अंत में कोर्ट ने याची के खिलाफ आक्षेपित नोटिस को रद करते हुए मामले को निस्तारित किया।

अभ्यर्थियों को रोज 3 हजार दे मणिपुर सरकार

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर सरकार को हिंसा ग्रस्त पर्वतीय जिलों के सिविल सेवा अभ्यर्थियों को 26 मई को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा में शामिल होने के लिए राज्य के बाहर की यात्रा करने के वास्ते प्रतिदिन 3,000 रुपये अदा करने का निर्देश दिया है। शाम को विशेष सुनवाई में, प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने राज्य के पर्वतीय जिलों के उन सिविल सेवा अभ्यर्थियों की शिकायतों पर गौर किया, जिन्होंने सुरक्षा चिंताओं को लेकर मणिपुर के बाहर के परीक्षा केंद्रों का विकल्प चुना है।

जंगल में लगी आग जिंदा जला ग्रामीण

संवाददाता, अल्मोड़ा

- अधजली हालत में जंगल के अंदर मिला शव, परिजनों में कोहराम

अमृत विचार : अल्मोड़ा जिले में वनाग्नि से जनहानि होने का सिलसिला थम नहीं हो रहा है। सोमेश्वर तहसील के एक गांव में आग बुझाने के दौरान एक ग्रामीण भीषण वनाग्नि की चपेट में आ गया। जलते हुए जंगल के बीच से ग्रामीण का अधजला शव बरामद हुआ है। वन विभाग ने पोस्टमार्टम कराने के लिए शव अपने कब्जे में ले लिया है।

गुरुवार की देर शाम सोमेश्वर तहसील के खाईकट्टा गांव में जंगल में अचानक भीषण आग लग गई। हवा चलने के कारण आग ने अचानक विकराल रूप धारण कर लिया। आग गांव तक न पहुंचे और ग्रामीणों को किसी प्रकार का नुकसान न हो इसके लिए ग्रामीण आग बुझाने के लिए जंगल की ओर चले गए और देर रात तक जंगल की आग बुझाने में जुटे रहे। इस बीच जंगल की आग बुझाने आए गांव के चालीस वर्षीय महेंद्र सिंह का पता नहीं चला तो ग्रामीणों ने उसकी खोजबीन की। महेंद्र सिंह का अधजला शव जलते हुए जंगल के बीच से बरामद किया गया। ग्रामीणों का कहना है कि आग की लपटें इतनी भयानक थी कि महेंद्र आग बुझाने के प्रयास में उसकी चपेट में आ गया।

वर्ग पहेली-73

बाएं से दाएं

1. सितार जैसा एक वाद्ययंत्र जिसके दोनों सिरों पर तूंबे लगे रहते हैं।
5. 1. (पुराण) परलोक की एक नदी जिसे मरने के बाद प्रत्येक जीवात्मा को पार करना पड़ता है 2. ओडिशा की एक नदी जो पवित्र मानी गई है।
6. एक भाषा से दूसरी भाषा में अनुवाद करने की क्रिया या भाव, अनुवाद।
9. 1. जो बकवास से भरा हुआ हो 2. ऐसी पद्यमय रचना जिसकी तुकें न मिलती हों, अंत्यानुप्रासहीन 3. जो अवसर के हिसाब से अनुपयुक्त हो।
10. सांसारिक, दुनिया का, लौकिक।

ऊपर से नीचे

2. जलमार्ग से आवागमन, जलयात्रा।
3. तुन का वृक्ष।
4. 1. बार-बार इधर से उधर आना-जाना 2. किसी कार्य हेतु पूर्ण प्रयत्न।
7. 1. सिख धर्मानुसार धर्मविरोधी कार्य करने वाला, धर्मापराधी 2. धर्मच्युत।
8. 1. फेंके जाने की क्रिया 2. प्रक्षेपण।



वर्ग पहेली -72 का हल

1 जं	धि	ल	■	2 शै	■	■
■	■	■	3 कु	शे	श	य
■	4 उ	■	रे	■	वी	■
■	ल	■	द	■	■	5 नि
6 भ	ट	क	ना	■	■	कुं
■	फे	■	■	■	■	च
7 वा	र	ना	■	8 नै	ति	क

कोई भी व्यक्ति जांच और जवाबदेही से मुक्त नहीं : कोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- हाई कोर्ट ने अर्ध-न्यायिक अधिकारियों के क्षेत्राधिकार और शक्तियों के प्रयोग के संबंध में की महत्वपूर्ण टिप्पणी

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने अर्ध-न्यायिक अधिकारियों के क्षेत्राधिकार और शक्तियों के प्रयोग के संबंध में अपनी विशेष टिप्पणी में कहा कि कानूनी कार्यवाही के क्षेत्र में पारदर्शिता, जवाबदेही और न्याय की प्राप्ति सर्वोपरि है।

सब रजिस्ट्रार के खिलाफ लगाए गए आरोप महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों वाले अधिकारियों से अपेक्षित विश्वास और सत्यनिष्ठा पर आघात करते हैं। यह राज्य सरकार पर निर्भर है कि वह इन आरोपों की परिश्रमपूर्वक जांच करे और किसी भी गलत काम को संबोधित करने के लिए उचित कार्रवाई करे। कोर्ट ने आगे कहा कि इस न्यायालय में प्रस्तुत हलफनामा अब तक की गई जांच की पर्याप्तता और संपूर्णता के बारे में चिंता पैदा करता है। कोई भी व्यक्ति, चाहे उसकी स्थिति या अधिकार कुछ भी हो, जांच से ऊपर नहीं है या जवाबदेही से मुक्त नहीं है। मुख्य रूप से कोर्ट ने कहा कि जिन सरकारी अधिकारियों को कानून बनाए रखने और जनता के हितों की सेवा करने की जिम्मेदारी सौंपी जाती है, उनसे ईमानदारी और परिश्रम की उम्मीद की जाती है। सार्वजनिक विश्वास के संरक्षक के रूप में राज्य सरकार को जवाबदेही और पारदर्शिता के सिद्धांतों को बनाए रखने के लिए अटूट प्रतिबद्धता प्रदर्शित करनी चाहिए। कदाचार के आरोपों से निपटने में कोई भी ढिलाई या उदासीनता पूरी प्रशासनिक मशीनरी की विश्वसनीयता को कमजोर करती है और सार्वजनिक संस्थानों में विश्वास को कम करती है।

इन्हीं टिप्पणियों के साथ कोर्ट ने प्रमुख सचिव, स्टाम्प और पंजीकरण, उत्तर प्रदेश सरकार को सब रजिस्ट्रार के खिलाफ शुरू की गई जांच जारी रखने और उसे तार्किक अंत तक लाने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही यह भी निर्देश दिया गया है कि इस आदेश से छह महीने की अवधि के भीतर अपनी जांच पूरी कर कोर्ट के समक्ष अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

मौजूदा याचिका में जिला मजिस्ट्रेट/कलेक्टर (स्टाम्प), जौनपुर द्वारा पारित 3 फरवरी, 2023 के आदेश को इस आधार पर चुनौती दी गई है कि कलेक्टर (स्टाम्प) के पास आदेश वापस लेने या उसकी समीक्षा करने की शक्ति नहीं है। अतः न्यायमूर्ति शेखर बी सराफ की एकलपीठ ने आक्षेपित आदेश को रद करते हुए शिवानी चौरसिया और अन्य की याचिका को अनुमति दे दी।

सुडोकू-152

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		1				2	3	
	2	4						
			2	6	7			
5			3	7				
7								8
3				9	4			
			8	5	1			
	3					7	2	
	6	5				9		

सुडोकू -151 का हल

9	1	5	6	2	8	3	4	7
3	4	8	5	1	7	6	9	2
6	7	2	3	4	9	8	5	1
2	6	4	9	7	3	1	8	5
8	3	1	4	5	2	7	6	9
5	9	7	8	6	1	2	3	4
1	5	6	7	3	4	9	2	8
7	8	3	2	9	5	4	1	6
4	2	9	1	8	6	5	7	3

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 18 मई शनिवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-दशमी 11 .22 तक तत्पश्चात एकादशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। **ऋतु**-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तराफाल्गुनी 19 मई 12 .23 तक तत्पश्चात हस्त।

मेष — आज आय के मुकाबले व्यय अधिक होगा। दूसरों पर से ध्यान हटाकर अपने ऊपर अधिक ध्यान दें। पड़ोसियों से संबंधों में सुधार आयेगा। गुप्त शत्रुओं से आपको नुकसान हो सकता है। आपके भीतर दूसरों का हित करने की भावना प्रबल रहेगी।

वृष — आज आपको शांतिपूर्ण तरीके से परिस्थितियों का अवलोकन करना चाहिए। बच्चों को लेकर कुछ चिंतित हो सकते हैं। गुस्से और क्रोध में आकर त्वरित निर्णय लेने से बचें। अधिकारी वर्ग से आपको कुछ सावधान रहना चाहिए।

मिथुन — आज आपके स्वभाव में कुछ चंचलता और व्यग्रता रहेगी। महत्वपूर्ण कार्यों को टालने की प्रवृत्ति से आपको बचना चाहिए। नए कार्यों की शुरुआत करने से बचें। बिजली के उपकरणों का प्रयोग सावधानी पूर्वक करें।

कर्क — आज नई नौकरी में आनंद का अनुभव करेंगे। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। वैवाहिक जीवन की परेशानियों से निजात मिल सकती है। व्यवसाय में विस्तार कर सकते हैं। धार्मिक कार्यों में आप धन खर्च करेंगे।

सिंह — आज किसी गुप्त चिंता के कारण मन उद्वेलित हो सकता है। परिजनों के व्यवहार से आप क्षुब्ध हो सकते हैं। सरकारी नौकरी कर रहे लोगों के ऊपर जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं। कड़वी भाषा का प्रयोग करने से बचें।

कन्या — आज व्यवसाय में शानदार लाभ मिलने के योग बन रहे हैं। आय के नए स्रोत विकसित हो सकते हैं। नया कारोबार शुरू करने में सफलता मिलेगी। आपकी बौद्धिक क्षमता का कुशल प्रयोग कर पायेंगे। आप काफी भाग्यशाली रहेंगे।

तुला — आज मन में अनावश्यक विचारों को उत्पन्न न होने दें। अपने अधीनस्थ कर्मचारियों से अच्छा तालमेल बिठाकर रखें। आपकी नेतृत्व क्षमता की परीक्षा हो सकती है। विदेश में नौकरी कर रहे जातकों को थोड़ी परेशानी होगी।

वृश्चिक — आज अपने कर्म के प्रति पूर्ण समर्पण भाव रखें। महत्वपूर्ण कार्यों के होने से आप संतुष्टि का अनुभव करेंगे। कार्यक्षेत्र में आप कुछ नये प्रयोग कर सकते हैं। आर्थिक लाभ होने के योग बन रहे हैं। युवा जातकों को प्रेम प्रस्ताव मिल सकते हैं।

धनु — आज दोस्तों से आपको महत्वपूर्ण सलाह मिल सकती है,जो आपके लिए बेहद लाभकारी सिद्ध होगी। बेरोजगार लोगों को नई जॉब मिल सकती है। घर में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। दूसरों के बारे में हमेशा अच्छा सोचें।

मकर — आज किसी देवस्थल में प्रार्थना के लिए जा सकते हैं। कानूनी मामलों में आपको विजय प्राप्त हो सकती है। सकारात्मक गतिविधियों में आपका समय व्यतीत होगा। राजनीतिक संबंधों का उत्तम लाभ उठा पाएंगे।

कुंभ — आज अपने विचारों को लेकर हठधर्मिता का त्याग करें। वैवाहिक जीवन कलहपूर्ण हो सकता है। तात्कालिक प्रतिक्रिया देने से बचें। इंटरनेट पर प्रलोभनों से आपको बचना चाहिए। आशानुरूप कार्य न होने से आपका मनोबल गिर सकता है।

मीन — आज आपके कई बिगड़े हुए काम बनेंगे। आय बढ़ने से आपका चित्त प्रसन्न होगा। परिजनों से शुभ समाचार मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। आप पुराने अनुभवों से सीखने का प्रयास करें। आपके आधिकारिक स्वभाव में वृद्धि होगी।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- नो प्रॉब्लम — सुबह : 08 .44
- धड़कन — रात : 07 .01

SONY PIX
- लाइफ — सुबह : 10 .18
- द मैन फ्रॉम टोरंटो — रात : 09 .12

SONY SMAX
- निकम्मा — सुबह : 09 .48
- सिर्फ एक बंदा काफी है — रात : 09 .30

ZEE CINEMA
- करण अर्जुन — सुबह : 11 .00
- कोयला — शाम : 05 .05

colors CINEPLEX
- नमक हलाल — सुबह : 11 .00
- भागम भाग — दोपहर : 02 .48

आज की सुपरहिट फिल्म

बी 4 यू पर रात : 07 .01 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पति-जज साहब मुझे अपनी बीवी से तलाक चाहिए।
जज- पर क्यों?
पति-जज साहब, जब से मेरी बीवी आई है तब से मुझसे कुछ भी बात नहीं करती है।
जज- एक बार फिर सोच ले, ऐसी बीवी सिर्फ किस्मत वालों को ही नसीब होती है।

सोनू गर्लफ्रेंड से- तुम चाइनीज जैसी क्यों दिखती हो?
गर्लफ्रेंड- मेरे पापा चीन के थे।
सोनू- तुमने कभी मिलवाया नहीं?
गर्लफ्रेंड- वो अब इस दुनिया में नहीं हैं।
सोनू- हां, चाइनीज माल ज्यादा दिन तक टिकता भी कहां है...

अपनी ढपली अपना राग

मैं आपको सपा और कांग्रेस के खिलाफ सावधान करता हूं। वे आपका वोट लेंगे, लेकिन सत्ता में आने के बाद वे उन लोगों को उपहार बांटेंगे जो उनके लिए वोट जिहाद करते हैं। – **नरेन्द्र मोदी**

इंडी गठबंधन कांग्रेस पार्टी का पारिवारिक गठबंधन है। लालू अपने पुत्र को तो ममता अपने भतीजे को मुख्यमंत्री बनाना चाहती हैं और सोनिया अपने पुत्र को प्रधानमंत्री बनना चाहती हैं। – **अमित शाह**

सिलेंडर वाले लोग अब सरेंडर कर रहे हैं। मुझे वो वक्त भी याद है, जब मीठी चीनी के लिए कड़वा झूठ बोला गया। ये कड़वा झूठ बोलने वालों ने क्या आपको 13 रुपये किलो चीनी दी है क्या? – **अखिलेश यादव**



अगर संविधान बदल दिया तो पब्लिक सेक्टर, नौकरियां और आरक्षण खत्म हो जाएगा। आपके सारे हक छीन लिए जाएंगे। हिंदुस्तान में 22-25 अमीर लोगों के पास हक बचेंगे। – **राहुल गांधी**

केंद्रीय मंत्रियों के साथ नेहरू-गांधी परिवार की भी होगी अग्नि परीक्षा

जीत के लिए भाजपा व कांग्रेस के दिग्गज लगा रहे जोर

कई दिनों से संसदीय क्षेत्रों में डेरा डाले हैं वरिष्ठ नेता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

लोकसभा चुनाव का 5वां चरण

उत्तर प्रदेश में 5वें चरण के लिए होने जा रहे लोकसभा चुनाव में केंद्रीय मंत्रियों राजनाथ सिंह व कौशल किशोर के साथ ही नेहरू-गांधी परिवार की अग्निपरीक्षा होनी है। प्रतिष्ठा से जुड़ीं इन सीटों को जीतने के लिए सत्ता व विपक्ष के बीच जोर आजमाइश चल रही है। भाजपा व कांग्रेस के दिग्गज नेता कई दिनों से संसदीय क्षेत्रों में डेरा डाले हुए हैं।

1991 से भाजपा के कब्जे में चल रही लखनऊ लोकसभा सीट पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इस बार तीसरी बार चुनाव मैदान में हैं।

मुकाबले में इंडी गठबंधन में शामिल सपा ने पूर्व मंत्री व वर्तमान विधायक रविदास मेहरोत्रा को चुनाव मैदान में उतारा है। जीत के लिए राजनाथ सिंह लगातार चुनावी सभा के जरिये मतदाताओं को अपने पक्ष में लाने में लगे हुए हैं, ताकि ज्यादा मतों से जीत हासिल हो सके, जबकि सपा प्रत्याशी रविदास मेहरोत्रा अपनी जुझारू छवि के सहारे अपने पक्ष में माहौल बनाने में जुटे हैं। वहीं, मोहनलालगंज सीट पर केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर तीसरी बार जीत के लिए चुनावी संघर्ष कर रहे हैं। सपा ने सजातीय प्रत्याशी आरके चौधरी को चुनाव मैदान में उतार कर चुनावी लड़ाई को रोमांचक बना दिया है। मोदी लहर के दौरान 2014 से इस सीट पर भाजपा का कब्जा है। अनुसूचित वर्ग के लिए आरक्षित इस सीट पर बहुजन समाज पार्टी ने राजेश कुमार उर्फ मनोज प्रधान को प्रत्याशी बनाया है। 2014 के पहले इस सीट पर सपा का कब्जा था।

अमेठी-रायबरेली में चुनावी संघर्ष तेज

इस चरण में मतदान की तारीख करीब आते ही अमेठी व रायबरेली सीटों पर चुनावी जंग तेज हो गई है। अमेठी सीट से भाजपा प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी दोबारा जीत के लिए संघर्ष कर रही हैं। पिछले चुनाव में उन्होंने राहुल गांधी को शिकस्त दी थी। कांग्रेस ने इस बार अपने परिवार के किसी सदस्य के बजाय करीबी माने-जाने वाले किशोरी लाल शर्मा को चुनाव मैदान में उतारा है। इस सीट को वापस लेने के लिए पूरा नेहरू-गांधी परिवार क्षेत्र में डेरा डाले हुए है। राहुल व प्रियंका गांधी के अलावा सपा प्रमुख अखिलेश यादव संयुक्त जनसभा कर चुके हैं।

पुत्र को जिताने के लिए सोनिया ने डाला डेरा

रायबरेली सीट पर भी मुकाबला रोमांचक है। कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी को जिताने के लिए सोनिया गांधी ने भी क्षेत्र में डेरा डाल दिया है। नेहरू-गांधी परिवार ने दोनों सीटों को प्रतिष्ठा से जोड़ते हुए पूरी ताकत झोंक दी है। भाजपा अमेठी सीट को दोबारा जीतने व रायबरेली सीट कांग्रेस से छीनने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। रायबरेली में राहुल गांधी से मुकाबला करने के लिए भाजपा ने दिनेश प्रताप सिंह को चुनाव मैदान में उतारा है। गृहमंत्री अमित शाह के साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी यहां चुनावी सभाएं कर भाजपा के पक्ष में माहौल बना चुके हैं। इस चरण की अन्य सीटों जालौन (अजा), झांसी, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, कौशाम्बी (अजा), बाराबंकी (अजा), फैजाबाद, कैसरगंज व गोंडा में भी भाजपा व इंडी गठबंधन के प्रत्याशियों के बीच कड़ा मुकाबला चल रहा है।

इलेक्शन बायस्कोप



अमेठी में इंडी गठबंधन की संयुक्त जनसभा में शामिल होने से पहले नंद महर धाम में बाबा नंद के दर्शन करने पहुंचे कांग्रेस नेता राहुल गांधी व सपा प्रमुख अखिलेश यादव। –अमृत विचार

लखनऊ को विश्वस्तरीय स्मार्ट सिटी बनाने की दिशा में हो रहा काम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ : व्यापारियों के लिए लखनऊ सबसे उत्तम क्षेत्र बनकर उभर रहा है। लखनऊ को विश्वस्तरीय स्मार्ट सिटी बनाने की दिशा में काम चल रहा है। भाजपा नेता नीरज सिंह ने अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल की ओर से आयोजित कार्यक्रम में उक्त बात कही। उन्होंने कहा कि फ्लाईओवर, नया टर्मिनल, रिंग रोड और एक्सप्रेस वे जैसी योजनाएं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दी हैं। ब्रह्मोस मिसाइल बनाने की परियोजना आ रही है। वहीं, दूसरी ओर अधिवक्ता मनोज त्रिपाठी की ओर से राजाजीपुरम ग्रीन फील्ड स्कूल के पास बैठक आयोजित की गई। जिसमें भाजपा नेता नीरज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एक भारत, श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना साकार हो रही है। आलमबाग में प्रगतिशील व्यापार मंडल की सभा में व्यापारियों को भाजपा सरकार की उपलब्धियों के बारे में बताया गया। भाजपा नेता ने 20 मई को राजनाथ सिंह को पांच लाख वोट से जिताने का आह्वान किया।

नीरज सिंह

गर्मी से बचाव के लिए पुख्ता इंतजाम करें निर्वाचन अधिकारी : रिणवा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **मतदान के दिन मोबाइल फोन प्रतिबंधित**

अमृत विचार : मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने गर्मी से बचाव के लिए पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही, चुनाव प्रचार खत्म होने के बाद निर्वाचन क्षेत्रों में मोबाइल फोन, स्मार्ट फोन व वायरलेस सेट ले जाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चुनाव प्रचार खत्म होने के बाद इन निर्वाचन क्षेत्रों के जिला निर्वाचन अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि राजनीतिक दलों के सभी बाहरी पदाधिकारी व कार्यकर्ता निर्वाचन क्षेत्रों में उपस्थित न रहें। इसके लिए मतदान से पहले चुनाव प्रचार पर रोक संबंधी आयोग के निर्देश को सभी राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों और उनके प्रतिनिधियों के संज्ञान में लाना सुनिश्चित करेंगे। मतदान के दिन मतदेय स्थलों (पोलिंग बूथ) के अंदर मोबाइल फोन, स्मार्ट फोन, वायरलेस सेट आदि ले जाने पर रोक लगाई गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराने के लिए प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। अब तक सार्वजनिक व निजी स्थानों से कुल 1,63,78,889 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 1,00,95,311 व निजी स्थानों से 62,83,578 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई।

इस दौरान सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 11,42,059, पोस्टर के 45,78,928, बैनर के 28,03,149 व अन्य 15,71,175 मामलों में कार्रवाई की गई। इसी प्रकार निजी स्थानों में से वालराइटिंग के 8,88,673, पोस्टर के 29,13,512 बैनर के 15,83,815 व अन्य 8,97,578 मामलों में कार्रवाई की गई।

105.53 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नकदी जब्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2195 मामलों में कार्रवाई

- मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अब तक वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 1280 मामलों में व लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2195 मामलों में कार्रवाई की गई। बिना अनुमति के सभा व भाषण करने, मतदाताओं को लुभाने के लिए नकदी बांटने, वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग व अन्य मामलों में 139 एफआईआर दर्ज कराई गई है। सात एनसीआर समेत कुल 146 प्रकरण में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

अमृत विचार : आदर्श आचार संहिता के तहत चल रही कार्रवाई के तहत 105.53 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नकदी जब्त की गई। कार्रवाई को और तेज करने के निर्देश दिये गये हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस, नार्कोटिक्स विभाग व अन्य प्रवर्तन एजेंसियों के जरिए बीती 1 मार्च से 16 मई तक कुल 42261.66 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी आदि जब्त किये गये। इसमें 3373.19 लाख रुपये नकद धनराशि, 5322.77 लाख रुपये कीमत की शराब, 23460.74 लाख रुपये कीमत की ड्रग, 2294.24 लाख रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं, 5048.42 लाख रुपये कीमत के मुफ्त उपहार व 2762.30 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गई। बीते दिन हुई कार्रवाई में 16.93 लाख रुपये नकद धनराशि, 35.04 लाख रुपये कीमत की 13137.36 लीटर शराब, 33.73 लाख रुपये कीमत की 99194.47 ग्राम ड्रग, 15.79 लाख रुपये कीमत के 6893 मुफ्त उपहार व 4.04 लाख रुपये कीमत की 6206 अन्य सामग्री जब्त की गई।

इस कार्रवाई के तहत गाजीपुर की जाखानिया (एससी) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 20.88 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 83550 ग्राम ड्रग पकड़ी गई है।

देश की राजनीति का केंद्र बिंदु... मैं रायबरेली हूं

आयरन लेडी इंदिरा गांधी ने विकास की रखी नींव

समय के साथ पटरी से उतर गया यहां का विकास

दिलीप सिंह, रायबरेली

मैं रायबरेली हूं.. लखनऊ, प्रयागराज, अयोध्या और कानपुर के मध्य में स्थित हूं। राना बेनी माधव बक्श की वीरता, 7 जनवरी 1921 को किसान आंदोलन के दौरान किसानों पर हुई अंधाधुंध फायरिंग, जिसमें हजारों किसानों ने अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई में देश के लिए प्राण न्योछावर किये थे। मैं इसका गवाह हूं। मुंशीगंज में सई नदी का तट खून से लाल हो गया था, मेरी स्मृति में यह भी है। मैं वही रायबरेली हूं, जहां पर विश्व में आयरन लेडी बनीं प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने फिरोज गांधी से शुरू हुए राजनीतिक सफर को आगे बढ़ाया। देश की राजधानी भले ही दिल्ली हो, लेकिन सदैव राजनीति का केंद्र बिंदू मैं ही रही हूं।

फिरोज गांधी के बाद जब इंदिरा गांधी ने जिले की बागडोर संभाली तो मुझे लगा कि अब कुछ बेहतर होगा। उन्होंने रायबरेली के लिए सब कुछ किया। मैं अगर यह कहूं की वह दौर मेरा स्वर्णिम था तो अतिश्योक्ति नहीं है। मैं रायबरेली हूं, हमेशा सत्य के साथ खड़ी रही हूं। 1977 के चुनाव में इंदिरा गांधी के अहंकार को मैंने ही तोड़ा, तब राज नारायण जी को मेरा साथ मिला। इसके बाद इंदिरा को फिर से जीत दिलाकर यह साबित कर दिया कि मैं हमेशा सत्य के साथ हूं। उनके जाने के बाद कुछ समय के लिए गांधी परिवार से नाता टूटा, लेकिन परिवार से जुड़े सदस्य अरुण नेहरू हों या फिर गांधी परिवार की करीबी रहीं शीला कौल.. जिनको सदन में भेजा। यहां पर यदि मुझे आघात लगा तो वह मुद्दा है मेरे विकास का। इंदिरा गांधी के समय की स्थापित फैक्ट्रियों का धीरे-धीरे पतन होने लगा, लेकिन इसके बावजूद मैं सदैव राजनीति के केंद्र में बनी रही। दो बार स्थानीय प्रत्याशी पर विश्वास जताया। 1996 और 1998 में भाजपा से अशोक सिंह सदन में गए जरूर, लेकिन विकास की रफ्तार धीमी होती चली गई। मुझे लगा कि शायद मैं अब खास से आम होने वाली हूं, लेकिन गांधी परिवार की बहू सोनिया गांधी ने बीड़ा उठाया। 2004 में भारी मतों से जीत दिलायी। इसके बाद से लगातार वह चाहे 2006 उपचुनाव हो या फिर 2009, 2014 और 2019 का चुनाव हो, उनका विश्वास कभी कमजोर होने नहीं दिया।

इस दौरान रायबरेली में सेंध लगाने की भरसक कोशिश की गई, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। सत्ता में रहते हुए कांग्रेस की ओर से एम्स, निफ्ट का तोहफा मिला, लेकिन इसकी सुस्त रफ्तार से हमारा विश्वास भी कमजोर हुआ। आज भी मुझे आयरन लेडी इंदिरा गांधी की कमी सालती है। उनके द्वारा स्थापित फैक्ट्रियों को संजीवनी देने का कार्य किया जाता तो शायद आज मैं इतनी कमजोर न होती। फिलहाल एक बार फिर से मैं देश की राजनीति के केंद्र में हूं। गांधी परिवार की चौथी पीढ़ी राहुल गांधी ने इस बार बागडोर संभाली है। वहीं जीत के लिए स्थानीय प्रत्याशी के तौर पर दिनेश प्रताप सिंह भाजपा से दम भर रहे हैं। कुछ भी हो रायबरेली का राजनीतिक रसूख आज भी कायम है।

पहले मां अब बेटे के खिलाफ दिनेश

भाजपा प्रत्याशी लगातार दूसरी बार मैदान में है। इससे पहले वह 10 साल तक कांग्रेस के सिपाही के रूप में जाने जाते रहे। कांग्रेस में रहते वह एमएलसी, उनके भाई अवधेश प्रताप सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष और एक अन्य भाई राकेश प्रताप सिंह हरचंदपुर से कांग्रेस के विधायक बने। मगर, सत्ता के बदलाव में दिनेश ने पाला बदलने में समझदारी समझी। 2019 में सोनिया गांधी के खिलाफ मैदान में उतरे और कड़ी टक्कर दी। इसके बाद अब उनके बेटे राहुल गांधी के खिलाफ मैदान में हैं।

तीसरी बार कमल खिलाने के लिए झोंकी ताकत

1996 और 1998 में कांग्रेस को सबसे बड़ा झटका लगा। स्थानीय नेता अशोक सिंह ने बतौर भाजपा प्रत्याशी दोनों चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार को चारों खाने चित कर दिया। 1999 में अरुण नेहरू ने पाला बदला तो उनके खिलाफ कांग्रेस ने कैप्टन सतीश शर्मा को मैदान में उतारा। इस चुनाव का परिणाम कांग्रेस के लिए सुखद रहा। उसके बाद सोनिया गांधी ने यहां कमान संभाली और लगातार जीतने का क्रम जारी रहा।

अब तक हुए चुनाव पर एक नजर

वर्ष	सांसद
1952	फिरोज गांधी (कांग्रेस)
1958	फिरोज गांधी (कांग्रेस)
1962	ब्रजलाल (कांग्रेस)
1967	इंदिरा गांधी (कांग्रेस)
1971	इंदिरा गांधी (कांग्रेस)
1977	राजनारायण (बीकेडी)
1980	इंदिरा गांधी (कांग्रेस)
1981	अरुण नेहरू(कांग्रेस) उपचुनाव
1984	अरुण नेहरू (कांग्रेस)
1989	शीला कौल (कांग्रेस)
1991	शीला कौल (कांग्रेस)
1996	अशोक सिंह (भाजपा)
1998	अशोक सिंह (भाजपा)
1999	कैप्टन सतीश शर्मा(कांग्रेस)
2004	सोनिया गांधी (कांग्रेस)
2006	सोनिया गांधी (कांग्रेस) उपचुनाव
2009	सोनिया गांधी (कांग्रेस)
2014	सोनिया गांधी (कांग्रेस)
2019	सोनिया गांधी (कांग्रेस)

बड़े-बड़े दिग्गज भी हुए ढेर

- रायबरेली हमेशा सुर्खियों में रही। यहां पर बड़े-बड़े दिग्गज आकर ढेर हो गए। 1952 और 1957 का चुनाव फिरोज गांधी के नाम रहा। फिर 1967 और 1971 में इंदिरा गांधी ने विजय पताका फहराई, लेकिन, 1977 में समाजवादी राज नारायण ने इंदिरा गांधी को 55,202 वोटों से शिकस्त दे दी। हालांकि, तीन वर्ष बाद ही इंदिरा गांधी फिर मैदान में उतरीं और उनके सामने मध्य प्रदेश से राजमाता विजय राजे सिंधिया आईं। लोकदल से महिपाल शास्त्री ने भी ताल ठोंकी, लेकिन इंदिरा गांधी ने करीब पौने दो लाख मतों से बड़ी जीत दर्ज की। चूंकि इंदिरा गांधी आंध्र प्रदेश के मेडक से भी चुनाव जीती थीं। ऐसे में उन्होंने रायबरेली सीट छोड़ दी और यहां उपचुनाव हुआ। जिसमें अरुण नेहरू कांग्रेस प्रत्याशी बनकर आए। जबकि उनके खिलाफ ताल ठोंकने जनेश्वर मिश्र उतरे, लेकिन अरुण नेहरू ने एक लाख से ज्यादा वोटों से जीत हासिल की। 1984 में सविता अंबेडकर अरुण नेहरू के खिलाफ उतरीं। वे भी हार कर लौट गईं।

राजा भैया खामोश.. समर्थकों ने की साइकिल की सवारी

जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी ने इस बार नहीं उतारा है कोई प्रत्याशी

अमृत विचार ने 11 अप्रैल के अंक में राजा भैया और सपा की नजदीकी की जताई थी उम्मीद

रवि प्रकाश सिंह, प्रतापगढ़

अखिलेश यादव

राजा भइया

पुष्पेंद्र सरोज

लोकसभा चुनाव की तिथि जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, राजनीतिक पारा उतना ही बढ़ता जा रहा है। बात राजा भैया से जुड़ी हो तो राजनीतिक तपिश लाजमी है। इस बार के लोकसभा चुनाव में राजा भैया की पार्टी ने कोई प्रत्याशी नहीं उतारा है। मंगलवार को उन्होंने कार्यकर्ताओं की बैठक में मंच से कहा कि आप लोग जिसे चाहे वोट कर सकते हैं। शुक्रवार को सोशल मीडिया पर कुण्डा क्षेत्र का एक वीडियो वायरल हुआ। जिसमें राजा भैया समर्थक कौशांबी सीट से सपा प्रत्याशी के साथ प्रचार कर रहे हैं। राजा भैया और अखिलेश यादव जिंदाबाद का नारा लगाते हुए जनसम्पर्क करते रहे।

अखिलेश और राजा भैया की नजदीकी की बात अमृत विचार ने 11 अप्रैल के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित की थी। हालांकि समर्थकों ने भले ही साइकिल की सवारी कर ली है, राजा भैया मौन साधे हुए हैं। अब देखना यह है कि राजनीति का ऊंट किस करवट बैठेगा। यह वक्त ही तय करेगा। कुण्डा से विधायक राजा भैया की पार्टी जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी का गठन 30 नवंबर 2018 को हुआ था। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में पहली बार पार्टी ने अपने प्रत्याशियों को मैदान में उतारा था। प्रतापगढ़ लोकसभा से पूर्व सांसद अक्षय प्रताप सिंह गोपाल जी और कौशांबी लोकसभा सीट से पूर्व सांसद शैलेंद्र कुमार को प्रत्याशी बनाया। जिसमें अक्षय प्रताप सिंह गोपाल जी चौथे और शैलेंद्र कुमार तीसरे स्थान पर रहे थे। हालांकि अक्षय प्रताप भाजपा प्रत्याशी को शिकस्त देकर एमएलसी निर्वाचित हुए। इसके बाद जब वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव हुए तो पार्टी ने प्रतापगढ़, प्रयागराज, अमेठी समेत अन्य जनपद की सीटों से अपनी दावेदारी ठोंकी।

कुंडा और बाबागंज में पुनः रिकॉर्ड बना। राजा भैया यहां से 7वीं और विनोद सरोज चौथी बार विधायक बने। इस बार के लोकसभा चुनाव में जनसत्ता दल लोकतांत्रिक से कोई प्रत्याशी चुनाव मैदान में नहीं उतारा गया। इस कारण से राजा भैया समर्थक वोटिंग को लेकर असमंजस की स्थिति में थे। ऐसे में राजा भैया ने मंगलवार को बेंती कोठी पर हजारों की संख्या में पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के सामने अपनी चुप्पी तोड़ी। उन्होंने कहा कि सोच समझकर प्रत्याशी का चुनाव करें। कोई प्रत्याशी ऐसा नहीं की मैं जिम्मेदारी लूं कि वह आपके लिए उपलब्ध रहेगा। नोटा का बटन न दबाने और मतदान जरूर करने की अपील की। पार्टी के पदाधिकारियों व आम लोगों की राय भी ली। सभी की बात सुनने के बाद अंत में राजा भैया ने कहा कि सपा और भाजपा से चुनाव लड़ रहे दोनों लोकसभा प्रत्याशी मुझसे मिलने आए थे। मैंने उनसे स्पष्ट रूप से कह दिया था कि पहले अपने पूरे परिवार (जनसत्ता दल लोकतांत्रिक कार्यकर्ताओं) से विचार विमर्श करेंगे, उसके बाद ही कोई निर्णय लेंगे।

राज्यसभा के चुनाव से नया समीकरण

बीते दिनों राज्यसभा सदस्य के लिए हुए चुनाव में जनसत्ता दल लोकतांत्रिक ने भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में वोट किया था। इसके बाद से सियासी गलियारों में गठबंधन की चर्चा बढ़ गई थी। हालांकि लोकसभा चुनाव में भाजपा ने दोनों सीटें प्रतापगढ़ और कौशांबी पर पिछली बार जीते उम्मीदवारों पर भरोसा जताया है।

तीन बार सांसद निर्वाचित हुए शैलेंद्र, दो बार से विनोद सोनकर

जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के प्रधान राष्ट्रीय महासचिव शैलेंद्र कुमार राजा भैया के साथ लंबे समय से राजनीति में सक्रिय हैं। वह कौशांबी संसदीय सीट से तीन बार सांसद चुने गए हैं, जबकि दो बार से लगातार सांसद विनोद सोनकर हैं। शैलेंद्र कुमार पहली बार 1998 में 12वीं लोकसभा के लिए सदस्य निर्वाचित हुए। वर्ष 2004 में दूसरी बार 14वीं लोकसभा के लिए सदस्य निर्वाचित हुए। 2009 में 15वीं लोकसभा के लिए तीसरी बार सदस्य निर्वाचित हुए। उसके बाद 2014 में भाजपा से विनोद सोनकर सांसद बने। वर्ष 2019 में वह दोबारा लोकसभा का चुनाव जीतकर सांसद बने।

> जनसत्ता दल लोकतांत्रिक ने कोई प्रत्याशी नहीं उतारा है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं का सम्मान रखते हुए वोट देने के लिए उन्हें स्वयं निर्णय लेने के लिए कहा है। वोट देने के लिए किसी पार्टी का नाम नहीं लिया गया है। हां.. एक बात जरूर है नोटा बटन न दबाने की अपील की गई है।
>
> –**विनोद सरोज**, प्रदेश अध्यक्ष व विधायक, जनसत्ता दल लोकतांत्रिक

चुनावी चक्कर

- **क्षेत्रीय प्रत्याशी को छोड़ भाजपा के लिए सक्रिय हैं अदिति सिंह :** लोकसभा चुनाव को लेकर उत्तर प्रदेश में सरगर्मी तेज है। चार चरणों के चुनाव के बावजूद दल-बदलुओं की भी कमी नहीं। सत्तापक्ष और विपक्ष एक-दूसरे के मजबूत नेताओं को अपना बनाने की जुगत में जुटा है। ऐसे में प्रचार में जुटे नेता तनिक सशंकित भी हैं कि पता नहीं कब, कौन साथ छोड़ दे। इस बीच, कुछ तस्वीरें उत्तर प्रदेश के राजनीतिक गलियारे में चर्चा का विषय बनी हुई हैं। दरअसल, रायबरेली लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में आने वाली सदर विधानसभा सीट से भाजपा की विधायक अदिति सिंह अपने संसदीय क्षेत्र के अलावा अन्य सीटों पर प्रचार कर रही हैं। अदिति सिंह के सोशल मीडिया साइट फेसबुक पर साझा की गई पोस्ट को देख कर सामने आया है कि वह अंबेडकरनगर में भाजपा प्रत्याशी ऋतेश पांडेय, लखनऊ में रक्षा मंत्री और भाजपा प्रत्याशी राजनाथ सिंह के प्रचार में पहुंचीं। इससे पहले वह गृह मंत्री अमित शाह की रायबरेली की भी जनसभा में शामिल हुई थीं। हालांकि, इस रैली में दिनेश प्रताप सिंह भी बतौर प्रत्याशी मौजूद थे। माना जा रहा है कि अदिति सिंह इस चुनाव में दिनेश प्रताप सिंह के समर्थन में प्रचार नहीं कर रहीं। रायबरेली सीट पर 20 मई को मतदान भी होना है। ऐसा नहीं है कि अदिति, प्रचार को लेकर सक्रिय नहीं हैं, बस उनकी सक्रियता रायबरेली प्रत्याशी के लिए नजर नहीं आ रही। उनकी फेसबुक प्रोफाइल पर देखा जा सकता है कि वह रायबरेली में भी अलग-अलग लोगों से मुलाकात कर उनके सुख और दु:ख में साथ दिख रहीं हैं, लेकिन दिनेश प्रताप सिंह के प्रचार में वह सीधे तौर पर शामिल नहीं हैं। कई मौकों पर यह भी देखा गया है कि सरकारी कार्यक्रमों के मंच से अदिति अगर संबोधित भी करती हैं तो वह दिनेश प्रताप सिंह का नाम भी नहीं लेतीं। बहराल, एक न्यूज चैनल से उन्होंने कहा था- मैं भाजपा के साथ हूं और भाजपा का जो प्रत्याशी है वो मेरा प्रत्याशी है। उन्होंने अपने पिता के साथ डाली हुई अपने फोटो पर कहा था कि हर चुनाव में वो अपने पिता और उनकी सिखायीं बातों को याद करती हैं।

05 वें चरण में 20 मई को होगा मतदान | **05** मंत्रियों का होना है चुनावी इम्तिहान | **14** लोकसभा सीटों पर पड़ेंगे वोट | **13** सीटों पर भाजपा का है अभी कब्जा | **06** सीटों पर भाजपा को 2014 व 19 में मिली थी एक लाख से कम की जीत | **14** सभी सीटों पर भाजपा व बसपा लड़ रही है चुनाव | **10** सीटों पर समाजवादी पार्टी दे रही है चुनौती | **04** सीटों पर गठबंधन के तहत हैं कांग्रेस प्रत्याशी

विरासत की देहरी पर रिश्तों की दुहाई और चुनावी जज्बात

स्मृति की राह नहीं आसान , प्रियंका ने बनाई नाक की लड़ाई

मनोज त्रिपाठी

साल 2019 में भाजपा नेत्री स्मृति इरानी ने अमेठी लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस नेता राहुल गांधी को हराने के बाद ट्वीट किया था, 'कौन कहता है आसमां में सुराख नहीं हो सकता' अब 2024 में स्मृति के सामने राहुल तो नहीं हैं, लेकिन एक पत्थर तबियत से... उछालने की चुनौती कम नहीं हुई है। कांग्रेस ने इस बार स्मृति की चुनौती का मुकाबला करने के लिए अमेठी और रायबरेली में कोई चार दशक तक गांधी परिवार के प्रतिनिधि की भूमिका निभाने वाले किशोरी लाल शर्मा को चुनाव मैदान में उतारा है। भाजपा उन्हें 'चपरासी' बता रही है। लेकिन जिस तरह उनकी लोगों से जान-पहचान है और कांग्रेस नेता उनकी जीत के लिए प्रचार कर रहे हैं, उसे देखकर कुछ लोग किशोरी लाल को छुपा रुस्तम भी बता रहे हैं।

हालांकि राहुल गांधी के अमेठी से पलायन और कांग्रेस द्वारा किशोरी लाल पर दांव लगाए जाने के बाद हर किसी की धारणा थी कि अमेठी का चुनाव इस बार एकतरफा जीत वाला हो गया है। लंबे समय तक राहुल गांधी की प्रत्याशिता को लेकर अनिर्णय की स्थिति में झूलने वाली कांग्रेस ने एक तरह से भाजपा को यहां वॉकओवर दे दिया है, लेकिन जैसे-जैसे मतदान की

स्मृति इरानी ।

किशोरी लाल शर्मा ।

तिथि करीब आ रही है, ऐसा लग रहा है कि कांग्रेस ने राहुल गांधी की हार का बदला लेने के लिए स्मृति ईरानी के सामने सोची-समझी रणनीति के तहत जाल बुना है। किशोरी लाल केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के सामने कमजोर प्रत्याशी साबित न हो, इसलिए उनके प्रचार की कमान खुद प्रियंका गांधी ने संभाल रखी है। स्मृति भी इस बात को बखूबी समझते हुए उतनी ही गंभीरता और ताकत से मुकाबला कर रही है, जैसे सामने राहुल गांधी ही चुनाव लड़ रहे हैं। हालांकि जनता की अदालत में अमेठी में इस बार चुनावी लड़ाई राहुल गांधी के 15 साल और स्मृति ईरानी के पांच सालों के काम के बीच हो रही है, जिसमें स्मृति का पलड़ा थोड़ा भारी नजर आता है। इसकी बड़ी वजह यह है कि 2014 में मोदी लहर के बाद भी एक लाख वोटों से हार मिलने के बावजूद वह अमेठी छोड़कर नहीं गईं।

लगातार सक्रिय रहीं और लोगों के बीच काम करती रहीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी उन्हें अपने मंत्रिमंडल में मानव संसाधन विकास मंत्री बनाया। इससे लोगों में भरोसा बना कि वह अब अमेठी छोड़कर जाने वाली नहीं हैं और सिर्फ अपना सियासी मकसद साधने के लिए यहां नहीं आयी हैं, जैसा कि कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी उन्हें लेकर आरोप लगाती हैं। इसी का लाभ उन्हें 2019 में अप्रत्याशित जीत के रूप में मिला। उन्होंने राहुल गांधी को 55 हजार मतों से पराजित कर दिया। हालांकि अमेठी में मतदाताओं का एक वर्ग पिछली बार की तरह राहुल गांधी बनाम स्मृति ईरानी का मुकाबला नहीं होने से थोड़ा मायूस जरूर नजर आता है। लेकिन वोट के सवाल पर अधिकतर लोग मोदी और योगी का समर्थन करते हुए भाजपा सरकार के काम गिनाते हैं या फिर सांसद स्मृति ईरानी के खिलाफ बोलते हैं। विकास के सवाल पर राय बंटी हुई है। यह कहने के बावजूद कि यहां की सड़कें अब पहले से अच्छी हो गयी हैं, तमाम लोग राजीव गांधी और राहुल गांधी के समय में हुए कामों की दुहाई देते हैं, तो यह बताने वाले भी कम नहीं हैं कि स्मृति ईरानी ने सांसद रहते केंद्र सरकार की योजनाओं पर काम किया है।

लोगों को पीएम आवास, मुफ्त राशन, फ्री इलाज और शौचालय जैसी सुविधाएं मिली हैं। इसके जवाब में प्रियंका गांधी नुक्कड़ सभाओं और जनसंपर्क में लोगों को समझाती हैं कि जागरुक बनें, समझें कि कौन से पार्टी आपके लिए क्या कर रही है और पहले क्या किया। वह अपने पिता को याद करती हैं और अमेठी से जज्बाती रिश्ता जोड़ती हुए बताती हैं कि जब छोटे थे तब भी आते थे। आप कितना प्यार देते थे। फिलहाल कांग्रेस के चुनाव प्रचार से ऐसा लगता है कि गांधी परिवार ने इस सीट को नाक की लड़ाई मान लिया है। जिस तरह प्रियंका, खड़गे, राहुल यहां प्रचार कर रहे हैं, उससे लग रह है कि स्मृति ईरानी के लिए लड़ाई उतनी आसान नहीं है, जितनी समझी जा रही थी। वैसे इस बार चुनावी मैदान में बसपा की ओर से नन्हें सिंह भी मैदान में हैं, लेकिन बसपा के कॉडर वोट का बड़ा हिस्सा भी कांग्रेस-भाजपा के बीच ही बंटता दिख रहा है।

कांग्रेस को खेलना पड़ा पीएम के चुनाव का दांव

रायबरेली लोकसभा सीट से इस बार अमेठी छोड़कर आए पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी चुनावी मैदान में हैं। यहां उनका मुकाबला भाजपा प्रत्याशी और योगी सरकार के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह तथा बसपा के ठाकुर प्रसाद से है। ऐसे में रायबरेली का रण जीतने के लिए राहुल गांधी की बहन और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी तो डेरा डाले ही हैं, अब सोनिया गांधी भी पहुंच गई हैं। प्रियंका यहां भी अपने परिवार के साथ लोगों को पुराना रिश्ता याद दिला रही हैं। राहुल गांधी की जीत सुनिश्चित करने के लिए यहां कांग्रेस शासित राज्यों के सीएम, डिप्टी सीएम और पूर्व सीएम का हर दिन प्रचार में आना-जाना लगा है, इसी के बीच शुक्रवार को सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव एक मंच पर नजर आए।

उधर भाजपा ने भी अपने प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह के लिए पूरा जोर लगा रखा है। गृह मंत्री अमित शाह दो बार आ चुके हैं। सीएम योगी आदित्नाथ, डिप्टी सीएम बृजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य भाजपा को जिताने का मोर्चा संभाले हैं। भाजपा का मनोबल बागी सपा विधायक मनोज पांडेय का रुख मोड़ने में सफलता मिलने से बढ़ गया है। पहले वह भाजपा के प्रचार से दूरी बनाए थे, पर अब कह रहे हैं कि जो राम का नहीं, वह किसी के काम का नहीं। पांच दिन पहले अमित शाह, भाजपा उम्मीदवार दिनेश प्रताप सिंह के साथ मनोज पांडेय को समझाने उनके आवास पर गए थे। लेकिन

राहुल गांधी ।

दिनेश प्रताप सिंह।

रायबरेली सदर से भाजपा विधायक अदिति सिंह अभी खुलकर भाजपा के प्रचार में हिस्सा नहीं ले रही हैं। रायबरेली से पिछले चुनाव में सोनिया गांधी ने दिनेश प्रताप सिंह को ही हराया था। लेकिन उनकी जीत का अंतर एक लाख से कुछ ज्यादा ही रह गया था। लोगों से बातचीत में भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह की स्थानीय लोगों के बीच आसानी से उपलब्धता और योगी सरकार में मंत्री पद उन्हें बढ़त दिलाती दिखती है, लेकिन अधिकतर लोग अमेठी की तरह गांधी परिवार से रिश्ता तोड़ने के लिए तैयार नहीं दिखते हैं। हालांकि विरासत के सवाल पर भाजपा नेता यह कहकर पलटवार करते हैं कि कांग्रेस के पास रायबरेली में कोई विधायक, एमएलसी, ब्लॉक प्रमुख, प्रधान कुछ भी तो नहीं है। इस बार का चुनाव 'सोनिया का बेटा' बनाम 'रायबरेली का बेटा' है। इस माहौल में छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल यह कहकर लीड लेने की कोशिश कर रहे हैं कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर राहुल गांधी ही प्रधानमंत्री बनेंगे, ऐसे में आप सांसद नहीं पीएम का चुनाव कर रहे हैं। माना जा रहा है कि राहुल को पीएम कैंडिडेट बताकर कांग्रेस ने चुनाव जीतने के लिए रणनीतिक दांव चला है।

लेकिन कांग्रेस के सामने सबसे बड़ी समस्या यह है कि मतदाताओं का एक वर्ग अभी भी यह सवाल उठा रहा है कि राहुल गांधी वायनाड और रायबरेली दोनों जगह से जीतने पर कहीं रायबरेली की सीट तो नहीं छोड़ देंगे। कांग्रेस नेता भी इस बारे में खुलकर गांरटी नहीं दे पा रहे हैं। ऐसे में कांग्रेस के लिए राहत की बात यही है कि रायबरेली उसका गढ़ है। पार्टी इस सीट पर 20 लोकसभा चुनावों में 17 बार जीती है। रायबरेली में जातीय आधार देखें तो 34% दलित मतदाताओं के बाद 16% ब्राह्मण, 10% ठाकुर और 7% यादव मतदाता है। कुर्मी मतदाता करीब 5% और मुस्लिम मतदाता 6% हैं।

राजनाथ के सामने जीत का अंतर बढ़ाने की चुनौती

लखनऊ लोकसभा सीट भाजपा का गढ़ है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह यहां से तीसरी बार चुनावी मैदान में हैं। उनके खिलाफ सपा-कांग्रेस गठबंधन से विधायक रविदास मेहरोत्रा और बसपा प्रत्याशी सरवर अली ताल ठोंक रहे हैं। 1991 के लोकसभा चुनाव के बाद से लखनऊ सीट पर भाजपा का कब्जा है। भाजपा नेता और दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने 1991-2009 के बीच लखनऊ सीट का प्रतिनिधित्व किया था। इस बार भाजपा ने राजनाथ सिंह को पांच लाख वोटों के अंतर से चुनाव जिताने का लक्ष्य रखा है। लेकिन यह काम आसान नहीं नजर आ रहा है। इसकी वजह यह है कि लखनऊ पश्चिम और मध्य विधानसभा सीटों पर सपा का कब्जा है। सपा-कांग्रेस गठबंधन से चुनाव लड़ रहे रविदास मेहरोत्रा लखनऊ मध्य विधानसभा सीट से ही विधायक हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में राजनाथ सिंह को सपा की तरफ से सिने अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा की पत्नी पूनम सिन्हा ने चुनौती दी थी। कांग्रेस से आचार्य प्रमोद कृष्णनम मैदान में थे। राजनाथ सिंह को 6,33,026 वोट मिले थे। सपा की पूनम सिन्हा 2,85,724 वोटों के साथ दूसरे स्थान और कांग्रेस के आचार्य प्रमोद कृष्णम 1,80,011 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रहे थे। 2014 के लोकसभा चुनाव में राजनाथ सिंह को 5,61,106 वोट मिले थे। उनके मुकाबले में उतरीं कांग्रेस की रीता बहुगुणा जोशी को 2,88,357 वोट हासिल हुए थे। बसपा के निखिल दूबे को 64,449 वोट और सपा के अभिषेक मिश्रा को 56,771 वोट मिले थे।

साध्वी के सामने उत्तम की चुनौती में बसपा का पेच

फतेहपुर सीट पर केंद्रीय मंत्री भाजपा प्रत्याशी साध्वी निरंजन ज्योति भी जीत की हैट्रिक लगाने के लिए चुनावी रण में उतरी हैं। वह 2014 और 2019 में जीत दर्ज कर चुकी हैं। सपा प्रत्याशी पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल इस बार उनके सामने कड़ी चुनौती पेश कर रहे हैं, तो बसपा ने भी यहां कुर्मी बिरादरी के प्रत्याशी डॉ. मनीष सचान को मैदान में उतार कर सपा और भाजपा दोनों की मुश्किल बढ़ा रखी है। हालांकि सपा प्रत्याशी को स्थानीय होने का लाभ मिल रहा है, लेकिन माना जा रहा है कि सपा और बसपा के प्रत्याशी पिछड़ी जाति के एक ही वर्ग से होने के कारण मतों का ध्रुवीकरण हो सकता है। बसपा को दलित कॉडर के साथ मुस्लिम मतों का समर्थन मिलने से त्रिकोणीय मुकाबले की तस्वीर उभर सकती है, जिसे भाजपा अपने लिए मुफीद मान रही है। सपा प्रत्याशी नरेश उत्तम तीन बार विधायक और मुलायम सरकार में मंत्री रह चुके हैं। क्षेत्र में अच्छी पकड़ रखते हैं। लेकिन इस लोकसभा क्षेत्र की जहानाबाद सीट पर भाजपा को रोकना और ब्राह्मण, क्षत्रिय व वैश्य मतों में सेंध लगाना उनके लिए सबसे बड़ी चुनौती है। भाजपा को 2014 के चुनाव में जहानाबाद विधानसभा क्षेत्र से 60 हजार और 2019 में 45 हजार से ज्यादा वोटों से लीड मिली थी।

इन्होंने की है हैट्रिक की तैयारी

भानु प्रताप की जीत के सिक्सर में सपा ने इस बार की है कड़ी घेरेबंदी

- भाजपा ने जालौन सीट से पांच बार के सांसद और केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप वर्मा को एक बार फिर से मैदान में उतारा है। इस सीट पर भानुप्रताप का वर्चस्व साफ नजर आता है। 1996 में वह पहली बार विजयी हुए थे। इसके बाद 1998, 2004, 2014 और 2019 में सांसद चुने गए थे। उनके खिलाफ सपा-कांग्रेस गठबंधन से नारायण दास अहिरवार प्रत्याशी हैं। अहिरवार बसपा के संस्थापक सदस्य रहे हैं। वह 2007 से 2011 तक मायावती सरकार में मंत्री थे। लेकिन 2022 में सपा में शामिल हो गए थे। 2019 में सपा-बसपा गठबंधन में यह सीट बसपा के खाते में गई थी। इस बार भानू प्रताप का मुकाबला अहिरवार से माना जा रहा है। साल 2019 के चुनाव में भानु प्रताप सिंह ने बसपा के अजय सिंह को 1.58 हजार वोटों से हराया था। इस चुनाव में सपा-बसपा का गठबंधन था। इससे पहले 2014 के चुनाव में उन्होंने बसपा के बृजलाल खबरी को 2.87 लाख वोटों से हरा दिया था। इस बार सपा की रणनीति है कि अहिरवार के जरिए बसपा के कोर वोट बैंक में सेंध लगाकर इस सीट पर भानुप्रताप के सामने कांटे का मुकाबला बनाया जा सके। लेकिन सपा की यह घेरेबंदी बसपा प्रत्याशी सुरेश चंद्र गौतम कमजोर बनाते नजर आ रहे हैं, इसकी वजह यह है कि इस सीट पर बसपा का अच्छा खासा वोट बैंक है।

दो बार से हार रहे चौधरी रोक पाएंगे कौशल किशोर को

लखनऊ से सटे मोहनलाल गंज से मोदी सरकार में केंद्रीय मंत्री और भारातीय जनता पार्टी के उम्मीदवार कौशल किशोर इस बार जीत की हैट्रिक लगाने के इरादे से उतरे हैं। लेकिन इस बार उनको सपा-कांग्रेस गठबंधन के उम्मीदवार आरके चौधरी से कड़ी चुनौती मिल रही है। यहां बहुजन समाज पार्टी से राजेश कुमार मैदान में हैं। मोहनलालगंज सीट पर 2014 की मोदी लहर में भाजपा ने 1991 के बाद दोबारा कब्जा जमाने में कामयाबी हासिल की थी। 2014 के चुनाव में भी कौशल किशोर और आरके चौधरी के बीच मुकाबला हुआ था। इस चुनाव में आरके चौधरी बसपा के टिकट पर मैदान में थे, लेकिन उन्हें 1.45 लाख मतों से हार मिली थी। सपा से उतरीं सुशीला सरोज करीब ढाई लाख वोट पाकर तीसरे स्थान पर पिछड़ गई थीं। इससे पहले 2009 में यहां से सपा की सुशीला सरोज सांसद चुनी गई थीं। 2019 के चुनाव में कौशल किशोर ने बसपा के सीएल वर्मा को करीब 90 हजार मतों से हरा दिया था। यह चुनाव आरके चौधरी ने कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में लड़ा था, लेकिन वह 60 हजार से कुछ अधिक मत ही हासिल कर पाए थे। इस लोकसभा क्षेत्र में बसपा का प्रदर्शन देखते हुए उसकी चुनौती को कमजोर नहीं आंका जा सकता है, ऐसे में माना जा रहा है कि त्रिकोणीय संघर्ष भी हो सकता है, जिसमें फायदा भाजपा का ही होना है।

झांसी में भाजपा का गढ़ तोड़ने में लगे हैं कांग्रेस के पूर्व सांसद आदित्य

- झांसी सीट से भाजपा ने मौजूदा सांसद अनुराग शर्मा को मैदान में उतारा है। यहां इंडिया गठबंधन की तरफ से कांग्रेस ने अपने पूर्व सासंद प्रदीप जैन आदित्य पर दांव लगाया है। बसपा से इस सीट पर राकेश कुशवाहा ताल ठोक रहे हैं। बसपा का झांसी में अभी तक खाता नहीं खुला है। 2019 के चुनाव में भाजपा के अनुराग शर्मा ने सपा प्रत्याशी श्याम सुंदर सिंह यादव को 3.65 लाख मतों से हराया था। कांग्रेस के शिवशरण कुशवाहा को 86 हजार वोट मिले थे। यहां ब्राह्मण और यादव वोट निर्णायक माने जाते हैं। इसके बाद करीब 25 प्रतिशत दलित मतदाता हार-जीत तय करते हैं।

हमीरपुर में भाजपा की तीसरी जीत रोक पाएगी जातीय समीकरणों की घेरेबंदी

- हमीरपुर लोकसभा सीट पर भाजपा से मौजूदा सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल मैदान में हैं। पुष्पेंद्र पिछले 10 साल से सांसद हैं। यहां सपा के अजेंद्र सिंह राजपूत उन्हें चुनौती दे रहे हैं, तो बसपा ने ब्राह्मण कार्ड खेलते हुए निर्दोष दीक्षित को मैदान में उतारा है। यहां 23 फीसदी दलित मतदाता गिना जाता है। राजपूत, ब्राह्मण और निषाद मतदाता जीत-हार तय करने में अगुवा रहते हैं। 2019 के चुनाव में पुष्पेंद्र सिंह चंदेल को 5.75 लाख मत मिले थे। बसपा के दिलीप कुमार सिंह ने 3.26 और कांग्रेस के प्रीतम सिंह लोधी ने 1.14 लाख मत पाए थे। 2022 के विधान सबा चुनाव में लोकसभा क्षेत्र की सभी पांचों सीटें भाजपा ने जीती थीं।

बाराबंकी में भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधे मुकाबले के बने आसार

- बाराबंकी लोकसभा सीट आरक्षित है। इस सीट पर भाजपा का पिछले 10 साल से कब्जा है, लेकिन इस बार भाजपा ने मौजूदा सांसद उपेंद्र सिंह रावत की जगह जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत को मैदान में उतारा है। भाजपा सांसद ने चुनाव से पहले कथित अश्लील सीडी वायरल होने पर चुनाव लड़ने से इंकार कर दिया था। इंडिया गठबंधन की तरफ से कांग्रेस नेता पीएल पुनिया के पुत्र तनुज पुनिया दूसरी बार चुनाव लड़ रहे हैं। बसपा ने शिव कुमार दोहरे को मैदान में उतारा है। 2019 के चुनाव में उपेंद्र सिंह रावत को 5,35,917 और सपा के राम सागर रावत को 4,25,777 मत मिले थे। कांग्रेस के तनुज पुनिया 1.60 लाख मत पाकर तीसरे स्थान पर रहे थे। इस बार सपा का साथ मिलने से तनुज पुनिया भाजपा के सामने कड़ी चुनौती पेश कर रहे हैं।

गोंडा में राम लहर के आगे सपा की युवा प्रत्याशी श्रेया वर्मा कर रहीं संघर्ष

- गोंडा लोकसभा सीट से भाजपा ने दो बार के अपने सांसद कीर्ति वर्धन सिंह को उम्मीदवार बनाया है। समाजवादी पार्टी ने यहां युवा चेहरे के रूप में दिग्गज नेता रहे बेनी प्रसाद वर्मा की पोती श्रेया वर्मा को मैदान में उतारा है। श्रेया के पिता राकेश वर्मा सपा सरकार में मंत्री थे। बहुजन समाज पार्टी से सौरभ उम्मीदवार हैं। सपा ने यहां अपनी जीत का आधार कुर्मी वोटों के साथ 21 प्रतिशत मुस्लिम वोटों को बना रखा है। हालांकि लोकसभा क्षेत्र में राम लहर का प्रभाव और बाहरी होने का ठप्पा उन्हें मुश्किल में डाल रहा है। 2019 के समर में गोंडा में भाजपा के कीर्तिवर्धन सिंह का मुकाबला सपा के विनोद कुमार और कांग्रेस की कृष्णा पटेल से हुआ था। कीर्ति वर्धन सिंह को 5,08,190 और सपा के विनोद कुमार उर्फ पंडित सिंह को 3,41,830 वोट मिले थे।

फैजाबाद में राम मंदिर और संविधान के बीच छिड़ी है बहस

फैजाबाद लोकसभा सीट पर पिछले दो चुनाव से जीत रहे भाजपा सांसद लल्लू सिंह इस बार अयोध्या में राम मंदिर की स्थापना के बाद जीत की हैट्रिक के प्रति आश्वस्त नजर आ रहे हैं। उनका मुकाबला इस बार इंडिया गठबंधन की तरफ से सपा के दिग्गज अवधेश प्रसाद से है। अवधेश प्रसाद नौ बार विधायक रह चुके हैं। बसपा इस सीट पर भाजपा से ही आए सच्चिदानंद पांडे पर दांव लगाकर ब्राह्मण कार्ड से भाजपा की मुश्किल बढ़ा रही है। ऐसे में जातीय समीकरणों के लिहाज से चुनाव दिलचस्प हो गया है और पिछले दो चुनाव में रिकार्ड मतों से हुई जीत को बरकरार रखना भाजपा के लिए चुनौती है। भाजपा अपने प्रचार अभियान में राम मंदिर का मुद्दा बार-बार उठा रही है। ऐसे में फैजाबाद लोकसभा सीट, जिसके अंतर्गत अयोध्या आती है, वहां से बड़ी जीत हासिल करके देश भर में संदेश देना चाहती है। इसी कारण यहां प्रतिष्ठा की लड़ाई हो रही है।

दूसरी ओर विपक्ष भाजपा की कोशिश को राम से संविधान की ओर मोड़ने की कोशिश कर रहा है। सांसद लल्लू सिंह उन भाजपा नेताओं में हैं, जिन्होंने कहा था कि संविधान बदलने के लिए 400 सीटों की जरूरत है। इसी बात पर सपा उन्हें निशाने पर ले रही है। सांसद लल्लू सिंह लोगों से कह रहे हैं कि प्रधानमंत्री ने राम मंदिर के अभिषेक के साथ 500 साल पुराना सपना पूरा किया है और अब वही भगवान कृष्ण को भी मथुरा में लाएंगे। जिन लोगों ने 'राम भक्तों' पर गोलियां चलाईं उन्हें सबक सिखाना है। वह अयोध्या में रेलवे स्टेशन, सड़कों और मेडिकल कॉलेज के साथ ही बुनियादी ढांचे में आए सुधार के आधार पर भी वोट मांग रहे हैं। इसके जवाब में सपा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद का दावा है कि भाजपा के गढ़ अयोध्या में उसका घमंड टूटने जा रहा है। इंडिया गठबंधन मर्यादा पुरुषोत्तम राम के सपनों का देश बनाएगा। अब एक व्यक्ति के मन की बात नहीं, करोड़ों जनता जनार्दन के मन की बात चलेगी।

बांदा में त्रिकोणीय संघर्ष में भाजपा को छूट रहा पसीना

- बांदा लोकसभा सीट पर भाजपा ने सांसद आरके सिंह पटेल को फिर से उम्मीदवार बनाया है। सपा ने उनका मुकाबला करने के लिए शिवशंकर सिंह पटेल को मैदान में उतारा है, तो बसपा ने मयंक द्विवेदी पर दांव लगाकर मुकाबला त्रिकोणीय बना दिया है। यहां ब्राह्मण वोट जीत में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। भाजपा और सपा दोनों के प्रत्याशी पटेल समुदाय से होने के कारण पटेल वोट बंटता नजर आ रहा है। सपा को यादव और मुस्लिम मत मिलने का भरोसा है। बसपा यहां ब्राह्मण मतों मंन सेंध लगाती नजर आ रही है। जातीय वोटों के गणित में भाजपा यहां उलझती नजर आ रही है। भाजपा ब्राह्मण मतदाताओं को मनाने में जुटी है। 2019 के चुनाव में भाजपा के आरके सिंह पटेल को 4,77,926 और सपा के श्यामा चरण गुप्ता को 4,18,988 मत मिले थे। कांग्रेस के बाल कुमार पटेल करीब 76 हजार वोट पाकर तीसरे नंबर पर थे।

कौशांबी में सपा का युवा चेहरा क्या दिखा पाएगा कमाल

- कौशांबी लोकसभा सीट से भाजपा ने दो बार के सांसद विनोद सोनकर को फिर से मैदान में उतारा है। सपा से यहां पुष्पेंद्र सरोज मैदान में हैं। बसपा ने शुभ नारायण गौतम पर दांव लगाया है। यहां पिछली बार भाजपा सिर्फ चार फीसदी वोटों के अंतर से जीती थी। भाजपा के विनोद सोनकर को 3,83,009 के मुकाबले सपा प्रत्याशी इंद्रजीत सरोज को 3,44,287 मत मिले थे। राजा भैया के जनसत्ता दल के प्रत्याशी ने डेढ़ लाख से ज्यादा वोट पाए थे। राजा भैया ने इस बार किसी दल को समर्थन नहीं दिया है। लेकिन भाजपा प्रत्याशी से उनकी नाराजगी छिपी नहीं है। सपा प्रत्याशी पुष्पेंद्र सरोज इंद्रजीत सरोज के पुत्र हैं और लंदन से पढ़कर लौटे हैं। वह बेरोजगारी, महंगाई और पेपर लीक जैसे मुद्दे उटाकर युवाओं को जोड़ने में लगे हैं।

कैसरगंज में सपा के निशाने पर भाजपा का परिवारवाद

- कैसरगंज लोकसभा सीट से भाजपा ने कुश्ती संघ के विवाद के चलते मौजूदा सांसद बृजभूषण शरण सिंह का टिकट काटकर उनके बेटे करण भूषण सिंह को उम्मीदवार बनाया है। बृजभूषण शरण सिंह दो बार से चुनाव जीत रहे थे। इससे पहले साल 1996 से साल 2009 तक पांच बार इस सीट से समाजवादी पार्टी के बेनी प्रसाद वर्मा सांसद रहे थे। सपा ने इस बार यहां रामभगत मिश्रा और बसपा ने नरेंद्र पांडेय को मैदान में उतारा है। गाड़ियों के लंबे काफिले के साथ यहां बृजभूषण शरण और उनके बेटे करण सिंह एक गांव से दूसरे गांव में प्रचार कर रहे हैं। बृजभूषण वोट तो बेटे के लिए वोट मांग रहे हैं, लेकिन उनके भाषणों में अक्सर टिकट न मिलने का दर्द झलक जाता है। करण भूषण राजनीति में नया और युवा चेहरा हैं। ऐसे में सपा परिवारवाद के खिलाफ बोलने वाली भाजपा को निशाना बना रही है। इंडिया गठबंधन के नेता पूछ रहे हैं कि पिता के बदले बेटे को टिकट देना परिवारवाद नहीं है तो क्या है? यहां बसपा प्रत्याशी की ब्राह्मण वोटों में सेंधमारी सपा को मजबूत कर सकती है।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर : शिवालिक-980 फ्लैग-1095 डीएमओ-865 बोल्ड-1155
चन्दौसी : शिवालिक- 990 फ्लैग-1100 बोल्ड- 1140 डीएमओ- 870

लखनऊ मंडी

गेहूं (आरआर 21) 2360-2800, गेहूं (के 65) 3500-3800, बाजरा 2200-2300, मक्का 2700-2800, जौ 2900-3000, चावल सेल्हा 2800-3100, चावल बासमती 7000-8000, चावल मोटा 2800-3000, चावल मन्सूरी 3200-3500, चावल शक्कर चीनी 4800-5200, चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600, चावल राजरानी 7000-7500, चना देशी 6800-7000, चना फार्मी 7200-7500, चना काबली 14500-17000, मटर हरा 6000-6200, मटर सफेद 6100-6500, दाल चना 8000-8400, दाल मटर 6400-6500, उड़द हरा 12000-12500, उड़द काला 9000-9500, दाल उड़द हरी 15500-16000, दाल उड़द काली 10500-11000, दाल उड़द धोवा 12000-12500, मूंग खड़ा 10000-10500, मूंग दाल 10500-11000, मूंग धोवा 12000-13000, मसूर 8800-9000, मलका 9000-9500, दाल अरहर फूल 16000-17000, दाल स्पेशल 13000-14000, राज्मा सफेद 13000-14000

भारत को विनिर्माण क्षेत्र में तेजी लाने की जररूत

वित्त मंत्री सीतारमण ने सीआईआई वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन में भारतीय उद्योग के प्रमुखों को किया संबोधित

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि देश को वैश्विक मूल्य श्रृंखला में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने और आत्मनिर्भर बनने के लिए अपने विनिर्माण क्षेत्र में तेजी लाने की जरूरत है। सीआईआई वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन में भारतीय उद्योग के प्रमुखों को संबोधित करते हुए मंत्री ने उत्पाद निर्माण और नीति समर्थन में अधिक परिष्करण हासिल करने की आवश्यकता को भी रेखांकित किया।

सीतारमण ने कहा कि मैं कुछ अर्थशास्त्रियों द्वारा दी गई इस सलाह के विपरीत कुछ रेखांकित करना चाहती हूं कि भारत को अब विनिर्माण पर ध्यान नहीं देना चाहिए या विनिर्माण में तेजी नहीं लानी चाहिए। मैं इस तथ्य पर जोर देना चाहती हूं कि विनिर्माण में वृद्धि होनी चाहिए। भारत को नीतियों की मदद से वैश्विक मूल्य श्रृंखला में अपनी (विनिर्माण) हिस्सेदारी भी बढ़ानी चाहिए। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन सहित कुछ अर्थशास्त्रियों ने राय व्यक्त की है कि भारत को विनिर्माण के बजाय सेवा क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए क्योंकि उसने वह अवसर गंवा दिया है। उनका कहना है कि चीन के विनिर्माण-आधारित वृद्धि मॉडल को अब और दोहराया नहीं जा सकता। हालांकि, सीतारमण ने कहा कि विनिर्माण के विस्तार से भारत को आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी। उन्होंने उम्मीद जतायी कि भारत के पास अब भी अपनी विनिर्माण क्षमता बढ़ाने का अवसर है क्योंकि दुनिया कोविड-19 वैश्विक महामारी के बाद चीन प्लस वन रणनीति पर ध्यान दे रही है।

● उत्पाद निर्माण और नीति समर्थन में अधिक परिष्करण को किया रेखांकित

यूरोप और अमेरिका की सूची में शीर्ष पर भारत

कैपजेमिनी रिसर्च इंस्टीट्यूट की मई में जारी रिपोर्ट का हवाला देते हुए सीतारमण ने कहा कि यूरोप और अमेरिका में वरिष्ठ अधिकारियों के लिए निवेश स्थलों की सूची में भारत शीर्ष पर है, जो चीन पर अपनी निर्भरता कम करना चाहते हैं और अपनी विनिर्माण क्षमता का कुछ हिस्सा उभरते बाजारों में स्थानांतरित करना चाहते हैं। सर्वेक्षण में शामिल करीब 760 अधिकारियों में से 65 प्रतिशत ने कहा कि वे भारत में उल्लेखनीय रूप से निवेश बढ़ाने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने कहा, यह अपने आप में हमारे भारतीय उद्योग को काफी बड़ा दायरा प्रदान करता है। पीएलआई (उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन) योजना मोबाइल तथा इलेक्ट्रॉनिक क्षेत्रों में भी बदलाव ला रही हैं। उन्होंने कहा कि 2014 में 78 प्रतिशत आयात से निर्भरता तक, आज भारत में बिकने वाले 99 प्रतिशत मोबाइल भारत में निर्मित हैं। सीतारमण ने उदाहरण देते हुए कहा कि भारत पिछले साल 1.1 अरब अमेरिकी डॉलर के निर्यात के साथ चीन के बाहर आईफोन के लिए एप्पल का दूसरा सबसे बड़ा विनिर्माण केंद्र बन गया। सेवा क्षेत्र पर उन्होंने कहा कि दुनिया के 50 प्रतिशत से अधिक वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) पर भारत का कब्जा है और यह महत्वपूर्ण घरेलू तथा वैश्विक अवसर उत्पन्न करने वाला सबसे पसंदीदा गंतव्य बना हुआ है। भारत में जीसीसी की संख्या इस समय 1,580 से अधिक हो गई है।

चीन में विदेशी निवेश कम होने से भारत को मिल रहा फायदा

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र के अधिकारी ने कहा कि चीन में विदेशी निवेश कम होने से भारत कई पश्चिमी कंपनी के लिए वैकल्पिक गंतव्य बन गया है। इससे भारत की आर्थिक वृद्धि काफी बेहतर हुई है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2024 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि को संशोधित किए जाने के मौके पर विशेषज्ञ ने यह बात कही।

संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक एवं सामाजिक मामलों के विभाग (यूएन डीईएसए) के आर्थिक विश्लेषण एवं नीति प्रभाग में वैश्विक आर्थिक निगरानी शाखा के प्रमुख हामिद राशिद ने गुरुवार को कहा, भारत को अन्य पश्चिमी स्रोतों से भारत में आने वाले अधिक निवेश से भी लाभ हो रहा है, क्योंकि चीन में कम से कम विदेशी निवेश जा रहा है। भारत कई पश्चिमी कंपनियों के लिए एक वैकल्पिक निवेश स्रोत या गंतव्य बन गया है। वह वैश्विक आर्थिक स्थिति एवं संभावनाएं 2024 के मध्य-वर्ष के ताजा अनुमानों पर जानकारी दे रहे थे। वर्ष 2024 के लिए भारत की वृद्धि संबंधी अनुमान को संशोधित किया गया है। यह अनुमान जताया गया है कि इस वर्ष देश की अर्थव्यवस्था लगभग सात प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। 2024 के मध्य तक वैश्विक आर्थिक स्थिति व संभावनाओं संबंधी जारी आंकड़ों में कहा गया, भारत की अर्थव्यवस्था 2024 में 6.9 प्रतिशत और 2025 में 6.6 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है, जो मुख्य रूप से मजबूत सार्वजनिक निवेश और लचीली निजी खपत से प्रेरित है।

● भारत कई पश्चिमी कंपनियों के लिए एक वैकल्पिक निवेश का स्रोत या गंतव्य बना

विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 644.15 अरब डॉलर पर

मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 10 मई को समाप्त सप्ताह में 2.56 अरब डॉलर बढ़कर 644.15 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 3.67 अरब डॉलर बढ़कर 641.59 अरब डॉलर रहा था। इसके पहले लगातार तीन सप्ताह इसमें गिरावट आई थी। देश का मुद्रा भंडार 648.56 अरब डॉलर के नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंचा था। 10 मई को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 1.49 अरब डॉलर बढ़कर 565.65 अरब डॉलर हो गई।

सर्राफा

कानपुर	
चाँदी 999 (प्रति किलो)	88800
सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल	90000
सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल	95000
सोनाबिस्कुट (दस ग्राम)	75250
गिन्नी (प्रति नग)	56100-56300
लखनऊ	
सोना स्टैंडर्ड	73,150
सोना रवा	73,000
सोना गिन्नी (प्रति नग)	42,500
चांदी तैयार	85,100
चांदी (999)	85,000
चांदी सिक्के (100 नग)	80,000
बरेली	
गोल्ड (पक्के जेवर)	72800
गोल्ड (गिन्नी जेवर)	71800
सिल्वर (पक्की)	840 (अनुमानित)।
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	73,200
चांदी आभूषण	85,400

चुनिंदा शेयरों में लिवाली से सेंसेक्स 253 अंक चढ़ा

मुंबई। मिलजुले वैश्विक संकेतों के बीच स्थानीय स्तर पर महिंद्रा एंड महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज और आईटीसी जैसी दिग्गज कंपनियों में खरीदारी आने से शुक्रवार को बाजार बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 253 अंक चढ़ा जबकि निफ्टी में 62 अंक की तेजी रही। अंतिम दौर की खरीदारी से बाजार शुरुआती निचले स्तर से उबरने में सफल रहा। लेकिन विदेशी पूंजी की निकासी जारी रहने से तेजी पर थोड़ा विराम लग गया।

बीएसई के सूचकांक सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 253.31 अंक यानी 0.34 प्रतिशत चढ़कर 73,917.03 पर बंद हुआ। एनएसई का निफ्टी भी 62.25 अंक यानी 0.28 प्रतिशत बढ़कर 22,466.10 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स के समूह में शामिल महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) में 5.97 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। इसके बाद जेएसडब्ल्यू स्टील, अल्ट्रा सीमेंट, कोटक बैंक, आईटीसी और एनटीपीसी का स्थान रहा। रिलायंस इंडस्ट्रीज भी 0.73 प्रतिशत बढ़ गया।

मसला जल्द न सुलझा तो मसाला निर्यात होगा 40% कम

अहमदाबाद, एजेंसी

फेडरेशन ऑफ इंडियन स्पाइस स्टेकहोल्डर्स (एफआईएसएस) ने शुक्रवार को कहा कि यदि मसालों में एथिलीन ऑक्साइड (ईटीओ) की मौजूदगी के मुद्दे को जल्द हल नहीं किया जाता है तो चालू वित्त वर्ष के दौरान मसाला निर्यात में लगभग 40 प्रतिशत की गिरावट आ सकती है।

पिछले महीने हांगकांग और सिंगापुर ने एमडीएच और एवरेस्ट के उत्पादों में कैंसरजनक रसायन ईटीओ की मौजूदगी पाए जाने के बाद उनकी बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया था। वर्ष 2023-24 में भारत का मसाला निर्यात कुल 4.25 अरब डॉलर था जो वैश्विक मसाला निर्यात का 12 प्रतिशत था। एफआईएसएस के सचिव तेजस गांधी ने कहा कि बहुत से निर्यातकों को ऑर्डर मिले हुए हैं और उस प्रकरण के बाद उन्हें कुछ हद तक रोक दिया गया है। हमारे अनुमान के मुताबिक, अगर समस्या का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो इस साल मसाला निर्यात 40 प्रतिशत तक प्रभावित हो सकता है। एफआईएसएस देश भर के 600 मसाला व्यापारियों, निर्यातकों और किसानों के संगठनों का प्रतिनिधि निकाय है। संगठन के चेयरमैन अश्विन नायक ने कहा कि ईटीओ के बारे में गलत सूचना फैलाई जा रही है जबकि दुनिया भर में इसका व्यापक रूप से इस्तेमाल किया जाता है और भारतीय कंपनियां लगभग 30 से 40 वर्षों से अमेरिका को ईटीओ-उपचारित मसालों का निर्यात कर रही हैं। नायक ने कहा कि ईटीओ ऐसा कीटनाशक नहीं है जिसे सीधे फसलों पर छिड़का जाता है। ईटीओ एक गैसीय एजेंट है जिसका उपयोग केवल अनुमोदित संगठनों द्वारा मसालों से कुछ हानिकारक सूक्ष्मजीवों और जीवाणुओं को हटाने या नियंत्रित करने के लिए किया जाता है।

● हांगकांग और सिंगापुर ने कैंसरजनक रसायन की मौजूदगी पर लगाया था प्रतिबंध

विश्व अर्थव्यवस्था में 2.7 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र ने विश्व अर्थव्यवस्था के 2024 में 2.7 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान लगाया है। यह अमेरिका और ब्राजील, भारत तथा रूस सहित कई उभरती अर्थव्यवस्थाओं में बेहतर प्रदर्शन की ओर भी इशारा करता है।

संरा के वैश्विक आर्थिक स्थिति एवं संभावनाएं 2024 के मध्य-वर्ष के ताजा अनुमानों के अनुसार, विश्व अर्थव्यवस्था इस वर्ष 2.7 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। जनवरी की रिपोर्ट में उसने इसके 2.4 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान लगाया था। रिपोर्ट में कहा गया, 2025 में 2.8 प्रतिशत तक की वृद्धि की उम्मीद है। 2024 की 2.7 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान 2023 में वृद्धि के बराबर है, हालांकि 2020 में कोविड-19 वैश्विक महामारी शुरू होने से पहले की तीन प्रतिशत की वृद्धि दर से कम है। संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक विश्लेषण व नीति प्रभाग के निदेशक शांतनु मुखर्जी ने कहा, हमारा अनुमान महत्वपूर्ण चेतावनियों के साथ आशावाद से भरा है।

एक नजर

प. बंगाल के कूच बिहार में टीएमसी नेता को गोली मारी

कूच बिहार (बंगाल)। प. बंगाल के कूच बिहार में तृणमूल कांग्रेस नेता को गोली मार दी गई। अस्पताल में भर्ती टीमएसी नेता की हालत गंभीर बनी हुई है। शुक्रवार को पुलिस ने बताया कि सीतलकूची के लालबाजार के पंचायत प्रधान अनिमेष रॉय गुरुवार रात को एक सहयोगी के साथ घर लौट रहे थे। इसी दौरान रॉय पर हमला किया गया। उन्होंने बताया कि हथियारबंद लोगों की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। रॉय की दाहिनी जांघ में गोली लगी है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि हमले में रॉय का सहयोगी भी घायल हो गया। उन्होंने कहा कि जांच चल रही है और आरोपियों को पकड़ने के प्रयास जारी हैं। उन्होंने कहा, हम उसके परिवार से भी बात कर रहे हैं। वे ज्यादा कुछ नहीं कह रहे हैं।

फरार पुलिसकर्मी के घर से 1 करोड़ नकद और सोना जब्त

छत्रपति संभाजीनगर। महाराष्ट्र के बीड जिले में पुलिस ने भ्रष्टाचार के एक मामले में आरोपी एक पुलिसकर्मी के घर से 1.08 करोड़ रुपये नकद और 72 लाख रुपये का सोना तथा आभूषण जब्त किए हैं। पुलिस निरीक्षक हरिभाऊ खाड़े (52) को 15 मई को भ्रष्टाचार के मामले में आरोपी बनाया गया था और उसके बाद से ही वह फरार हैं। अधिकारी ने बताया कि एक मामले में शिकायतकर्ता को आरोपी नहीं बनाने के लिए कथित तौर पर एक करोड़ रुपये की मांग करने के आरोप में खाड़े और दो अन्य के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने मामला दर्ज किया था। आरोपियों ने बाद में अपनी मांग कम करके 30 लाख रुपये कर दी थी। एसीबी ने सबसे पहले आरोपी कुशक जैन (29) को पांच लाख रुपये रिश्वत लेते हुए पकड़ा।

दिल्ली कार शोरूम गोलीबारी में शामिल शूटर मुठभेड़ में ढेर

नई दिल्ली। पश्चिम दिल्ली में कार शोरूम पर गोलीबारी में कथित तौर पर शामिल शूटर दिल्ली पुलिस की विशेष इकाई के साथ मुठभेड़ में मारा गया। यह मुठभेड़ शाहबाद डेरी इलाके के पास हुई। पुर्तगाल में रह रहा गैंगस्टर हिमांशु भाऊ का शार्प शूटर अजय उर्फ गोली बाहरी दिल्ली के खेड़ा खुर्द गांव आएगा। गुरुवार रात टीम ने होंडा सिटी कार आ रहे अजय को रुकने का इशारा किया गया, तभी आरोपी पुलिस टीम पर अंधाधुंध गोलीबारी करने लगा। जवाबी गोलीबारी में उसे गोली लगी और उसे अस्पताल ले जाया गया। हरियाणा के रोहतक का मूल निवासी अजय, प्रदेश और दिल्ली में हत्या, हत्या के प्रयास तथा शस्त्र अधिनियम के तहत दर्ज मामलों समेत एक दर्जन वारदात में शामिल था। वह सोनीपत के मुरथल में व्यापारी की हत्या में भी शामिल था।

राष्ट्रीय

गरीब परिवार को देंगे 10 किलो मुफ्त राशन

राहुल ने एक्स पर लिखा- संप्रग सरकार ने खाद्य सुरक्षा कानून के जरिए भोजन के अधिकार को कानूनी दर्जा दिया

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि पार्टी द्वारा 10 किलोग्राम मुफ्त राशन का जो वादा किया गया है उससे करोड़ों परिवार गरीबी से बाहर निकलेंगे और अर्थव्यवस्था को गति देंगे।

बुधवार को सपा प्रमुख अखिलेश यादव के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने घोषणा की थी कि अगर विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) की सरकार सत्ता में आती है तो भाजपा सरकार की ओर से गरीबों को दिए जा रहे मुफ्त राशन की मात्रा दोगुनी कर दी जाएगी। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स लिखा कि देश के गरीब परिवारों के लिए कांग्रेस ने एक और बड़ा फैसला लिया है - हमारी सरकार आपको 5 नहीं 10 किलो राशन हर महीने मुफ्त देगी। संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार के दौरान हमने खाद्य सुरक्षा कानून के जरिये भोजन के अधिकार को कानूनी दर्जा दिया था, 10 किलो अनाज इसी कड़ी में अगला कदम होगा। उन्होंने कहा, 10 किलो राशन और 8500 रुपये महीने से शिक्षा और स्वरोजगार को बढ़ावा मिलेगा और करोड़ों परिवार गरीबी से बाहर निकल कर देश की अर्थव्यवस्था को गति देंगे। राहुल गांधी ने दावा किया, नरेन्द्र मोदी ने 20-25 अरबपति बनाए और अडाणियों की सरकार चलाई, हम करोड़ों लखपति बनाएंगे और हिंदुस्तानियों की सरकार चलाएंगे।

● राहुल गांधी ने कहा- सरकार बनी तो देंगे अर्थव्यवस्था को गति

योगी का बुलडोजर पिछड़े वर्ग के आरक्षण के खिलाफ

नई दिल्ली। कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा कथित तौर पर लिखित एक लेख का हवाला देते हुए शुक्रवार को आरोप लगाया कि उनका बुलडोजर दलित, आदिवासी और पिछड़े वर्गों के आरक्षण की व्यवस्था के खिलाफ है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने योगी आदित्यनाथ की वेबसाइट पर मौजूद एक लेख का उल्लेख करते हुए उन पर और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर प्रहार किया। रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया, निवर्तमान प्रधानमंत्री ने आज कहा है कि विपक्षी गठबंधन 'इंडियननेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सीखना चाहिए कि बुलडोजर कहां पर चलाना चाहिए। देखिए, योगी का बुलडोजर कैसे दलित, आदिवासी और पिछड़े वर्गों के लिए मौजूद आरक्षण की व्यवस्था के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को साफ-साफ कह देना चाहिए कि वह योगी को समर्थन, आरक्षण को लेकर उनके विचारों की वजह से दे रहे हैं तथा उनके 400 पार वाले नारे के पीछे भी यही राज है। कांग्रेस महासचिव ने कहा, प्रधानमंत्री को यह कहना चाहिए कि वह ऐसा इसलिए चाह रहे हैं ताकि संसद में 400 सीट के बहुमत से बाबा साहेब आंबेडकर के संविधान का संशोधन कर सकें और दलित, आदिवासी और पिछड़े वर्गों से उनके आरक्षण का हक छीन सकें। यह दशकों से चली आ रही आरएसएस की साजिश को अंजाम देना चाहते हैं तथा बाबा साहेब आंबेडकर के संविधान को खत्म करके मनुवादी सोच पर आधारित नया संविधान बनाना चाहते हैं।

गुंडे के दबाव में झुकी आप, अब मेरे चरित्र पर उठ रहे सवाल : मालीवाल

नई दिल्ली, एजेंसी

आप सांसद स्वाति मालीवाल ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार पर लगे आरोपों को पार्टी के खारिज करने पर शुक्रवार को कहा कि एक गुंडे के दबाव में झुकी आप अब उनके चरित्र पर सवाल उठा रही है। मालीवाल ने कहा कि पार्टी ने घटना स्वीकार करने के दो दिन बाद यूटर्न ले लिया। आतिशी के बयान पर मालीवाल ने यह टिप्पणी की।

आतिशी ने कहा था कि केजरीवाल को फंसाने के लिए भाजपा ने साजिश रची है और इसका चेहरा मालीवाल हैं और उनके आरोप निराधार हैं। मालीवाल ने एक्स पर कहा, पार्टी में कल के आए नेताओं ने 20 साल पुरानी कार्यकर्ता को भाजपा का एजेंट बता दिया। दो दिन पहले पार्टी ने सब सच कबूल लिया था और आज यू-टर्न ले लिया। आज उसके दबाव में पार्टी ने हार मान ली और एक गुंडे को बचाने के लिए पूरी पार्टी से मेरे चरित्र पर सवाल उठाए गए। मालीवाल ने एक अन्य पोस्ट में आरोप लगाया, मुझे सूचना मिली है कि अब ये लोग मुख्यमंत्री आवास के सीसीटीवी कैमरों से छेड़छाड़ करा रहे हैं।

● बोलीं- 20 साल पुरानी कार्यकर्ता को भाजपा का एजेंट बताया

महिला आयोग ने बिभव के घर चिपकाया नोटिस

राष्ट्रीय महिला आयोग ने केजरीवाल के निजी सचिव बिभव कुमार के घर पर नोटिस चिपकाया है और शनिवार को आयोग के समक्ष पेश होने को कहा है। आयोग के अधिकारी शुक्रवार को बिभव के घर गए, घर पर मौजूद लोगों ने नोटिस लेने से इनकार कर दिया। इसके बाद नोटिस उनके घर के बाहर चिपका दिया गया।

बिभव ने कई बार मारे स्वाति को लात और थप्पड़

नई दिल्ली। सीएम केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार ने कथित तौर पर स्वाति मालीवाल को कई बार लात मारने के साथ ही थप्पड़ भी मारे थे। पुलिस में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार मालीवाल मदद के लिए चिल्ला रही थीं, लेकिन कुमार नहीं रुका और उसने मालीवाल के सीने, पेट और शरीर के निचले हिस्से पर लातें मारते हुए हमला किया। मालीवाल ने शिकायत में कहा कि कुमार ने उन पर पूरी ताकत से बार-बार हमला किया और कथित तौर पर उन्हें सात-आठ बार थप्पड़ मारे।

कोई किसी को पीटते हुए वीडियो बनाता है भला

मुख्यमंत्री आवास की कथित 52 सेकेंड की फुटेज में मालीवाल सुरक्षाकर्मियों से बहस करती नजर आ रही हैं। बिभव ने सीएम आवास पर सोमवार को मालीवाल पर कथित हमला किया था। मालीवाल ने एक्स पर लिखा, कोई किसी को पीटते हुए वीडियो बनाता है भला? वीडियो में सुरक्षाकर्मियों को मालीवाल को कमरे से जाने का अनुरोध करते सुना जा सकता है जबकि मालीवाल को यह कहते सुना जा सकता है, मैं तुम्हारी भी नौकरी खाउंगी, अगर मुझे छुआ तो। मालीवाल कहती हैं कि उन्होंने पुलिस को फोन किया है और पुलिस के आने तक इंतजार करेंगी। मालीवाल कह रहीं मैं सबको बताऊंगी। मुझे अपने डीसीपी से बात करने दो। वीडियो के मुताबिक, मालीवाल सुरक्षा कर्मचारियों को उन्हें बाहर फेंकने की चुनौती देतीं हैं जबकि एक कर्मी कहता है कि वे ऐसा कदम नहीं उठाएंगे। वीडियो से जुड़ी एक मीडिया रिपोर्ट को संलग्न करते हुए आम आदमी पार्टी (आप) ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, स्वाति मालीवाल का सच।

संविधान पीठ का फैसला कम सदस्य वाली पीठों पर बाध्यकारी

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने अप्रैल 2022 के फैसले की समीक्षा करते हुए कहा है कि संविधान पीठ का फैसला कम सदस्य संख्या वाली पीठों पर बाध्यकारी होगा। न्यायालय ने यह टिप्पणी भूमि से संबंधित मामले में की जो हरियाणा के गांव के निवासियों के साझा इस्तेमाल वाली थी।

शीर्ष अदालत ने 7 अप्रैल, 2022 के आदेश में कहा था कि कोई पंचायत उस जमीन के स्वामित्व का दावा नहीं कर सकती जो हरियाणा में भूमि कानून के तहत वास्तविक मालिकों से उनकी अनुमेय सीमा से ज्यादा ली गई है। पंचायतें केवल उस भूमि का प्रबंधन और नियंत्रण कर सकती हैं जो मालिकों से ली गईं हैं और उस पर स्वामित्व का दावा नहीं कर सकतीं।

शीर्ष अदालत ने पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट की पीठ के फैसले के खिलाफ अपीलों के एक समूह पर फैसला सुनाया था, जिसने हरियाणा ग्राम सामान्य भूमि (विनियमन) अधिनियम 1961 की धारा 2 (जी) की उप-धारा 6 की वैधता की जांच की थी। गुरुवार को दिए गए फैसले में न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि जब उच्च न्यायालय का फैसला 1966 में शीर्ष अदालत की संविधान पीठ द्वारा निर्धारित कानून पर था, तो समीक्षाधीन निर्णय में अदालत से कम से कम यह समझाने की उम्मीद की जाती है कि 1966 के फैसले पर भरोसा करने में हाईकोर्ट गलत क्यों था। पीठ ने कहा कि यह बताने के लिए किसी कानून की आवश्यकता नहीं है कि संविधान पीठ का निर्णय कम सदस्य संख्या वाली पीठों पर बाध्यकारी होगा। भगत राम (1966 फैसला) का निर्णय पांच न्यायाधीशों द्वारा किया गया है, इस अदालत में दो न्यायाधीशों की पीठ भगत राम मामले में अनुच्छेद 5 में संविधान पीठ द्वारा निर्धारित कानून की अनदेखी नहीं कर सकती थी। समीक्षा याचिका की अनुमति देते हुए पीठ ने कहा, "इस न्यायालय के सात अप्रैल 2022 के फैसले के आलोक में अपील दायर करने के लिए बहाल की जाती है। पीठ ने निर्देश दिया कि अपील को सात अगस्त के लिए सूचीबद्ध किया जाए।

● कोर्ट ने ये टिप्पणी भूमि से संबंधित मामले में की जो हरियाणा के लोगों के साझा प्रयोग वाली थी

निर्वाचन आयोग ने अभिजीत को भेजा नोटिस

नई दिल्ली, एजेंसी

निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश और भाजपा के लोकसभा उम्मीदवार अभिजीत गंगोपाध्याय को बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ उनकी टिप्पणी के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया।

हल्दिया में 15 मई को आयोजित एक सभा को संबोधित करते समय बनर्जी के खिलाफ की गई टिप्पणी के लिए गंगोपाध्याय के खिलाफ तृणमूल कांग्रेस की शिकायत पर निर्वाचन आयोग ने कार्रवाई की। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गंगोपाध्याय को पश्चिम बंगाल की तमलुक सीट से मैदान में उतारा है, जहां 25 मई को मतदान होगा। निर्वाचन आयोग ने अपने नोटिस में कहा कि गंगोपाध्याय की टिप्पणी अनुचित, विवेकहीन, हर मायने में गरिमा से परे, अपमानजनक और प्रथम दृष्टया आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों और राजनीतिक दलों को दिए गए परामर्श का उल्लंघन करने वाली पाई गई है। निर्वाचन आयोग ने 20 मई को शाम पांच बजे तक नोटिस पर जवाब मांगा है।

● मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ टिप्पणी करने पर आयोग ने की कार्यवाही

ठाणे में महिला से रेलगाड़ी में दुष्कर्म, मामला दर्ज

ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक्सप्रेस ट्रेन में महिला को बेहोश कर उससे दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। मामले में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

जीआरपी की वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अर्चना धुसाने ने बताया कि ठाणे जीआरपी ने गुरुवार को प्राथमिकी दर्ज की। मामला मार्च का है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि वह 10 मार्च को उत्तर प्रदेश जा रही तुलसी एक्सप्रेस में सवार हुई थी, तभी अज्ञात व्यक्ति ने उसे बेहोश करने के लिए नशीला पदार्थ दिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना लोकमान्य तिलक टर्मिनस से ट्रेन के रवाना होने के 40 मिनट बाद और ठाणे रेलवे स्टेशन पहुंचने के बीच हुई।

प्रज्ज्वल को देश लाने की कोशिश : गृहमंत्री

बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक के गृहमंत्री जी.परमेश्वर ने शुक्रवार को कहा कि महिलाओं का यौन उत्पीड़न करने के आरोपों का सामना कर रहे हासन के मौजूदा सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना को स्वदेश लाने की कोशिश की जा रही है।

उन्होंने कहा कि जांच कर रही एसआईटी प्रभावी तरीके से काम कर रही है। प्रज्ज्वल पर कई महिलाओं का यौन उत्पीड़न करने के आरोप लगे हैं। प्रज्ज्वल 27 अप्रैल को जर्मनी चले गए थे और अब भी विदेश में हैं। वह हासन सीट से भाजपा-जद(एस) के उम्मीदवार है जहां पर 26 अप्रैल को मतदान हुआ था। प्रज्ज्वल के खिलाफ इंटरपोल द्वारा 'ब्लू कॉर्नर नोटिस' जारी करने पर परमेश्वर ने कहा कि प्रक्रिया जारी है, जब तक उन्हें वापस लाकर कानून के तहत कार्रवाई सुनिश्चित नहीं की जाती तब तक हमारी कोशिश जारी है। भाजपा ने आरोप लगाया है कि राज्य सरकार प्रज्ज्वल के देश से जाने के लिए जिम्मेदार है। मंत्री ने कहा वे ऐसा कहेंगे, वे यह नहीं कह सकते कि सरकार अच्छा काम कर रही है लेकिन हमारी सरकार के तौर पर जिम्मेदारी है। ऐसी चीजों को हल्के में नहीं लिया जाएगा।

● प्रज्ज्वल रेवन्ना पर कई महिलाओं का यौन उत्पीड़न के लगे हैं आरोप

विधायक रेवन्ना की अंतरिम अग्रिम जमानत 20 मई तक बढ़ी

बेंगलुरु। बेंगलुरु की अदालत ने यौन उत्पीड़न के मामले में जनता दल (सेक्युलर) के विधायक एवं पूर्व मंत्री एचडी रेवन्ना को दी गई अंतरिम अग्रिम जमानत शुक्रवार को 20 मई तक के लिए बढ़ा दी। अदालत ने तब तक के लिए उनकी अग्रिम जमानत अर्जी पर फैसला सुरक्षित रख लिया। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत ने इससे पहले बृहस्पतिवार को मामले की सुनवाई की थी और 66 वर्षीय रेवन्ना को आज तक के लिए अंतरिम राहत दी थी।

सोरेन की अंतरिम जमानत अर्जी पर ईडी से मांगा जवाब

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की उस याचिका पर 20 मई तक ईडी से जवाब मांगा, जिसमें मौजूदा लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए धनशोधन मामले में अंतरिम जमानत का अनुरोध किया है।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने संघीय एजेंसी ईडी से सोरेन की गिरफ्तारी के खिलाफ उनकी याचिका पर एक संक्षिप्त जवाब दाखिल करने को भी कहा और मामले को 21 मई को अवकाशकालीन पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया। सोरेन की ओर से अदाल

आज का मुकाबला

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

बनाम

चेन्नई सुपरकिंग्स

शाम 7:30 बजे

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
हर्षल पटेल (पंजाब)	13	22
जसप्रीत बुमराह (मुंबई)	13	20
वरुण चक्रवर्ती (केकेआर)	12	18

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	13	661
ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई)	13	583
ट्रेविस हेड (हैदराबाद)	11	533

आरसीबी-सीएसके की टक्कर में बारिश की आशंका

बेंगलुरु, एजेंसी

लगातार पांच जीत दर्ज कर चुकी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू आईपीएल प्लेआफ में चौथी टीम के निर्धारण के लिए शनिवार को यहां करो या मरो के मुकाबले में पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स के सामने होंगी लेकिन इस मैच पर मौसम की गाज गिरने की आशंका है। बता दें कि आरसीबी को 18 रन से या दिए गए लक्ष्य को 11 गेंद शेष रहते पाना होगा। तभी प्लेआफ में जगह बना पाएगी।

हैदराबाद में सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटंस का मैच बारिश में धुलने के कारण अब कोलकाता नाइट राइडर्स और राजस्थान रॉयल्स के बाद सनराइजर्स प्लेआफ में पहुंच गई है। अब सिर्फ एक स्थान के लिए रस्साकशी है और दो टीमें सीएसके



तथा आरसीबी दौड़ में हैं। बेहतर रनरेट और अधिक अंक (13 अंक और 0.528 रनरेट) होने से चेन्नई का दावा मजबूत है। इस मैदान पर वह आठ मैचों में आरसीबी से एक ही बार हारी है। वहीं आरसीबी के 12 अंक है और उसका नेट रनरेट 0.387 है। मौसम विभाग ने कल बारिश की भविष्यवाणी की है। अगर मैच नहीं हो पाता है तो चेन्नई प्लेआफ में पहुंच जाएगी। वहीं आरसीबी को कम से कम 18 रन से या 11 गेंद बाकी रहते जीत दर्ज करनी होगी। आरसीबी इस समय सबसे शानदार फॉर्म में हैं। छह मैचों की हार का सिलसिला तोड़ने के बाद उसने लगातार पांच जीत दर्ज की है।

आरेंज कैपधारी विराट कोहली जबर्दस्त फॉर्म में हैं और पिछले पांच में से तीन मैचों में अर्धशतक जड़ चुके हैं। कप्तान फाफ डु प्लेसी से अच्छी पारी की उम्मीद होगी जो पिछले दो मैचों में दोहरे अंक तक नहीं पहुंच सके। मध्यक्रम में रजत पाटीदार और कैमरन ग्रीन अच्छा खेल रहे हैं। महिपाल लोमरोर और दिनेश कार्तिक भी बल्लेबाजों की ऐशगाह चिन्नास्वामी स्टेडियम की पिच का फायदा उठाना चाहेंगे।

विश्व क्वालीफायर से पहले कोरिया जाएंगी दीपिका

नई दिल्ली। भारत की अनुभवी तीरंदाज दीपिका कुमारी अगले महीने तुर्किये के अंताल्या में होने वाले आखिरी ओलंपिक विश्व क्वालीफाइंग टूर्नामेंट से पहले दक्षिण कोरिया में अभ्यास करेंगी।

पिछले महीने शंघाई में विश्व कप में रजत पदक जीतने के बाद दीपिका को टारगेट टॉप्स में फिर से शामिल किया गया है। वह भारतीय महिला टीम का हिस्सा है जो पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल करने का प्रयास करेगी। वह 13 दिन तक किम तीरंदाजी स्कूल में अभ्यास करेंगी और 14 जून से अंताल्या में होने वाले क्वालीफायर के लिए रवाना होंगी। टॉप्स के तहत मंत्रालय उनके हवाई किराये, रहने खाने, अभ्यास और स्थानीय आवागमन का खर्च उठाएगा। एमओसी ने तीरंदाजी पुरूष और महिला टीमों को फिजियोथेरेपी उपकरण खरीदने के लिए भी वित्तीय सहायता मंजूर की है।

संन्यास की घोषणा से पहले विराट को सब बताया : छेत्री

बेंगलुरु, एजेंसी

भारतीय कप्तान सुनील छेत्री जब फुटबॉल से विदा लेने के अपने फैसले के बारे में घोषणा करने की सोच रहे थे तो उन्हें बखूबी पता था कि ऐसा एक इंसान है जो उनकी स्थिति को समझेगा और उनके दोस्त विराट कोहली ने भी उन्हें निराश नहीं किया।

भारत के लिये सर्वाधिक 150 मैच खेलकर सबसे ज्यादा 94 गोल कर चुके छेत्री ने बृहस्पतिवार को ऐलान किया कि वह कोलकाता में छह जून को कुवैत के खिलाफ मैच के बाद संन्यास लेंगे। छेत्री ने कहा कि यह फैसला उन्होंने अंतर्मन की आवाज पर लिया है। उन्होंने इसकी सार्वजनिक घोषणा करने से पहले कोहली को इसके बारे में बताया। छेत्री ने भुवनेश्वर से कहा कि मैने फैसला लेने से पहले विराट कोहली से बात की। वह मेरे काफी करीब है, मैने उससे बात की क्योंकि वह इसे समझ सकता था। इससे पहले शुक्रवार को कोहली ने आईपीएल में अपनी टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के एक्स पेज पर शॉर्ट वीडियो इंटरव्यू में कहा छेत्री महान खिलाड़ी है। उसने मुझे मैसेज करके बताया था कि वह संन्यास लेने जा रहा है। मुझे लगता है कि वह इस फैसले से संतोष महसूस कर रहा है।

खेल डायरी

शारजाह मास्टर्स शतरंज में निकोलस से हारे अर्जुन

शारजाह। भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी शारजाह मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे दौर में यूनान के निकोल थियोडोरोउ से हार गए। उन्होंने हालांकि तीसरे दौर में स्विटजरलैंड के निकोलाइ काचेरावा को हराया और लाइव रेटिंग में आठवें स्थान पर बने हुए हैं। भारतीय दल के लिए यह आसान दिन नहीं था। अरविंद चितांबरम सबसे पसंदीदा खिलाड़ी थे। अरविंद ने अजरबैजान के मुरादली महम्मद को हराकर अग्रणी समूह में एकमात्र भारतीय बने।

ब्राजील में होगा 2027 फीफा महिला फुटबॉल विश्व कप

बैंकॉक। ब्राजील में 2027 महिला फुटबॉल विश्व कप होगा चूंकि फीफा के पूर्णकालिक सदस्यों ने बेल्जियम, नीदरलैंड और जर्मनी के संयुक्त प्रस्ताव पर दक्षिण अमेरिकी देश को तरजीह दी है। फीफा कांग्रेस ने ब्राजील के पक्ष में 119 वोट दिये जबकि संयुक्त यूरोपीय बोली को 78 वोट मिले। अमेरिका और मैक्सिको ने संयुक्त प्रस्ताव पिछले महीने वापिस ले लिया था जबकि दक्षिण अफ्रीका ने नवंबर में अपनी दावेदारी वापिस ले ली थी। पहली बार महिला फुटबॉल विश्व कप दक्षिण अमेरिका में होगा। टूर्नामेंट पहली बार 1991 में खेला गया था।

पैरा धावक जैक्स ने पुरुषों की पांच हजार मीटर टी11 में विश्व रिकॉर्ड तोड़ा

कोबे। ब्राजील के पैरा एथलीट येल्तसिन जैक्स ने शुक्रवार को पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप में पुरुषों की पांच हजार मीटर टी11 फाइनल में नए विश्व रिकॉर्ड के साथ जीत दर्ज की। आज यहां मध्य जापान के बंदरगाह शहर कोबे के यूनिवर्सिएड मेमोरियल स्टेडियम में 32 वर्षीय दृष्टिबाधित एथलीट जैक्स ने 14 मिनट 53.97 सेकंड का समय के साथ विश्व रिकार्ड बनाया। उल्लेखनीय है कि इससे पहले उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 15:12.37 था। उन्होंने वर्ष 2021 में टोक्यो पैरालिंपिक खेलों में पुरुषों की पांच हजार मीटर टी11 फाइनल और पुरुषों की 1,500 मीटर टी11 का स्वर्ण पदक जीता था।

पैरा एथलीट कैल्काग्नि ने पुरुषों की 100 मीटर में बनाया विश्व रिकॉर्ड

कोबे। इटली के पैरा एथलीट कार्लो फैबियो मार्सेलो कैल्काग्नि ने शुक्रवार को पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप 2024 में पुरुषों की 100 मीटर टी72 के फाइनल में नए विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता। जापान के शहर कोबे में पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप के 11वें संस्करण के पहले दिन फ्रेम-रनिंग एथलीट कैल्काग्नि ने 15.39 सेकंड का समय दर्ज करते हुए मार्च में बनाए गए 15.80 सेकेंड के अपने विश्व रिकॉर्ड को तोड़ दिया। ब्राजील के विनीसियस मार्क्स क्राइगर क्विंटिनोबरा और लिथुआनिया के डेविडास पोडोबाजेवास ने टी72-श्रेणी प्रतियोगिता में क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते।

फिक्सिंग में कप्तान और दो अन्य खिलाड़ी गिरफ्तार

सिडनी। ऑस्ट्रेलियाई पेशेवर फुटबॉल में शुक्रवार को लीग क्लब मैकार्थर एफसी के कप्तान द्वारा दो युवा साथी खिलाड़ियों को जानबूझकर पीला कार्ड हासिल करने के लिए 10,000 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर की राशि देने के आरोपों के बाद तहलका मच गया। इसमें मैकार्थर एफसी के कप्तान उलीसेस डाविला तथा साथी खिलाड़ी कीरिन बाकुस और क्लेटन लुईस को मैच फिक्सिंग में कथित लिप्तता के कारण गिरफ्तार किया गया। पुलिस का कहना है कि जीतने के लिए सैकड़ों हजार डॉलर की राशि दी गई। शुक्रवार को सभी तीनों खिलाड़ियों को

आधिकारिक रूप से आरोपित किया गया और उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया। डाविला 24 जून को अदालत में पेश होंगे। जांचकर्ताओं का आरोप है कि 24 नवंबर और नौ दिसंबर को खेले गए मैच के दौरान पीले कार्ड के लिए छेड़छाड़ की गई। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि 20 अप्रैल और चार मई को मैच के दौरान भी इसी तरह के प्रयास किए गए जो सफल नहीं हो सके।

हार के साथ मुंबई की आईपीएल से विदाई

लखनऊ ने मुंबई को 18 रन से हराया, सुपर जायंट्स के लिए भी खत्म हुआ सफर



मुंबई, एजेंसी

निकोलस पूरन (75) और कप्तान के एल राहुल (55) रनों की शानदार पारियों के दम पर लखनऊ सुपर जायंट्स ने मुंबई को 18 रनों से हराया। शुक्रवार को लखनऊ ने मुंबई इंडियंस को 215 रनों का लक्ष्य दिया था। जिसके जवाब में मुंबई 196 रन ही बना सकी। इस हार के साथ पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस के लिए आईपीएल का सफर खत्म हुआ। लखनऊ ने भी अपने सभी लीग मैच खेल लिए हैं।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई की टीम को रोहित शर्मा और डेवाल्ड ब्रेविस ने सधी शुरुआत दिलाई। चौथे ओवर में बारिश के चलते खेल कुछ देर के लिए रोका भी गया। दोबारा खेल शुरू होने के बाद मुंबई ने पावरप्ले में बिना किसी नुकसान के 53 रन जोड़े। नौवें ओवर में डेवाल्ड ब्रेविस (23) के रूप में लखनऊ को पहली सफलता मिली। वहीं, सूर्यकुमार खाता भी नहीं खो सके। रोहित (68) बनाकर पवेलियन लौटे। कप्तान हार्दिक 16 रन ही बना सके। नमन धीर ने 62 रनों की नाबाद पारी खेली, लेकिन मुंबई की हार को टालने में नाकाम रहे।

इससे पहले वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। लखनऊ सुपर जायंट्स की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पहले ही ओवर में देवदत्त पड़िक्कल (शून्य) का विकेट गवां दिया। उसके बाद कप्तान केएल राहुल और मार्कस स्टॉयनिस ने पारी को संभालने का प्रयास किया। छठें ओवर में मार्कस स्टॉयनिस (28) रन पर आउट हुए। उसके बाद दीपक (11), अरशद (0) बनाकर

आउट हुए। कप्तान के एल राहुल ने 41 गेंदों में 55 रन बनाए। निकोलस पूरन ने 29 गेंदों में 75 रनों की तूफानी पारी खेली। आयुष बदोनी (22) और क्रुणाल (17) रन बनाकर नाबाद रहे।

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	अंक	रद	रन रेट
कोलकाता (क्वा)	13	9	3	19	1	+1.428
राजस्थान (क्वा)	13	8	5	16	0	+0.273
हैदराबाद (क्वा)	13	7	5	15	1	+0.406
चेन्नई	13	7	6	14	0	+0.528
दिल्ली (बा)	14	7	7	14	0	-0.377
लखनऊ (बा)	14	7	7	14	0	-0.667
बेंगलुरु	13	6	7	12	0	+0.387
गुजरात (बा)	14	5	7	12	2	-1.063
पंजाब (बा)	13	5	8	10	0	-0.347
मुंबई (बा)	14	4	10	8	0	-0.318

55 रनों की पारी लखनऊ सुपरजाइंटस के कप्तान केएल राहुल के बल्ले से निकली, अंतिम ओवरों में आयुष बडोनी ने बनाए नाबाद 9 गेंदों में 22 रन

लखनऊ 214/6

20 ओवर, अतिरिक्त : 11

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
केएल राहुल कैच तुषारा बो पीयूष चावला	55	41	3/3
देवदत्त पड्डिकल पगबाधा नुवान तुषारा	0	0	0/0
मार्कस स्टोयनिस पगबाधा पीयूष चावला	28	22	5/0
दीपक हुड्डा कैच निहाल बो पीयूष चावला	11	9	1/0
निकोलस पूरन कैच सूर्यकुमार बो तुषारा	75	29	5/8
अशरद खान कैच निहाल बो तुषारा	0	1	0/0
आयुष बडोनी नाबाद	22	9	1/2
क्रुणाल पांड्या नाबाद	12	7	1/1

गेंदबाजी : तुषारा 4-0-28-3, अर्जुन 2.2-0-22-0, कम्बोज 3-0-48-0, चावला 4-0-29-3, निहाल वढेरा 2-0-13-0, हार्दिक 2-0-27-0, नमन 0.4-0-17-0, शेफर्ड 2-0-30-0

मुंबई 196/6

20 ओवर, अतिरिक्त : 11

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
रोहित शर्मा का मोहसिन बो बिश्नोई	68	38	10/3
डेवाल्ड ब्रेविस का कृणाल बो नवीन	23	20	1/3
सूर्यकुमार यादव का बिश्नोई बो कृणाल	0	3	0/0
इशान किशन बो नवीन	14	15	1/0
हार्दिक पंड्या का नवीन बो मोहसिन	16	13	1/1
नेहाल वढेरा का कृणाल बो बिश्नोई	1	3	0/0
नमन धीर नाबाद	62	28	4/5
रोमारियो शेफर्ड नाबाद	1	1	0/0

गेंदबाजी : अरशद 2-0-11-0, हेनरी 2-0-24-0, कृणाल 4-0-29-1, मोहसिन 4-0-45-1, नवीन 4-0-50-2, बिश्नोई 4-0-37-2

हमें मानसिक शांति की जरूरत : महिला पहलवान

नई दिल्ली, एजेंसी

पेरिस ओलंपिक की कोटा विजेता महिला पहलवानों ने शुक्रवार को राष्ट्रीय महासंघ से चयन ट्रायल आयोजित नहीं करने का अनुरोध करते हुए कहा कि अब से वे जो भी कदम उठाएंगें और जो कुछ भी करेंगे उसका असर ओलंपिक में भारत की पदक संभावनाओं पर पड़ेगा।

सीनियर विश्व चैंपियनशिप 2021 के फाइनल में पहुंचने वाली भारत की पहली महिला पहलवान अंशु मलिक ने कहा कि खेलों की तैयारी के लिए अब उन्हें केवल मानसिक शांति की जरूरत है। अंशु को अगर पेरिस जाने का मौका मिलता है तो यह इन खेलों में इस 22 साल की खिलाड़ी के लिए यह दूसरा मौका

होगा। उन्होंने पिछले ओलंपिक में 17 साल की उम्र में महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग में कोटा हासिल करके आश्चर्यचकित किया था, लेकिन बड़े स्तर के अनुभव की कमी के कारण वह पहले दौर में ही बाहर हो गई थी। तोक्यो ओलंपिक के बाद हालांकि इस आक्रामक पहलवान ने अपने खेल में काफी सुधार किया। उन्होंने विश्व चैंपियनशिप में ऐतिहासिक विश्व रजत जीतने के बाद एशियाई चैंपियनशिप में चार पदक जीते हैं।

वह पिछले साल एशियाई चैंपियनशिप के दौरान लगी घुटने में चोट के कारण एशियाई खेलों में भाग नहीं ले पाई थीं। अंशु को डर है कि खेलों के इतने करीब उनके शरीर पर दबाव डालने से उनकी तैयारी प्रभावित हो सकती है। तोक्यो में अभ्यास कर रही अंशु ने कहा हमें अपने हर छोटे से छोटे काम में बहुत, बहुत सावधान रहना होगा। हम यहां से अपने हर एक कदम में सतर्कता बरत रहे हैं। मैंने हाल ही में कई प्रतियोगिताओं में भाग लिया है, अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं, राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं, ट्रायल्स और फिर क्वालीफायर, इसलिए मुझे ट्रायल के माध्यम से फिटनेस का आकलन करने की आवश्यकता नहीं है।

ओलंपिक में मुक्केबाजी कोटा गंवा सकता है भारत, वाडा ने परवीन को किया निलंबित

नई दिल्ली। पिछले 12 महीने में तीन बार अपना ठिकाना (वेयरअबाउट) नहीं बताने के कारण विश्व



चैम्पियनशिप कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज परवीन हुड्डा को विश्व डोपिंग निरोधक एजेंसी (वाडा) ने निलंबित कर दिया है जिससे वह पेरिस ओलंपिक का कोटा भी गंवा सकती है।

पिछले साल एशियाई खेलों में महिलाओं के 57 किलोवर्ग में ओलंपिक कोटा हासिल करने वाली परवीन ने अप्रैल 2022 से मार्च 2023 के बीच अपने ठिकाने की जानकारी नहीं दी है जो वाडा नियमों के तहत अनिवार्य है। परवीन के कोच सुधीर हुड्डा ने कहा उस पर वाडा ने डेढ साल का प्रतिबंध लगाया है जो इस महीने से शुरू होगा और नवंबर 2025 तक चलेगा।

अभी मेरे रिकॉर्ड पर कोई खतरा नहीं : बोल्ट

नई दिल्ली। दुनिया के सबसे तेज फर्राटा धावक उसेन बोल्ट आठ साल के बाद फिर से ओलंपिक में होंगे लेकिन प्रतिभागियों को चिंता करने की जरूरत नहीं है

क्योंकि वह पेरिस में सिर्फ उन्हें खेलते हुए देखने के लिए मौजूद होंगे।

न्यूयॉर्क से फोन पर दिये साक्षात्कार में बोल्ट ने संन्यास के बाद फिर से प्रतिस्पर्धा करने की इच्छा और निकट भविष्य में भारत का दौरा करने की इच्छा के बारे में बातें कीं। बर्लिन में 2009 विश्व चैंपियनशिप में 100 मीटर में उनका 9.58 सेकेंड और 200 मीटर में 19.19 सेकेंड का रिकॉर्ड कायम है। बोल्ट ने कहा मुझे नहीं लगता कि इस रिकॉर्ड को कोई खतरा है। इस समय नहीं है। मुझे लगता है कि यह लंबे समय तक रहेगा।

बॉलीवुड हलचल

रॉकस्टार का सीक्वल बनाना चाहते हैं इम्तियाज अली

मुंबई। बॉलीवुड के जाने-माने फिल्मकार इम्तियाज अली अपनी सुपरहिट फिल्म रॉकस्टार का सीक्वल बनाना चाहते हैं। वर्ष 2011 में प्रदर्शित इम्तियाज अली के निर्देशन में बनी फिल्म सुपरहिट रॉकस्टार में रणबीर कपूर और नरगिस फाखरी ने मुख्य भूमिका निभाई थी। इम्तियाज अली, रॉकस्टार का सीक्वल बनाना चाहते हैं। हाल ही में डिजिटल प्लेटफार्म नेटफ्लिक्स की तरफ से इम्तियाज अली के साथ संगीतकार ए आर रहमान गीतकार इरशाद कामिल और गायक मोहित चौहान की बातचीत का एक वीडियो जारी किया गया। इसमें चारों एक साथ की गई अपनी फिल्मों और गानों पर बातें करते हैं। एआर रहमान इम्तियाज से पूछते हैं कि क्या हम राकस्टार 2 बना रहे हैं? इस पर इम्तियाज कहते हैं, हमारे पास इस बारे में बताने के लिए म्यूजिकली कुछ तो होना ही चाहिए। एआर रहमान कहानी क्राउडसोर्स करने का सुझाव इम्तियाज अली को देते हैं। रहमान कहते हैं, हमें इसे जनता पर छोड़ देना चाहिए। इस फिल्म के लिए क्राउडसोर्स करते हैं। भविष्य आप कभी नहीं जानते हैं। मेरा मतलब है कि आप क्राउडसोर्स के माध्यम से लाखों कहानियां पा सकते हैं। इम्तियाज अली कहते हैं कि उम्मीद है कि जल्दी ही कुछ न कुछ आएगी।

पश्मीना रोशन की फिल्म 'इश्क विश्क रिबाउंड' का टीजर रिलीज

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रौशन की चचेरी बहन पश्मीना रोशन की आने वाली फिल्म 'इश्क विश्क रिबाउंड' का टीजर रिलीज हो गया है। पश्मीना रौशन फिल्म 'इश्क विश्क रिबाउंड' से बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। इस फिल्म का टीजर रिलीज हो गया है। इस फिल्म में पश्मीना रोशन के अलावा रोहित शराफ, जिबरान खान और नैला ग्रेवाल भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। 'इश्क विश्क रिबाउंड' फिल्म एक रोमांटिक ड्रामा है। 'इश्क विश्क रिबाउंड' वर्ष 2003 में प्रदर्शित फिल्म इश्क विश्क का सीक्वल है। इस फिल्म में शाहिद कपूर के साथ अमृता राव मुख्य भूमिका में थीं। शाहिद और अमृता राव की यह पहली फिल्म थी।



धड़कन का सीक्वल चाहते हैं धर्मेश दर्शन

मुंबई। बॉलीवुड निर्देशक धर्मेश दर्शन अपनी सुपरहिट फिल्म धड़कन का सीक्वल बनाना चाहते हैं। धर्मेश दर्शन के निर्देशन में बनी वर्ष 2000 में प्रदर्शित फिल्म धड़कन में अक्षय कुमार, शिल्पा शेट्टी, सुनील शेट्टी और महिमा चौधरी ने मुख्य भूमिका निभाई थी। धड़कन बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई, साथ ही फिल्म के सभी गाने चार्ट बस्टर साबित हुए। धर्मेश दर्शन ने बताया मैं धड़कन का सीक्वल बनाने पर विचार कर रहा हूं, लेकिन ऐसा हो भी सकता है और नहीं भी।

टेक्सास, फ्लोरिडा, क्वींस पार्क ओवल, त्रिनिदाद और टोबैगो में 16 अभ्यास मैच खेलेंगी 17 टीमें

टी-20 विश्वकप के अभ्यास मैच का कार्यक्रम जारी

दुबई, एजेंसी

आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप 2024 के लिए अभ्यास मैच 27 मई से एक जून तक अमेरिका, त्रिनिदाद और टोबैगो में आयोजित किए जाएंगे। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप के लिए अभ्यास मैच के कार्यक्रम की घोषणा की।

उन्होंने बताया कि इस विश्वकप से पहले कुल 17 टीमें टेक्सास में ग्रैंड प्रेयरी क्रिकेट स्टेडियम, फ्लोरिडा में ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम, क्वींस पार्क ओवल और त्रिनिदाद और टोबैगो में ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी में 16 अभ्यास मैच खेलेंगी। इसमें दक्षिण अफ्रीका भी शामिल है। भारत एक जून को अपना अभ्यास मैच बंगलादेश के साथ खेलेगा। वहीं पाकिस्तान, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड अभ्यास मैच नहीं खेल रहे है। सभी अभ्यास मैच प्रति पक्ष 20-20 ओवरों के होंगे। इसमें टीमों को अपने 15-15 खिलाड़ियों वाले दल के सभी सदस्यों को मैदान में उतारने की अनुमति मिलेगी। आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप 2024 अभ्यास मैच का कार्यक्रम इस प्रकार है।

बांग्लादेश से 1 जून को अभ्यास मैच खेलेगी भारतीय टीम

दुबई। भारतीय टीम एक जून को अमेरिका में बांग्लादेश के खिलाफ टी20 विश्व कप का अभ्यास मैच खेलेगी। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने शुक्रवार को यह ऐलान किया। मैच का आयोजन स्थल और समय अभी तय नहीं किया है। विश्व कप में भाग ले रही 20 टीमों में से 17 27 मई से एक जून तक अमेरिका और त्रिनिदाद एवं टोबैगो में अभ्यास मैच खेलेंगी। दक्षिण अफ्रीका टीम 29 मई को फ्लोरिडा में टीम के भीतर ही अभ्यास मैच खेलेगी। गत चैंपियन इंग्लैंड और उपविजेता पाकिस्तान के अलावा सेमीफाइनल खेलने वाली न्यूजीलैंड कोई अभ्यास मैच नहीं खेलेंगी। पाकिस्तान और इंग्लैंड 22 मई से इंग्लैंड में चार मैचों की द्विपक्षीय श्रृंखला खेल रहे हैं।

27 से 31 मई तक अभ्यास सत्र में खुद को परखेंगी विश्व की टीमें

27 मई : कनाडा बनाम नेपाल, ग्रैंड प्रेयरी क्रिकेट स्टेडियम, ग्रैंड प्रेयरी, टेक्सास 10:30 बजे। ओमान बनाम पापुआ न्यू गिनी, ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी, त्रिनिदाद और टोबैगो, 15:00 बजे नामीबिया बनाम युगांडा, ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी, त्रिनिदाद और टोबैगो 19:00 बजे।

28 मई : श्रीलंका बनाम नीदरलैंड, ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम, ब्रोवार्ड काउंटी, फ्लोरिडा, 10:30 बजे। बंगलादेश बनाम अमेरिका, ग्रैंड प्रेयरी क्रिकेट स्टेडियम, ग्रैंड प्रेयरी, टेक्सास 10:30 बजे। ऑस्ट्रेलिया बनाम नामीबिया, क्वींस पार्क ओवल, त्रिनिदाद और टोबैगो 19:00 बजे।

29 मई : दक्षिण अफ्रीका इंट्रा-स्क्वाड, ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम, ब्रोवार्ड काउंटी, फ्लोरिडा 10:30 बजे अफगानिस्तान बनाम ओमान, क्वींस पार्क ओवल, त्रिनिदाद और टोबैगो 13:00 बजे।

30 मई : नेपाल बनाम अमेरिका, ग्रैंड प्रेयरी क्रिकेट स्टेडियम, ग्रैंड प्रेयरी, टेक्सास 10:30 बजे। स्कॉटलैंड बनाम युगांडा, ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी, त्रिनिदाद और टोबैगो, 10:30 बजे। नीदरलैंड बनाम कनाडा, ग्रैंड प्रेयरी क्रिकेट स्टेडियम, ग्रैंड प्रेयरी, टेक्सास 15:00 बजे। नामीबिया बनाम पापुआ न्यू गिनी, ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी, त्रिनिदाद और टोबैगो, 15:00 बजे। वेस्ट इंडीज बनाम ऑस्ट्रेलिया, क्वींस पार्क ओवल, त्रिनिदाद और टोबैगो 19:00 बजे।

31 मई : आयरलैंड बनाम श्रीलंका, ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम, ब्रोवार्ड काउंटी, फ्लोरिडा, 10:30 बजे। स्कॉटलैंड बनाम अफगानिस्तान, क्वींस पार्क ओवल, त्रिनिदाद और टोबैगो 10:30 बजे। एक जून को : बंगलादेश बनाम भारत, स्थान टीबीसी अमेरिका।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।

संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को नई दिल्ली में मेट्रो ट्रेन में सफर किया। ● एजेंसी

एक नजर

टेक्सास में विकराल तूफान, चार की मौत

ह्यूस्टन। अमेरिका में टेक्सास प्रांत के सबसे बड़े शहर ह्यूस्टन में विकराल तूफान की चपेट में आकर चार लोगों की मौत हो गई। प्रांतीय प्रशासन के मुताबिक अभी यह स्पष्ट नहीं है कि लोगों की मौत कैसे हुई। अंतरराष्ट्रीय समयानुसार शहर में गुरुवार देर रात करीब नौ बजे आये तूफान से कई क्षेत्रों में पेड़ उखड़ गये और बिजली की लाइनें टूट गयीं। टेक्सास के सबसे बड़े स्कूल जिले ह्यूस्टन आईएसडी ने तूफान से हुई क्षति और बिजली कटौती के कारण शुक्रवार के लिए सभी कक्षाएं रद कर दीं।

चीन में विदेशी निवेश कम होने से भारत को मिल रहा फायदा

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र के एक विशेषज्ञ ने कहा कि भारत का आर्थिक विकास प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा है और यह कई पश्चिमी कंपनी के लिए निवेश करने का एक वैकल्पिक गंतव्य बन गया है क्योंकि चीन में विदेशी निवेश कम होता जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2024 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि को संशोधित किए जाने के मौके पर विशेषज्ञ ने यह बात कही। यूएन डीईएसए के आर्थिक विश्लेषण एवं नीति प्रभाग में वैश्विक आर्थिक निगरानी शाखा के प्रमुख हामिद राशिद ने बृहस्पतिवार को यहां संवाददाताओं से कहा भारत कई पश्चिमी कंपनियों के लिए एक वैकल्पिक निवेश स्रोत या गंतव्य बन गया है। मुझे लगता है कि इससे भारत को फायदा हो रहा है।

अधिकारियों ने कर्नल काले को दी श्रद्धांजलि

तेल अवीव। गाजा में जान गंवाने वाले भारतीय सेना के पूर्व अधिकारी कर्नल वैभव अनिल काले को यहां स्थित भारतीय दूतावास के साथ-साथ संयुक्त राष्ट्र और इजराइल सरकार के अधिकारियों ने शुक्रवार को श्रद्धांजलि दी। काले (46) सोमवार को सुबह संयुक्त राष्ट्र के सुरक्षा एवं संरक्षा विभाग (यूएनडीएसएस) के अन्य कर्मचारियों के साथ वैश्विक संस्था के वाहन में रफह स्थित यूरोपियन हॉस्पिटल जा रहे थे, तभी वह हमले की चपेट में आ गए और उनकी जान चली गई। भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया कि कर्नल काले के पार्थिव शरीर को भारत ले जाया जा रहा है।

रूस में भारतीयों के लिए होगी वीजा फ्री एंट्री, दोनों देश करेंगे समझौता

मॉस्को, एजेंसी

● रूस के विशेष परियोजना विभाग की निदेशक निकिता कोंद्रायेव ने विवरण साझा किया

भारत और रूस वीजा-मुक्त पर्यटक आदान-प्रदान के लिए ऐतिहासिक वार्ता शुरू करने के लिए तैयार हैं। रिपोर्ट के अनुसार, चर्चा का पहला दौर जून के लिए निर्धारित है, इस दौरान देश द्विपक्षीय समझौते की व्यवहार्यता का पता लगाएंगे, जिसे साल के अंत तक अंतिम रूप दिया जा सकता है।

रूस के आर्थिक विकास मंत्रालय में बहुपक्षीय आर्थिक सहयोग और विशेष परियोजना विभाग की निदेशक निकिता कोंद्रायेव ने रूस-इस्लामिक वर्ल्ड, कज़ानफोरम 2024 में आगामी वार्ता के बारे में विवरण साझा किया है। रूस के कजान में आयोजित इस कार्यक्रम ने समूह वीजा-मुक्त यात्राओं पर बातचीत में प्रगति को उजागर करने के लिए कोंद्रायेव के लिए एक मंच के रूप में कार्य किया। कोंद्रायेव ने बताया कि हम भारतीय प्रतिनिधिमंडल के साथ आंतरिक समन्वय के अंतिम चरण के करीब हैं और जल्द ही एक मसौदा समझौते पर चर्चा करेंगे। निकिता ने कहा कि रूस की योजना चीन और ईरान के साथ पहले ही इस तरह के किए गए समझौते को भारत के साथ दोहराना है। रूस और चीन ने पिछले साल 1 अगस्त को वीजा मुक्त समूह पर्यटन के आदान-प्रदान की शुरुआत की थी।

शी और पुतिन ने व्यापार और सांस्कृतिक आदान प्रदान पर की चर्चा

बीजिंग। रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने शुक्रवार को चीन की अपनी राजकीय यात्रा के दौरान व्यापार और सांस्कृतिक आदान-प्रदान पर ध्यान केंद्रित किया। शिखर सम्मेलन में दोनों देशों के बीच असीमित साझेदारी को भी दोहराया गया जो पश्चिमी देशों के साथ उनके बढ़ते तनाव के बीच गहरी हो रही है।

पुतिन उत्तरपूर्वी शहर हार्बिन में चीन-रूस एक्सपो में भाग लेंगे और हार्बिन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में छात्रों से मिलेंगे। शिखर सम्मेलन में पुतिन ने यूक्रेन में युद्ध को समाप्त करने के लिए चीन के प्रस्तावों के लिए शी को धन्यवाद दिया। शी ने कहा कि चीन यूरोप में जल्द शांति और स्थिरता लौटने की उम्मीद करता है और वह इस दिशा में सकारात्मक भूमिका निभाना जारी रखेगा।

खरीदने जा रहे हैं इलेक्ट्रिक कार 5 जरूरी बातों का रखें ध्यान

भारत समेत दुनियाभर में इलेक्ट्रिक कार लॉन्च हो रही हैं। टाटा मोटर्स से लेकर ब्रिटिश कार मेकर एमजी तक की इलेक्ट्रिक कार भारतीय सड़कों पर सरपट दौड़ रही हैं। यह गाड़ी न सिर्फ वायु प्रदूषण से बचाती हैं, बल्कि ध्वनि प्रदूषण भी नहीं करतीं। अगर आप भी इलेक्ट्रिक कार खरीदने का प्लान बना रहे हैं, तो आज हम ऐसी जरूरी बातों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो इलेक्ट्रिक कार खरीदने में आपके लिए मददगार साबित हो सकती हैं। कार एक्सपर्ट की सलाह के मुताबिक आपको इन चीजों का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

डेली चार्ज करने की सुविधा

नई इलेक्ट्रिक कार खरीदने की योजना बना रहे हैं, तो सबसे पहले ध्यान रखें कि आपके पास कार को चार्ज की सही जगह मौजूद हो, ताकि उस कार को डेली चार्ज किया जा सके। कई वाहन निर्माता कंपनियां कार चार्जर साथ देती है और उसे एक दीवार पर इंस्टॉल कर देती हैं। घर पर कार चार्जिंग में काफी अधिक समय लगता है। जबकि डीसी चार्जर की मदद से एक कार की बैटरी 0-80 प्रतिशत बैटरी को सिर्फ 30-45 मिनट में चार्जर किया जा सकता है।

फ्यूलिंग सिस्टम बेहद अहम

इलेक्ट्रिक कार खरीदने से पहले यह समझ लें कि पेट्रोल के मुकाबले इलेक्ट्रिक कार के फ्यूलिंग सिस्टम का ज्यादा ध्यान रखना होता है। दरअसल, पेट्रोल कार में फ्यूल आप किसी भी करीबी पंप से भरा सकते हैं, जबकि इलेक्ट्रिक कार के साथ ऐसा नहीं है। बैटरी चार्जिंग का ध्यान रखना होगा।

डेली तय होने वाली दूरी

अगर आप ऑफिस या कहीं दूसरी जगह नियमित समय पर जाते हैं, तो आपको ध्यान देना है कि क्या इसकी ड्राइविंग रेंज उतनी है, जितनी आपको जरूरत है। हर किसी कार की असली रोड पर ड्राइविंग रेंज को जानें।

पहले ज्यादा पैसे खर्च, बाद में सेविंग

दरअसल, बहुत से लोगों के मन में एक सवाल आता है कि अगर आप पेट्रोल की तुलना में ईवी खरीदते हैं तो उसकी कीमत तो ज्यादा होगी, तो क्या वह सेविंग भी कर पाएंगे। उदाहरण से समझते हैं दरअसल, मुंबई में टाटा नेक्सान पेट्रोल की कीमत 14 लाख रुपये कीमत है, जबकि टाटा नेक्सॉन ईवी की कीमत 18 लाख रुपये है। पेट्रोल इंजन 6 .7 रुपये प्रति किलोमीटर की ड्राइविंग कॉस्ट आती है। वहीं, इलेक्ट्रिक ईवी नेक्सॉन की प्रति किलोमीटर की ड्राइविंग रेंज 97 पैसे प्रति किलोमीटर आती है।

भारतीय मूल के सांसद बोले- भारत मानवाधिकारों पर नहीं सुनेगा लेक्चर

इंडियन-अमेरिकन इम्पैक्ट के शिखर सम्मेलन देसी डिसाइड्स में सांसदों ने उठाया मुद्दा

वाशिंगटन, एजेंसी

इंडियन अमेरिकन इम्पैक्ट के शिखर सम्मेलन देसी डिसाइड्स में उपस्थित भारतीय मूल के सांसद। ● एजेंसी

भारतीय-अमेरिकी सांसदों ने कहा कि मानवाधिकारों पर भारत को लेक्चर देने से काम नहीं चलेगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वे इस मुद्दे पर चिंताएं व्यक्त करने के लिए महत्वपूर्ण देश के नेतृत्व के साथ बातचीत करने के पक्ष में हैं।

कांग्रेसनल इंडिया कॉकस के सह-अध्यक्ष और कांग्रेसी रो खन्ना ने तीन अन्य भारतीय अमेरिकी सांसदों श्री थानेदार, प्रमिला जयपाल और डॉ. अमी बेरा के साथ इंडियन अमेरिकन इम्पैक्ट के शिखर सम्मेलन देसी डिसाइड्स एक पैनल चर्चा में इस मामले पर बात की। भारतीय अमेरिकी सांसदों ने भारत में मानवाधिकार से जुड़े मुद्दों को उठाते रहने की बात दोहराई।

भारतीय मूल के अमेरिकी सांसद रो खन्ना ने लोगों से कहा कि भारत 100 से अधिक वर्षों तक उपनिवेश रहा, इसलिए जब हम मानवाधिकारों के बारे में बातचीत करते हैं, तब आप विदेश मंत्री जयशंकर या किसी अन्य के साथ बातचीत करते हैं, तो आपको यह समझना होगा कि यह केवल भारत को उपदेश देने की तरह लगता है। औपनिवेशिक ताकतें सैकड़ों वर्षों से हमें उपदेश दे रही हैं। ऐसा करना उपयोगी नहीं होगा। खन्ना ने कहा मुझे लगता है कि भारत के साथ बातचीत करना अधिक रचनात्मक नजरिया होगा कि यहां हमारे लोकतंत्र में क्या खामियां हैं, आपके लोकतंत्र में क्या खामियां हैं और हम सामूहिक रूप से लोकतंत्र और मानवाधिकारों को कैसे आगे बढ़ा सकते हैं।

● सांसदों ने कहा- भारत रूस और अमेरिका दोनों पक्षों के बीच खेलता रहा है, अब सिर्फ हमारे साथ मजबूत दोस्ती रखे

जीवंत लोकतंत्र में प्रेस की आजादी होनी चाहिए : डॉ. अमी बेरा

सांसद डॉ. अमी बेरा ने कहा आप देखिए कि प्रेस की स्वतंत्रता के मामले में क्या हो रहा है। आप दरअसल कोई व्यवहार्य विपक्षी दल नहीं देख रहे या कहें तो इसे समाप्त किया जा रहा है। जीवंत लोकतंत्र में ये सभी चीजें होनी चाहिए- बोलने की आजादी, प्रेस की आजादी। मुझे उम्मीद है कि आपको कभी ट्रंप का दूसरा कार्यकाल नहीं देखना पड़े, लेकिन अगर ऐसा हो भी जाए तो भी आप देखेंगे कि हमारा लोकतंत्र बचा रहेगा। मैं निश्चित रूप से आशा करता हूं कि भारत का लोकतंत्र भी बचा रहे।

हमें अपने देश और अन्य देश की खामियों की आलोचना करने में सक्षम होना चाहिए : प्रमिला

सांसद प्रमिला जयपाल ने कहा कि वह बेरा और खन्ना दोनों से सहमत हैं। उन्होंने कहा कि मैं केवल एक चीज जोड़ना चाहती हूं कि मुझे लगता है कि हमें अपने देश की खामियों और किसी अन्य देश की खामियों की आलोचना करने में सक्षम होना चाहिए। यह संसद का असल काम है। हमें उपदेश नहीं देना चाहिए। हमें अमेरिका के सभी हितों के बारे में सोचना होगा। निश्चित रूप से आर्थिक पहलू अहम है। भारत हमारा एक महत्वपूर्ण भागीदार है। क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर बदलते परिदृश्य के कारण भी वह एक महत्वपूर्ण भागीदार है।

अमेरिका को भारत की शक्ति पहचानना होगा : थानेदार

सांसद श्री थानेदार ने कहा कि वह भारत-अमेरिका के बीच मजबूत रिश्ते के पक्षधर हैं। थानेदार ने कहा अमेरिका को भारत की शक्ति, उसकी आर्थिक शक्ति को पहचानना होगा और चीन की आक्रामकता का मुकाबला करने के लिए भारत ही सबसे अच्छा समाधान है। इसलिए मैं मजबूत भारत-अमेरिका संबंधों पर काम कर रहा हूं।

दक्षिण पूर्व एशिया में 29.4 करोड़ लोग उच्च रक्तचाप से पीड़ित

नयी दिल्ली। दक्षिण-पूर्व एशिया के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की क्षेत्रीय निदेशक साइमा वाजेद ने शुक्रवार को कहा कि उच्च रक्तचाप का गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) की वैश्विक महामारी में बड़ा योगदान है और यह वैश्विक स्तर पर मृत्यु और दिव्यांगता के लिए प्रमुख जोखिम कारक है।

वाजेद ने कहा कि दक्षिण पूर्व एशिया क्षेत्र में 29.4 करोड़ से अधिक लोग उच्च रक्तचाप से पीड़ित हैं। विश्व उच्च रक्तचाप दिवस पर वाजेद ने कहा कि वैश्विक और राष्ट्रीय लक्ष्यों को पूरा करने के लिए उच्च रक्तचाप को रोकने तथा नियंत्रित करने के प्रयासों को मजबूत करने की जरूरत है। यह सार्वभौमिक स्वास्थ्य दायरे की दिशा में हर देश की यात्रा का एक अभिन्न अंग होना चाहिए। इस वर्ष का विषय में अपने रक्तचाप को सटीक रूप से मापें, इसे नियंत्रित करें, लंबे समय तक जीवित रहें' का आह्वान किया गया है।

उन्होंने कहा कि उच्च रक्तचाप के बढ़ते प्रसार के लिए नमक, तंबाकू और शराब का अधिक सेवन, अपौष्टिक आहार, शारीरिक निष्क्रियता, तनाव और वायु प्रदूषण प्रमुख जोखिम कारक हैं। वाजेद ने कहा शीघ्र पहचान और नियंत्रण महत्वपूर्ण है। उच्च रक्तचाप से पीड़ित वयस्कों में से आधे लोग इस बात से अनजान हैं कि उन्हें यह रोग है। छह में से लगभग एक व्यक्ति का रक्तचाप नियंत्रण में नहीं है।

सहायता सामग्री लेकर गाजा पट्टी में पहुंचे ट्रक



अमेरिका द्वारा तैयार किया गया पोतघाट। ● एजेंसी

वाशिंगटन, एजेंसी

● अमेरिका द्वारा बनाए पोतघाट से एक दिन में 150 ट्रक ले जा सकते

● इजराइल ने गाजा में युद्ध के बीच जमीनी सीमा पर लगा रखे प्रतिबंध

युद्धग्रस्त गाजा पट्टी में अमेरिका द्वारा हाल में बनाए गए एक तैरते पोतघाट के जरिए राहत सामग्री लेकर ट्रक पहली बार शुक्रवार को संकटग्रस्त इलाके में पहुंचे। इजराइल ने गाजा में जारी भीषण युद्ध के बीच जमीनी सीमा पर प्रतिबंध लगा दिए है जिसके कारण लोगों तक खाद्य एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति बाधित हो गई थी। अमेरिकी सैन्य अधिकारियों का अनुमान है कि इस पोतघाट के जरिए गाजा पट्टी में एक दिन में 150 ट्रक ले जाए जा सकते हैं।

इस बीच, इजराइल ने दक्षिणी शहर रफह में हमास के खिलाफ सात महीने से जारी लड़ाई को और तेज कर दिया है। अमेरिका और सहायता समूहों ने साथ ही इस बात को लेकर सचेत किया कि इस पोतघाट परियोजना को जमीनी मार्ग से आपूर्ति पहुंचाए जाने का विकल्प नहीं माना जा सकता। उनका कहना है कि जमीनी मार्ग के जरिए ही गाजा में आवश्यक भोजन, पानी और ईंधन पहुंचाया जा सकता है। युद्ध से पहले, औसतन प्रतिदिन 500 से अधिक ट्रक गाजा में प्रवेश करते थे।

इजराइल ने गाजा में नरसंहार के आरोपों को नकारा

हेग (नीदरलैंड)। इजराइल ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) में सुनवाई के दौरान गाजा में नरसंहार के आरोपों से इनकार किया और दावा किया कि वह सैन्य कार्रवाई के दौरान आम नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए हरसंभव प्रयास कर रहा है। दक्षिण अफ्रीका द्वारा गाजा में तत्काल संघर्ष विराम के लिए संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत में अपील किए जाने के बाद इजराइल ने गाजा में नरसंहार के आरोपों का जवाब दिया। दक्षिण अफ्रीका ने इजराइल पर नरसंहार का आरोप लगाते हुए अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में दिसंबर में याचिका दायर की थी जिसके बाद न्यायालय ने तीसरी बार सुनवाई की।

आतंकवाद उन्हें ही निगल रहा जो लंबे समय से इसका सहारा लेते आए हैं : जयशंकर

नई दिल्ली, एजेंसी

● विदेश मंत्री ने कहा- एशिया में नए तनाव पैदा हुए

एलएसी के पास चीन की सैन्य मौजूदगी और सीमापार आतंकवादी गतिविधियों को पाकिस्तान के समर्थन पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि समझौतों का अनादर और कानून के शासन की अवहेलना किए जाने के कारण एशिया में भूमि और समुद्र में नए तनाव पैदा हुए हैं।

जयशंकर ने भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के एक कार्यक्रम में मुद्रा की ताकत पर भी बात की। उन्होंने कहा कि कि वैश्विक कूटनीति के तौर पर प्रतिबंधों की धमकी का किस प्रकार इस्तेमाल किया जा रहा है। उनका यह बयान ऐसे समय आया है जब कुछ ही दिन पहले भारत और ईरान के बीच चाबहार बंदरगाह पर समझौता होने के बाद अमेरिका ने प्रतिबंध लगाने की चेतावनी दी थी। उन्होंने यूक्रेन युद्ध के परिणामों, पश्चिम एशिया में हिंसा में वृद्धि और जलवायु घटनाओं, ड्रोन हमलों की घटनाओं, भू-राजनीतिक तनाव एवं प्रतिबंधों के मद्देनजर साजो-सामान संबंधी व्यवधान पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने सीआईआई की वार्षिक आम बैठक में कहा कि दुनिया तीन एफ यानी फ्यूल, फूड, फर्टीलाइजर (ईंधन, भोजन और उर्वरक) के संकट से जूझ रही है।

समझौतों का अनादर और कानून के शासन की अवहेलना किए जाने के कारण एशिया में भूमि और समुद्र में नए तनाव पैदा हुए हैं।

और बढ़ी ब्रिटिश पीएम सुनक व पत्नी अक्षता मूर्ति की संपत्ति

लंदन, एजेंसी

● रैंकिंग में उछाल की वजह इन्फोसिस की आकर्षक शेयरहोल्डिंग

इन्फोसिस के कारण ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक और उनकी पत्नी अक्षता मूर्ति की रईसी बढ़ती जा रही है। दो साल पहले एनुअल संडे टाइम्स रिच लिस्ट में पहली बार ब्रिटेन के प्रधानमंत्री और उनकी पत्नी ने जगह बनाई थी। इस लिस्ट के 2024 एडिशन में वे और ऊपर पहुंच गए हैं।

उनकी रैंकिंग में उछाल की वजह इन्फोसिस की आकर्षक शेयरहोल्डिंग है। सुनक और अक्षता दोनों की उम्र 44 साल है। यह कपल 65.1 करोड़ पाउंड की अनुमानित संपत्ति के साथ सूची में पिछले साल 275वें पायदान पर था। लिस्ट में अब यह चढ़कर 245वें स्थान पर पहुंच गया है। इसके साथ ही वे ब्रिटिश प्रधानमंत्री आवास 10 डाउनिंग स्ट्रीट को अपना घर कहने वाले सबसे धनी लोग बन गए हैं। अक्षता इन्फोसिस के संस्थापक नारायण मूर्ति की बेटी हैं।

तैयारी

पुरी में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा उत्सव से पहले रथ को तैयार करने में जुटे कारीगर। ● एजेंसी

ग्लोवल वार्मिंग | खाड़ी देशों में अधिक तूफान उठने की संभावना

सामान्य से अधिक पानी बरसाएगा ला नीना

संवाददाता, नैनीताल

मानसून बारिश का फाइल फोटो।

अमृत विचार : इस बार ला नीना के मानसून पर कहर बनकर टूटने की सम्भवना जताई जा रही। उत्तराखंड राज्य भी इसके प्रभाव से अछूता नही रहेगा। वहीं दुनिया के कई देशों में इसका असर बड़े तूफानों के रूप में देखे जाने की आशंका मौसम वैज्ञानिक जता रहे हैं।

बढ़ते ग्लोबल वार्मिंग का असर धीरे-धीरे पैर पसारते जा रहा है। पिछले साल अल नीनो ने दुनिया के कई देशों को सूखे की चपेट में लिया और अब ला नीना सक्रिय होने जा रहा है। जिसका असर भारत के मानसून पर अत्यधिक वर्षा के रूप में देखने को मिलेगा। मानसून में सामान्य से अधिक वर्षा के चलते बाढ़ का प्रकोप बढ़ेगा, वहीं पर्वतीय क्षेत्रों में भूस्खलन की समस्या बढ़ेगी।

एशियाई देशों में अधिक वर्षा होगी। जिसका सार्थक असर अच्छी कृषि के रूप में देखने को मिल सकता है। मगर खाड़ी से लगे अमेरीकी देशों के लिए अल नीनो बेहद खतरनाक साबित हो सकता है। मौसम पर नजर रखने वाली दुनिया की कई एजेंसियां यह आशंका जता रहे हैं।

अल नीनो और ला नीना का अध्ययन करने वाले कोलोराडो विश्वविद्यालय के वायुमंडल और महासागर वैज्ञानिक कहते हैं कि अभी ला नीना रास्ते पर अग्रसर है। जिसका अगले दो माह तक भू स्थलों में पहुचना शुरू हो जाएगा। भारत में अगस्त व सितंबर माह में ला नीना का असर दिखना शुरू होगा। जिस कारण मानसूनी बारिश सामान्य से अधिक होगी, जबकि अमेरिकी कई क्षेत्रों में बवंडर व बढ़े तूफान उठेंगे।

उत्तराखंड में अत्यधिक बारिश की संभावना

नैनीताल : प्रदेश मौसम विभाग के निदेशक डा विक्रम सिंह के अनुसार ला नीना का असर अगस्त व सितंबर तक प्रदेश में देखने को मिलेगा। प्रदेश में सामान्य से अधिक बारिश होने की 61 प्रतिशत संभावना है। जून व जुलाई में मानसून सामान्य रूप से बरसेगा।

बालक का शव स्कूल परिसर में मिला, गुस्साई भीड़ ने आग लगाई

पटना। पटना शहर के दीघा इलाके में शुक्रवार को निजी स्कूल के परिसर से चार वर्षीय एक छात्र का शव बरामद होने के बाद आक्रोशित भीड़ ने स्कूल में आग लगा दी। पुलिस के मुताबिक, दीघा थानांतर्गत एक बालक के गुम होने की सूचना प्राप्त हुई थी।

तलाश के दौरान बालक का शव स्कूल के परिसर से बरामद किया गया है। घटना के सिलसिले में तीन संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। स्कूल के सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की जा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। एकत्र किए गए सभी सबूतों की फॉरेन्सिक जांच जारी है। बच्चे का शव मिलने के बाद आक्रोषित कुछ स्थानीय लोगों ने स्कूल में आग लगा दी थी।

संयुक्त अभ्यास के जबाव में उत्तर कोरिया ने दागी बैलिस्टिक मिसाइल

सियोल, एजेंसी

● दक्षिण कोरिया और अमेरिका ने किया संयुक्त अभ्यास

स्क्रिन पर मिसाइल देखता तानाशाह।

दक्षिण कोरिया और अमेरिका द्वारा लड़ाकू विमानों का संयुक्त अभ्यास किए जाने के एक दिन बाद उत्तर कोरिया ने शुक्रवार को अपने पूर्वी तट की ओर एक बैलिस्टिक मिसाइल दागी। दक्षिण कोरिया की सेना ने यह जानकारी दी।

उत्तर कोरिया दोनों के संयुक्त सैन्य अभ्यास को अपनी सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा मानता है। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ ने बताया कि बैलिस्टिक मिसाइल के प्रक्षेपण के बारे में उत्तर कोरिया ने कोई जानकारी नहीं दी है। यहां तक कि यह भी नहीं बताया कि मिसाइल ने कितनी दूरी तय की। अमेरिका एवं दक्षिण कोरिया के साथ कूटनीति में गतिरोध के बीच उत्तर कोरिया ने हालिया महीनों में हथियारों का परीक्षण बढ़ा दिया है और वह अपनी सैन्य क्षमताओं का विस्तार जारी रखे हुए है। पर्यवेक्षकों के अनुसार, उत्तर कोरिया का मानना है कि यदि उसका शस्त्रागार मजबूत होगा तो वह वार्ता बहाल होने की स्थिति में अमेरिका से अधिक छूट हासिल कर सकेगा। दक्षिण कोरिया के मध्य क्षेत्र में किए गए संयुक्त हवाई अभ्यास में दो दक्षिण कोरियाई एफ-35ए लड़ाकू विमानों और दो यूएसएफ-22 रैप्टर विमानों ने हिस्सा लिया था।

स्लोवाकिया के पीएम का हुआ एक और ऑपरेशन, हालत गंभीर

ब्रातिस्लावा (स्लोवाकिया)। गोलीबारी में घायल हुए स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको का एक और ऑपरेशन किया गया है, उनकी हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है।

अधिकारियों के मुताबिक फिको (59) पर उस समय हमला किया गया था जब वह राजधानी ब्रातीस्लावा से लगभग 140 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में हैंडलोवा शहर में एक सरकारी बैठक के बाद समर्थकों का अभिवादन कर रहे थे। फिको को गोली लगने के बाद हेलीकॉप्टर से बांस्का बिस्त्रिका में यूनिवर्सिटी एफ डी रूजवेल्ट अस्पताल ले जाया गया था। अस्पताल की निदेशक मिरियम लापुनिकोवा ने कहा कि फिको का सीटी स्कैन हुआ और वर्तमान में वह गहन चिकित्सा इकाई में भर्ती है। उन्होंने उनकी हालत को गंभीर बताया है।